सच, सिर्फ सच

वॉयस ऑफ लखनऊ

बुधवार, 03 सितम्बर, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 238, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 207 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में मुनाफावसूली से सेंसेक्स 207 अंक की गिरावट केसाथ 80,157 .88 अंक पर बंद हुआ। } 14

जीएसटी घटने से छोटे व्यवसायों को होगा लाभ

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से खुला एवं पारदर्शी बनाएंगे। } 16

अफगानिस्तान में फिर आया भूकंप

अब तक 1400 से अधिक की मौत, 3,000 घायल, भारत ने भेजी मदद

एजेंसी

जलालाबाद। अफगानिस्तान में फिर भूकंप के झटके महसूस किये गये। पूर्वी अफागानिस्तान में आए शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1400 से ज्यादा हो गई है और 3,000 लोग घायल हुए हैं। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सरकार के प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पूर्वी अफगानिस्तान में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या 1,400 से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि 3,000 से अधिक लोग घायल हुए हैं। जीवित बचे लोगों की तलाश में इलाके में बचाव दल का तलाश अभियान ...शेष पृष्ठ 14 पर

सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण में भारत : मोदी

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि 18 अरब डॉलर से अधिक की 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाएं जारी हैं और देश अब भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अगले चरण की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने साथ ही कहा कि 1,000 अरब डॉलर के वैश्विक चिप बाजार का दोहन करने के लिए उसको (चिप) तैयार करने से जुड़ी प्रोत्साहन (डीएलआई) योजना के अगले चरण पर सरकार काम कर रही है। मोदी ने कहा वह दिन दूर नहीं जब भारत में बनी सबसे छोटी चिप दुनिया में सबसे बड़ा बदलाव लाएगी। वह दिन दूर नहीं जब दुनिया कहेगी भारत में तैयार, भारत में निर्मित, दुनिया के लिए विश्वसनीय।

सेमीकॉन इंडिया-2025 के उद्घाटन के अवसर पर मोदी ने यह बात कही। इसमें दुनिया भर से करीब 50 देशों के सेमीकंडक्टर क्षेत्र के विशेषज्ञों ने शिरकत की। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की नवाचार और युवा शक्ति भी इस कार्यक्रम में स्पष्ट रूप से मौजूद है। उन्होंने कहा कि यह अनूठा संयोजन एक स्पष्ट संदेश देता है, दुनिया, भारत पर भरोसा करती है। दुनिया, भारत में विश्वास करती है और दुनिया, भारत के साथ सेमीकंडक्टर का भविष्य बनाने के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सेमीकंडक्टर की दुनिया में अक्सर कहा जाता है कि तेल काला सोना था लेकिन चिप डिजिटल हीरा है। उन्होंने कहा कि जहां ...शेष पृष्ठ 14 पर

मां के अपमान को मैं भले ही माफ कर दूं पर जनता माफ नहीं करेगी : पीएम

एजेंसी

पटना। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि बिहार में कांग्रेस की हाल में संपन्न हुई वोटर अधिकार यात्रा के दौरान उनकी मां को अपशब्द कहे जाने से उन्हें गहरा दुख हुआ है और इस घटना के लिए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं कांग्रेस को वह भले ही माफ कर दें लेकिन बिहार के लोग इन दलों को कभी माफ नहीं करेंगे। मोदी ने दरभंगा में हाल में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान मंच से उनकी दिवंगत मां को अपशब्द कहे जाने से पैदा हुए विवाद पर पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कहा कि उनकी मां को अपशब्द कहना उन लोगों के लिए बड़ी बात नहीं है जो भारत माता का अपमान करते हैं और ऐसे लोगों को दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा मेरी दिवंगत मां का राजनीति से ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

सड़क हादसों में सात लोगों की मौत

लखनऊ। हापुड़, देवरिया, बलरामपुर और हमीरपुर जिले में हुए सड़क हादसे में सात लोगों की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हापुड़ जिले के पिलखुवा थाना क्षेत्र में सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास एक तेज रफ्तार कार ने सोमवार देर शाम एक स्कूटी और मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी सवार आलिम और मोटरसाइकिल सवार सचिन तथा उमेश नामक युवकों की मौत हो गई। वहीं, देवरिया जिले के सोनू घाट- महुआनी मार्ग पर मंगलवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिशनपुर कला गांव के निवासी निशांत शर्मा (22) के रूप में हुई है। पुलिस केमुताबिक, शर्मा अपने तीन साथियों अरुण (20), मोहित यादव (14) और विपिन चौहान (22) के साथ बरईपुर में स्थित हनुमान मंदिर गए थे, वहां से लौटते समय चारों एक ही मोटरसाइकिल पर सवार थे। घाटेला गाजी गांव के पास सड़क ...शेष पृष्ठ 14 पर

आउटसोर्सिंग कर्मियों को मिलेगा 20 हजार तक मानदेय

यूपी कैबिनेट का बड़ा फैसला ○ उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम के गठन को मिली मंजूरी

विशेष संवाददाता

○ मासिक वेतन के साथ ही पीएफ और ईएसआई खातों में सीधे जायेगा पैसा ○ तीन साल तक विभाग में अपनी सेवा प्रदान कर सकेंगे कर्मचारी
○ मंत्रिमंडल ने पारिवारिक संपत्ति के बंटवारे पर तय की स्टाम्प शुल्क की सीमा ○ लखनऊ-कानपुर मार्ग पर ई-बसों का संचालन करेंगे निजी ऑपरेटर

लखनऊ। योगी सरकार ने प्रदेश में आउटसोर्सिंग सेवाओं को अधिक पारदर्शी, सुरक्षित और जवाबदेह बनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में मंगलवार को कम्पनीज एक्ट-2013 के सेक्शन-8 के अंतर्गत उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम लिमिटेड के गठन को मंजूरी दी गई है। आउटसोर्स कर्मचारियों का चयन तीन वर्ष के लिए किया जाएगा। कर्मचारियों को 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय निर्धारित किया गया है। इस निर्णय के माध्यम से सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि प्रत्येक कर्मचारी को उसका पूरा हक मिले और उसका भविष्य सुरक्षित रहे। यह निर्णय न केवल लाखों युवाओं को बेहतर अवसर देगा, बल्कि प्रदेश में रोजगार और सुशासन का नया मॉडल भी स्थापित करेगा। इसके साथ ही यूपी कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 को मंजूरी दी है। जनपद लखनऊ, कानपुर नगर तथा उसके समीपवर्ती महत्वपूर्ण कस्बों में ई-बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (एनसीसी) मॉडल पर संचालित करने का निर्णय लिया है। मंत्री मंडल की बैठक में निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 व शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना समेत 15 प्रस्ताव मंजूर किए गए हैं।

वित्त एवं संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट के निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि यह एक पब्लिक लिमिटेड कंपनी होगी, जिसे नान-प्रॉफिटेबल संस्था के रूप में संचालित किया जाएगा। इसके माध्यम से अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी का चयन करेगा। प्रदेश के विभिन्न विभागों और संस्थाओं में लंबे समय से आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से बड़ी संख्या में कार्मिक सेवाएं प्रदान कर रहे थे। लेकिन, लगातार यह शिकायतें सामने आ रही थीं कि उन्हें सरकार की ओर से स्वीकृत मानदेय का पूरा भुगतान नहीं मिल रहा। साथ ही ईपीएफ, ईएसआई जैसी अनिवार्य सुविधाओं का नियमित अंशदान भी कई बार एजेंसियों द्वारा नहीं किया जाता था। इन अनियमितताओं को खत्म करने और कर्मचारियों के हितों की रक्षा के लिए यह निगम गठित किया गया है। अब आउटसोर्सिंग एजेंसियों का चयन सीधे विभाग नहीं करेंगे, बल्कि निगम जेम पोर्टल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया से एजेंसी तय करेगा। कर्मचारियों का मानदेय 16 से 20 हजार रुपये प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। आउटसोर्स कर्मचारियों से महीने में 26 दिन सेवा ली जा सकेगी। कर्मचारी तीन वर्षों के लिए अपनी सेवाएं दे सकेंगे। कर्मचारियों का वेतन 1 से 5 तारीख तक सीधे उनके खातों में जाएगा। ईपीएफ और ईएसआई का अंशदान अब सीधे कर्मचारियों के खाते में जाएगा, पहले यह राशि सर्विस प्रोवाइडर के पास चली जाती थी। किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर सेवा तुरंत समाप्त की जा सकेगी। आउटसोर्सिंग के लिए चयन प्रक्रिया में लिखित परीक्षा और साक्षात्कार का प्रावधान किया गया है। इससे बेहतर गुणवत्ता वाले और योग्य कार्मिकों की नियुक्ति सुनिश्चित होगी। वित्त मंत्री ने बताया कि नई व्यवस्था में संवैधानिक प्रावधानों के तहत एससी, एसटी, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस, दिव्यांगजन, भूतपूर्व सैनिक और महिलाओं को ...शेष पृष्ठ 14 पर

सरकार ने संभल के लिए खोला खजाना

लखनऊ। संभल जिले में धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को नया जीवन देने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल शुरू हुई है। चतुर्मुख कूप, यम तीर्थ, और पिशाच मोचन तीर्थ जैसे प्राचीन स्थलों के जीर्णोद्धार के लिए प्रदेश सरकार ने 600 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है। इसमें से 100 करोड़ रुपये वंदन योजना के तहत आवंटित किए गए हैं। यह परियोजना न केवल आस्था के केंद्रों को संरक्षित करेगी, बल्कि संभल को धार्मिक पर्यटन के नक्शे पर और भी प्रमुखता दिलाएगी।

पांच तीर्थों के लिए बजट पास हो चुका है, जिनमें से तीन तीर्थों का पुनरुद्धार कार्य पूरा हो चुका है, जबकि शेष दो पर तेजी से काम चल रहा है। संभल के चतुर्मुख कूप, यम तीर्थ, और पिशाच मोचन तीर्थ अपनी प्राचीनता और धार्मिक महत्व के लिए प्रसिद्ध हैं। ये तीर्थ स्थल न केवल स्थानीय ...शेष पृष्ठ 14 पर

आयुध कारखाने के पूर्व उपमहाप्रबंधक पर केस

नयी दिल्ली। सीबीआई ने नागपुर स्थित आयुध निर्माणी अम्बाझरी के तत्कालीन उप महाप्रबंधक दीपक लांबा के खिलाफ 2022 में अनुबंध देने में एक निजी फर्म का कथित तौर पर पक्ष लेने के आरोप में मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सीबीआई ने इस मामले में नागपुर स्थित निजी फर्म ऑटोमेशन इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रियल सर्विसेज और उसके मालिक मोहित ठोलिया के खिलाफ भी मामला दर्ज किया। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने चार स्थानों पर आरोपी के आवासीय परिसरों में तलाशी ली है। प्राथमिकी में आरोप है कि लांबा ने डीजीएम, ओएफएजे, नागपुर में अपने कार्यकाल के दौरान जुलाई 2022 में ऑटोमेशन इंजीनियरिंग एंड इंडस्ट्रियल सर्विसेज की स्थापना की थी।

पहाड़ से लेकर मैदानों तक बारिश का कहर

एजेंसी

नयी दिल्ली। दिल्ली, एनसीआर, गुरुग्राम, पंजाब, चंडीगढ़ हिमांचल व उत्तर भारत में लगातार हो रही बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित किया है। सुरक्षा कारणों से कई राज्यों में स्कूल बंद रखने का निर्णय लिया गया है। चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा के झज्जर, यूपी के कई जिलों में 3 सितंबर 2025 को सभी स्कूल बंद रहेंगे। हालांकि, कुछ स्थानों पर स्कूल बंद रखने का आदेश विशेष स्थानीय स्कूलों के लिए हो सकता है। इसलिए छुट्टी के संबंध में एक बार अपने विद्यालय से संपर्क जरूर करें।

गाजियाबाद में लगातार हो रही बारिश को देखते हुए जिलाधिकारी ने आदेश जारी किया है कि 3 सितंबर को कक्षा नर्सरी से लेकर कक्षा 12 तक के सभी सरकारी और निजी स्कूल बंद रहेंगे। प्रशासन का कहना है कि यह निर्णय छात्रों और स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लिया गया है।

मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में यमुना के किनारे देखा गया जो खतरे का निशान पार कर गई है। दक्षिण-पूर्वी दिल्ली के बाढ़ग्रस्त क्षेत्र मदनपुर खादर में किसान अपनी आखिरी फसल को बचाने की कोशिश करते नजर आए, जबकि बाकी फसल नष्ट हो चुकी थी। किसान रामशंकर ने कहा, हम इसलिए जा रहे हैं क्योंकि जलस्तर हर घंटे बढ़ रहा है और खेत जलमग्न हो गए हैं। उन्होंने रुआंसे होते हुए कहा मेरे चाचा ने फसल की ...शेष पृष्ठ 14 पर

आपदा पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार

ट्रैक्टर व नाव से आपदा प्रभावितों के बीच पहुंचे मुख्यमंत्री धामी

प्रमुख संवाददाता

हरिद्वार (उत्तराखंड)। राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है। हम हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे और बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार को सरकार की ओर से यथासंभव सहायता प्रदान की जाएगी। यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के लक्सर में आपदा प्रभावितों क्षेत्रों के स्थलीय निरीक्षण के दौरान आपदा पीड़ितों से व्यक्त किए।

राज्य में जारी भारी बारिश और प्राकृतिक आपदा के चलते उत्पन्न संकट की स्थिति के बीच मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज सबसे पहले हरिद्वार जिले के लक्सर आपदा प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचे। कठिन परिस्थितियों को दरकिनार करते हुए मुख्यमंत्री ने ट्रैक्टर व नाव के माध्यम से ग्रामीण और जलमग्न क्षेत्रों तक पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं जानीं। मुख्यमंत्री धामी ने मौके पर उपस्थित जिला प्रशासन एवं आपदा प्रबंधन अधिकारियों को तत्काल राहत और पुनर्वास कार्यों में तेजी लाने के ...शेष पृष्ठ 14 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 43.06 डिसे.
न्यूनतम : 29.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

○ महोबा के जिला आबकारी अधिकारी निलंबित (पृष्ठ-02)
○ आगरा में बनेगा सारस सर्किट, बढ़ेगा इको टूरिज्म (पृष्ठ-07)
○ वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से शुरू करेगा बजट तैयारी (पृष्ठ-14)
○ सोने और चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड (पृष्ठ-14)
○ रुपया आठ पैसे गिरकर 88.18 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-14)

विशेष खबर

प्रयागराज दूसरे, गोरखपुर तीसरे और जौनपुर चौथे स्थान पर, जनपदीय न्यायालयों में जौनपुर ने मारी बाजी

राजस्व मामलों के निस्तारण में लखनऊ अव्वल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश में राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण की दिशा में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सख्त मॉनीटरिंग का असर साफ नजर आ रहा है। सीएम योगी खुद हर माह जिलेवार मामलों की समीक्षा भी करते रहते हैं। सरकार की विशेष पहल के तहत तेजी से मामलों के निपटारे की रणनीति को अपनाया गया, जिससे राजस्व विवादों के मामलों में बड़ा सुधार देखने को मिला है। इसी का नतीजा है कि पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश भर में राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी देखी गयी है। राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की ओर से अगस्त माह की जारी रिपोर्ट में पूरे प्रदेश में सबसे अधिक राजधानी में मामलों को निस्तारित किया गया है जबकि जनपद स्तरीय न्यायालय में राजस्व के मामले निपटाने में एक बार फिर जौनपुर ने बाजी मारी है। बता दें कि जनपद स्तरीय न्यायालयों में राजस्व वादों के निस्तारण में पिछले दस माह से जौनपुर टॉप फाइल जिलों में बना हुआ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देश हैं कि राजस्व विवादों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुलझाया जाए। उनकी इस पहल का उद्देश्य न केवल जनता को त्वरित न्याय दिलाना है, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता और उत्तरदायित्व को भी बढ़ावा देना है। इसी के तहत प्रदेश के जिलाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी पूरी तत्परता से मामलों का निस्तारण कर रहे हैं। राजस्व परिषद की आरसीसीएमएस की अगस्त माह की रिपोर्ट के अनुसार अगस्त में पूरे प्रदेश में कुल 3,69,293 राजस्व मामलों का निस्तारण किया गया। लखनऊ जिलाधिकारी विशाख जी अय्यर ने बताया कि सबसे अधिक राजधानी लखनऊ में 19,178 मामले निस्तारित किये गये, जो पूरे प्रदेश में सबसे अधिक हैं। इसके बाद प्रयागराज में कुल 10,693 मामलों को निस्तारित कर पूरे प्रदेश में दूसरे, गोरखपुर 9,560 मामलों को निस्तारित कर तीसरे स्थान पर है। इसी तरह जौनपुर ने 8,779 ...शेष पृष्ठ 14 पर

बाराबंकी में एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज सीओ, इंस्पेक्टर नपे

मुख्यमंत्री योगी ने दिये जांच के आदेश

जिला संवाददाता

बाराबंकी। जिले में स्थित एक निजी विश्वविद्यालय में छात्रों पर किए गए लाठी चार्ज के मामले में कोतवाल आर के राना को जहां लाइन हाजिर कर दिया गया है, वहीं पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान को भी हटा दिया गया है। मसौली थाने के इंस्पेक्टर सुधीर सिंह को नगर कोतवाली का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

विद्यार्थियों का आरोप है कि श्री रामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय ने उन्हें एक ऐसे विधि पाठ्यक्रम में दाखिला दिलाया, जिसे बार काउंसिल ऑफ इंडिया से मान्यता नहीं है, ऐसे में उनका भविष्य खतरे में आ गया है।

मुख्यमंत्री योगी ने अयोध्या के मंडलायुक्त को उक्त विश्वविद्यालय की डिग्री की वैधता की जांच करने और अयोध्या क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक को छात्रों पर हुए लाठीचार्ज की घटना की जांच के आदेश भी दिए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तर) विकास चंद्र त्रिपाठी ने बताया कि फिलहाल स्थिति शांतिपूर्ण है। पुलिस की मानें तो इसी बात को लेकर सोमवार को विद्यार्थी प्रदर्शन कर रहे थे और उन्होंने पास की एक पुलिस चौकी और परिसर में तोड़फोड़ ...शेष पृष्ठ 14 पर

उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति मंजूर, यूपी बनेगा ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार अगले 6 साल तक डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे 11 महत्वपूर्ण इलेक्ट्रॉनिक कॉम्पोनेन्ट्स के निर्माण को बढ़ावा देगी। योगी सरकार की इस नीति से 5,000 करोड़ रुपये के निवेश और लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में उत्तर प्रदेश को इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब बनाने

- नई नीति से 5,000 करोड़ रुपये के निवेश और लाखों को मिलेंगे रोजगार

कैबिनेट के फैसले

की दिशा में ऐतिहासिक फैसला लिया गया। कैबिनेट ने उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स घटक विनिर्माण नीति-2025 को मंजूरी दी।

कैबिनेट ने केंद्र सरकार की इलेक्ट्रॉनिक्स कॉम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग स्कीम के अनुरूप विनिर्माण नीति-2025 को लागू करने का फैसला किया, जो 1 अप्रैल, 2025 से 6 वर्षों तक प्रभावी रहेगी। इस नीति के तहत उद्यमियों को केंद्र की योजना के समतुल्य अतिरिक्त प्रोत्साहन दिए जाएंगे, जिससे यूपी का मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक्स इकोसिस्टम ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब के रूप में उभरेगा। नीति का क्रियान्वयन शासन स्तर पर गठित नीति कार्यान्वयन इकाई और सशक्त समिति की देखरेख में नोडल संस्था द्वारा किया जाएगा। इसके तहत डिस्प्ले, कैमरा मॉड्यूल, मल्टीलेयर पीसीबी जैसे कॉम्पोनेन्ट्स के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा, जिससे आपूर्ति श्रृंखला मजबूत होगी और नवाचार को प्रोत्साहन मिलेगा। प्रमुख सचिव अनुराग यादव ने बताया कि पिछले 8 वर्षों में देश में इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में अभूतपूर्व प्रगति हुई है। 2015 में जहां केवल 2 यूनिट मोबाइल बनाती थीं, आज 300 यूनिट्स कार्यरत हैं।

इलेक्ट्रॉनिक्स गुड्स का उत्पादन 1.9 लाख करोड़ से बढ़कर 11 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। मोबाइल फोन का निर्यात 1,500 करोड़ से 2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचा है। यूपी इस क्रांति का केंद्र बन चुका है, जहां देश के आधे से ज्यादा मोबाइल फोन का उत्पादन होता है। यह नीति यूपी को आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करेगी। यह नीति न केवल यूपी को ग्लोबल मैन्युफैक्चरिंग हब बनाएगी, बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर यूपी की आत्मनिर्भरता को भी मजबूत करेगी। नीति के तहत 5,000 करोड़ रुपये का अनुमानित

व्यय होगा, जिससे प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के लाखों अवसर सृजित होंगे। यह कदम यूपी को निवेश का पसंदीदा गंतव्य बनाने और औद्योगिक विकास को गति देने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 को दी मंजूरी : उत्तर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर निर्यात हब बनाने की दिशा में योगी कैबिनेट ने निर्यात प्रोत्साहन नीति 2025-30 को मंजूरी दे दी है। नई नीति में 2020-25 की निर्यात नीति में सुधार करते हुए डिजिटल तकनीकी, अवसंरचना विकास, वित्तीय सहायता, निर्यात ऋण और बीमा, बाजार विस्तार, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। नीति का लक्ष्य वर्ष 2030 तक पंजीकृत निर्यातकों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि करना और सभी जनपदों को निर्यात गतिविधियों से जोड़कर क्षेत्रीय संतुलन सुनिश्चित करना है। सरकार का मानना है कि इससे प्रदेश का निर्यात न केवल गुणात्मक रूप से बढ़ेगा बल्कि उत्तर प्रदेश को एक सशक्त ग्लोबल एक्सपोर्ट हब के रूप में स्थापित करने में मदद मिलेगी।

शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की होगी स्थापना : यूपी कैबिनेट ने शाहजहांपुर में स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की स्थापना के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है। इसके लिए मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट की शैक्षणिक इकाइयों को उच्चीकृत किया जाएगा। वर्तमान में ट्रस्ट के अंतर्गत 5 संस्थान संचालित हैं—स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज, स्वामी शुकदेवानंद विधि महाविद्यालय, श्री दैवी सम्पद ब्रह्मचर्य संस्कृत महाविद्यालय, श्री धर्मानन्द सरस्वती इंटर कॉलेज और श्री शंकर मुमुक्ष विद्यापीठ। विश्वविद्यालय बनने के बाद इनका संचालन विश्वविद्यालय करेगा। जिलाधिकारी शाहजहांपुर की रिपोर्ट के अनुसार ट्रस्ट के पास कुल 21.01 एकड़ भूमि है, जिसमें से लगभग 20 एकड़ जमीन विश्वविद्यालय को मिलेगी। पहले चरण में उच्च शिक्षा विभाग और मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के बीच एमओयू होगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 के तहत औपचारिक कार्यवाही पूरी की जाएगी।

लखनऊ और कानपुर में नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट मॉडल पर संचालित होंगी ई-बसें

नगरीय परिवहन को आधुनिक और व्यवस्थित बनाने की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। यूपी कैबिनेट ने जनपद लखनऊ, कानपुर नगर तथा उसके समीपवर्ती महत्वपूर्ण कस्बों में ई-बसों को नेट कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (एनसीसी) मॉडल पर संचालित करने का निर्णय लिया है। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने बताया कि अभी तक प्रदेश के 15 नगर निगमों में 743 इलेक्ट्रिक बसें चलाई जा रही हैं, जिनमें से 700 बसें ग्रॉस कॉस्ट कॉन्ट्रैक्ट (जीसीसी) मॉडल पर हैं।

इस योजना के अंतर्गत लखनऊ और कानपुर नगर समेत आस-पास के कस्बों में 10-10 रूटों पर 9 मीटर लंबी एसी ई-बसें चलाई जाएंगी। प्रत्येक रूट पर कम से कम 10 बसें अनिवार्य होंगी। कॉन्ट्रैक्ट की अवधि वाणिज्यिक संचालन तिथि से 12 वर्ष की होगी। अनुमान है कि प्रत्येक रूट पर करीब 10.30 करोड़ रुपये का व्यय आएगा, जिसमें से 9.50 करोड़ रुपये बसों की खरीद पर और 0.80 करोड़ रुपये चार्जिंग उपकरणों व अन्य आवश्यक साधनों पर खर्च होंगे। प्रावधान के तहत, बसों का डिजाइन, वित्तपोषण, खरीद, निर्माण, आपूर्ति और अनुरक्षण की जिम्मेदारी निजी ऑपरेटर निभाएंगे। उन्हें 90 दिनों के भीतर प्रोटोटाइप ई-बस उपलब्ध करानी होगी और एक वर्ष के भीतर बस संचालन शुरू करना होगा। सभी किराया एवं गैर-किराया राजस्व का संग्रह निजी ऑपरेटर करेंगे। टैरिफ निर्धारण सरकार द्वारा किया जाएगा, जिसे समय-समय पर संशोधित किया जा सकेगा। साथ ही सरकार परिवहन विभाग और आरटीओ/आरटीए से आवश्यक लाइसेंस और परमिट जारी करेगी। ई-बसों के संचालन के लिए सरकार बिहाइंड-द-मीटर विद्युत अवसंरचना और अपॉर्चुनिटी चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। सरकार का मानना है कि इस मॉडल से सरकारी वित्तीय बोझ में कमी आएगी और सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा।

लखनऊ में इन मार्गों पर चलेंगी ई-बसें : चारबाग से बाराबंकी, चारबाग से देवा, चारबाग से कुर्सी, कमता से एयरपोर्ट, बालागंज से मोहनलालगंज, बालागंज से विराज खंड, घंटाघर से माल थाना, घंटाघर से संडीला, स्कूटर इंडिया से इंजीनियरिंग कालेज, दुबग्गा से गंगागंज

कानपुर के इन मार्गों पर चलेंगी बसें : घंटाघर से अकबरपुर, कानपुर रेलवे स्टेशन से बिंदकी, कानपुर रेलवे स्टेशन से बिठूर, कानपुर रेलवे स्टेशन से घाटमपुर, कानपुर रेलवे स्टेशन से आईआईटी, घंटाघर से मूसानगर, कानपुर सिटी सर्कुलर रोड, रामा देवी से जहानाबाद, फजलगंज से रूरा, कानपुर रेलवे स्टेशन से उन्नाव।

किसानों को निःशुल्क बीज मिनीकिट दे रही योगी सरकार

लखनऊ। योगी सरकार ने अन्नदाता किसानों के हित में इस वर्ष भी बड़ा निर्णय लिया है। योगी सरकार रबी 2025-26 के लिए निःशुल्क दलहनी-तिलहनी बीज मिनीकिट वितरित करेगी। इसका लाभ प्राप्त

- दलहन-तिलहन के निःशुल्क बीज मिनीकिट के लिए किसान 25 सितंबर तक करें आवेदन
- वेबसाइट पर करना होगा ऑनलाइन आवेदन
- चना, मटर, मसूर व सरसों का दिया जायेगा मिनीकिट
- लक्ष्य से अधिक आवेदन पर लॉटरी के माध्यम से होगा चयन

करने के लिए किसानों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

किसान 25 सितंबर तक बुकिंग व आवेदन कर सकेंगे। लाभार्थियों का चयन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से होगा। योगी सरकार द्वारा वित्तपोषित निःशुल्क दलहन बीज मिनीकिट



वितरण व प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत किसानों को रबी 2025-26 में दलहनी फसलें चना (16 किग्रा.), मटर (20 किग्रा). व मसूर (8 किग्रा.) के बीज मिनीकिट निःशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। वहीं तिलहन फसल के अंतर्गत सरसों (2 किग्रा.) का बीज मिनीकिट भी दिया जाएगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बताया कि इन मिनीकिट के लाभार्थियों का चयन लॉटरी पद्धति से जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के माध्यम से पारदर्शी ढंग से किया जाएगा।

जो भी किसान इस योजना का लाभ उठाना चाहते हैं, उन्हें कृषि दर्शन-2 पोर्टल पर ऑनलाइन बुकिंग-आवेदन करना होगा। आवेदन 25 सितंबर तक स्वीकार किए जाएंगे। शाही ने बताया कि कृषि विभाग में पंजीकृत किसान ही मिनीकिट के लिए आवेदन व बुकिंग कर सकेंगे। एक किसान केवल एक ही दलहनी फसल का मिनीकिट प्राप्त कर सकेगा। जनपद में लक्ष्य से अधिक आवेदन होने पर लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। उन्होंने किसानों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग अब सेवारत विभाग में शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट ने स्टांप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग को सेवारत विभाग में शामिल करने का फैसला किया है। स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन मंत्री रवींद्र जायसवाल ने

कैबिनेट के फैसले

बताया कि सेवारत विभाग का दर्जा मिलने से विभागीय कार्यालयों के लिए सरकार की अन्य सेवा विभागों की भांति मुफ्त में भूमि मिलने का रास्ता साफ हो गया है। इससे निजी भवनों के किराये पर होने वाले व्यय में कमी आएगी और जनता को पंजीकरण सेवाएं और अधिक सुलभ वातावरण में मिल सकेंगी। इस निर्णय से विभाग की कार्यकुशलता बढ़ेगी, जनसामान्य

को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा शासन की प्रणाली और मजबूत होगी। उन्होंने बताया कि यह विभाग हर साल करीब 40 लाख रजिस्ट्रियां करता है। इससे दो करोड़ से अधिक लोग प्रत्यक्ष रूप से सेवाएं प्राप्त करते हैं। यह विभाग न केवल राज्य सरकार को विशाल राजस्व प्रदान करता है बल्कि शासन की सामान्य कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा भी है। विभाग किसी प्रकार की वाणिज्यिक गतिविधि नहीं करता, बल्कि सरकार का संवैधानिक दायित्व निभाता है।

दिव्यांगजनों सशक्तीकरण के लिए नया केंद्र : दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए वाराणसी के परगना रामनगर में स्थित 3 एकड़ जमीन को दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग को सौंपे जाने का प्रस्ताव मंजूर हो गया है। इस जमीन पर समेकित क्षेत्रीय केंद्र बनाया जाएगा। यह सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के तहत काम करेगा।

सरकार ने 1607 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को दी मंजूरी : यूपी कैबिनेट की बैठक में 1607 करोड़ के निवेश प्रस्ताव को दी मंजूरी दी गई। देवरिया, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर एवं फरुर्खाबाद में चार कम्पनियों को इसके लिए जल्द ही लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी होंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कैबिनेट में लिए गए इस निर्णय की जानकारी देते हुए बताया कि वुडपेकर ग्रीनएग्री न्यूट्रिएंट्स कंपनी फरुर्खाबाद 570 करोड़ के निवेश करेगी। यह कंपनी बीयर एक्स्ट्रा न्यूट्रल एल्कोहल इंडियन मेड फारेन लीकर / मक्के का वाणिज्यिक उत्पादन के लिए एक संयंत्र लगाएगी। पहले चरण में उत्पादन एक सितंबर 2026 से होगा। ओकासगंगा एग्रीटेक दादरी (गौतमबुद्धनगर) में 510.20 करोड़ रुपये से अनाज मिल उत्पादन, स्टार्च, एवं स्टार्च उत्पादनों के लिए नया संयंत्र लगाएगी। यहां 31 दिसंबर 2025 से ब्रेड एवं बेकरी उत्पाद बनेंगे। वाईटीटी इंडस्ट्रीज शाहजहांपुर में 277.86 करोड़ के निवेश से अनाज आधारित एथेनाल व पोल्ट्री चारे का उत्पादन करेगी। फॉरएवर डिस्टिलरी देवरिया में एथनाल एवं एक्स्ट्रा न्यूट्रल अल्कोहल उत्पादन के विस्तार के लिए संयंत्र स्थापित करेगी। एक अक्तूबर से उत्पादन चालू करने की तैयारी है।

उलेमाओं ने की अखिलेश यादव को दोबारा सीएम बनने की दुआ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मंगलवार को पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में प्रदेश के विभिन्न जिलों आये उलेमा-ए-इकराम के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। उलेमा-

- सपा प्रमुख से मिला उलेमा-ए-इकराम का प्रतिनिधिमंडल

ए-इकराम ने अखिलेश यादव को दोबारा मुख्यमंत्री बनने की दुआ की।

इस अवसर पर उलमा-ए-इकराम में एक स्वर में अखिलेश यादव के प्रति एकजुटता प्रदर्शित करते हुए कहा कि हम यकीन से यह बात कहते है कि आप नेताजी मुलायम सिंह यादव के नक्शे कदम पर चल रहे है। हम सभी लोग पूरी ताकत से सपा के साथ है। अखिलेश यादव ने सभी का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सपा का सभी से एक भावनात्मक रिश्ता है। इस

अवसर पर अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार की पराकाष्ठा हो गयी है। कानून का राज नहीं रह गया है। निर्दोषों को झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। मॉब लिंचिंग में हत्याएं हो रही है। पुलिस हिरासत में मौतें हो रही है। भाजपा सरकार अपने राजनीतिक फायदे के लिए पुलिस का गैरकानूनी इस्तेमाल कर रही है। उन्होंने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा को कमजोर करने में सपा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। 2027 में सपा भाजपा को सत्ता से बाहर कर देगी। भाजपा को सत्ता से बाहर करना ही देश हित में है। सपा की सरकार बनने पर सामाजिक न्याय के राज की स्थापना होगी। पीडीए की नीति पर चलकर सबके कल्याण, विकास का मार्ग प्रशस्त होगा। सबके साथ इंसाफ होगा। अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव की तरह विधानसभा चुनाव में भी सपा के नेताओं, कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेदारी है। लोकतंत्र, संविधान और वोट का अधिकार बचाने के लिए भाजपा से सावधान रहना होगा। भाजपा नफरत और साम्प्रदायिकता की राजनीति करती है। भाजपा चुनाव में हर स्तर पर बेईमानी करती है। समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सतर्क रहना होगा। बूथ को और मजबूत करना होगा। कार्यकर्ताओं का काम बहुत बढ़ गया है। वोट बनवाना, वोट बचाना, वोट पड़वाना और वोट गिनवाना। हर काम को पूरी मेहनत और जागरूकता से करना होगा।

समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना इकबाल कादरी तथा प्रदेश अध्यक्ष मो. शकील नदवी के साथ अखिलेश यादव से भेंटकर्ताओं में प्रमुख रूप से मौलाना आरिफ (जहूर कासमी), राव कारी सलीम देवबंद, मौलाना अब्दुल हलीम साहब, मौलाना अशरफ साहब, मौलाना इकबाल साहब, मौलाना सुफियान, मौलाना शमशाद, मौलाना उमैर, मुफ्ती मोहम्मद मुदस्सिर, बहरोज आलम (जहूर कासमी), कारी मो. असगर, मौलाना आलिशान साहब आदि थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष किरनमय नंदा राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल तथा तेजंदर विर्क की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

दीपोत्सव एवं देव दीपावली की तैयारियों की हुई समीक्षा

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति जयवीर सिंह ने आगामी दीपोत्सव एवं देव दीपावली को आकर्षक एवं भव्य ढंग से आयोजित करने के लिए आज पर्यटन निदेशालय के अधिकारियों के साथ समीक्षा की तथा प्रस्तुतिकरण का अवलोकन किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी दीपोत्सव एवं देव दीपावली के आयोजन में संस्कृति एवं पर्यटन विभाग की भूमिका खास होनी चाहिए। जयवीर सिंह ने कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से समीक्षा की तथा पर्व की महत्ता को देखते हुए किसी प्रकार की कमी न रहे, यह अधिकारियों को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस बैठक में प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति तथा धर्मार्थ कार्य मुकेश मेश्राम मौजूद रहे।

जिला आबकारी अधिकारी महोबा निलंबित

लखनऊ। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के तहत सख्त कदम उठाते हुए आबकारी एवं मद्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने महोबा जनपद के जिला आबकारी अधिकारी राजेंद्र प्रसाद वर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जनपद महोबा में तैनात राजेंद्र प्रसाद वर्मा, जिला आबकारी अधिकारी द्वारा रिश्वत लिए जाने से संबंधित वीडियो 26 अगस्त को सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था, जिसका संज्ञान लेते हुए आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल द्वारा जिलाधिकारी महोबा द्वारा जांच कराई गई। जांच में जिला आबकारी अधिकारी, महोबा प्रथमदृष्टया दोषी पाए गए। आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार जीरो टॉलरेंस नीति के तहत कार्य कर रही है। योगी सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध है। भ्रष्टाचारियों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। जो भी भ्रष्टाचार करते हुए पाया जाएगा उसे सख्त से सख्त सजा दी जाएगी।

- रिश्वत लिये जाने का था आरोप, सोशल मीडिया पर वीडियो हुआ था वायरल

रालोद के विभिन्न प्रकोष्ठों में सहप्रभारी नियुक्त

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रामाशीष राय ने संगठन विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए विभिन्न प्रकोष्ठों में सहप्रभारियों की नियुक्ति की है। इन नियुक्तियों से पार्टी संगठन को और मजबूती, गति और नई दिशा मिलेगी। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने जानकारी दी कि पार्टी का लक्ष्य हर वर्ग, हर क्षेत्र और हर मुद्दे तक संगठन को पहुंचाना है। इसी दृष्टि से प्रकोष्ठों के सहप्रभारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि वे अपने क्षेत्र में पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचा सकें। नवनियुक्त सहप्रभारी प्रकोष्ठ में ओडी त्यागी (गाज़ियाबाद) को किसान प्रकोष्ठ, वीरपाल दिवाकर (अलीगढ़) को सामाजिक न्याय प्रकोष्ठ, अशोक निरंजन (झांसी) को खेल प्रकोष्ठ, सुनील चरोरा (बुलंदशहर) को पंचायती राज प्रकोष्ठ, मुकेश सैनी (शामली) को युवा प्रकोष्ठ, उमाशंकर वाजपेयी (सीतापुर) को प्रोफेशनल मंच, कुंवर अयूब हसन (सहारनपुर) को अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, जितेन्द्र राय (गाजीपुर) को श्रम प्रकोष्ठ, डॉ.रूपेश चौधरी (आगरा) को पूर्व सैनिक प्रकोष्ठ, महिपाल पटेल (बस्ती) को छात्रसभा, सिंहासन प्रसाद गुप्ता (कुशीनगर) को व्यापार प्रकोष्ठ, मुन्ना लाल दिनकर (बांदा) को एससीएसटी प्रकोष्ठ, सुजाता चौधरी (मथुरा) को महिला प्रकोष्ठ और अशोक सिंह (बस्ती) को सहकारिता प्रकोष्ठ नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राय ने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त सहप्रभारी अपनी जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और रालोद की जनसेवी नीतियों को अधिक व्यापक रूप से आगे बढ़ाएंगे।

अखिलेश यादव को किया गया सम्मानित

लखनऊ। सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मंगलवार को हाजी उसामा अंसारी अध्यक्ष बुनकर मोमिन अंसार एसोसिएशन बाराबंकी, शोएब सिद्दीकी, हारून राईन अध्यक्ष राईन समाज तथा मोहम्मद वसीम सिद्दीकी जिला सचिव सपा बाराबंकी ने भेंट कर उनको सम्मानित किया। बुनकर समाज के प्रतिनिधियों ने अखिलेश यादव के प्रति कृतज्ञता जताते हुए कहा कि सपा की सरकार में बुनकरों को फ्लैट रेट पर विद्युत व्यवस्था का लाभ मिलता था। आज भाजपा सरकार ने बिजली महंगी कर दी है। वह भी नियमित और निर्बाध रूप से नहीं मिलती है। समाजवादी सरकार में बुनकरों के लिए बाजार बनाए थे। लखनऊ में अवध शिल्पग्राम तथा अवध बाजार बनाए गए थे ताकि उद्यमियों के उत्पाद का आसानी से विक्रय हो सके। उन्होंने कहा कि बुनकर समाज 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के लिए संकल्पित है। उन्होंने सभी बुनकर प्रतिनिधियों का सम्मान करते हुए कहा कि बुनकर और राईन समाज पीडीए का हिस्सा है। बुनकरों की समस्याओं से वे अवगत हैं। बुनकरों को न्यूनतम ब्याज पर ऋण की सुविधा मिलनी चाहिए। पावरलूम के लिए बिजली सस्ती और समय से मिलनी चाहिए।

दो सितंबर का दिन राज्य आंदोलन के इतिहास में काले अध्याय के रूप में रहेगा अंकित : धामी

सीएम धामी ने मसूरी में वेंडर जोन बनाने और गढ़वाल सभा का भवन बनाने की घोषणा की

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। दो सितंबर का दिन सदैव राज्य आंदोलन के इतिहास में एक काले अध्याय के रूप में अंकित रहेगा। वर्ष 1994 में इसी दिन मसूरी की वीरभूमि पर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन कर रहे आंदोलनकारियों को पुलिस

- मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर सीएम धामी ने शहीदों को दी श्रद्धांजलि

की गोलियों का सामना करना पड़ा। यह घटना उस समय के सत्ताधारी दलों के दमनकारी रवैये का प्रतीक थी, जिन्होंने एक शांतिपूर्ण आंदोलन को निर्दयता के साथ कुचलने का प्रयास किया।

यह विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मसूरी गोलीकांड की 31वीं बरसी पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

मुख्यमंत्री ने शहीद राज्य आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवारजनों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश सरकार राज्य आंदोलनकारियों के सपनों का उत्तराखंड बनाने के लिए कृतसंकल्प होकर कार्य कर रही है।

मसूरी स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड राज्य आंदोलन के दौरान मसूरी में शहीद हुए आंदोलनकारी बलबीर सिंह नेगी, बेलमती चौहान, हंसा धनाई, धनपत सिंह, राय सिंह बंगारी और मदन मोहन ममगई को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि राज्य आंदोलनकारियों ने हमारे बेहतर भविष्य के लिए अपना वर्तमान दांव पर लगाकर उत्तराखंड के निर्माण में अपना अद्वितीय योगदान दिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा राज्य आंदोलनकारियों के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट करते हुए उनके और उनके आश्रितों के लिए सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू किया गया है। साथ ही शहीद आंदोलनकारियों के परिवारों के लिए 3000 रुपये मासिक पेंशन की सुविधा भी शुरू की गई है। घायल और जेल गए आंदोलनकारियों को 6000 रुपये तथा सक्रिय आंदोलनकारियों को 4500 रुपये प्रतिमाह पेंशन दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य आंदोलनकारियों का सपना था कि एक ऐसा उत्तराखंड बने जहां हमारी संस्कृति, भाषा और परंपराओं का संरक्षण हो। इसी उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने समान नागरिक संहिता लागू कर राज्य में सभी नागरिकों के लिए समान अधिकार और कर्तव्य सुनिश्चित कर दिए हैं। वहीं, प्रदेश के युवाओं को पारदर्शिता के साथ रोजगार के समान अवसर उपलब्ध कराने के लिए देश का सबसे प्रभावी नकल विरोधी कानून लागू किया गया और 100 से अधिक नकल माफियाओं को जेल भेजा गया। इसके बाद उत्तराखंड में 25 हजार से अधिक युवाओं ने सरकारी नौकरियां पाने में सफलता प्राप्त की है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने गढ़वाल सभा भवन जल्द बनाने और सिफन कोर्ट का मामला जल्द हल करने की बात कही तथा मसूरी में वेंडर जोन की घोषणा सहित अन्य मांगों पर भी शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। सीएम ने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड आंदोलन के प्रमुख चेहरा रहे स्वर्गीय इंद्रमणि बड़ोनी के जन्मशताब्दी समारोह को भी भव्य तरीके से मनाएगी। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी तहसील बनाने के लिए सीएम का आभार व्यक्त करने के साथ ही मसूरी की विभिन्न मांगों को मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पालिकाध्यक्ष मीरा सकलानी, दजार्धारी सुभाष बड़थ्वाल, पूर्व विधायक जोत सिंह गुनसोला, पूर्व पालिकाध्यक्ष मनमोहन मल्ल सहित राज्य आंदोलनकारियों एवं बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी शामिल हुए।

संक्षेप

बालक व युवक की सर्पदंश से मौत

प्रतापगढ़। जहरीले जन्तु के डसने से तेरह वर्षीय बच्चे तथा सर्पदंश से युवक की मंगलवार को मौत हो गयी। मासूम व युवक की मौत से पीड़ित परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखनसूरपुर निवासी संजय सरोज 28 पुत्र सोहनलाल सोमवार की रात खाना खाकर कमरे में सो रहा था। रात लगभग बारह बजे युवक ने स्वजनों को जगाकर बताया कि उसे सांप ने डस लिया है। परिजन आननफानन में उसे झाड़फूंक कराने ले गये। इसके बावजूद युवक की तबीयत और खराब होती गयी तब उसे सांगीपुर अस्पताल पहुंचाया गया। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में ही युवक की मौत हो गयी। मृतक अपने पीछे दस वर्षीया पुत्री सोनाक्षी तथा आठ वर्षीय मासूम प्रियांशू व पत्नी कृष्णा को निराश्रित छोड गया है। इधर लालगंज कोतवाली के गौसपुर निवासी राजाराम यादव के तेरह वर्षीय पुत्र राज यादव को घर में सोते समय सोमवार की रात जहरीले जन्तु ने डस लिया। जानकारी होने पर परिजन बच्चे को ट्रामा सेण्टर ले आये। यहां प्रारंभिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। रास्ते में ही राज की मौत हो गयी। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया।

गैंगस्टर का आरोपी धराया, गया जेल

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट के वांछित आरोपी को धर दबोचा है। कोतवाली में तैनात आरक्षी माधवेश राय व ऋषिराज यादव मंगलवार की सुबह गश्त पर निकले थे। इस बीच सराय जगत सिंह डिहवा निवासी गैंगेस्टर के वांछित अमृतलाल पुत्र जियालाल को गश्ती पुलिस ने राजेन्द्र नगर चौराहा के समीप से हिरासत में ले लिया। पकड़े गये आरोपी अमृतलाल के खिलाफ पास्को व विस्फोटक पदार्थ अधिनियम समेत गंभीर धाराओं में पांच केस दर्ज हैं। सफलता पर लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र ने दोनों आरक्षियों को एसपी द्वारा नकद पुरस्कार व उत्तम प्रवृष्टि दिये जाने की बात कही है। वहीं मारपीट की घटना में वांछित आरोपी को भी मंगलवार की सुबह लालगंज पुलिस ने धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। नरायनपुर गांव में आरोपी मोतीलाल पुत्र कल्लू सरोज पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत मे लेकर जेल भेज दिया।

चोरों ने उड़ाये 35 हजार नकदी समेत जेवरात

प्रतापगढ़। सांगीपुर थाना क्षेत्र के पूरे मुरली नौबस्ता में अज्ञात चोरों ने बीती सोमवार की रात चोरी की घटना अंजाम दी। गांव के महेन्द्र कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि घटना की रात चोरों ने उसके घर से महिलाओं के सोने चांदी के जेवरात व पैतीस हजार रुपए नकद पर हाथ साफ कर दिया। पीड़ित ने घटना की सूचना सांगीपुर पुलिस को दी है। सांगीपुर एसओ मनीष त्रिपाठी का कहना है कि घटना की जांच कर शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

खाद की कमी से नाराज सपाइयों ने किया विरोध प्रदर्शन

प्रतापगढ़। जिले में यूरिया खाद की कमी को लेकर नाराज सपाईयों ने मंगलवार को तहसील परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कार्यकताओं ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा है। सपा नेता संजीव पटेल व प्रवीण यादव की अगुवाई में कार्यकर्ता नारेबाजी करते तहसील परिसर पहुंचे। यहां विरोध प्रदर्शन के दौरान संजीव पटेल ने कहा कि धान की खेती के समय यूरिया खाद की कमी से किसान परेशान हो रहे हैं। कार्यकताओं ने एसडीएम शैलेन्द्र वर्मा से मिलकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। एसडीएम ने कार्यकताओं को समस्या के समाधान का भरोसा दिलाया। इस मौके पर रामधन यादव, रोशनलाल सरोज, अजय प्रताप यादव, विमल कुमार यादव, अभिषेक यादव, राजेश कुमार कोरी, अरविंद कुमार, शिव कुमार कनौजिया आदि रहे।

चीन अविश्वसनीय पड़ोसी : मोना

- कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता ने कार्यकर्ताओं से लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा में लड़ाई तेज करने का किया आहवान

प्रतापगढ़। क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने पीएम मोदी की चीन यात्रा को लेकर मंगलवार को तगड़ी घेराबंदी की है। उन्होने कहा है कि चीन एक अविश्वसनीय एवं खतरनाक पड़ोसी है। सीएलपी नेता मोना ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी चीन यात्रा के दौरान अपने समकक्ष के सामने लददाख में शहीद हुए इक्कीस भारतीय जवानों को श्रद्धांजलि के साथ यह मुददा गंभीरता से उठाने का साहस नहीं दिखला सके। मंगलवार को लालगंज में मीडिया से बातचीत में विधायक मोना ने कहा कि चीन के द्वारा भारतीय बाजारों को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी के स्वदेशी नारे के विपरीत चीन का देश में बढ़ता आयात अर्थव्यवस्था के लिए भी चिंताजनक हालात बनाये है। उन्होने बिहार में राहुल गांधी की मतदाता अधिकार यात्रा को पूरी तरह से सफल भी करार दिया। उन्होने कहा कि राहुल गांधी ने भाजपा के इशारे पर बिहार में मतदाता सूची से पैंसठ लाख लोगों के नाम हटाने की लड़ाई लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा की मजबूती को लेकर शुरू की है। उन्होने कहा कि कांग्रेस किसी भी कीमत पर देश भर में वोट चोरी के सहारे सत्ता पर काबिज रहने की बीजेपी की खतरनाक मंशा को पूरा नही होने देगी। वही उन्होने कहा कि एससीओ के संयुक्त घोषणा पत्र में चीनी परियोजना बीआरआई पर शेष अन्य आठ सदस्य देशों का समर्थन करना भी पीएम के चीनी दौरे को असहज बना गया है। वहीं कैम्प कार्यालय पर संगठन सृजन अभियान के तहत विधायक मोना ने देश में लोकतांत्रिक मूल्यों पर मंडरा रहे खतरे को लेकर तगड़े संघर्ष का आहवान किया है। विधायक आराधना मिश्रा ने कार्यकताओं से कहा कि भाजपा की सरकार में सबसे ज्यादा किसानों को तकलीफ उठानी पड़ रही है। उन्होने कहा कि यूरिया खाद की आपूर्ति में सरकार के हर झूठे दावे की कलई पूरी तरह खुल गयी है। उन्होने कहा कि धान की फसल बचाने के लिए किसान समितियों तक पर इस समय कालाबाजारी की असहनीय पीड़ा से गुजर रहा है। उन्होने कहा कि नहरों में अभी तक टेल तक पानी पहुंचाने में भी सरकारी प्रबन्धन पूरी तरह असफल है। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि बिजली आपूर्ति बेपटरी पर है और स्मार्ट मीटर के नाम पर ग्रामीण उपभोक्ताओं को परेशान किया जा रहा है। कार्यकताओं को वर्चुअल संबोधित करते हुए राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने विधायक मोना के नेतृत्व में यहां संचालित सुदृढ़ विकास की मजबूती में योगदान पर जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष केडी मिश्र व संयोजन ब्लाक प्रमुख इं. अमित प्रताप सिंह पंकज ने किया। संचालन मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने किया।

सरलता व सौम्यता की प्रतिमूर्ति थे डॉ. वीरेन्द्र : डॉ. आरएस त्रिपाठी

प्रतापगढ़। नगर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज के सभागार में मंगलवार को प्रबन्ध समिति के पूर्व अध्यक्ष व ख्यातिप्राप्त चिकित्सक रहे डा0 वीरेन्द्र मिश्र की बहत्तरहवीं जयंती समारोहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ पूर्व एसीएमओ डा0 आरएस त्रिपाठी एवं प्राचार्य प्रो0 डॉ0 ऋचासुकुमार ने स्व0 डा0 वीरेन्द्र के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। महाविद्यालय की छात्रा मीनाक्षी कोरी, आकांक्षा, समरीन, तनु मिश्रा, जया मिश्रा ने मां सरस्वती की वंदना व स्वागत गान की मनमोहक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डा0 आरएस त्रिपाठी ने कहा कि डा0 वीरेन्द्र सरलता व सौम्यता की प्रतिमूर्ति थे। प्राचार्य प्रो0 डॉ0 ऋचा ने कहा कि शिक्षा तथा चिकित्सा व समाजसेवा के क्षेत्र में डा0 वीरेन्द्र का योगदान सदैव प्रेरणास्पद है। पूर्व प्राचार्य डॉ0 दुर्गा प्रसाद ओझा ने डा0 वीरेन्द्र के कृतित्व व व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। पूर्व प्राचार्य डॉ0 राजेन्द्र मिश्र ने भी उच्चशिक्षा के क्षेत्र में स्वर्गीय मिश्र के चिंतन को बहुमूल्य बताया। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्राचार्य प्रो0 डॉ0 राजकुमार पाण्डेय रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 फणीन्द्र नारायण मिश्र ने किया। प्रारम्भ में इं0 जितेन्द्र तिवारी ने अतिथियों का स्वागत एवं शिवाकांत मिश्र ने आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, डॉ0 निशान्त पाण्डेय, डॉ0 वाचस्पति मिश्र, डॉ0 शैलेन्द्र सरोज, डॉ0 शिवकुमार यादव, डॉ0 गंगाधर मिश्र, डॉ0 सत्येन्द्र त्रिपाठी, डॉ0 संतोष मिश्र, डॉ0 सियाराम मौर्य, डॉ0 प्रियंका शुक्ला, दिनेश त्रिपाठी, शुभम सिंह पटेल, अरविंद मौर्य, संतोष द्विवेदी आदि रहे।

श्रावस्ती नेटवर्क सुधार के लिए दद्दन मिश्रा की पहल

श्रावस्ती। जनपद श्रावस्ती के पूर्व सांसद एवं जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्रा ने राजधानी दिल्ली में भारत सरकार के दूरसंचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र की दुर्बल नेटवर्क अवसंरचना और संचार अवरोध से जुड़ी गम्भीर स्थिति पर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। दद्दन मिश्रा ने कहा कि श्रावस्ती जैसे सीमांत जनपद में आज भी अनेक गांव डिजिटल परिदृश्य से वंचित हैं। मोबाइल टॉवरों की अपर्याप्तता तथा प्रौद्योगिकी अवरोध के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीण नागरिकों को संवाद-संपर्क में कठिनाई, ऑनलाइन शिक्षा में व्यवधान, ई-गवर्नेंस योजनाओं में अड़चन तथा डिजिटल लेन-देन में बाधा उत्पन्न हो रही है। उन्होंने कहा कि डिजिटल इंडिया परिकल्पना का वास्तविक लाभ तभी संभव है जब सुदूरवर्ती अंचलों में सुदृढ़ संचार अवसंरचना उपलब्ध कराई जाए। मिश्रा ने मांग की कि श्रावस्ती सहित सीमावर्ती क्षेत्रों में नवीन टेलीकॉम टॉवर स्थापित किए जाएं और वर्तमान टॉवरों की क्षमता परिष्कृत की जाए। मंत्री डॉ. पेम्मासानी ने गंभीरता से इस विषय पर सुनवाई की और आश्वासन दिया कि मंत्रालय शीघ्र ही कारगर कार्ययोजना बनाकर समस्या का समाधान करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार डिजिटल समावेशन और तकनीकी प्रगति को लेकर पूर्णतः प्रतिबद्ध है। इस मुलाकात से श्रावस्ती जनपद के नागरिकों में आश्वस्ति की भावना जगी है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि संचार तंत्र सुदृढ़ हो जाए तो शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार, प्रशासन और सामाजिक संवाद में नई ऊर्जा आएगी। दद्दन मिश्रा की पहल को लोग सकारात्मक संकल्प, जनसरोकार की प्रतिबद्धता और सार्वजनिक नेतृत्व का उत्कृष्ट उदाहरण मान रहे हैं।

मुठभेड़ में गिरफ्तार बदमाशों पर जानलेवा हमले का केस दर्ज, तीसरे की तलाश में जुटी पुलिस

प्रतापगढ़। पिछले सप्ताह शनिवार को घर जा रहे मजदूर लालगंज कोतवाली के पूरे वंशी निवासी उमापति वर्मा के साथ मोबाइल छिनैती व फायरिंग को लेकर मुठभेड़ में दबोचे गये दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। वहीं पुलिस मुठभेड़ में फरार हुए तीसरे आरोपी भदारी कला निवासी अभिषेक यादव पुत्र लालजी यादव की तलाश में मंगलवार को मशक्कत करती देखी गयी। शनिवार को पूरे वंशी निवासी उमापति वर्मा शाम घर पैदल वापस लौट रहा था। तीन बदमाशो ने उसका मोबाइल छीनते हुए जानलेवा फायर झोंक दिया था। सोमवार की देर शाम बदमाशों की तलाश में लालगंज पुलिस को स्पेशल टीम के साथ दो बदमाशों को मुठभेड़ में घायल कर हिरासत मे लेने में सफलता मिल गयी। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार व स्पेशल टीम प्रभारी अर्जुन सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने साहसिक मुकाबला करते हुए सांगीपुर थाना के हर्षपुर खुशहट निवासी राहुल यादव पुत्र रामराज यादव तथा इसी थाना क्षेत्र के हर्षपुर कोटवा निवासी राजेन्द्र यादव पुत्र शारदा प्रसाद यादव को मुठभेड़ में धर दबोचा। दोनों दबोचे गये बदमाशो के पैर में पुलिस की गोली लगी है। महज छत्तीस घंटे में पुलिस ने छिनैती के आरोपियों को दबोच लिया। पुलिस की सफलता की जानकारी पर एएसपी संजय राय भी लालगंज ट्रामा सेंटर पहुंचे। एएसपी ने प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार व स्पेशल टीम प्रभारी अर्जुन सिंह को एसपी से पुरस्कार की संस्तुति की है। वहीं लालगंज कोतवाल प्रदीप की तहरीर पर मुठभेड़ में घायल राहुल यादव व राजेन्द्र के खिलाफ देर रात पुलिस टीम पर फायरिंग के द्वारा जानलेवा हमले का केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब फरार तीसरे आरोपी अभिषेक यादव की तलाश में जुटी हुई हैं। लालगंज सीओ आशुतोष मिश्र ने बताया कि पुलिस टीमें आरोपी की तलाश कर रही है, शीघ्र ही उसे दबोच लिया जाएगा।

डीएम ने कस्तूरबा विद्यालय का किया निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान डीएम ने खाने की गुणवत्ता खाकर चेक की, खाने की गुणवत्ता मिली खराब

शोहरतगढ़ -सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी डा0 राजागणपति आर0 द्वारा कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, परसिया, विकास खण्ड शोहरतगढ़.का औचक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने कक्षा 6 एवं 7 के बच्चों से वार्ता किया गया तथा जानकारी प्राप्त

कियागया। इसके साथ उपस्थिति पंजिका को चेक किया गया। कुछ बच्चें ड्रेस, जूता मोजा नही पहने थे। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अध्यापिका को निर्देश दिया कि बच्चों को ड्रेस एवं जूता मोजा आदि उपलब्ध कराये। इसके पश्चात जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर 0 ने खाने की गुणवत्ता को खाकर चेक किया गया। गुणवत्ता में कमी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया गया। दोपहर के नास्ते में मौके पर सूखी सब्जी, चावल, दाल मिला, इसके साथ ही रायता और सलाद न होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त किया गया। भण्डार कक्ष को देखा गया। भण्डारण कक्ष में गन्दगी पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ का स्पष्टीकरण तथा प्र0 वार्डन नीलम चतुर्वेदी, मृदुलेश, रूबी यादव, सरिता, प्रीती जायसवाल, चन्दा कुमारी तथा लेखाकार विनय कुमार सिंह का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया।

साधन सहकारी समिति गुजरौलिया का औचक निरीक्षण

सिद्धार्थनगर ।जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने गत मंगलवार तहसील शो0 / विकास खंड शोहरतगढ़ के साधन सहकारी समिति गुजरौलिया (करहिया) का औचक निरीक्षण किया गया। दौरान निरीक्षण जिलाधिकारी ने स्टाक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर का मिलान किया गया। स्टाक सही पाया गया। इसके साथ जिलाधिकारी ने किसानों से स्वयं वार्ता कर आधार, खतौनी आदि को देखा गया। जो कि सही पाया गया। जिलाधिकारी ने सम्बंधित को निर्देश दिया कि नियमानुसार खाद का वितरण कराये व किसानों को धरातल पर लाभ पहुंचाये जाने हेतु आवश्यक निर्देश दिया गया।

हत्या के दोषी को आजीवन कारावास

प्रतापगढ़। जिला एवं सत्र न्यायालय ने हत्या के एक मामले में साक्ष्यों और गवाहों के बयानों के आधार पर एक व्यक्ति को दोषी ठहराते हुए उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। शासकीय अधिवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। जिला शासकीय अधिवक्ता योगेश शर्मा ने बताया कि जिला सत्र न्यायाधीश सत्य प्रकाश त्रिपाठी की अदालत ने सोमवार को नितेश तिवारी को दोषी करार दिया और उस पर एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया।

अदालत ने आदेश दिया कि जुर्माने की आधी राशि मृतक के पिता को दी जाए। उन्होंने बताया कि 2019 में रमगढ़ा निवासी उमेश चंद्र तिवारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में नितेश तिवारी पर उनके 15 वर्षीय बेटे देव आनंद की हत्या करने का आरोप लगाया था।

जन-जन तक पहुंचें स्वास्थ्य सुविधाएं : डीएम

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में स्वास्थ्य समिति बैठक सम्पन्न

श्रावस्ती। जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक 2 सितंबर सायंकाल कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं का सुदृढ़ क्रियान्वयन कर जनपद की रैंकिंग में उल्लेखनीय सुधार लाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर पर अंकुश लगाने हेतु कारगर रणनीति अपनाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी परिस्थिति में गर्भवती/धात्री महिलाओं अथवा नवजात शिशुओं की मृत्यु केवल स्वास्थ्य उपेक्षा के कारण न हो। इसके लिए आर0सी0एच0 पोर्टल पर पंजीकरण एवं अपडेशन शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सुविधाओं को जन-जन तक पहुँचाना प्रशासन का संकल्पबद्ध लक्ष्य है। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अस्पतालों का औचक निरीक्षण, निरंतर पर्यवेक्षण और मरीजों को उत्कृष्ट उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। विशेष रूप से आपातकालीन कक्ष (इमरजेंसी वार्ड) में तैनात चिकित्सक हर हाल में समय पर उपस्थिति दर्ज करें। लापरवाही की स्थिति में कड़ी कार्यवाही की चेतावनी दी गई। उन्होंने कहा कि सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं, गुणवत्तापूर्ण उपचार और संस्थागत प्रसव की व्यवस्था जनपद में बेहतर भविष्य की दिशा प्रशस्त करेगी। प्रत्येक हाईरिस्क गर्भवती महिला को चिन्हित कर पी0एम0एस0ए0 दिवस पर उपचार उपलब्ध कराया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत माताओं को प्रसव उपरान्त धनराशि का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जन्मजात दोषग्रस्त बच्चों को चिन्हित कर त्वरित चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार कराया जाए।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने विभागीय प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि जननी सुरक्षा योजना में लक्ष्य प्राप्ति स्वास्थ्य विभाग की भूमिस्थ कार्यकुशलता को दशार्ती है। बैठक का संचालन डी0सी0पी0एम0 राकेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अशोक कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 वी0के0 श्रीवास्तव, डब्ल्यू0एच0ओ0 के एस0एम0ओ0, यूनिसेफ प्रतिनिधि, समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, हेल्थ पार्टनर्स एवं सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

थाना व चौकी स्तर पर पारदर्शिता सुनिश्चित होगी

- पुलिस अधीक्षक ने पत्रकारों संग साझा की प्राथमिकताएं
- महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था और साइबर अपराध नियंत्रण पर रहेगा विशेष फोकस

श्रावस्ती। जनपद के नवागत पुलिस अधीक्षक श्री राहुल भाटी ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में आयोजित शिष्टाचार भेंट के दौरान जनपद के पत्रकारों से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर उन्होंने अपनी प्राथमिकताओं को साझा करते हुए कहा कि महिला सुरक्षा, कानून-व्यवस्था की मजबूती, मादक पदार्थ व मानव तस्करी पर नियंत्रण, साइबर अपराध की रोकथाम, पत्रकारों की सुरक्षा और पारदर्शी जनसुनवाई उनकी सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि महिला अपराधों की रोकथाम को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए ठोस व प्रभावी कदम उठाए जाएँगे। भारत-नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में मादक पदार्थ और मानव तस्करी की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए एसएसबी और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों पर रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाए जाएँगे और आमजन को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने पत्रकारों की सुरक्षा को भी अहम बताते हुए कहा कि पत्रकार सीधे अपनी समस्याएँ उनके समक्ष रख सकते हैं। जनसुनवाई को लेकर श्री भाटी ने स्पष्ट किया कि थाना व चौकी स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित की जाएगी। प्रत्येक प्रकरण का त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण कराया जाएगा, जिससे जनता का विश्वास पुलिस व्यवस्था पर और अधिक मजबूत हो। इस अवसर पर पीआरओ पुलिस अधीक्षक, पेशकार पुलिस अधीक्षक, मीडिया सेल प्रभारी सहित जनपद के सभी पत्रकार मौजूद रहे।

तिरंगे से ऊंचा फहराया इस्लामी झंडा, इमाम के खिलाफ केस दर्ज

कौशांबी। पुलिस ने एक मस्जिद के इमाम के खिलाफ राष्ट्रीय ध्वज से अधिक ऊंचा इस्लामी झंडा फहराने के आरोप में मामला दर्ज किया है। चायल क्षेत्राधिकारी अभिषेक सिंह ने बताया कि यह घटना 31 अगस्त को संदीपन घाट थाना क्षेत्र की है। उन्होंने बताया कि मूरतगंज चौकी प्रभारी, उप निरीक्षक अजीत सिंह ने क्षेत्र में गश्त के दौरान देखा कि कस्बे में एक मीनारा मस्जिद के ऊपर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे के समांतर इस्लामी झंडा उससे ऊंचाई में अधिक लगाया गया था। इससे राष्ट्रीय ध्वज की गरिमा और स्वाभिमान को ठेस पहुंचती है। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मौके से इस्लामी झंडे को हटवा दिया गया है और चौकी प्रभारी की तहरीर पर संदीपन घाट थाने में मस्जिद के इमाम इम्तियाज अहमद के खिलाफ राष्ट्र गौरव अपमान-निवारण अधिनियम, 1971 की धारा 2 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

लखनऊ नगर निगम

टी.एन.मार्ग, लालबाग, लखनऊ-226001 (उ0प्र0)

ई-टेण्डर पोर्टल – https://etender.up.nic.in

निम्नलिखित भवनों के नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र प्राप्त होने के उपरान्त नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा-213(बी-2)के अन्तर्गत नोटिस जारी की जा चुकी है निम्नलिखित नाम परिवर्तन में यदि कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिन के अन्दर लिखित आपत्ति साक्ष्यों सहित सम्बन्धित जोनल कार्यालय में प्रस्तुत करें। आपत्ति प्राप्त न होने की दशा में नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

जोन-8

क्र0 सं0	भवन संख्या	दर्ज भवन स्वामी का नाम	जिसके नाम होना है	आधार
1.	एल/073/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम	स्नेहलता गुप्ता	उमा गुप्ता पत्नी स्व० ओमप्रकाश गुप्ता	रजिस्ट्री व पारिवारिक
2.	सी/043 एलडीए कालोनी कानपुर रोड सेक्टर – एफ वार्ड विद्यावती प्रथम	विरेन्दर कौर व त्रिलोचन सिंह	नेहा अरोरा पुत्री स्व० विजय जलोटा	रजिस्ट्री
3	एन-1/090ए सेक्टर-एन-1 वार्ड विद्यावती प्रथम	हरीश चन्द्र C/O प्रवीन कुमार	प्रवीन कुमार पुत्र हरीश चन्द्र	दान-विलेख
4	एन-251 आशियाना सेक्टर-एन वार्ड विद्यावती प्रथम	आभा जम्बेकर, डी०बी० जम्बेकर	देवाशीष बन्दोपाध्याय पुत्र श्री समरेन्द्र कुमार बन्दोपाध्याय	रजिस्ट्री
5	एम-1/ई-524 सेक्टर एम-1 आशियाना वार्ड विद्यावती प्रथम	नबी रसूल	श्रीमती तुलसी देवी पत्नी श्री भुबन चन्द्र	रजिस्ट्री
6	एम-156 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम	के०एस० श्रीवास्तव	श्रीमती रेनुका यादव पत्नी श्री मानवेन्द्र	रजिस्ट्री
7	एम-1/ई-271 सेक्टर एम-1 आशियाना वार्ड विद्यावती प्रथम	राजीव कुमार व आशा सोनी	श्रीमती सुनैना देवी पत्नी श्री शशि कांत	रजिस्ट्री
8	एम-ई-405 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम	श्रीमती किरन श्रीवास्तव	श्री रमा शंकर त्रिपाठी पुत्र श्री राम मूर्ति	रजिस्ट्रियॉ
9	एम-594 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम	राम रतन व शिखा श्रीवास्तव	श्री उत्कर्ष शर्मा व श्रुति शर्मा	दान विलेख व पारिवारिक
10	एम-1035 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम	शशि कला गुप्ता पत्नी स्व० एम०एल० जायसवाल	श्री अंकित जायसवाल व श्रीमती प्रीती जायसवाल	दान विलेख
11	एम-164 आशियाना (सेक्टर एम) वार्ड विद्यावती प्रथम	रजनीश शर्मा	श्री सुरेश कुमार व श्रीमती शशि प्रभा	लेख पत्र
12	एम-316 (ए) आशियाना सेक्टर-एम वार्ड विद्यावती प्रथम	रतन कुमार नाथ	श्रीमती आशा नाथ पत्नी स्व० रतन कुमार नाथ	पारिवारिक
13	ई-145 एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम	रवि यादव पुत्र स्व० राम विलास	श्रीमती रविन्द्र पाठक पत्नी श्री संजय पाठक	लेख पत्र
14	एम-706 ए आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम	मुन्नी देवी अग्रवाल	श्री विनीता राजीव पत्नी श्री राजीव कुमार सिंह	दान विलेख
15	DFA-601(ANSAL-ORCHID) आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम	हरकरन सिंह बेदी व गुरमीत सिंह बेदी	सुमिति वर्मा पत्नी अभिनव गौरव श्रीवास्तव	रजिस्ट्री
16	डी-1/032/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम	भूपेन्द्र सिंह	श्री अनमोलक सिंह पुत्र भूपिंदर सिंह	रजिस्ट्री
17	डी-1/031/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम	रविन्दर कुमार शर्मा	श्री अनमोलक सिंह, श्रीमती जसप्रीत कौर	रजिस्ट्री
18	एम-814 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम	ए एन सक्सेना	श्रीमती नीलम सक्सेना पत्नी श्री अनन्त नारायण सक्सेना	पंजीकृत वसीयत
19	DFA-/105 आशियाना सेक्टर एम वार्ड विद्यावती प्रथम	गणेश यादव, संजू यादव	श्री अखिलेश कुमार मिश्रा, श्रीमती प्रतिभा मिश्रा	रजिस्ट्री
20	डी-1/009/ई कालोनी एलडीए सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम	विरेन्द्र कुमार	श्री सौरभ कुमार पुत्र श्री अखिलेश कुमार शर्मा	लेख पत्र
21	एसएस/027/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम	बीना देवी	श्री विवेक कुमार पुत्र श्री भोलानाथ	रजिस्ट्री
22	584/423-4 किला मोहम्मदी वार्ड विद्यावती प्रथम	श्रीमती प्रज्ञा शुक्ला	श्री पवन कुमार शाक्य पुत्र मनोहर लाल	रजिस्ट्री
23	एन-605 आशियाना सेक्टर एन वार्ड विद्यावती प्रथम	के०आर० हंस व सुदर्शन हंस	श्री अमित कुमार तोमर व श्री राहुल चौधरी	रजिस्ट्री
24	एल/193/ई एलडीए कालोनी सेक्टर ई वार्ड विद्यावती प्रथम	अमित कुमार पाल	अरविन्द कुमार कुलवन्त पुत्र श्री सिट्ठूराम	रजिस्ट्री

जोनल अधिकारी जोन-8

संक्षेप

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। बड़हलगंज पुलिस ने चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से दुष्कर्म के आरोपी दिलीप निषाद निवासी बैरियाखास गांव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। कोतवाली प्रभारी चंद्रभान सिंह ने बताया कि कोतवाली बड़हलगंज में मु0अ0सं0 506/2024 धारा 376, 354 सी, 504, 506 व 3/4 डीपी एक्ट के तहत बैरियाखास गांव निवासी दिलीप निषाद वांछित चल रहा था। आरोपी के विरुद्ध बड़हलगंज पुलिस ने लुकआउट नोटिस जारी कराया था। आरोपी दिलीप निषाद इसी 27 अगस्त को थाईलैंड से फ्लाइट से चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर जैसे ही उतरा, चेकिंग के दौरान अधिकारियों ने लुकआउट नोटिस के आधार पर आरोपी रोक कर दूरभाष/मेल से सूचना दी गई। जिस पर बड़हलगंज पुलिस ने चेन्नई अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट जाकर हिरासत मे लेकर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर विधिक कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर लाया गया।

शराब के ठेके पर तोड़फोड़

जसवंतनगर, इटवा। बलरई थाना क्षेत्र के नगला तौर में सोमवार रात शराब के ठेके पर दबंगई का मामला सामने आया। पुलिस के अनुसार, ग्राम नगला सलहदी निवासी नीरज ने ठेके की खिड़की तोड़ दी और सेल्समैन अनूप कुमार को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। सूचना पर बलरई थाना प्रभारी ट्रेनी सीओ अभय कुमार वर्मा ने मौके पर पहुंचकर जांच की और नीरज के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। बताया गया कि नीरज फौजी पहले भी विवादों में रह चुका है। 26 मार्च 2025 को उसका तमंचा लहराते धमकी देने का वीडियो वायरल हुआ था, जिस मामले में पुलिस ने उसे जेल भेजा था। ट्रेनी सीओ ने कहा कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

विवाहिता की मौत

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के ग्राम धौलपुर खेड़ा में मंगलवार शाम एक विवाहिता की संदिग्ध हालात में मौत होने से सनसनी फैल गई। मृतका की पहचान 30 वर्षीय शकुंतला देवी पत्नी मनीष कुमार बघेल के रूप में हुई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शकुंतला देवी की शादी आठ साल पहले नगला गड़रियान थाना क्षेत्र सैफई से खेड़ा धौलपुर निवासी मनीष कुमार से हुई थी। उसके दो बच्चे हैं कृबड़ा बेटा हर्ष (7) और छोटा विवेक (5)। बताया गया कि घटना के समय मनीष अपने बेटे हर्ष को दवा दिलाने के लिए गया हुआ था और शकुंतला घर पर अकेली थी। जब मनीष लौटा तो शकुंतला घर के जानवर बांधने वाले घेरे में बेहोश मिली। आनन-फानन में उसे स्थानीय डॉक्टर के पास ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही मायके पक्ष के लोग नगला गड़रियान से मौके पर पहुंच गए। मृतका के भाई विजय प्रताप ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। सीओ आयुषी सिंह ने बताया कि यह मामला संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा होगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल मायके पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। यदि तहरीर मिलती है तो उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

खारजा झाल में ओवरफ्लो से 100 बीघा फसल डूबी

जसवंतनगर, इटावा। क्षेत्र के भोगनीपुर गंग नहर से निकली खारजा झाल में पानी छोड़े जाने से हालात बिगड़ गए हैं। नहर में अत्यधिक पानी आने के कारण सप्तधारा कुंड पर स्थित दरों से डेढ़ फुट ऊपर से पानी गिर रहा है, जिससे भयावह स्थिति बन गई है। तीन से चार दर कूड़े से भरे होने के कारण पानी का बहाव बाधित हो गया और ओवरफ्लो होकर आसपास के खेतों में भर गया। इससे लगभग 100 बीघा से अधिक बाजरे की फसल पूरी तरह जलमग्न हो गई, जिससे मौजा नगला सलहदी और नगला रामसुन्दर मौजा के मिलान क्षेत्र पर स्थित किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है ग्रामीण अवनीश, रमेश, अशोक, करू, साहब सिंह, रोशन, श्याम सिंह, दलेल, भगवान सिंह आदि का कहना है कि इस समस्या की जड़ नहर विभाग की लापरवाही है। कई वर्षों से खारजा झाल की सफाई नहीं कराई गई, जिससे उसमें कचरा और रेतीली मिट्टी से भर गई है। जब इस संबंध में नहर विभाग के एई हरपाल सिंह से बात की गई तो उन्होंने साफ कहा कि बजट न होने के कारण सफाई नहीं हो पाई।

गोरखा सैनिकों की वीरगाथा को संजोयेगी योगी सरकार

- जनता पहली बार देख और जान सकेगी गोरखा रणबाकुरों की कहानी
- जीआरडी गोरखपुर में गोरखा युद्ध स्मारक के सुंदरीकरण के साथ संग्रहालय बनवायेगा संस्कृति विभाग
- करीब 45 करोड़ रुपये की आयेगी लागत, सेवन डी थिएटर और साउंड-लाइट शो की भी होगी व्यवस्था
- 4 सितंबर को सीएम योगी और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ करेंगे म्यूज़ियम का शिलान्यास

गोरखपुर। मां भारती की आन, बान व शान में सर्वस्व न्योछावर करने का जज्बा रखने वाले गोरखा सैनिकों की वीरगाथा को संजोने के लिए योगी सरकार ने बड़ी पहल की है। इसके तहत प्रदेश का संस्कृति विभाग गोरखा रेजिमेंट के गोरखा भर्ती डिपो (जीआरडी) गोरखपुर में स्थित गोरखा युद्ध स्मारक का सौंदर्यीकरण कराने के साथ यहां एक भव्य संग्रहालय (म्यूजियम) बनवाने जा रहा है। इसका शिलान्यास 4 सितंबर (गुरुवार) को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान के हाथों होने जा रहा है। उल्लेखनीय है कि आम जनता के अवलोकनार्थ बनने वाला यह गोरखा रेजिमेंट का पहला संग्रहालय होगा। इस तरह देश विदेश में अपने शौर्य से खास पहचान बनाने वाले गोरखा रणबाकुरों की कहानी से आम लोग पहली बार रूबरू हो सकेंगे। उस तरह का यह देश का पहला संग्रहालय होगा। गोरखा युद्ध स्मारक के सौंदर्यीकरण और संग्रहालय निर्माण के लिए कार्यदायी संस्था के रूप में उत्तर प्रदेश जलनिगम नगरीय की सीएंडडीएस यूनिट 42 का चयन किया गया है। स्मारक के सौंदर्यीकरण और संग्रहालय के निर्माण पर 44 करोड़ 73 लाख 37 हजार रुपये की लागत आएगी। इसके तहत संग्रहालय, टॉयलेट ब्लॉक, टिकट काउंटर, वर्तमान भवन का जीर्णोद्धार, वाटर बॉडी, चहारदीवारी, लिफ्ट आदि का निर्माण कराया जाएगा। इसके अलावा लाइट एंड साउंड शो, सेवन डी थिएटर, म्यूरल पेंटिंग आदि की व्यवस्थाएं भी रहेंगी।

गोरखा सैनिक भारतीय सेना में अपने विशेष युद्ध कौशल के लिए विख्यात हैं। ब्रिटिश काल से लेकर अब तक भारतीय सेना में गोरखा जवानों ने 2700 से अधिक वीरता पुरस्कार प्राप्त किए हैं। गोरखा जवानों ने प्रथम और द्वितीय विश्वयुद्ध में महत्वपूर्ण योगदान दिया था। देश के आजाद होने के बाद गोरखा सैनिकों ने युद्ध के साथ ही शांति अभियानों में अतुलनीय भूमिका का निर्वहन किया है। वर्तमान समय में करीब 40000 गोरखा सैनिक भारतीय सेना के माध्यम से राष्ट्र की सेवा कर रहे हैं।

सौ साल पुराना है गोरखा युद्ध स्मारक

1866 में स्थापित गोरखा भर्ती डिपो गोरखपुर, सबसे पुराना भर्ती डिपो है। यहां अभी जो युद्ध स्मारक है उसकी स्थापना प्रथम विश्वयुद्ध में गोरखा जवानों के योगदान की स्मृति में 1925 में हुई थी। इस स्मारक में अब तक आठ ऐसे रणबांकुरों की कांस्य प्रतिमा स्थापित की गई है जिन्होंने युद्धकाल में अपूर्व शौर्य का परिचय दिया और उल्लेखनीय पुरस्कार प्राप्त किए। इनमें पहले फील्ड मार्शल मानेकशॉ, परमवीर चक्र विजेता कैप्टन जीएस सलारिया, लेफ्टिनेंट कर्नल धन सिंह थापा, कैप्टन मनोज पांडेय, अशोक चक्र विजेता लेफ्टिनेंट कर्नल जेआर चिटनिस, लेफ्टिनेंट पुनीत नाथ दत्त, मेजर मान बहादुर राय और नायक नर बहादुर की प्रतिमा स्थापित है।

जर्जर सड़कों की मरम्मत और नयी सड़क के निर्माण की मांग

गोरखपुर। कौड़ीराम क्षेत्र के हरैया गांव निवासी भाजपा किसान मोर्चा के जिला महामंत्री राजेश सिंह राजन ने लखनऊ में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को ज्ञापन सौंपा। इसमें तीन सड़कों के निर्माण और मरम्मत की मांग की गई है।

ज्ञापन में कहा गया है कि बांसगाँव विधानसभा के कौडीएम ब्लॉक के सिहोड़वा से हरैया होते हुए भरवलिया टोला तक की सड़क जर्जर है, जिससे 20 से 25 गांव प्रभावित हैं। बांसगाँव ब्लॉक में हटवार से भुसवल तक पीडब्ल्यूडी की सड़क बाढ़ से कटान के कारण क्षतिग्रस्त है। करीब दस हजार की आबादी प्रभावित है। इसका चौड़ीकरण और बोल्डर पिचिंग जरूरी है। इसके अलावा खजनी विधानसभा के सहजनवां ब्लॉक के ग्राम सिसवा में देवरिया सिवान से कमलेश मिश्रा के घर तक सीसी सड़क निर्माण की मांग की गई है। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि ज्ञापन पर शीघ्र कार्रवाई करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए जाएंगे। इस दौरान गोला के बनकटा गांव निवासी भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय, ज्ञानेन्द्र मिश्र रोशन और संजय सिंह सैंथवार भी मौजूद रहे।

आमजन से मित्रवत व्यवहार करें पुलिसकर्मी: डीआईजी

गगहा/मझगांवा, गोरखपुर। पुलिस उप महानिरीक्षक गोरखपुर रेंज एस चनप्पा सोमवार की रात गगहा थाने पर पहुंचे। मातहतों के साथ गोष्ठी कर घटनाओं को लेकर पुलिस के कार्यप्रणाली की बारीकियों को समझाया। और कहा कि आमजन से मित्रवत व्यवहार करना चाहिए।

डीआईजी ने सबसे पहले असलहों के रख रखाव, जनसुनवाई डेस्क, साइबर हेल्प डेस्क, थाना परिसर की साफ सफाई व लावारिश दो व चार पहिया वाहनों के नीलामी की बात कहा। उन्होंने नए पुलिसकर्मियों को पुराने लोगों से सीखने की बात कहा। थाना प्रांगण के रंगरोहण व चित्रकारी की प्रशंसा किया। क्षेत्र में हुई घटनाओं के शीघ्र पदार्फाश का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप थाने पर अपनी पीड़ा लेकर आने वाले हर पीड़ित को त्वरित न्याय मिलना चाहिए। कार्यालय के अभिलेखों का भी भौतिक सत्यापन किया लंबित मामलों के निस्तारण व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी में तेजी लाने को कहा। इस दौरान एसपी दक्षिणी जितेंद्र सिंह तोमर, सीओ अनुज कुमार सिंह, थानाध्यक्ष सुशील कुमार चौरसिया, एस आई शमशेर सिंह, दीनबंधु प्रसाद, शेषराम चौधरी, सत्य प्रकाश चौबे, नीरज सिंह, सुरेश चंद राणा, रविन्द्र प्रताप यादव, मनोज सोनकर, दिलीप प्रजापति अंकुर राज, विकास सिंह भदौरिया, अनूप सिंह, एकांश सिंह, आलोक सिंह, अरविंद यादव, पिंटू प्रसाद के अलावा महिला पुलिसकर्मी कुमुद सिंह सहित अनेकों लोग उपस्थित रहे।

डीएम - एसएसपी ने बुढ़वा मंगल पर व्यवस्था का जायजा लिया

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने बुढ़वा मंगल के अवसर पर पिलुआ महावीर मंदिर की व्यवस्था हेतु जायाजा लिया। उन्होंने वहां पर उपस्थित पिलुआ मंदिर के महंत से पूछताछ कर व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यहां पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं उनको किसी भी प्रकार की समस्याओं का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरों को संचालित रखा जाए। उन्होंने मौके पर भीड़ अधिक होने पर महिला पुरुष की लाइन अलग-अलग लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए की मंदिर परिसर में पानी, गीली मिट्टी आदि को तत्काल साफ कराया जाए, जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या उत्पन्न ना हो। उन्होंने कहा कि यहां पर 8 से 9 बजे रात तक श्रद्धालु आते रहेंगे उनको पीने के पानी आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया कि यहां पर जो भी भक्त खड़े हुए हैं उनके लिए छाव की व्यवस्था की जाए। उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुए कहा कि मंदिर की साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए जिससे दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि मंदिर पर जो भी मेला लगाया जा रहा है, मेले को रास्ते से दूर हटकर लगाया जाए, जिससे जाम आदि की स्थिति उत्पन्न ना हो।

जुलूस में ना लगाये जायें सियासी नारे म्यूजिक वाली नातों से करें परहेज

इटावा. जुलूसे से मोहम्मदी और जश्ने चिरागा को लेकर मदरसा वाईसिया तालिमुल कुरान कटरा साहब खां इटावा में तंजीम आइम्मे मसाजिद की एक मीटिंग मुन आकिद हुई। जिसमें सदर तंजीम आइम्मे मसाजिद मौलाना जाहिद रजा कादरी इटावा व नायब सदर मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने गाइडलाइन जारी की. सदर मौलाना जाहिद रजा कादरी ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर शहर से उठने वाले जुलूसे मोहम्मदी और जश्ने चिरागा की अहमियत बताई और जुलूसे मोहम्मदी को अदवों अहतराम का खास ख्याल रखते हुए निकालने की गुजारिश की, और खास तौर से साउंड की आवाज कम रखने की भी गुजारिश की. और कहा कि आप वा वुजू अच्छे और सफेद कपड़े पहनकर इत्र लगाकर, हो सके तो अमामा शरीफ बांधकर निगाहें नीचे करके दरूदो सलाम पढ़ते हुए चलें। मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने सजावट करने वालों को तम्बी की चोरी की लाइट हरगिज इस्तेमाल न करें। इस मौके पर मौलाना शराफत अशरफी, मौलाना नाजिम रजा, मौलाना फुरकान रजा कादरी, हाफिज कारी मौलाना फैजान अहमद चिश्ती, कारी मुआरिफ रजा, कारी परवेज आलम, कारी उमर बरकाती, हाजी चाँद मंसूरी, हाफिज इरफान चिश्ती, हाफिज कैफ रजा आदि मौजूद रहे।

नेत्र शिविर 5 को

इटावा। भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा एवं श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर के संयुक्त तत्वावधान में संस्थान के संस्थापक सदस्य स्व. राजाराम त्रिपाठी चच्चू एवं डा. अशोक चैधरी के पुत्र स्व. शिवा चैधरी की पुण्य स्मृति में 5 सितंबर शुक्रवार को निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया जा रहा है। श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित ने शिविर के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के सचिव महेशकुमार बाथम के संयोजन में राहतपुर नेत्र चिकित्सालय में सुबह दस बजे से लगने वाले इस शिविर में अस्पताल के कुशल चिकित्सकों द्वारा होगा।

मझगांवा-डड़वापार मार्ग की दुर्दशा: जिम्मेदारों की नजर अंदाजी का शिकार

मझगांवा, गोरखपुर। बांसगांव विधान सभा के गगहा क्षेत्र में स्थित मझगांवा डड़वापार मार्ग जो कि गोरखपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग से होकर गोला बाजार जाता है, की दुर्दशा एक बड़ी समस्या बन गई है। इस मार्ग का एक हिस्सा, करवल मझगांवा से पुरानी साप्ताहिक बाजार तक लगभग 500 मीटर तक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। इस मार्ग के आसपास लगभग तीन-चार विद्यालय हैं, जहां छात्रों को आने-जाने में काफी कठिनाई उत्पन्न हो रही है। वहीं व्यापारियों को भी काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। आए दिन क्षतिग्रस्त रोड पर बाइक सवार घायल हो रहे हैं। बरसात के दिनों में जब गढ़ों में पानी भर जाता है, तो वाहन चलाना काफी कठिन हो जाता है। ऐसे में यह रोड किसी जिम्मेदार की नजर नहीं पड़ रही है, जबकि यह रोड गगहा क्षेत्र के लोगों के लिए गोला जाने का मुख्य मार्ग है। इस रोड से दर्जनों ऑटो चालकों का आजीविका चलती है। ऐसे में इस रोड का मरम्मत करना अति आवश्यक हो गया है। नहीं तो किसी दिन बड़ी दुर्घटना का कारण बन जाएगा।

स्थानीय लोगों ने मांग की है कि इस रोड का मरम्मत जल्द से जल्द किया जाए। इससे न केवल छात्रों और व्यापारियों को राहत मिलेगी, बल्कि ऑटो चालकों को भी अपनी आजीविका चलाने में मदद मिलेगी। साथ ही, क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं को भी रोका जा सकेगा। इस संबंध में जे ई राजाराम प्रसाद ने बताया कि पैच के कार्य योजना में पड़ गया है शीघ्र ही मरम्मत कार्य शुरू हो जाएगा।

सपा महासचिव रामगोपाल पहुंचे प्रतिष्ठित हनुमान मंदिर

इटावा। बुढ़वा मंगल के अवसर पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव मंगलवार को इटावा शहर के प्रधान डाकघर के सामने स्थित प्रतिष्ठित हनुमान मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया और श्रद्धालुओं के बीच पूरी-सब्जी का भंडारा भी वितरण किया। मंदिर परिसर में आयोजित इस भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रो ने मीडिया से बात करते हुए केंद्र सरकार पर हमला बोला। मीडिया से बातचीत में प्रो. यादव ने कहा कि देवताओं से कुछ मांगा नहीं जाता, उनके दर्शन मात्र से सभी मनोकामनाएं पूरी हो जाती हैं। उनकी कृपा से ही जीवन के कार्य सफल होते हैं। इस दौरान अमेरिका के टैरिफ मुद्दे पर उन्होंने केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया। प्रो. यादव ने कहा, यदि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री टैरिफ के खिलाफ मजबूती से खड़े होते तो यह स्थिति ही उत्पन्न नहीं होती। सरकार की कमजोरी और चुप्पी के चलते ही टैरिफ लागू हुआ है। यह गलत प्रचार है कि केंद्र टैरिफ का विरोध कर रही है, सच यह है कि टैरिफ रोकने की राजनीतिक इच्छाशक्ति ही नहीं दिखाई गई। पूजा-पाठ और भंडारे के दौरान सपा नेताओं व कार्यकताओं की भीड़ मंदिर परिसर में मौजूद रही। श्रद्धालुओं ने प्रो. रामगोपाल यादव के साथ हनुमान जी के जयकारे लगाए और भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद लिया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव गोपाल यादव, पूर्व मंत्री केपी सिंह चैहान, पूर्व चेयरमैन सन्टू गुप्ता, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रदीप चैहान, उदयभान सिंह यादव, एडवोकेट योगेश यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नगर पालिका बोर्ड की बैठक संपन्न, कई प्रस्ताव हुए पास

भरथना, इटावा। स्थानीय नगर पालिका परिषद के सभागार में चेयरमैन अजय कुमार यादव गुल्लू की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें लिपिक आदित्य प्रताप सिंह भदौरिया द्वारा विगत बोर्ड बैठक की कार्यवाही व विगत माह के आय-व्यय को पढ़कर सुनाया गया।

मंगलवार को आयोजित उक्त बैठक के दौरान विभिन्न सदस्यों द्वारा अपने-अपने वार्डों में सड़क निर्माण, पुलिया निर्माण, पेयजल व्यवस्था एवं अन्य मुददों को भी उठाया गया एवं सफाई व्यवस्था ठीक प्रकार से न होने के कारण शिवा यादव व नूरबानो व अन्य सभासदों के द्वारा सफाई कर्मचारी रंजीत, रमेश चन्द्र व अन्य के विरूद्ध कार्यवाही करने का प्रस्ताव रखा गया। साथ ही नगर में अतिक्रमण की समस्या से आम जनमानस को आवागमन में काफी असुविधा के सम्बन्ध में भी प्रस्ताव रखा गया तथा टीम तैयार कर जनहित में अतिक्रमण हटाओ अभियान भी चलाया जाये। सभासद नूरबानो व शिवा यादव के द्वारा यह प्रस्ताव भी रखा गया कि पूर्व में पिछले कार्यकाल वर्ष 2019 से 2022 तक नगर पालिका परिषद भरथना को पं. दीनदयाल उपाध्याय, 15वॉ वित्त आयोग आदि में काफी धनराशि प्राप्त हुई थी, जिनके टेंडर की कार्यवाही भी की गई थी, पूर्व में 05 नलकूपों को लगाने एवं कई सड़कों, पार्क व नालों को बनवाने के टेण्डर भी हुये थे, परन्तु अभी तक कार्य नहीं कराये गये है एवं कई कार्य धरातल पर नहीं हुये है। जिससे आम-जनमानस में पालिका व शासन की छवि खराब हुई है। ऐसी स्थिति में इसकी जांच करायी जानी आवश्यक है। लगी हुई हाईमास्क लाइट और स्ट्रीट लाइट काफी दिनों से खराब है, जिनको ठीक कराया जाये। सम्बन्धित ठेकेदार के विरूद्ध ब्लैकलिस्ट करने की कार्यवाही की जाये और रेलवे स्टेशन के समीप नाला व मिडिल स्कूल पार्क भी बनवाया जाये। इसके साथ ही पालिका की आय बढ़ाने के लिये भी प्रस्ताव किया गया और जो नयी योजनायें शासन से संचालित है, उनकी भी कार्य योजना तैयार की जाये और शासन को प्रेषित की जाये।

आवश्यकतानुसार पेयजल, पथ-प्रकाश व सफाई से सम्बन्धित आवश्यक सामिग्री क्रय किये जाने, खराब वॉटर कूलर व स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराये जाने, कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को नोटिस जारी करने की कार्यवाही एवं सभासदगणों के बोर्ड लगवाने, आवश्यक पुलिया मरम्मत, निर्माण कराने का प्रस्ताव भी रखा गया। पालिका बोर्ड बैठक में अधिशाषी अधिकारी संतोष कुमार मिश्र के अलावा सभासदगण उपस्थित रहे।

महिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव का आयोजन

इटावा। जिला महिला चिकित्सालय में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ योजनान्तर्गत कन्या जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया विधायका सदर, अरूण कुमार गुप्ता अन्नू जिलाध्यक्ष भाजपा, सावित्री कठेरिया पूर्व विधायक भर्थना, विनय कुमार जिला प्रोबेशन अधिकारी, डा. अनिल कुमार मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला महिला चिकित्सालय, डा. पारितोष शुक्ला मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय के साथ-साथ अन्य कार्मिको द्वारा प्रतिभाग किया। विधायक सदर के द्वारा जिला चिकित्सालय में नवजात कन्याओं के उपयोगार्थ बेबी किट व धात्रिओं के लिये ड्राई फ्रूट्स व फल वितरित किये गये तथा केक काटकर बच्ची का जन्मदिवस मनाया।

नौ कांग्रेसियों पर 307 का मुकदमा, कोर्ट ने भेजा जेल

पार्टी ने लगाया सरकार पर दमन का आरोप

इटावा। जिले की राजनीति में सोमवार को बड़ा घटनाक्रम देखने को मिला। कांग्रेस पार्टी के नौ कार्यकताओं पर पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा 307 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस कार्रवाई से कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं में भारी रोष है। कांग्रेस कमेटी के सदस्य प्रशांत तिवारी ने कोर्ट परिसर में मीडिया से बातचीत करते हुए भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार कांग्रेस पार्टी से इतनी डरी हुई है कि अब लोकतांत्रिक आवाज को दबाने के लिए झूठे मुकदमे दर्ज करवा रही है।

उन्होंने बताया कि कांग्रेस कार्यालय पर भाजपा सदर विधायका सरिता भदौरिया अपने समर्थकों के साथ जबरन घुस आईं और तोड़फोड़ की नीयत से माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। जब कांग्रेस कार्यकताओं ने इसका विरोध किया, तभी पुलिस ने उल्टा नौ कांग्रेसियों पर झूठा 307 का मुकदमा दर्ज कर लिया। प्रशांत तिवारी ने कहा कि इस घटना का वीडियो सबूत के तौर पर मौजूद है, जिससे साफ होता है कि कांग्रेस कार्यकताओं पर लगाए गए आरोप निराधार हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रशासन भाजपा का गुलाम बन चुका है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। जेल और मुकदमों से घबराने के बजाय हम और मजबूती से लड़ाई लड़ेंगे। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि भाजपा लोकतंत्र की आवाज दबाने का काम कर रही है, लेकिन कांग्रेस हर हाल में जनता के मुद्दों पर संघर्ष जारी रखेगी।

गिरफ्तार के बाद जेल गए जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित पुत्र त्रिवेदी प्रसाद निवासी निवाड़ीकला बकेवर, शहर अध्यक्ष मो. राशिद पुत्र नौशाद हुसैन कटरा पुर्दल खां, कोमल सिंह कुशवाहा पुत्र दयाराम निवासी रामगंज गौशाला व पुत्र उनका लड़का विपिन पुत्र कोमल सिंह, मलखान सिंह पुत्र नेत्रपाल सरायएसर थाना सिविल लाइन, पल्लव दुबे पुत्र ज्ञानेन्द्र दुबे निवासी कृष्णानगर भरथना रोड फ्रेंडस कालोनी, प्रशांत तिवारी पुत्र संजय सिंह निवासी अलकापुरी थाना कोतवाली, आसिफ जादरान पुत्र इमामुद्दीन कटरा साहब खां, अंबुज त्रिपाठी पुत्र सत्यव्रत त्रिपाठी पक्काबाग अर्जुननगर थाना फ्रेंडस कालोनी ने आदि ने बीजेपी सरकार पर गुस्से का इजहार किया।

मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड
अधीक्षण अभियन्ता, विद्युत वितरण मण्डल, अयोध्या

ई-निविदा सूचना वि.आ.सं. 7453 एवं दिनांक 01.09.2025

निविदा सं. एवं कार्य का संक्षिप्त विवरण

1 **77 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम, अयोध्या के अधीन विजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र राम की पैडी के अन्तर्गत 11 केवी राम घाट फीडर के विभक्तीकरण का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 30000.00।

2 **78 एच(एफ)(कार्य) 2025-26 :-**अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम अयोध्या के अधीन बिजनेस प्लान 2025-26 मद मे 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्रों सिविल लाइन एवं निर्मोचनघाट पर फीडर विभक्तीकरण व राम की पैड़ी का लोड काटकर मक्खापुर से फीडर बनाने, विद्युत उपकेन्द्र, देवकाली के धनीराम का पुरवा के क्षतिग्रस्त केबिल बदलने व मुमताजनगर के अधीनस्थ अब्बूसराय रेलवे क्रासिंग से औद्योगिक फीडर नं. 5 तक 11 केवी भूमिगत लाइन निर्माण का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 3540.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 41000.00।

3 **79 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-**अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम अयोध्या के अधीन उपखण्ड-फेसू-प्रथम/फेसू-द्वितीय/अयोध्या के अन्तर्गत आने वाले क्षेत्रों में स्थापित क्षतिग्रस्त विद्युत पोल मरम्मत, पोल बदलने आदि कार्य। प्रपत्र शुल्क रु. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8300.00।

4 **80 एच (एफ) (कार्य) 2025-26 :-** अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड-अयोध्या धाम अयोध्या के अधीन उपखण्ड अधिकारी फेस-2 को विभागीय कार्यो के लिए एक अद्द डीजल चलित वाहन मय चालक 36 माह तक उपलब्ध कराने का कार्य। प्रपत्र शुल्क रू. 1180.00 जी.एस.टी. सहित तथा धरोहर राशि रू. 8000.00।

ई निविदा की अंतिम तिथि: 15 सितम्बर 2025, 17.00 बजे।

विस्तृत जानकारी एवं प्रपत्र बेवसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। अग्रेतर समस्त सूचनाएं बेवसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

संक्षेप

अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

कलान। शाहजहांपुर ।कलान थाना क्षेत्र में एक अधेड़ महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची ।एफएसएल की टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया ।पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेकर पीएम हेतु शाहजहांपुर भेज दिया है ।नगर पंचायत कलान के वार्ड ब्रह्मदेव नगर (भर्रामई) अपने मायके में रहने वाली अप्पो(42) पत्नी लाला ने सोमवार की रात किसी समय घर के बरामदे की छत के कुंडे में दुपट्टा डालकर आत्महत्या कर ली ।पड़ोसियों ने सुबह 8:30 बजे जब देखा तो पीआरबी 112 व पुलिस को सूचना दी ।सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद, हल्का इंचार्ज यशपाल सिंह के साथ मौके पहुंचे ।पुलिस ने एफएसएल टीम को मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलित कराये। बताते हैं कि मृतका डभौरा में ब्याही थी ।उसके पति की मौत बहुत पहले हो चुकी है ।बताते हैं कि कुछ दिन पहले भी अप्पो ने तालाब में कूदकर आत्महत्या की कोशिश की थी हालांकि उसे समय ग्रामीणों ने उसे सकुशल बाहर निकाल लिया था। प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद, ने बताया, पंचनामा भरकर मृतका के शव को पीएम हेतु भेजा गया है।

वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

शाहजहाँपुर। पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी तिलहर के कुशल पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना खुदागंज के नेतृत्व में अपराध की रोकथाम व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना खुदागंज पुलिस टीम को बड़ी कामयाबी मिली ।वादी मुकदमा विशन पुत्र ननकू निवासी मो0 तकिया थाना खुदागंज जिला शाहजहाँपुर ने अभियुक्त कृष्णा उर्फ किशन पुत्र हरीश निवासी मो0 तकिया थाना खुदागंज जनपद शाहजहांपुर के विरूध्द वादी की पुत्री से फोन पर बात करना व परेशान करना जिससे आहत होकर वादी की पुत्री ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने के सम्बन्ध में मु0अ0सं0 181/25 धारा 107 बीएनएस पंजीकृत कराया गया था, मुकदमे में वांछित चल रहे अभियुक्त कृष्णा उर्फ किशन की तलाश लगातार जारी थी । अभियुक्त कृष्णा उर्फ किशन उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया, जिसको नियमानुसार हिरासत पुलिस में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है ।

पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न

पसगवां खीरी। आगामी ईद उल अजहा त्यौहार को लेकर नायब तहसीलदार कमलेश कुमार व सीङ्क ओङ्क अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी को बैठक सम्पन्न हुई। बता दे कि जनपद लखीमपुर खीरी की कोतवाली पसगवां व थाना उचौलियां परिसर में आज दिनांक 2 सितंबर 2025 को ईद उल अजहा त्यौहार को लेकर नायब तहसीलदार मोहम्मदी कमलेश कुमार व सीङ्क ओङ्क मोहम्मदी अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी आयोजित गई जिसमें उन्होंने सभी से त्योहार को शांतिपूर्वक व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की है। बैठक में क्षेत्रीय प्रधान व संभ्रांत लोग मौजूद रहे है।

एडीएम ने बांटे लंच पैकेट, दिया हरसंभव मदद का भरोसा

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निर्देश पर मंगलवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) नरेंद्र बहादुर सिंह ने तहसील पलिया के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया। एसडीएम पलिया डॉ. अवनीश कुमार के साथ उन्होंने नाव से पहुंचकर हालात का जायजा लिया। एडीएम ने प्रभावित परिवारों से सीधे संवाद कर उनका दुख-दर्द जाना और लंच पैकेट वितरित किए। एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने भानपुर खजुरिया, आजाद नगर, बर्बाद नगर, श्रीनगर मेला घाट और अतरिया गांव में जाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं। उन्होंने कहा कि प्रशासन हर पीड़ित तक पहुंचने के लिए लगातार प्रयासरत है और किसी भी परिवार को राहत से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। आजाद नगर के बाढ़ग्रस्त इलाकों में एडीएम स्वयं मोटर बोट पर सवार होकर पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने उन्हें दिक्कतों के बारे में बताया। एडीएम ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि राहत कार्यों की गति तेज की जाए और स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति भी नियमित की जाए। एडीएम ने बाढ़ चौकियों और चिकित्सा कैंपों का भी निरीक्षण किया। उन्होंने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों को आदेश दिए कि प्रभावित क्षेत्रों में डोर-टू-डोर दस्तक देकर सभी परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। एडीएम ने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा में संक्रामक बीमारियों का खतरा अधिक होता है, इसलिए हर व्यक्ति तक दवाएं और टीकाकरण पहुंचाना जरूरी है।

शारदा नदी पर 22 करोड़ खर्च करने के बाद भी नहीं रुकी बाढ़

पलियाकलां खीरी। विगत वर्षों में शारदा नदी की बाढ़ में क्षेत्र को बहुत नुकसान पहुंचा है ।यहां का व्यापार, कृषि ,यातायात सभी बहुत अधिक प्रभावित हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदा नदी की बाढ़ से बचाव के लिए शारदा नदी का चैनेलाइजेशन करने के लिए 22 करोड़ रुपए का ठेका दिया था। पर कार्य सही और समय से पूरा नहीं हो पाया। यही कारण है कि आज 2 सितंबर को पलिया तहसील के आधा दर्जन गांवों में पानी भर गया है पलिया- भीरा रोड पर बने रपटा पुल पर कई वर्षों बाद फिर आज सवेरे से ही पानी चलने लगा है। पानी बढ़ सकता है शारदा की बाढ़ और गांवों को अपनी चपेट में ले सकती है यह तो समय ही बताएगा । बनबसा बैराज से कल लगभग 2 लाख की उसे पानी छोड़ा गया था आज दोपहर 3:00 बजे एक 179394 क्यूसेक पानी छोड़ गया है। आज तहसील बलिया के गोविंद नगर कॉलोनी में आबादी में पानी भर गया है 150 लंच पैकेट बांटे गए हैं शाहपुर के मजरा नारायणपुर और कुंवरपुर खुर्द में भी आबादी में पानी भर गया है वहां पर 560 लंच पैकेट मांगते गए हैं और श्रीनगर के मजरा बर्बाद नगर आजाद नगर में भी पानी भर गया है वहां 400 लंच पैकेट बांटे गए हैं पूरा प्रशासन बाढ़ पर निगाह रखने के लिए लाइट है एडीएम लखीमपुर खीरी, तहसीलदार पलिया, नायब तहसीलदार लिया सभी बाढ़ क्षेत्र में बाढ़ की हालत जानने के लिए लगे हुए हैं।

शहर में हर तरफ गणपति बप्पा की धूम

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) शहर में जगह-जगह पंडाल सजाकर श्रद्धालु गणपति बप्पा की पूजा-अर्चना कर रहे हैं। इन पंडालों पर विशेष साज-सज्जा भी की गई है। सुबह से ही पूजा पंडालों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर दर्शनलाभ ले रहे हैं। शहर में खुटार रोड, मंगला देवी मंदिर, पश्चिमी दीक्षिताना, मुन्नूगंज आदि में गणेश पंडाल सजाये गये हैं। पूजा पंडालों में आकर्षक ढंग से सजी प्रतिमाएं हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच रही हैं। रोजाना हो रही गणेश आरती में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष और बच्चे शामिल हो रहे हैं। इसके साथ ही पूजा पंडालों में गणेश तथा अन्य देवी-देवताओं के भजनों की धुन बजने से भी माहौल भक्ति मय बना रहता है। रात के समय में कलाकारों द्वारा पेश की जाने वाली सजीव झांकिया श्रोताओं को भावविभोर कर रही हैं। पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिकूं ने गणेश पंडाल में पहुंचकर पूजन अर्चन किया।

खीरी में 43,200 परीक्षार्थी देंगे पीईटी

लखीमपुर खीरी। उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 (पीईटी) को लेकर जिले में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आगामी 6 और 7 सितंबर को आयोजित होने वाली इस परीक्षा में कुल 43,200 अभ्यर्थी शामिल होंगे। प्रशासन ने परीक्षा को नकलविहीन, शुचितापूर्वक और शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में एडीएम (न्यायिक) अनिल कुमार रस्तोगी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टैटिक मजिस्ट्रेट और केंद्र व्यवस्थापकों को परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के निदेर्शों को साझा करते हुए एडीएम ने कहा कि प्रशासन परीक्षा को निष्पक्ष और शांति पूर्ण ढंग से कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी ।एडीएम एके रस्तोगी ने बताया कि परीक्षा जनपद के 26 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। प्रतिदिन दो पालियों में परीक्षा कराई जाएगी। प्रथम पाली सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 3 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। प्रत्येक पाली में 10,800 परीक्षार्थी बैठेंगे। इस तरह चार पालियों में कुल 43,200 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। आयोग से नामित समन्वयी प्रेक्षक संतोष पटेल ने विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि परीक्षा के दौरान रिजर्व लॉजिस्टिक, सुरक्षा व्यवस्था, हेल्प डेस्क की स्थापना, अभिलेखीय परीक्षण, प्रश्न पत्र व ओएमआर शीट के गोपनीय बॉक्स खोलने की प्रक्रिया, प्रश्न पत्र पुस्तिका व ओएमआर शीट का वितरण, परीक्षा समाप्ति पर उत्तरपुस्तिकाओं का संग्रहण एवं पैकिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने केंद्र अधीक्षकों और कक्ष निरीक्षकों को उनकी जिम्मेदारियां स्पष्ट करते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान कक्षों में मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स व अन्य प्रतिबंधित सामग्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। किसी भी गड़बड़ी पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी।

खमरिया सीएचसी पर सीडीओ का छापा, मचा हड़कंप

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही मंगलवार को उस समय उजागर हुई जब सीडीओ अभिषेक कुमार ने खमरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। पहुंचते ही सीडीओ हैरान रह गए। पूरा परिसर अंधेरे में डूबा था।

न लाइट, न जनरेटर। करीब आधे घंटे मशक्कत के बाद जब जनरेटर चला तो मालूम हुआ उसमें ईंधन ही नहीं डाला गया था। साफ हो गया कि बिजली जाने पर अस्पताल कभी जनरेटर पर नहीं चलता। सीडीओ सीधे अधीक्षक के कक्ष में पहुंचे तो पता चला कि वे आवास पर आराम फरमा रहे हैं। इस दौरान 09 चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ भी गायब मिले। सीडीओ ने अधीक्षक का स्पष्टीकरण तलब करते हुए अनुपस्थित कर्मियों का एक दिन का वेतन काटने और चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीडीओ अभिषेक कुमार ने पाया कि बीते दो दिनों में हुई डिलीवरी की महिलाएं और नवजात वार्ड में मौजूद ही नहीं थे। जबकि नियम के अनुसार प्रसव के बाद 48 घंटे तक जच्चा-बच्चा को चिकित्सकीय निगरानी में रखा जाना और भोजन उपलब्ध कराना अनिवार्य है। और तो और, बच्चों को जन्म के तुरंत बाद दी जाने वाली जीरो डोज वैक्सीन तक नहीं लगाई गई थी। सीडीओ ने इसे घोर लापरवाही करार देते हुए सख्त नाराजगी जताई। निरीक्षण में सीडीओ ने पाया कि जांच लैब की छत से पानी टपक रहा था। हालात यह थे कि कीमती जांच मशीनें प्लास्टिक से ढककर रखी गई थीं। इससे मरीजों की जांच की सुविधा प्रभावित हो रही थी। सीडीओ ने इस पर कड़ी नाराजगी जताई और चिकित्सालय भवन की मरम्मत के लिए सीएमओ को नियमानुसार त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

गंदगी, जलभराव और बंद शौचालय

अस्पताल परिसर में गंदगी, सीलन और जलभराव ने स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत खोल दी। प्रतीक्षालय की जगह दवाओं के बक्से रखे मिले। सीडीओ ने सख्त निर्देश दिए कि दवाओं को स्टोर में रखा जाए और प्रतीक्षालय को मरीज व परिजनों के उपयोग में लाया जाए। तीन शौचालयों में से दो बंद और एक गंदगी से भरा मिला। सीडीओ के औचक निरीक्षण ने स्वास्थ्य विभाग के दावों की पोल खोल दी। अफसरों की लापरवाही पर अब कार्रवाई तय मानी जा रही है।

स्वामी शुकदेवानंद राजकीय विश्वविद्यालय शाहजहांपुर की स्थापना को मंजूरी

- यूपी कैबिनेट में सुकदेवानंद राजकीय विश्वविद्यालय बनाए जाने का प्रस्ताव पास

शाहजहांपुर। जनपद में मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के अंतर्गत आने वाले स्वामी शुकदेवानंद राजकीय विश्वविद्यालय' शाहजहांपुर की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है.।

आपको बताते चलें कि शाहजहांपुर जनपद में पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान किया गया है. उन्होंने शाहजहांपुर में कदम रखने के बाद शिक्षा की जो अलख जगाई है वह आज पुष्पित और पल्लवित हो रही है. स्वामी चिन्मयानंद का सपना यूनिवर्सिटी बनाने का था जो कि अब पूरा हो गया है. अयोध्या श्री राम मंदिर आंदोलन समिति के प्रणेता रहे स्वामी चिन्मयानंद धार्मिक एवं आध्यात्मिक शिक्षा के साथ-साथ आधुनिक शिक्षा के शिल्पी कहे जाते हैं. उन्होंने इंग्लिश मीडियम से लेकर संस्कृत महाविद्यालय और लॉ कॉलेज जैसी शिक्षण संस्थाएं शाहजहांपुर को समर्पित की.। शाहजहांपुर महानगर में स्थापित श्री मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के माध्यम से शाहजहांपुर जनपद वासियों को शिक्षित किया जो देश प्रदेश ही नहीं बल्कि विदेशों में भी अपने नाम का डंका बजा रहे हैं. यहां शिक्षा ग्रहण करने वाले सैकड़ो छात्र-छात्राएं आज देश के विकास और उन्नति में अपना योगदान दे रहे हैं। अब स्वामी सुकदेवानंद राजकीय विश्वविद्यालय की स्थापना से प्रदेश के अग्रणी जनपदों में शाहजहांपुर का नाम भी जुड़ गया है. इस विश्वविद्यालय की स्थापना हेतु समर्पण त्याग और तपस्या की अगर बात की जाए तो लगभग एक अरब रुपए से भी अधिक की संपत्ति जोकि मुमुक्ष आश्रम ट्रस्ट के नाम थी उसे अब स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा उत्तर प्रदेश सरकार को दान कर दिया गया है ।उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद कैबिनेट में प्रस्ताव लाकर सुकदेवानन्द राजकीय विश्वविद्यालय बनाये जाने की घोषणा कर दी गई है. घोषणा के बाद स्वामी चिन्मयानंद सरस्वती जी महाराज के अनुयायियों और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई है.।

बजाज मिल के अधिकारियों पर पहले भी दर्ज हो चुके हैं केस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड की गोला गोकर्णनाथ पलिया कलां और खंभार खेड़ा इकाइयों के अधिकारियों पर कई बार मुकदमे दर्ज हुए लेकिन अब तक चार्ज शीट सिर्फ गोला के एक मुकदमे में लगी जिसमें अदालत ने अध्याशी ओमपाल सिंह पर 14000 रुपए जुमार्ना और अदालत उठने तक की सजा दी थी। अब दर्ज हुए मुकदमों की तहरीरों में स्वामी निदेशक तो लिखा है लेकिन नाम नहीं दिया गया जिससे वह नामजद नहीं हो सके।

बजाज ग्रुप की जिले में स्थित गोला गोकर्णनाथ, पलिया कलां और खंभार खेड़ा चीनी मिलों पर किसानों का बकाया अदा न करने पर गन्ना समितियों के सचिवों के द्वारा 16 जून 2008 को भादवि की धारा 420 ,468 ,188 ,224 के अंतर्गत प्रबंध निदेशक शिशिर बजाज और अध्याशी अशोक कुमार गुप्ता के विरुद्ध दर्ज कराए गए थे लेकिन दो माह बाद ही पुलिस ने तीनों मुकदमों में अंतिम रिपोर्ट लगा दी। इस मुकदमे के बाद 10 अप्रैल 2016 को सहकारी गन्ना विकास समितियों के सचिवों ने गोला गोकर्णनाथ, पलिया कलां और खंभार खेड़ा चीनी मिलों के अध्याशियों के विरुद्ध भारतीय दंड विधान की धारा 420, 120 बी 17/ 22 उत्तर प्रदेश गन्ना आपूर्ति एवं विनियम अधिनियम 1953 तथा 3/7 आवश्यक वस्तु अधिनियम के अंतर्गत दर्ज कराई इनमें पलिया कलां और खंभार खेड़ा इकाइयों के अध्याशियों पर दर्ज मुकदमों में पुलिस ने अंतिम रिपोर्ट लगा दी लेकिन गोला गोकर्णनाथ के गन्ना किसान और पत्रकार लोकेश कुमार गुप्त द्वारा विधिक रूप से पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर गोला पुलिस ने अध्याशी ओमपाल सिंह के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गन्ना आपूर्ति एवं विनियम अधिनियम 1953 की धारा 22 के अंतर्गत आरोप पत्र न्यायालय में पेश किया ।

न्यायालय में अध्यासी ओमपाल सिंह ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया जिस पर उन्हें 14000 रुपए जुमार्ना और अदालत उठने तक की सजा दी गई थी। इस मुकदमे के बाद 7 दिसंबर 2021 को गोला गोकर्णनाथ के तत्कालीन विधायक अरविंद गिरि ने अपराध संख्या 643 भारतीय दंड संहिता की धारा 419, 420, 406 ,467 के अंतर्गत गोला कोतवाली में कुशाग्र बजाज और गोला गोकर्णनाथ यूनिट के अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाया था उसमें भी पुलिस में कई महीने बाद अंतिम रिपोर्ट लगा दी थी। इस बार तीनों चीनी मिलों के अधिकारियों के विरुद्ध दी गई तहरीरों में 14 दिन में गन्ना भुगतान न किए जाने का जिक्र तो किया है लेकिन उत्तर प्रदेश गन्ना आपूर्ति एवं विनियम अधिनियम 1953 की धारा17/ 22 का उल्लेख नहीं किया जबकि इसी धारा के अंतर्गत न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने गोला गोकर्णनाथ यूनिट के अध्यक्ष ओमपाल सिंह को सजा सुनाई थी।

व्यापार मण्डल ने पुलिस का आभार व्यक्त कर किया सम्मानित

शाहजहांपुर ।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत सरकार के हर घर तिरंगा अभियान के अन्तर्गत व्यापार मण्डल ने भव्य बाइक रैली यात्रा का सफल आयोजन किया गया था।

बाइक रैली के सफल आयोजन व पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं शांति-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाने के फलस्वरूप को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में व्यापार मण्डल शाहजहाँपुर द्वारा शाहजहाँपुर पुलिस का आभार व्यक्त किया गया ।पुलिस के सहयोग और सक्रियता के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए व्यापार मण्डल द्वारा शाहजहाँपुर पुलिस को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ए0डी0एम0 प्रशासन महोदय, श नगर आयुक्त अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण क्षेत्राधिकारी यातायात एवं अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे ।कार्यक्रम में पुलिस जन सहयोग की भावना को सराहा गया और भविष्य में भी इसी सहयोग को और मजबूत बनाने का संकल्प लिया गया।

हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान के तहत पंच प्रण संकल्प

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के आह्वान पर जिले के विद्यालयों में हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान अभियान के अन्तर्गत पंच प्रण संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया ।राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला संगठन मंत्री धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि देशभर के पांच लाख विद्यालयों में यह आयोजन किया गया। इसमें शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने विद्यालय को राष्ट्र निर्माण का केन्द्र मानते हुए विद्यालय संरक्षण, शिक्षा संवर्धन और चरित्र निर्माण का संकल्प लिया। ब्लॉक कुंभी स्थित कंपोजिट विद्यालय विष्णु बेहड़ में हुए कार्यक्रम में धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि 1 सितम्बर केवल तिथि नहीं बल्कि शैक्षिक जगत के लिए ऐतिहासिक क्षण है ।इस दिन लाखों शिक्षक और करोड़ों विद्यार्थी एक साथ उद्घोष कर संकल्प ले रहे हैं कि विद्यालय केवल भवन नहीं, बल्कि संस्कारों का तीर्थ है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य शिक्षा को केवल ज्ञान तक सीमित न रखकर चरित्र निर्माण और समाज सेवा से जोड़ना है। शिक्षक और विद्यार्थी विद्यालय को स्वच्छ, अनुशासित और हरित बनाने का संकल्प लेंगे। विद्यालय की संपदा को राष्ट्र धन मानते हुए विवेकपूर्ण उपयोग व संरक्षण किया जाएगा। साथ ही विद्यालयों में भेदभाव मुक्त वातावरण बनाकर सभी को समान भाव से सीखने और सिखाने का अवसर प्रदान करने का संदेश दिया गया।

परीक्षा केंद्रों का एसपी ने किया निरीक्षण

शाहजहाँपुर। शाहजहाँपुर में आयोजित होने वाली यूपीएसएसएससी पी0ई0टी0 परीक्षा के लिए कुल 21 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें लगभग 38,000 परीक्षार्थी सम्मिलित होने वाले हैं ।पुलिस अधीक्षकने परीक्षा की निष्पक्षता, शांति और सुव्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु सभी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों की सुरक्षा, आवागमन व्यवस्था और आवश्यक तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया गया ।पुलिस प्रशासन परीक्षार्थियों और उनके अभिभावकों से अपील करता है कि परीक्षा के दौरान अनुशासित रहें और प्रशासन द्वारा बनाए गए नियमों का पालन करें।

परिवर्तन दल ने चलाया अभियान, 90 का किया चालान

लखीमपुर खीरी। नो हेलमेट नो फ्यूल का विशेष अभियान 01 सितम्बर से 30 सितम्बर 2025 तक चलाने पेट्रोल पंपों पर जिला पूर्ति अधिकारी अंजनी कुमार सिंह एवं पीटीओ कौशलेंद्र कुमार यादव ने दो पहिया वाहन चालकों को सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट लगाने हेतु जागरूक किया। इस संदर्भ में ए आरटीओ प्रशासन शांति

भूषण पांडे ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 129 द्वारा दो पहिया चालक एवं पिलियन हेतु हेलमेट अनिवार्य है, तथा धारा 194क इसके उल्लंघन पर दण्ड का प्रावधान करती है। उक्त के दृष्टिगत समस्त दो पहिया वाहन चालकों से अपेक्षा की जाती है कि सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली असामयिक मृत्यु और गम्भीर चोटो को रोकने के लिए अपने वाहन हेलमेट लगाकर ही संचालन करें। इस हेतु जनपद के समस्त पेट्रोल पम्प संचालकों को खाद-रसद विभाग के माध्यम से निर्देश पत्र प्रेषित कर सहयोग सुनिश्चित किया जायेगा। प्रवर्तन दल एवं जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थापित पेट्रोल पम्पों का निरीक्षण किया गया। प्रवर्तन कार्यवाही करते हुए बिना हेलमेट दो पहिया वाहन संचालन के अभियोग में 90 चालान किये गये।

शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन निकालेगा जन समर्थन पद यात्रा

धौरहरा खीरी। धौरहरा तहसील क्षेत्र में शिक्षा संघर्ष मोर्चा फाउंडेशन अपनी माँगो को लेकर जनजागरुकता जनसमर्थन पद यात्रा निकालेगा। जिसमें फीस संसोधन बिल लाने के लिए सरकार से मांग करेगा। मामले की जानकारी देते हुए शिक्षा संघर्ष मोर्चा / फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित महेश गम्भीर ने बताया कि गुरुवार से फाउंडेशन के तत्वाधान में पूरे तहसील क्षेत्र जनजागरूकता जन समर्थन पद यात्रा निकाली जाएगी जो 4 सितम्बर 2025 से शुरू होकर 12 सितम्बर 2025 तक चलेगी। उन्होंने कहा कि स्कूलों की मनमानी फीस वसूली बन्द हो, फीस की सीमा सरकार तय करे, कक्षा एक से ही समान कोर्स नियम का सख्ती से पालन हो, महंगे व भारी भरकम अनावश्यक कोर्स की बाध्यता समाप्त हो, सभी पुस्तक विक्रेताओं के लिए अधिसूचना जारी हो, मूल्य से अधिक धन लेना व पुस्तक के साथ कापी खरीदने की बाध्यता को समाप्त किया जाए, विद्यालयों द्वारा निश्चित दुकान से ड्रेस व कापी किताब खरीदने की बाध्यता पर रोक लगाई जाय, सभी विद्यालयों का वाहन शुल्क किलोमीटर की दर से निर्धारित किया जाए आदि माँगों को लेकर धौरहरा तहसील क्षेत्र के विभिन्न गावों से शुरूआत कर अन्य तहसीलों में भी जन जागरूकता जन समर्थन पद यात्रा निकाली जाएगी।

इग्नू में प्रवेश और पुनः पंजीकरण की तिथि 15 सितम्बर तक बढ़ी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय में नये कार्यक्रमों में प्रवेश लेने और पुनः पंजीकरण की अंतिम तिथि 15 सितम्बर तक बढ़ा दी गई है। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि अध्ययन केन्द्र-27131, सीजीएन पीजी कॉलेज, गोला में बीए, बीकॉम, एमए (हिन्दी, अंग्रेजी, समाजशास्त्र, राजनीति शास्त्र, इतिहास, ग्रामीण विकास) के साथ-साथ रोजगारपरक सर्टिफिकेट कोर्स (छः माह) और एक वर्षीय डिप्लोमा (आपदा प्रबंधन, ग्रामीण विकास, अनुवाद, खाद्य एवं पोषण आदि) में ऑनलाइन प्रवेश हो रहा है। आवेदन के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। समन्वयक डॉ. रीना कुमारी ने बताया कि इग्नू में वे छात्र भी प्रवेश ले सकते हैं जिनके इंटरमीडिएट में 40 प्रतिशत से कम अंक हैं, इंटर प्राइवेट है या गैप ईयर है। छात्रों को पाठ्य सामग्री निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग को बीए, बीकॉम में न्यूनतम शुल्क पर प्रवेश का लाभ मिलेगा। डॉ. अनामिका सिन्हा ने बताया कि इग्नू द्वारा 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम, 3 वर्षीय ऑनर्स स्नातक, बहुविषयक कला एवं विज्ञान स्नातक तथा कौशल संवर्धन हेतु कम्प्यूटर, पर्यटन, खाद्य सुरक्षा एवं प्रबंधन जैसे विषयों में भी प्रवेश उपलब्ध है। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी बेबसाइट पर देखी जा सकती है या अध्ययन केन्द्र-27131, सीजीएन पीजी कॉलेज के समन्वयक डॉ. अरुण कुमार सिंह से 9452153002 पर संपर्क किया जा सकता।

पूंछतांछ के लिए लाया गया युवक कोतवाली से भागा

तिकुनिया खीरी। कोतवाली मे किशोरी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पूंछतांछ के लिए संदिग्ध रुप से लाए गये सूरतनगर गांव के युवक हरजिंदर कोतवाली से शौच के बहाने भाग गया। जिसके चलते कोतवाली मे अफरा तफरी मच गयी। पुलिस युवक को खोजने में लगी हुई हैं। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी निवासी प्रभु दयाल ने बीती 28 अगसत को अपनी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। जिसके चलते पुलिस गांव सूरतनगर निवासी युवक हरजिंदर को पूंछतांछ के लिए सोमवार को लायी थी। मंगलवार की सुबह शौच के बहाने युवक कोतवाली से भाग गया। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस युवक के परिजनो को लेकर तलाश कर रही है। इस बाबत किशोरी के पिता ने बताया कि वह एक स्कूल में माली की नौकरी करता है, उसकी बेटी महाराजा अग्रसेन इंटर कालेज मे कक्षा नौ मे पढती है। बीती 28 अगस्त को सात बजे पढ़ने घर से गयी थी इसके बाद वापस नही आयी। इस बाबत कोतवाली प्रभारी पुष्पराज कुशवाहा ने बताया कि किशोरी की गुमशुदगी को लेकर पूंछतांछ के लिए युवक हरजिंदर सिंह को लाया गया था इसके बाद सुबह कही चला गया है, परिजनो से पूंछतांछ की जा रही है।

संक्षेप

ग्रामीणों का 42 लाख का फर्जी भुगतान का आरोप

जौनपुर। सिरकोनी क्षेत्र के बिशुनपुर मझवारा गांव निवासी फूलचंद चैबे तथा इंद्राज यादव ने मंगलवार को समतलीकरण और मेड़बंदी के नाम पर प्रधान, सचिव तथा जेई पर मनरेगा से 42 लाख का फर्जी भुगतान करने का आरोप लगाकर जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र दिया। उन लोगों ने कहा बिना का कार्य कराए तथा बिना हम लोगों की जानकारी के ही सारा पैसा फर्जी ढंग से फर्जी मजदूर दिखाकर गलत तरीके से निकाल लिया गया। जब इस संबंध में हम लोगों को जानकारी हुई हम लोगों ने इसके विषय में पूछताछ शुरू किया तो प्रधान पांच मजदूर लगाकर मेड़ बनवाने लगे जबकि पैसे का भुगतान कम से पहले पहले ही कर दिया गया था इस संबंध में जब डीसी मनरेगा सुनील कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया की यह प्रकरण मेरी संज्ञान में है। मैंने खंड विकास अधिकारी को पत्र लिखा है। जांच चल रही है। जांच रिपोर्ट आने पर दोषियों के खिलाफ उचित कार्यवाही की जाएगी।

कमजोर दिख रहा नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान

जौनपुर। नो हेलमेट नो फ्यूल की रणनीति लागू है, लेकिन यह नियम शहर से लेकर गांव तक पेट्रोल पंपों पर नहीं दिखा। धड़ल्ले से बिना हेलमेट के पेट्रोल दिया जा रहा है। अब एक बार फिर एआरटीओ ने यातायात विभाग की ओर से अभियान चलाकर बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने वाले वालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी गई है। सोमवार से शुरू हुए नो हेलमेट-नो पेट्रोल अभियान की हकीकत कमजोर दिख रहा है। पेट्रोल पंप संचालकों की सड़क हादसों में कमी लाने और लोगों को हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से यह नियम लागू करने की घोषणा की गई थी। सोमवार और मंगलवार को शहर के विभिन्न प्रमुख बाजारों समेत ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित पेट्रोल पंपों पर बाइक सवार बिना हेलमेट के पेट्रोल भराते देखे गए। कचहरी रोड स्थित पंप पर बाइक चालकों की काफी भीड़ दिखी। इस भीड़ में कुछ बाइक चालक हेलमेट, तो कुछ बिना हेलमेट लगाए ही पेट्रोल डलवाते दिखे। हालांकि ज्यादातर बाइक सवारों ने नियम की जानकारी न होने की बात कही। ऐसे में सड़क हादसे में कमी लाने की मुहिम चुनौती भरी होगी। इस संबंध में एआरटीओ प्रवर्तन एसके सिंह ने बताया कि बिना हेलमेट के पेट्रोल लेने वाले के खिलाफ कार्रवाई की गई, इस दौरान करीब 12 वाहन चालकों का चालान किया गया है यह अभियान एक महीने तक चलेगा।

सतहरिया का भ्रमण कर डीएम ने दिया निर्देश

जौनपुर। जिलाधिकारी/मुख्य कार्यपालक अधिकारी सीडा डॉ0 दिनेश चन्द्र द्वारा औद्योगिक क्षेत्र सतहरिया का भ्रमण कर औद्योगिक क्षेत्र में स्थित पार्को, सड़कों, नाली, पुलिया, जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था एवं पार्को के विकास आदि एवं वर्तमान में चल रहे निर्माण कार्यों एवं औद्योगिक क्षेत्र में साफ-सफाई का औचक निरीक्षण किया गया। सीडा प्राधिकरण क्षेत्र में शासन द्वारा स्वीकृत अटल इण्डस्ट्रियल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के अन्तर्गत अवस्थापना कार्यों जैसे-सड़क, नाली, जलापूर्ति, पथ-प्रकाश, नाला निर्माण एवं पार्को का विकास आदि के कार्यों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कार्यों को गुणवत्तापूर्वक एवं ससमय पूर्ण कराये जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा सीडा के उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनकी समस्यायों पर चर्चा की गयी व नियमानुसार समस्याओं का निस्तारण कराये जाने हेतु सीडा के अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैठक में नगर पालिका अध्यक्ष मुंगराबादशाहपुर कपिल मुनि, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ उपजिलाधिकारी मछलीशहर कुमार सौरभ, प्रबन्धक सुश्री सीमा सिंह, प्रबन्धक, व सीडा के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

जनसेवा संचालक से 50 हजार की लूट

आजमगढ़। मेहनाजपुर थाना क्षेत्र में कूबा पीजी कॉलेज के पास बाइक सवार तीन नकाबपोश बदमाशों ने जन सेवा केंद्र संचालक से 50 हजार रुपये की लूट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित शाह आलम, दरियापुर नवादा गांव का निवासी और पंजाब नेशनल बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र का संचालक, देर रात अपने केंद्र बंद कर घर लौट रहा था। इसी दौरान तीन नकाबपोश बदमाशों को देखकर शाह आलम ने भागने की कोशिश की, लेकिन बदमाशों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और पिस्टल की नोक पर उसका पैसे से भरा बैग छीन लिया। बदमाशों ने पीड़ित को थप्पड़ भी मारे और पिस्टल लहराते हुए मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

प्राथमिक विद्यालय लाली का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने आज विकास खण्ड घोरावल के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय लाली का औचक निरीक्षण किये, निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजीका का अवलोकन किये, मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक व चार शिक्षा मित्र उपस्थित मिलें, विद्यालय में कुल 59 बच्चें पंजीकृत थे, उसमें से 42 बच्चें मौके पर उपस्थित मिलें, जिलाधिकारी ने बच्चों से सीधा संवाद कर विद्यालय द्वारा उन्हें उपलब्ध कराये गये पुस्तक के सम्बन्ध में जानकारी लिये और उन्होंने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को निर्देशित करते हुए कहा कि कोई भी बच्चा पुस्तक प्राप्त करने से वंचित न रहें।

श्री सिंह ने कहा कि सभी बच्चों को अनिवार्य रूप से पुस्तक उपलब्ध करायी जाये और विद्यालय में बच्चों का प्रवेश प्राथमिकता पर किया जाये कोई भी बच्चा शिक्षा ग्रहण करने से वंचित न रहें, उन्होंने बच्चों से 2 व 3 का पहाड़ा सुना और विज्ञान से सम्बन्धित प्रश्न भी बच्चो से पूछें, जिसका उत्तर बच्चों द्वारा दिया गया, इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापिका ने पानी की समस्या के सम्बन्ध में जानकारी दी, जिस पर जिलाधिकारी ने कहा कि पीने की पानी की व्यवस्था हेतु शीघ्र ही कार्यवाही की जायेगी और विद्यालय का जो भवन जर्जर है, उसे ध्वस्तीकरण की कार्यवाही कराकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नया भवन बनाने हेतु प्रस्ताव की कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसके पश्चात जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह ने मुक्खाफाल का भी भ्रमण किये और वहां के प्राकृतिक सौन्दर्य को देखें, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी, जिला उद्यान अधिकारी मेवालाल, अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह उपस्थित रहें।

नाटक के साथ किया सत्यनिष्ठा माह का समापन

सोनभद्र। एनटीपीसी विंध्याचल ने 1 सितम्बर 2025 को प्रशासनिक भवन सभागार में अगस्त माह के मूलमंत्र सत्यनिष्ठा के सफल समापन का भव्य आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं एनटीपीसी गीत के साथ हुआ, जहाँ मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल) राकेश अरोड़ा ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मूल्य निरपेक्ष नहीं होते, इन्हें प्रतिदिन जीवन में उतारना आवश्यक है। इस अवसर पर विंध्याचल परिवार ने अपनी रचनात्मकता और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। कर्मचारियों एवं परिवारजनों ने प्रतियोगिताओं में जीत हासिल कीकृसुश्री अभा, वरिष्ठ प्रबंधक (एमटीपी) द्वारा सत्यनिष्ठा पर लघु फिल्म, राघवेन्द्र प्रसाद, अपर महाप्रबंधक(आरएलआई) द्वारा कहानी वाचन तथा टाउनशिप की महिलाओं द्वारा बनाए गए प्रेरणादायी कोलाज विशेष आकर्षण रहे। कार्यक्रम में डीपीएस और डी पॉल स्कूल के चार विद्यार्थियों ने विषय सफलता से अधिक महत्वपूर्ण है सत्यनिष्ठा पर वाद-विवाद किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा।

मुख्य आकर्षण रहा सत्यमेव जयते नाटक, जिसे नए कार्यकारी प्रशिक्षुओं ने राघवेन्द्र प्रसाद के मार्गदर्शन में प्रस्तुत किया। नए कार्यकारी प्रशिक्षुओं ने सत्यमेव जयते नाटक प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। डॉ. ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक(मानव संसाधन) एनटीपीसी सिंगरौली एवं पूर्णिमा चतुर्वेदी, वरिष्ठ प्रबंधक (मानव संसाधन) एनटीपीसी विंध्याचल निर्णायक के रूप में उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण से हुआ, जहाँ संजीब कुमार साहा, मुख्य महाप्रबंधक(विंध्याचल) ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी और माहभर चले आयोजनों के सफल समन्वय की सराहना की। कार्यक्रम में संजीब कुमार साहा, मुख्य महाप्रबंधक (विंध्याचल) की गरिमामयी उपस्थिति के साथ दीपु ए, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री), एस.के. सिन्हा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं एफएम), डॉ. बी.के. भराली, महाप्रबंधक(चिकित्सा), देबब्रत त्रिपाठी, महाप्रबंधक(तकनीकी सेवाएँ), राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल), डॉ. देबास्मिता त्रिपाठी, अपर महाप्रबंधक(आरएलआई), टी.आर. राधीश, अपर महाप्रबंधक(सतर्कता), आशीष अग्रवाल, अपर महाप्रबंधक(सुरक्षा), डॉ. जनार्दन पाण्डेय, प्राचार्य (डीपीएस) तथा कर्मचारियों व उनके परिवारों की सहभागिता ने इस समारोह को अविस्मरणीय बना दिया।

नौकरी दिलाने के नाम पर नौ लाख रुपये ऐंठने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

ड्रमंडगंज, मीरजापुर। ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा कलां गांव निवासी दिनेश कुमार ने नौकरी दिलाने के नाम नौ लाख रुपए ऐंठने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में पीड़ित ने आरोप लगाया कि दस मई वर्ष 2022 को रतेह चौराहा पर दोस्तों के साथ नौकरी को लेकर बात कर रहा था। वहां मौजूद अश्वनी कुमार निवासी महेवा, हरिहरपुर बेदौली थाना पड़री हम लोगों की बातें सुन रहा था। अश्वनी कुमार ने मुझे नौकरी दिलाने का आश्वासन दिया और झांसा देकर कई बार में नगद और आनलाइन कुल नौ लाख रुपए मुझसे लिया। लेकिन नौकरी नही दिला सका। नौकरी के नाम पर लिए गए नौ लाख रूपए मांगने पर टालमटोल करने लगा और इधर उधर की बातें कर गुमराह करने लगा और रूपए देने से इंकार कर दिया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस नौकरी के नाम पर नौ लाख रुपए की ठगी करने वाले युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि नौकरी का झांसा देकर युवक से नौ लाख रुपए की ठगी करने वाले सदर तहसील निवासी आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल की जा रही है।

स्कूल में सरल संस्कृत संभाषण का समापन

जौनपुर। उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान कोर्स लखनऊ द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के अन्तर्गत प्राथमिक विद्यालय अभयचन्द पट्टी अलीगंज में चल रहे अगस्त मासीय बारह दिवसीय संरल संस्कृत संभाषण शिविर का मंगलवार को समापन हो गया। विद्यालय की प्रधानाचार्य श्रीकांत्यादव ने दीपप्रज्ज्वलन कर मां वाग्देवी की प्रतिमा पर भाल्यार्पण किया। विद्यालय के बच्चों द्वारा.

वन्दना किया गया। विद्यालय के छात्रों द्वारा बारह दिवसीय श्संस्कृत संभाषण शिविर में सीखे गये श्लोक, संस्कृत गीत, वस्तुपारेवम, क्रीड़ा इत्यादि की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। संस्थान की प्रशिक्षिका पूनम सिंह ने कहा- हर भाषा पढ़ें लेकिन जो हमारी मूल भाषा संस्कृत है उसे न भूलें, उन्होंने कहा गृहे गृहे संस्कृतम्एक प्रयास है संस्कृत को आगे बढ़ाने का। हमारे वेद पुराण सब संस्कृत में ही लिखे गये हैं लेकिन कुछ ही लोग पढ़ते हैं- हमारा प्रयास है संस्कृत घर-घर पहुंचे। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने कहा-संस्कृत देववाणी है, पूजा यादवने ने प्रशिक्षिका पूनमसिंह को धन्यवाद दिया। शिक्षक तेजबहादुर यादव, कुमकुम मिश्रा पूजा यादव, ज्योति के अलावा छात्र-छात्राएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

महिला से जालसाजों ने की ठगी

आजमगढ़। रानी की सराय थाना क्षेत्र के खालिसपुर गांव में आवास दिलाने के बहाने दो जालसाजों ने एक महिला से सोने-चांदी के आभूषण ठग लिए। जालसाजों ने पीड़िता को फर्जी चेक थमाकर फरार हो गए। खालिसपुर निवासी मुम्ताज अहमद, जो शादी-विवाह में बाजा बजाने का काम करते हैं, सोमवार को घर पर नहीं थे। इस दौरान दो बाइक सवार जालसाज उनकी पत्नी शाहजहां के पास पहुंचे। जालसाजों ने खुद को आवास सर्वे करने वाला बताकर कहा कि उनका आवास का पैसा स्वीकृत हो गया है, लेकिन इसके लिए 6 हजार रुपये जमा करने होंगे। महिला ने पैसे देने में असमर्थता जताई तो जालसाजों ने आभूषण देने की बात कही, यह कहते हुए कि पैसा जमा करने के बाद आभूषण वापस कर देंगे। विश्वास में आकर शाहजहां ने अपने सोने-चांदी के आभूषण जालसाजों को दे दिए। इसके बदले में जालसाजों ने 3 लाख 40 हजार रुपये का एक फर्जी चेक थमाया और फरार हो गए। मुम्ताज के घर लौटने पर पत्नी ने पूरी घटना बताई। पीड़ित दंपति ने आसपास खोजबीन की, लेकिन जालसाजों का कोई सुराग नहीं मिला। ठगों के हाथ लगभग 80 हजार रुपये मूल्य के आभूषण लगे हैं। पीड़िता ने पुलिस को सूचना दी है, और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

फर्जी नियुक्ति के मामले में 15 लोगों पर कार्रवाई का निर्देश

आजमगढ़। पांच शिक्षिकाओं की फर्जी तरीके से नियुक्ति मामले में बेसिक शिक्षा विभाग के निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने अपर शिक्षा निदेशक को एडी, बीएसए, पूर्व बीएसए, पूर्व वित्त लेखा अधिकारी समेत 15 लोगों पर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। जनपद के महाराजगंज ब्लॉक के परमा देवी बालिका जूनियर हाई स्कूल में 2021 में पांच शिक्षिकाओं की फर्जी तरीके से नियुक्ति की गई थी। 2022 में आजमगढ़ मंडल के जेडी ने इसकी जांच की और नियुक्तियों को अवैध बताया। मार्च 2025 में बीएसए राजीव पाठक ने पांच शिक्षिकाओं, प्रबंधक और एडी बेसिक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। शिक्षिकाओं के कॉलेज जाने पर रोक लगा दी थी। शिक्षिकाओं ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। कोर्ट ने स्कूल जाने से रोकने पर स्थगन आदेश जारी किया। उधर शासन ने इस मामले में बीएसए, एडी बेसिक समेत अन्य शिक्षकों को प्रकरण की जानकारी देने के बाद भी कार्रवाई न करने का दोषी माना है। निदेशक ने एडी मनोज मिश्र, बीएसए राजीव पाठक, पूर्व बीएसए समीर, अजय कुमार, तत्कालीन बीएसए सुरेंद्र प्रसाद, तत्कालीन लेखाधिकारी वर्णलाल, वरिष्ठ सहायक रमेश यादव समेत 15 खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। शिक्षिका नमिता जायसवाल, चंदा शुक्ला, उर्मिला यादव, वंदना यादव, सुमन यादव और प्रबंधक जय किशन लाल गुप्ता पर भी कार्रवाई को कहा है।

हमले में युवक की हत्या आठ लोग गिरफ्तार

जौनपुर। सुजानगंज थाना क्षेत्र के बेलवार गांव में सोमवार रात जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया। इस दौरान लाठी-डंडे और धारदार हथियारों से हमला कर एक युवक की हत्या कर दी गई, जबकि महिला समेत चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल बन गया।

बताते है कि रामकरण पटेल अपने रिश्तेदार ओमप्रकाश पटेल के साथ तेरहवीं के भोज से लौट रहे थे। इसी दौरान आधा दर्जन से अधिक लोगों ने घात लगाकर उन पर हमला कर दिया। चीख-पुकार सुनकर बचाने के लिए रामकरण की पुत्रियां 24 वर्षीया अलका पटेल, 27 वर्षीया प्रीति पटेल और पुत्र अनुराग मौके पर पहुंचे तो हमलावरों ने उन्हें भी बुरी तरह पीट दिया। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने रामकरण को मृत घोषित कर दिया।

घटना की सूचना पर थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर घायलों को इलाज के लिए भेजा। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 2 घंटे के भीतर 8 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनके कब्जे से वारदात में प्रयुक्त लाठी-डंडे बरामद किए। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है।

गणपति की नम आँखों से हुई विदाई

जौनपुर। मुडेला गाँव में स्थापित पांच दिवसीय गणेश की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय तालाब में किया गया। पांच दिनों में चल रहे भक्तिमय माहौल से हर ग्रामीणों के हृदय में भगवान गणेश बसे हुए थे जिनकी प्रतिमा का विसर्जन किया गया। पिछले पांच वर्ष से सेवानिवृत्त शिक्षक अशोक सिंह अपने गाँव में ही गणेश उत्सव का आयोजन कर रहे हैं। इस समय हर जगह भगवान गणेश की पूजा का उत्सव चल रहा है जिससे भक्तिमय माहौल बना हुआ है। भगवान गणेश को पंचामृत से स्नान करा कर, स्वच्छ वस्त्र पहनाकर, मूर्ति को रोली, चंदन, अक्षत, (भोग के लिए) फल और पुष्प अर्पित कर विधिवत पूजन कर नम आँखों से बप्पा मूर्ति विसर्जन के लिए तैयार किया गया। विसर्जन से पूर्व गणेश भगवान का आशिर्वाद लेने सभी भक्तगण ने प्रार्थना की कि वे अगले वर्ष जल्दी पधारें। विसर्जन के लिए ले जाते समय सभी भक्त बजते ढोल - नगाडों पर नृत्य कर एक दूसरे पर गुलाल की वर्षा करते रहे। यह मनोहर दृश्य देखते ही बनता था।

श्रीपाल सिंह क्षेम की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

जौनपुर। साहित्य वाचस्पति डॉक्टर श्रीपाल सिंह क्षेम के 103वें जन्मदिवस समारोह के अवसर पर क्षेम उपवन स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। इस मौके पर शशि मोहन सिंह क्षेम, प्रदीप कुमार सिंह ओम प्रकाश सिंह डॉक्टर मधुकर तिवारी, कांग्रेसी नेता जयप्रकाश सिंह साथी, रामदयाल द्विवेदी, जेड हुसैन, विनोद विश्वकर्मा, राजेश मौर्य, शशि शेखर सिंह, पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष इन्द्रभुवन सिंह, डॉक्टर तेज प्रताप सिंह, डॉक्टर पीपी दुबे, वरिष्ठ पत्रकार लोलारख दुबे, राजीव कुमार सिंह एडवोकेट, दया शंकर सिंह, अरविंद कुमार सिंह बेहोश, अजीत सिंह, विनोद सिंह, देवांश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

प्राथमिक विद्यालय में लगायी पर्यावरण पाठशाला

जौनपुर। पी.एम.श्री. प्राथमिक विद्यालय, सोरांव में पर्यावरण संरक्षण हेतु एक विशेष पौधारोपण एवं पर्यावरण पाठशाला का आयोजन अथर्वन फाउंडेशन द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम प्रधानाचार्या मंजू त्रिपाठी के प्रबंधन एवं सुरेश तिवारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। सरस्वती पूजन के पश्चात विद्यालय परिवार ने फाउंडेशन टीम का परिचय एवं स्वागत किया तथा संस्था अध्यक्ष का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया गया। संस्था अध्यक्ष बृजेश मिश्र, सचिव डा. कंचन मिश्रा ,नीलम ,हेमन्त और विजयपाल ने वृक्षारोप महोत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर नन्हे विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व एवं प्लास्टिक-मुक्त पर्यावरण की अवधारणा से अवगत कराया गया। डा. कंचन ने सुभद्रा कुमारी चैहान की कविता पढ़ी... पर्यावरण पाठशाला में कुल 50 पौधे लगाए तथा 50 पौधे बच्चों व स्टाफ में बांटे गए। इस अवसर पर विद्यालय स्टाफ से रेनू पांडेय, अरुणा तिवारी, सुनीता, प्रतिभा सहित अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चिरौंजी प्रोसेसिंग यूनिट का डीएम ने फीता काटकर किया शुभारंभ

सोनभद्र। जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने मंगलवार को विकास खण्ड घोरावल अन्तर्गत ग्राम पंचायत तेन्दुहार (लाली) में चिरौंजी प्रोसेसिंग यूनिट का शुभारंभ किये, एकीकृत बागवानी मिशन के अन्तर्गत विलुप्त हो रहे चिरौंजी पौधों के उत्थान हेतु आयोजित कृषक प्रशिक्षण कार्यशाला को जिलाधिकारी ने सम्बोधित करते हुए कहा कि चिरौंजी प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना तेन्दुहार गांव में हो जाने से कृषक बन्धुओं को चिरौंजी के गुठली का उचित मूल्य प्राप्त होगा, बिचैलियों की भूमिका कम होगी।

उन्होंने कहा कि यह चिरौंजी प्रोसेसिंग यूनिट संचालन हेतु ग्राम के स्वयं सहायता समूहों को उपलब्ध करा दी जायेगी, समूह द्वारा इस यूनिट का संचालन कर अपने आय में वृद्धि की जायेगी, उन्होंने कहा कि जिला उद्यान अधिकारी द्वारा चिरौंजी को उचित मूल्य पर खरीदनें का कार्य भी किया जायेगा, वन विभाग व उद्यान विभाग द्वारा अभियान चलाकर अधिक से अधिक चिरौंजी के वृक्षों का रोपण करने का कार्य किया जाये और जनपद में इसी प्रकार से चिंरौजी के गुठली को साफ करने हेतु चिरौंजी प्रोसेसिंग यूनिट की स्थापना जनपद के अन्य क्षेत्रों में भी की जाये, जिससे कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को इसके माध्यम से अधिक से अधिक रोजगार मिल सकें और उनके जीवन स्तर में सुधर हो सकें। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने कहा कि चिंरौजी के गुठली इकठ्ठा करने में लगी महिलाओं को चिरौंजी प्रोसेसिंग यूनिट लगने से उनके गुठली से निकले चिरौंजी का उचित मूल्य प्राप्त हो, जिससे वे आत्मनिर्भर हो सकेंगें, यह यूनिट जब तक स्थापित नहीं हुई थी, यहां पर चिरौंजी के गुठलियों का दाम 100 से 200 रुपए प्रतिकिलो की दर से ही बाजार में बिचैलियों के माध्यम से बिक जाता था, अब उन्हें उनके उत्पादन का उचित मूल्य प्राप्त होगा, इस दौरान जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद कृषकों को चिरौंजी के बीज का वितरण भी किये, इस दौरान जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा आम के वृक्ष का रोपण भी किये।

चाय का पैसा मांगने पर तमंचा से मारने की दी धमकी

मीरजापुर। जिले के ड्रमंडगंज कस्बा में चाय पान के दुकानदार ने देवहट गांव निवासी युवक पर तमंचा से मारने की धमकी का आरोप लगाते हुए मंगलवार को थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है। दी गई तहरीर में प्रयागराज जिले कोरांव थाना क्षेत्र के पटेहरी गांव निवासी छविनाथ तिवारी ने आरोप लगाया कि मंगलवार सुबह 11 बजे के करीब देवहट गांव निवासी कमरूद्दीन दुकान पर चाय पीने आया। चाय पीने के बाद बिना पैसे दिए जाने लगा तो उससे चाय का पैसा मांगने लगा। जिसपर कमरूद्दीन गाली गलौज देते हुए मुझसे उलझ गया। युवक ने कहा कि तमंचा लाकर जान से मार दूंगा। कमरूद्दीन के तमंचा से मारने की धमकी देने पर डायल 112 पर फोन किया तो युवक दुकान से भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांच की। आरोप लगाया कि युवक शातिर किस्म का है और ड्रमंडगंज घाटी में कच्चा मकान बनाकर महिलाओं से देह व्यापार का धंधा करवाता है। दुकानदार ने तमंचा लाकर जान से मारने की धमकी देने वाले युवक के विरुद्ध कार्रवाई कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ब्रह्मदीन पांडेय ने बताया कि दुकानदार की तहरीर मिली है घटना की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस कमेटी का विस्तार

मीरजापुर। उत्तर प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष रामभुवाल शुक्ला ने संगठन विस्तार की प्रक्रिया के तहत उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय की संस्तुति किसान कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की है। इस कमेटी में जनपद से जुड़े कई नेताओं को विशेष दायित्व सौंपा गया है। इनमें जितेन्द्र चौबे एवं संजय दूबे उपाध्यक्ष, उमाकांत सिंह, हरिशंकर सरोज एवं महेश तिवारी महासचिव और राजेश मिश्रा सचिव जैसे पद शामिल हैं। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष पद पर आनन्द तिवारी को मनोनीत किया गया है। जनपद से पूर्वी प्रदेश के कमेटी में इन नेताओं की नियुक्ति पर स्थानीय नेताओं कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। बधाई देने वालों में प्रमुख रूप से पूर्व जिला अध्यक्ष गिरीश त्रिपाठी, कोऑर्डिनेटर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी प्रभारी भदोही दयाशंकर पांडेय, पीसीसी सदस्य जनार्दन पाठक, पूर्व जिला उपाध्यक्ष जगदीश्वर दुबे, पीसीसी सदस्य अर्चना चौबे, पीसीसी सदस्य द्वारिका पाल ,जिला महासचिव संजय पांडेय एवं अखिलेश मिश्रा, पूर्व जिला महासचिव श्रीराम पांडेय, जिला सचिव शकील अहमद एवं पंधारी पासी , पूर्व ब्लाक अध्यक्ष शिवराज दुबे सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने नव नियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएँ देते हुए वरिष्ठ नेताओं कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि किसान कांग्रेस का संगठन गांव-गांव तक मजबूत होगा और किसानों की समस्याओं को लेकर संघर्ष और तेजी से किया जाएगा।

पीईटी 2025 को लेकर आयोजित हुई कार्यशाला

आजमगढ़। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में हरिऔध कला केन्द्र आजमगढ़ में उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा जनपद की 26 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) 2025 की परीक्षा को निष्पक्ष, निर्विघ्न एवं सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत समस्त सेक्टर/स्टैटिक मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों की कार्यशाला का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि 6 व 7 सितम्बर 2025 को कुल 4 पालियों में जनपद की 26 परीक्षा केन्द्रों पर पीईटी की परीक्षा आयोजित की गयी है, जिसमें कुल 48384 परीक्षार्थी (प्रत्येक पाली में 12096 परीक्षार्थी) सम्मिलित होंगे। उन्होने कहा कि परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 26 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 26 स्टैटिक मजिस्ट्रेट लगाये गये हैं। इसके साथ ही 10 सेक्टर मजिस्ट्रेट, 09 स्टैटिक मजिस्ट्रेट आरक्षित किये गये हैं। उन्होने बताया कि जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय, आजमगढ़ में जिला परीक्षा कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जिसका नम्बर 05462-297477 है। डीएम ने कहा कि परीक्षा को सम्पन्न कराने के लिए दो एजेन्सी भी लगायी गयी है, एक परीक्षा में सुरक्षा हेतु तथा दूसरी परीक्षा के संचालन के लिए लगायी गयी है। उन्होने कहा कि इस परीक्षा में 95 प्रतिशत अन्य जनपदों के परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसके दृष्टिगत उनके प्राइवेट वाहनों के लिए परीक्षा केन्द्र के बाहर प्रापर तरीके से पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि कहीं भी जाम की स्थिति न उत्पन्न हो। उन्होने कहा कि इस परीक्षा में लगभग 1500 दिव्यांग परीक्षार्थी भी सम्मिलित होंगे, इसलिए समस्त परीक्षा केन्द्रों पर दिव्यांग परीक्षार्थियों हेतु रैम्प की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि प्रत्येक परीक्षा कक्ष में 24 से ज्यादा परीक्षार्थियों की संख्या न हो। उन्होने कहा कि परीक्षा कक्षवार सीटिंग प्लान की प्रति परीक्षा कक्ष के द्वार पर चस्पा किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि परीक्षा के समय बरसात होने के दृष्टिगत किसी भी सेन्टर पर जल जमाव न हो, इसलिए पहले से ही आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कर लें, ताकि किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा देने में कोई परेशानी न हो। उन्होने एआरटीओ को निर्देश दिया कि जो परीक्षा केन्द्र शहर से दूर बनाये गये हैं, वहां पर परीक्षार्थियों के आने-जाने के लिए आवश्यकतानुसार परिवहन विभाग की बस की व्यवस्था सुनिश्चित करायें। उन्होने कहा कि यह सुनिश्चित करें कि वाहन की कमी के कारण किसी भी परीक्षार्थी की परीक्षा नहीं छूटनी चाहिए। उन्होने समस्त केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर सीसीटीवी कैमरा लगा होना चाहिए।

कस्तूरबा विद्यालय का डीएम ने किया आकस्मिक निरीक्षण

जिला संवाददाता(vol)

आजमगढ़। डीएम रविन्द्र कुमार में कस्तूरबा गाँधी आवासीय बालिका विद्यालय, जाफरपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा क्लासरूम, मेस, छात्रावास, कैंपस में अन्य जगहों आदि का भ्रमण किया गया तथा छात्राओं से बात कर पढ़ाई की गुणवत्ता, शिक्षक की उपस्थिति, भोजन की गुणवत्ता, बीमार पड़ने पर इलाज की व्यवस्था आदि के बारे में जानकारी ली गई। छात्राओं की मांग पर कैंपस में इंटरलॉकिंग करवाने व हॉस्टल में आलमारी बनवाने आदि हेतु क्रिटिकल गैप फण्ड से व्यवस्था करने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने छात्रावास के मेस में जाकर खाने की गुणवत्ता एवं सफाई का निरीक्षण किया।

जिलाधिकारी ने खाने की गुणवत्ता एवं सफाई पर प्रसन्नता व्यक्त किया एवं खाने की गुणवत्ता को लगातार बनाए रखने का निर्देश दिया। निरीक्षण के समय डायट प्राचार्य अमरनाथ राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राजीव पाठक एवं अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

दो बाइकों की टक्कर में युवक की मौत

आजमगढ़। रानी की सराय थाना क्षेत्र के खालीसपुर बाजार के पास मंगलवार को दो बाइकों की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी मां घायल हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, निजामाबाद थाना क्षेत्र के फरिहा असुराइन पुरवा निवासी दीपक चैहान (20), पुत्र रामसूरत, जो एक निजी स्कूल बस चालक था, अपनी मां माधुरी देवी को दवा दिलाने के लिए बाइक से मेहनगर शाहदेवइत जा रहा था। खालीसपुर बाजार के पास सामने से आ रही एक अन्य बाइक से उनकी बाइक की जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में दीपक को गंभीर चोटें आईं, जबकि उनकी मां माधुरी देवी दूर छिटक गईं। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां दीपक ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। माधुरी देवी को प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। हादसे के बाद दूसरा बाइक सवार मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची रानी की सराय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक दीपक दो भाइयों में दूसरे नंबर पर था और उसकी एक बहन भी है। इस घटना से परिवार में शोक की लहर है।

संक्षेप

चाचा ने चुरा ली मासूम भतीजी

आगरा। डेढ़ वर्ष की लापता बच्ची को उसके चाचा ने ही चोरी कर लिया। परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन सुराग नहीं लग सका। सीसीटीवी की मदद से पुलिस ने बच्ची को खोज निकाला। एत्मादपुर थाना क्षेत्र के गांव रघुवंश पुरा से सोमवार को डेढ़ वर्षीय बच्ची लापता हो गई। इससे गांव में सनसनी मच गई। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल लोकेशन की मदद से बच्ची को उसके चाचा की ससुराल से खोजकर घरवालों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक सोमवार की शाम करीब 7:30 बजे छलेसर के गांव रघुवंश पुरा के रामनिवास ने बेटी के लापता होने की सूचना थाने में दी थी। पुलिस ने एक्सप्रेसवे के 80 से अधिक कैमरे चेक किए। इसमें बच्ची को उसका चाचा ले जाता दिखा। जिसकी मोबाइल की लोकेशन पर बच्ची को चाचा की ससुराल राजा मंडी से खोज निकाला गया। आरोपी चाचा बच्ची को नशे में अपनी ससुराल में छोड़ आया था।

शादी से 4 महीने पहले युवती दहशत में

आगरा। जगदीशपुरा क्षेत्र में एक युवती और उसके परिवार को दबंगों ने दहशत में डाल दिया। आरोप है कि शादी कहीं और तय होने से नाराज दो युवकों ने युवती को जान से मारने की धमकी दी और घर पर घुसकर पिटाई भी कर दी। जगदीशपुरा क्षेत्र की एक युवती को दो युवकों ने जान से मारने की धमकी दी है। इतना ही नहीं घर आकर पिटाई भी लगा दी, जिससे वो घायल हो गई। पीड़िता के पिता ने केस दर्ज कराया है। पुलिस जांच कर रही है। युवती के पिता ने मुकदमा दर्ज कराया है। इसमें उन्होंने कहा कि 4 महीने बाद बेटी की शादी है। खरीदारी के लिए वो 26 अगस्त को बाजार गई थी। तभी युवक सुमित और रोहित पहुंच गए। उन्होंने उसे धमकी दी कि अगर कहीं और शादी करेगी तो जान से मार देंगे। इससे वो दहशत में आ गई। इस बारे में घर आकर जानकारी दी। युवक पीछा करते हुए रात में घर आ गए। विरोध पर पिटाई लगा दी। गाली-गलौज भी की। उनके साथ और भी युवक थे। उन्होंने पूरे परिवार को धमकाया। बेटी की आंख में चोट लगी है। पीड़ित का कहना है कि आरोपियों ने उन्हें भी धमकी दी है। बोल रहे हैं कि कहीं और बेटी की शादी करोगे तो जिंदा नहीं छोड़ेंगे। इससे पूरा परिवार डरा हुआ है। आरोपी दूसरी जगह पर रिश्ता करने से परेशान कर रहे हैं। उन्होंने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। एसीपी लोहामंडी मयंक तिवारी ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

34 की उम्र में छीन ली सैनिक की जिंदगी

आगरा। जैतपुर क्षेत्र के गढ़ी प्रतापपुरा गांव के जवान अमित चौहान (34) का सिक्किम में हार्ट अटैक से निधन हो गया। सोमवार को तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो सैकड़ों लोग अंतिम दर्शन को उमड़ पड़े। आगरा के जैतपुर के गढ़ी प्रतापपुरा गांव के सिक्किम में तैनात 8 मद्रास रेजीमेंट के जवान अमित चौहान (34) की 30 अगस्त को हार्ट अटैक से जान चली गई थी। सोमवार सुबह जवान का तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर गांव पहुंचा तो अंतिम दर्शन के लिए इलाके भर के लोग उमड़ पड़े। सैनिक सम्मान के साथ अंत्येष्टि की गई। बाह की विधायक पक्षालिका सिंह ने पुष्प चक्र अर्पित कर सपूत को सलाम किया। जैतपुर के गढ़ी प्रतापपुरा गांव के अरविंद चौहान के तीन बेटों मयंक चौहान, अमित चौहान, सुमित चौहान में अमित चौहान दूसरे नंबर के थे। 30 अगस्त को परेड के बाद नाश्ता लेने जाते समय सीने में दर्द उठा। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां पर चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सोमवार को घर पर तिरंगे में लिपटा पार्थिव शरीर पहुंचा तो परिवार के लोग बिलख पड़े। जय हिंद, वंदे मातरम, अमित चौहान अमर रहे के नारों के बीच हुई अंतिम यात्रा में बाह क्षेत्र के सैकड़ों लोग शामिल हुए। सैनिक सम्मान के साथ ही अंत्येष्टि में मुखाग्नि छोटे भाई सुमित चौहान ने दी। इस दौरान तहसीलदार बाह संपूर्ण कुलश्रेष्ठ, यूनिट के एसीओ दुर्गा प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख लाल सिंह चौहान, लालू तोमर प्रधान, सोनू प्रधान, भूपेंद्र सिंह भदौरिया, रक्षपाल सिंह राठौड, उदयभान सिंह प्रधान, भाव सिंह नरवरिया, कुलदीप भदौरिया आदि रहे। अमित चौहान की वीरनारी सपना चौहान एलआईयू आगरा में हेडकांस्टेबल हैं। अंतिम संस्कार के समय यूनिट के अधिकारियों ने सपना चौहान को तिरंगा थमाया तो वह रो पड़ीं।

सेवा समाप्ति के बाद भी नौकरी कर रहे देवेंद्र पाण्डेय

कुशीनगर। शिक्षा निदेशक माध्यमिक विनय कुमार पाण्डेय द्वारा फर्जी बीएड की डिग्री पर नौकरी कर रहे सहायक अध्यापक देवेन्द्र पाण्डेय की सेवा समाप्त किये जाने के बावजूद तथ्य गोपन व कूटरचित अभिलेख तैयार कर देवेन्द्र पाण्डेय न सिर्फ अपने पद पर बने हुए है, बल्कि प्रति माह लाखो रुपये वेतन के रुप मे प्राप्त कर सरकारी खजाने को लूट रहे है। ऐसा सूत्रो का दावा है।

मामला जनपद के कप्तानगंज स्थित गंगा कनोडिया इंटर कालेज का है। बतादे कि वर्ष 2020 में माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित जनपद के 55 एडेड व 19 राजकीय व संस्कृत बोर्ड से संचालित विद्यालयो में तैनात शिक्षकों के प्रमाण पत्रों की जांच अपर मुख्य सचिव उप्र शासन के निर्देश पर कराई गई थी। 31 जुलाई-2020 को तत्कालीन डीएम भूपेंद्र एस चौधरी की अध्यक्षता में गठित समिति में शामिल तत्कालीन एडीएम, डीआईओएस, प्रधानाचार्य अक्षैयबर पांडेय व सरोज दुबे द्वारा शिक्षक व शिक्षिकाओं के प्रमाण पत्रों का बोर्ड व विवि स्तर पर जांच कराई गई। इसमें गंगा बक्स कानोडिया गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज कप्तानगंज में तैनात सहायक अध्यापक देवेंद्र कुमार पांडेय का बीएड की डिग्री फर्जी मिली। डीएम के निर्देश पर तत्कालीन डीआईओएस उदयप्रकाश मिश्र ने फर्जी डिग्री धारी शिक्षक देवेन्द्र पाण्डेय का वेतन रोकते हुए विद्यालय के प्रबंधक को देवेन्द्र पाण्डेय के खिलाफ संबंधित थाने में मुकदमा दर्ज कराने लिए निर्देशित किया। यह बात दीगर है कि विद्यालय के प्रबंधक ने देवेन्द्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज नही कराया। बताया जाता हे कि विद्यालय के प्रबंधक से प्राप्त हुई सेवा समाप्ति के प्रस्ताव को डीआईओएस उदय प्रकाश मिश्र ने अनुमोदित कर शासन को भेज दिया था। सूत्र बताते है कि इसके बाद शिक्षा निदेशक माध्यमिक विनय कुमार पांडेय ने गंगा बक्स कानोडिया गांधी इंटरमीडिएट कॉलेज के सहायक अध्यापक देवेंद्र पांडेय की सुनवाई की, सुनवाई के दौरान देवेन्द्र पाण्डेय की ओर से न तो साक्ष्य प्रस्तुत किया गया और न ही संतुष्टपूर्ण जबाब दिया गया। नतीजतन शिक्षा निदेशक माध्यमिक विनय कुमार पांडेय ने इंटर शिक्षा अधिनियम 1921 की धारा 16 ई 10 के तहत तत्काल प्रभाव से देवेन्द्र पाण्डेय की सेवा समाप्त कर दिया। सूत्र बताते है शासन द्वारा सेवा समाप्ति के कुछ दिन बाद बर्खास्त शिक्षक अपने वेतन भुगतान की मांग को लेकर न्यायालय कगये जहां तथ्य गोपन व कूटरचित अभिलेख प्रस्तुत कर वेतन भुगतान की मांग की। इसके बाद निदेशालय के बाबुओं को मोटी रकम देकर कूटरचित अभिलेखो के सहारे अपनी बहाली करा लिया। सूत्र बताते है देवेन्द्र पाण्डेय ने बर्खास्तगी के बाद कूटरचित दस्तावेज को सही ठहराने के लिए यहां के जिला विद्यालय निरीक्षक व संबंधित पटल लिपिक सहित निदेशालय के बाबू और जिम्मेदार अधिकारियों को मुंहमांगा नजराना पेश किया।

आगरा में बनेगा 'सारस सर्किट' ईको टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा

आगरा। उत्तर प्रदेश में ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए योगी सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, आगरा में जल्द ही एक नया पर्यटन सर्किट विकसित करने की तैयारी है, जिसे 'सारस सर्किट' नाम दिया गया है। यह सर्किट कीठम स्थित सूर सरोवर पक्षी विहार और चंबल सेंक्चुरी को आपस में जोड़ेगा, जिससे प्रकृति प्रेमियों और पर्यटकों को एक ही यात्रा में कई खूबसूरत स्थलों का आनंद मिल सकेगा। इस पहल को लेकर तकनीकी समिति का गठन करने पर विचार किया जा रहा है, जो शासन स्तर से कार्य करेगी। आगरा और उसके आसपास के ये दोनों स्थल हर साल अक्टूबर के अंत से मार्च तक सैकड़ों प्रवासी पक्षियों के लिए एक सुरक्षित ठिकाना बनते हैं। हर वर्ष यहाँ लगभग 400 से 500 प्रवासी पक्षी आते हैं, जो ठंडी हवाओं के साथ इन झीलों और नदियों को जीवंत बना देते हैं। इस सर्किट के बनने से पर्यटक प्रकृति के करीब आकर इन प्रवासी पक्षियों की रंग-बिरंगी दुनिया का अद्भुत अनुभव ले सकेंगे। यह सर्किट एक ऐसा पर्यटन मॉडल है, जो पक्षी विहार और वेटलैंड्स (आर्द्रभूमि) को आपस में जोड़ता है। यहाँ आने वाले पर्यटक बोट सफारी, बर्ड वाचिंग और नेचर वॉक का आनंद ले सकेंगे। इससे आगरा का पर्यटन केवल ऐतिहासिक स्मारकों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे एक नई गति मिलेगी। पर्यटकों को ताजमहल देखने के बाद प्रकृति और वन्य जीवों की ओर भी आकर्षित किया जा सकेगा। इसके अलावा, चंबल में डॉल्फिन और घड़ियाल जैसे दुर्लभ जीव भी देखने को मिलेंगे, जो पर्यटकों के लिए अतिरिक्त आकर्षण का केंद्र होंगे। यह परियोजना न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था के लिए भी एक बड़ा वरदान साबित होगी। सारस सर्किट के बनने से स्थानीय गाइड्स, बोट ऑपरेटर और होम स्टे चलाने वालों को रोजगार मिलेगा। इससे उनकी आजीविका में सुधार होगा और क्षेत्र का विकास होगा। सबसे अहम बात यह है कि इस पहल से पक्षियों और वन्यजीवों की सुरक्षा बढ़ेगी, क्योंकि पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही से लोगों में जागरूकता भी फैलेगी। सूर सरोवर पक्षी विहार, जिसे कीठम झील के नाम से भी जाना जाता है, में 165 से अधिक पक्षी प्रजातियां आती हैं, जबकि 635 वर्ग किमी में फैली चंबल सेंक्चुरी में 320 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। इस सर्किट के बनने से इन दोनों स्थानों पर पर्यटन का बुनियादी ढांचा और बेहतर होगा। जिससे पर्यटकों को एक सुखद अनुभव मिलेगा।

कार्यकर्ताओं का सम्मान सर्वोपरि : शशांक मणि

देवरिया। मंगलवार, संगठन के विचारों और सरकार के कार्यों को जन जन तक पहुंचाने वाले देवतुल्य कार्यकताओं का सम्मान सर्वोपरि है। उक्त बातें सदर सांसद शशांक मणि ने पथरदेवा नगर पंचायत में आयोजित कार्यकर्ता सम्मान समारोह तथा घड़ी वितरण कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों और सरकार के कार्यों को जनता के बीच ले जाने का कार्य बूथ, शक्तिकेंद्र और मंडल स्तर के कार्यकर्ता करते हैं जिनका सम्मान हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। संगठन के अंतर्गत निचले स्तर पर कार्य करने वाले हमारे ये देवतुल्य कार्यकर्ता ही संगठन की नींव हैं। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने पथरदेवा मंडल के बूथ अध्यक्ष, बूथ प्रभारी, शक्तिकेंद्र संयोजक और मंडल कार्यसमिति के पदाधिकारियों और कार्यकताओं को घड़ी देकर सम्मानित किया। इस दौरान सदर सांसद की पत्नी गौरी मणि त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष जीपु शाही, नगर पंचायत अध्यक्ष क्रांति सिंह, पूर्व जिला महामंत्री कृष्णनाथ राय, अवधेश सिंह व अन्य लोग उपस्थित रहे।

सत्यप्रताप मिश्र बने उ प्र कांग्रेस किसान मोर्चा के पूर्वी जोन के सचिव

भटनी (देवरिया)। कांग्रेस कमेटी भटनी के अध्यक्ष एवं ग्राम जिगिना मिश्र निवासी सत्यप्रताप मिश्र अंशु को कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कांग्रेस किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव मनोनीत किया है। मनोनयन के बाद पहली बार भटनी आगमन पर नगर मे स्थित मंगलम मैरिज हाल मे नवनियुक्त जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पाण्डेय के नेतृत्व मे कांग्रेस कार्यकताओं पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण कर गर्मजोशी के साथ माल्यार्पण कर स्वागत करते हुए मिष्ठान खिलाकर उत्साहवर्धन किया स्वागत समारोह को सम्बोधित करते हुए नवनियुक्त कांग्रेस किसान मोर्चा के प्रदेश के पूर्वी जोन के सचिव सत्यप्रताप मिश्र अन्शु ने कहा कि ब्लाक अध्यक्ष के बाद जो पार्टी ने मुझे दायित्व सौपा है। वक्ताओं ने जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश सचिव को बधाई देते हुए शुभकामना व्यक्त किया। पूर्व जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह अशोक कुशवाहा ब्रजनारायण मिश्र उत्तेज सोहन मिश्र त्रिलोकीनाथ तिवारी पन्नालाल पाठक बबलू पाण्डेय प्रताप दीक्षित रजनीश उपाध्याय राहुल तिवारी ब्लाक अध्यक्ष धर्मवीर भारती एवं अब्दुल्लाह प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।

चोरी गैंग का पर्दाफाश, तीन चोर गिरफ्तार

कुशीनगर। जिले की अहिरौली बाजार, कोतवाली हाटा, स्वाट तथा सर्विलांस की संयुक्त पुलिस टीमों द्वारा जनपद में विभिन्न स्थानों पर हुई चोरी का खुलासा करते हुए तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया गया है, जिसमें दो सोनार है जो चोरी के आभूषण खरीदता थे। इनके पास से चोरी गये अनुमानित कीमत 15 लाख रुपये के सामान की बरादमदगी की गयी है। पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए चोरों में जमालुद्दीन पुत्र रिसाद उर्फ इरसाद अली साकिन बेंदुआर माफी टोला थाना अहिरौली बाजार, सरार्फा व्यापारी घनश्याम वर्मा पुत्र स्व0 मोतीलाल वर्मा साकिन वृंदावन कालोनी सुकरौली व सरार्फा व्यापारी भोला वर्मा उर्फ अभिषेक पुत्र जितेन्द्र वर्मा साकिन वृंदावन कालोनी सुकरौली थाना हाटा शामिल है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि इनका एक पेशेवर संगठित गिरोह है। जिसका सरगना जमालुद्दीन पुत्र रिसाद उर्फ इरसाद अली है। जमालुद्दीन अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर सुनियोजित ढंग से जनपद कुशीनगर व आस-पास के जनपदों में दिन के समय सरार्फा दुकानों, कपड़ा दुकानों व सुनसान मकानों की रैकी करते हैं तथा रात्रि में सेंधमारी या खिड़कियां उखाड़कर चोरी की वारदात को अंजाम देता है। चोरी का सामान सरार्फा कारोबारियों को बेच देते है। पुलिस ने कहा कि पूछताछ के दौरान यह भी संज्ञान में आया है कि जमालुद्दीन अवैध धन का उपयोग नेपाल में कसीनो में जुआ खेलने के लिये करता है। जमालुद्दीन का अंतर्जनपदीय चोरी का लंबा आपराधिक इतिहास है। इसके विरुद्ध जनपद कुशीनगर व गोरखपुर में एक दर्जन चोरी के अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

चौपाल में सांसद ने समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन

जिला संवाददाता (vol)

कुशीनगर। जिले के कसया तहसील क्षेत्र के शिव पुर बाजार में आयोजित चौपाल में कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे ने जनता की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को उन समस्याओं के समाधान के लिए निर्देशित किया।

मंगलवार को सांसद विजय कुमार दूबे ने क्षेत्र की जनता और व्यापारियों से एक एक कर वार्ता की और बड़ी ही आत्मीयता से सुनी। सांसद श्री दूबे ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्य मंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश का शिक्षा, पर्यटन, विकास, रोजगार और विविध क्षेत्रों में विकास हो रहा है। व्यापारियों और लोगों ने शिव पुर बाजार में राष्ट्रीय कृत बैंक खोलने की मांग की। जिसपर सांसद ने बैंक खुलवाने के लिए आश्वस्त किया। सांसद विजय दूबे ने आए हुए लोगों की समस्याओं को ध्यान से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। इस अवसर पर सांसद श्री दूबे का स्वागत माल्यार्पण कर पार्टी पदाधिकारियों ने किया। नगरपालिका परिषद कुशीनगर अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, मंडल अध्यक्ष बच्चा सिंह, महामंत्री अजय पटेल, शिव मोहन, गोलू सिंह, सचिन पाठक, आकाश आदि मौजूद रहे।

● निर्माण श्रमिकों को दिये गये लाभार्थी प्रणाम पत्र

इसी क्रम में सांसद विजय कुमार दूबे ने श्रम विभाग द्वारा कन्या विवाह सहायता योजना हित लाभ 2025-26 व निर्माण कामगार मृत्यु व दिव्यांगता सहायता योजना 2025-26 के तहत लाभार्थी गोविंद मध्देशिया, रामाश्रय, सरिता देवी, जयराम, बेचनी देवी आदि को लाभार्थि प्रणाम पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी अलंकृत उपाध्याय, श्रम विभाग के अभिषेक कुमार श्रीवास्तव, शशि शेखर मिश्रा मौजूद रहे।

चीनी मिल चलाने को कृषक, कर्मचारी और प्रशासन के बीच बनी सहमति

कुशीनगर। डीएम महेंद्र सिंह तंवर की अध्यक्षता में मंगलवार को जनपद के प्रतिनिधित्व करने वाले कृषकों एवं पडरौना चीन मिल के कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ एक आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई। डीएम ने कहा कि पडरौना चीनी मिल को चालू कराने के प्रयास अंतर्गत आज की बैठक की गई है, उन्होंने सभी को आश्वस्त किया कि प्रयास का बेहतर परिणाम होंगे। उन्होंने कहा कि किसानों का बकाया गन्ना मूल्य का भुगतान, मिल कर्मचारियों के बकाया वेतन मिले तथा क्षेत्र के किसानों में खुशहाली लाकर रोजगार के अवसर प्रदान किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मिल चालू कराने हेतु धन की आवश्यकता होगी उसकी व्यवस्था कहां से की जाएगी, क्या जो व्यक्ति मिल चलाएगा वो बकाया भुगतान करेगा, मिल चालू कराने में कुल कितना व्यय होगा, आदि के संबंध में उन्होंने कहा कि सभी आंकड़े संकलित कर आगामी बैठकों में इसकी जानकारी दी जाएगी।

डीएम ने मिल कर्मचारियों एवं किसान बंधुओं के समक्ष अपनी बात रखते हुए कहा कि यदि किसानों एवं मिल कर्मियों के बकाया का भुगतान कर दिया जाय तो इस बात पर सभी की सहमति है कि जो भी कोर्ट वगैरह में अपील दाखिल की गई है उसे वापस लेने हेतु सहमत हैं, जिस पर कृषक प्रतिनिधियों द्वारा द्वारा सहमति व्यक्त की गई। डीएम ने कहा मुख्यमंत्री की इच्छा है कि कृषक हित में पडरौना मिल चालू करायी जाय। कृषक प्रतिनिधियों द्वारा प्रशासन का हर तरह से सहयोग करने, एवं जो भी केस कोर्ट वगैरह में है उसे वापस लेने पर सहमति व्यक्त की गई। डीएम ने कहा कि एक तरफ समझौता होगा दूसरी तरफ बकाए की धनराशि अंतरित कर दी जाएगी। व्यवहारिक दृष्टिकोण से जो भी देय धनराशि है उसका संकलन कर 10 से 12 दिनों में दूसरी बैठक में पूर्ण विवरण प्रस्तुत किया जाएगा। उन्होंने मिल कि जमीन पर हुए अतिक्रमण को खाली कराने के क्रम में सभी कृषक बंधुओं को प्रशासन के साथ सहयोग करने की अपेक्षा की गई, डीएम ने एसडीएम पडरौना को निर्देशित किया कि गलत तरीके से जो भी कब्जा किए हैं उसे खाली कराने हेतु निर्देशित किया गया।

एनडीआरएफ की टीम ने किया बाढ़ आपदा से बचाव का मॉक ड्रिल

बरहज, देवरिया। बाढ़ आपदा से बचाव के उद्देश्य से जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं 11वीं बटालियन एनडीआरएफ के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को तहसील बरहज क्षेत्र के घाघरा नदी के गौरा घाट पर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। यह अभ्यास जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के दिशानिर्देश एवं उपमहानिरीक्षक मनोज कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में, एनडीआरएफ गोरखपुर के उपकमांडेंट कुलदीप सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम शंकर ने की। मॉक ड्रिल के दौरान एनडीआरएफ के जवानों ने पांच अलग-अलग परिस्थितियों का जीवंत प्रदर्शन किया। इसमें सबसे पहले घाघरा नदी का जलस्तर अचानक बढ़ जाने पर ग्रामीणों के फंस जाने की स्थिति दिखाई गई। जवानों ने दो बोटों की मदद से 10 ग्रामीणों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। दूसरे दृश्य में एक नाव से यात्रियों के नदी में गिर जाने पर बचाव कार्य कर उन्हें प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया प्रदर्शित की गई। इसके साथ ही जवानों ने डूबते व्यक्ति को बचाने तथा वैज्ञानिक पद्धति से सीपीआर देने का तरीका भी बताया। तीसरे दृश्य में नदी में लापता व्यक्ति की खोज एनडीआरएफ के गोताखोरों द्वारा की गई, जबकि चौथे दृश्य में क्षमता से अधिक यात्रियों को लेकर जा रही नाव के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने की स्थिति में त्वरित बचाव कार्य किया गया। ग्रामीणों को घरेलू सामान का उपयोग कर अस्थायी लाइफ जैकेट बनाने और उनका इस्तेमाल कर जान बचाने के उपायों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी राम शंकर ने कहा कि जनपद देवरिया, विशेषकर बरहज क्षेत्र, बाढ़ आपदा से प्रभावित रहता है। ऐसे में समय-समय पर आयोजित मॉक ड्रिल से ग्रामीणों का आत्मविश्वास बढ़ता है और वे आपदा की स्थिति में अपनी एवं दूसरों की सुरक्षा कर पाते हैं।

लेखपालों पर प्रमाण पत्र के नाम पर कमीशन मांगने के आरोप

आगरा। महिला पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों को जाति प्रमाण पत्र के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सरकार ने आवेदन में पिता के पते पर जाति प्रमाण पत्र मांगा है, लेकिन लेखपाल पति के नाम पर ही प्रमाण पत्र बना रहे हैं। कई आवेदनों को इसी आधार पर निरस्त कर दिया गया। यूपी में महिला पुलिस भर्ती के लिए फार्म भरे जा रहे हैं। 10 नवंबर तक अंतिम तिथि है। सरकार महिला अभ्यर्थियों से पिता के पते पर जाति प्रमाण पत्र मांग रही है, लेकिन लेखपाल पति के नाम पर अभ्यर्थियों को दौड़ा रहे हैं। फार्म में पति की जगह पिता का नाम लिखने पर आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। सदर, किरावली, एत्मादपुर, बाह, फतेहाबाद से लेकर खेरागढ़ तहसील में जाति प्रमाण पत्र के लिए 500 से अधिक आवेदन आए हैं। अकोला निवासी रोशनी सिंह ने बिंदु कटरा स्थित पिता के पते पर आवेदन किया। लेखपाल ने आवेदन में पति का पता दर्ज नहीं, यह कहते हुए आवेदन निरस्त कर दिया। यही, हेमलता कुमारी के आवेदन में हुआ। अयोध्या कुंज निवासी हेमलता ने मायके के पते पर जाति प्रमाण पत्र के लिए आवेदन किया। पिता का जाति प्रमाण पत्र साक्ष्य के रूप में दिया। लेखपाल ने आवेदन निरस्त कर दिया। इस तरह के 10 से 15 आवेदक रोज तहसील पहुंच रहे हैं, लेकिन उनकी सुनवाई नहीं हो रही। अधिवक्ता नरेंद्र पाल सिंह ने बताया कि भर्ती वाले आवेदकों से लेखपाल 500 से 5000 रुपये तक प्रमाण पत्र के नाम पर कमीशन मांग रहे हैं। उधर, डीएम अरविंद मल्लप्पा बंगारी का कहना है कि पिता के नाम पर आवेदन निरस्त करने की शिकायत प्राप्त हुई हैं। सभी तहसीलों के एसडीएम को इस संबंध निर्देश दिए हैं। शासनादेश के तहत प्रमाण पत्र जारी किए जाएंगे। लेखपाल की शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

मिशन शक्ति के तहत महिला सुरक्षा को लेकर किया गया जागरूक

कुशीनगर। जिले के फाजिलनगर स्थित सेंट जोसेफ्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पुलिस विभाग द्वारा मिशन शक्ति कार्यक्रम में छात्राओं को महिला सुरक्षा से संबंधित जानकारियाँ दी गईं। मुख्य उद्देश्य छात्राओं में आत्मविश्वास पैदा करना और उन्हें आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना रहा। आयोजित कार्यक्रम में पटहेरवा थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति अभियान का लक्ष्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ हर लड़की को आत्मरक्षा की तकनीकें जरूर सीखनी चाहिए। ताकि आपात स्थिति में वे खुद की रक्षा कर सकें। छात्राओं को समझाया कि किसी भी प्रकार की छेड़खानी, उत्पीड़न या हिंसा की स्थिति में चुप रहना समाधान नहीं है। ऐसी किसी भी घटना की तुरंत पुलिस को सूचना दें। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 1090, 112, 181 और 1076 की जानकारी साझा की और बताया कि इन नंबरों के माध्यम से तुरंत मदद प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने छात्राओं को महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों की भी जानकारी दी और कहा कि हर महिला को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए। कानून महिलाओं को विशेष सुरक्षा देता है और पुलिस हर परिस्थिति में उनकी मदद को तत्पर है। यदि कोई व्यक्ति आपको परेशान करता है या आपकी सुरक्षा को खतरा है। तो बिना झिझक पुलिस को सूचना दें। आपकी पहचान पूरी तरह से गोपनीय रखी जाएगी और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। कार्यक्रम में सेंट जोसफ स्कूल के डायरेक्टर सीओ जोश, चौकी प्रभारी मनोज कुमार वर्मा, एसआई विशाल कुमार, अजय उपाध्याय, सुधाकर मणि त्रिपाठी, रणजीत मिश्र, रबि दूबे, विनोद यादव, अर्पिता, वंदना मिश्रा, मनीषा सिंह सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

आरपीएफ कांस्टेबल भर्ती में बड़ा फर्जीवाड़ा

आगरा। एत्मादपुर के नगला रामबक्स स्थित आईओन डिजिटल जॉन देव कॉलेज में 7 मार्च को हुई रेलवे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की आरपीएफ कांस्टेबल परीक्षा में फजीवाड़ा सामने आया। आगरा के नगला रामबक्स के आईओन डिजिटल जॉन देव कॉलेज में विगत 7 मार्च को रेलवे भर्ती बोर्ड की आरपीएफ कांस्टेबल की परीक्षा टाटा कन्सटेंसी सर्विसेज ने कराई थी। अंगूठा निशानी मैच नहीं होने पर टीसीएस कंपनी ने परीक्षार्थी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपी परीक्षार्थी को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। परीक्षा कराने वाली एजेंसी के मुकेश कुमार ने 7 जुलाई को केस दर्ज कराया था। इसके मुताबिक कासगंज के गांव गुमानी विकास कुमार ने रेलबे भर्ती बोर्ड (आरआरबी) की आरपीएफ कांस्टेबल की परीक्षा 7 मार्च को दी थी। जिसकी रेलवे भर्ती बोर्ड चंडीगढ़ ने फाइनल जांच की। जांच में मुकेश के आधार कार्ड के अंगूठा निशानी (बायोमेट्रिक) मैच नहीं हुए। जिस पर केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर एत्मादपुर ने बताया कि इस मामले में आरोपी परीक्षार्थी विकास को सोमवार को छलेसर स्थित झरना नाले के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

याद किये गये स्वतंत्रता सेनानी सच्चिदानंद

देवरिया। नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया द्वारा सुविख्यात स्वाधीनता संग्राम सेनानी, पूर्व एम एल ए, पूर्व एम एल सी, पूर्व अध्यक्ष नागरी प्रचारिणी सभा, देवरिया, बी आर डी इन्टर कालेज, संत विनोबा पी जी कालेज के संस्थापक सदस्य स्व. सच्चिदानन्द नाथ त्रिपाठी के व्यक्तित्व एवं विविध क्षेत्र में किए अवदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. रमापति राम त्रिपाठी, पूर्व सांसद देवरिया एवं विशिष्ट अतिथि श्री सभा कुँवर कुशवाहा, विधायक भाटपाररानी देवरिया रहे। मंचासीन अतिथियों ने स्व. सच्चिदानंद नाथ त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पार्चन किया।

स्वागत के क्रम में डॉ राजेश नाथ त्रिपाठी ने कहा कि मेरे पिता स्वर्गीय सच्चिदानंद नाथ त्रिपाठी अपने समय के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों में अग्रणी थे। आज उनकी पुण्यतिथि पर डॉ रमापति राम त्रिपाठी जी का स्वागत करता हूँ। भारतीय जनता पार्टी को प्रदेश में स्थापित करने के लिए करने में उनका योगदान बड़ा है। विधायक सभा कुंवर जी जो भाटपार रानी क्षेत्र के विधायक हैं, जहाँ से मेरे पिताजी प्रथम विधायक रहे। उन्होंने नागरी प्रचारिणी सभा के अध्यक्ष डॉ जयनाथ मणि त्रिपाठी एवं मंत्री अनिल कुमार त्रिपाठी का भी स्वागत किया। मेरे पिताजी के 10 वर्ष भारत की आजादी के लड़ाई में जेल में बीते। उन्होंने संघर्षमय जीवन में भी अपने परिवार और समाज की जिम्मेदारी को हमेशा निभाया।

रामघनी सिंह (सर्वोदय कार्यकर्ता) ने कहा कि स्वर्गीय सच्चिदानंद नाथ त्रिपाठी सर्वोदय से जुड़े हुए थे। कवयित्री अंजलि अरोड़ा, दयाशंकर कुशवाहा, सरोज कुमार पाण्डेय ने 'तुम आ जाते हम नील गगन में उड़ जाते' स्वर्गीय त्रिपाठी जी के सम्मान में गीत प्रस्तुत किया। स्वतंत्रता संग्राम में ध्रुव त्रिपाठी जी स्वर्गीय सच्चिदानंद त्रिपाठी के साथ रहे। मंच की ओर से उन्हें सम्मानित किया गया। डा. दिवाकर प्रसाद तिवारी, श्री जगदीश उपाध्याय, श्री मकसूदन मिश्र जी ने त्रिपाठी जी के विषय में अपना विचार व्यक्त किया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी जी ने भारत माता की जय घोष के साथ अपने उद्बोधन में कहा कि मैंने स्व. सच्चीदानंद नाथ त्रिपाठी को देखा तो नहीं परन्तु उनके बारे में पढ़ा और सुना कि जब पढने लिखने के इतने साधन

नहीं थे, और देश परतंत्र था तब जिन महापुरुषों ने त्याग, तपस्या, समर्पण से देश को आजाद कराया और उसे विकास की दिशा में अग्रसर किया। श्री साँचीदानंद जी उन लोगों में अग्रणी थे। देश के पहले चुनाव में त्रिपाठी जी जनता की आवाज बनकर चुनाव जीते और निरन्तर जनता के लिए काम किया। इस मौके पर विधायक भाटपाररानी सभा कुँवर कुशवाहा ने कहा - आज के मौके पर देश की आजादी में त्यागपूर्ण योगदान देने वाले महामानव साँचीदानंद नाथ त्रिपाठी जी को नमन करता हूँ। उनके मन में कोई लिप्सा नहीं थी। बड़े पद पर जाने की आकांक्षा नहीं थी। उन लोगों के मन में केवल और केवल देश को आजाद कराकर विश्व में उसे सम्मानित स्थान दिलाने की इच्छा थी। त्रिपाठी जी की जयंती मैं भाटपाररानी में मनाने की घोसणा करता हूँ क्योंकि वे हमारे क्षेत्र के पहले विधायक थे। हम उनके विरासत के एक अदना सिपाही हैं। उनसे जो प्रेरणा और सीख मिली है, हम उससे समाज में अच्छा कार्य करेंगें। हम अपने देश को विकसित भारत बनाने का संकल्प अपने पूर्वजों और अग्रजों के आशिर्वाद से पुरा करेंगें। कार्यक्रम में रविंद्र नाथ तिवारी, रमेश चंद्र त्रिपाठी, संजय राव, डॉ मधुसूदन मिश्र, संजय कानोडिया, शकुंतला दीक्षित, कौशल कुमार मिश्र, राम मनोहर मिश्र, राजकुमार मिश्र, ऋषिकेश मिश्र, सरोज कुमार पाण्डेय, मोहन पाण्डेय भ्रमर, जितेंद्र प्रसाद तिवारी, प्रेम अग्रवाल, प्राचार्य डॉ मधुसूदन मिश्रा, श्रीमती दुर्गा पाण्डेय, क्षमा श्रीवास्तव, रंजिता, अंजलि अरोड़ा, खुशबू, बृजेश पाण्डेय, रविंद्र नाथ सैनी, उद्धव मिश्र, सतीश चंद्र भास्कर, वृद्धिचंद्र विश्वकर्मा, शरद मिश्र, अजय कुमार दुबे, शुभम नाथ त्रिपाठी, शांति स्वरूप दुबे, हिमांशु कुमार सिंह, इंद्र कुमार नित्यानंद आनंद, करण त्रिपाठी इत्यादि रहे।

संक्षेप

बोलेरो-ट्रैक्टर ट्राली की भिड़ंत, दो घायल

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके के नेशनल हाईवे पर महमूदाबाद चैराहा के पास सोमवार की रात करीब 12.30 बजे ट्रैक्टर ट्राली और बोलेरो की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बोलेरो सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। जानकारी के अनुसार, बोलेरो ट्रैक्टर ट्राली से टकराने के बाद बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घायलों की पहचान रमेश पुत्र मिश्रीलाल निवासी नौरंगपुर थाना इटौंजा, जनपद लखनऊ और राम पत्नी जियालाल 55 निवासी पिपरा खुर्द के रूप में हुई है। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों ने एंबुलेंस की मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली भेजवाया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए ट्रॉमा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया।

युवक पर फेंकी खौलती दाल

उन्नाव। जहां एक तरफ महिला अपराध से जुडी घटनाएं अक्सर सामने आ जाती है। लेकिन अगर किसी पुरुष के उत्पीडन की दास्तान सामने आए तो विश्वास करना कुछ अटपटा जरुर लगता है। लेकिन मामले में युवक ने अपने उपर गुजरी पूरी आपबीती बतायी। मामला शहर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कल्याणी देवी खजुरिया बाग का है। जहां सुधीर रोज की तरह अपने पिता की सेवा करने के लिए लगा हुआ था। उसमें पिता लकवे की बीमारी से ग्रसित है। पत्नी को पिता की सेवा करना नागवार गुजरा। पत्नी ने अपने ही पति पर गर्म खौलती दाल फेंक दी। गनीमत रही कि दाल फेंकते समय बर्तन उसके हांथ से छूट गया। दाल का कुछ हिस्सा पानी ही उसके शरीर पर पड़ा। जिससे बड़ी घटना होने से बच गई। आपको बता दें अभी कुछ वर्ष पहले पति दहेज प्रथा का दंश भी झेल चुका है। लेकिन बच्चे की तबियत बिगड़ने की वजह बच्चे के साथ पत्नी को भी वापस ले आया था और सुलह हो गई थी।

आस्था के साथ गणेश प्रतिमा का विसर्जन

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन क्षेत्र में गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन का कार्यक्रम सोमवार को हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ सम्पन्न हुआ। क्षेत्र के चिकंदरपुर, सुमेरपुर, परसंडा और हुलासीखेड़ा पुल सहित विभिन्न स्थानों से शोभा यात्राएं निकाली गईं। भक्तजन गणेश प्रतिमाओं के साथ ढोल-नगाड़ों और भजनों पर नाचते-गाते तालाब व नदियों तक पहुंचे और प्रतिमाओं का विधि-विधान से विसर्जन किया। इस अवसर पर जगह-जगह भजन-कीर्तन व जागरण का आयोजन हुआ। झांकी दलों ने गणेश वंदना, राधा-कृष्ण मिलन, शिव-पार्वती तथा फूलों की होली जैसी मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। पूरा वातावरण गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आना के जयकारों से गूंज उठा। कार्यक्रम में सपा नेता अंकित परिहार, अमितेश सिंह, समाजसेवी सूरज सिंह, शिवबीर सिंह, वीर सिंह वीरू व शामिल हुए। सभी अतिथियों ने गणेश जी की पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद लिया। आयोजक मंडल की ओर से अतिथियों का माल्यार्पण, अंगवस्त्र व गणेश जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मान किया गया।

पात्रों को योजनाओं से करायें लाभान्वित

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला पोषण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि स्वास्थ्य एवं पोषण से संबंधित सभी कार्यक्रमों एवं योजनाओं को व्यापक रूप से लागू कराया जाये तथा पात्रों को लाभान्वित किया जाये। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पोषण ट्रैकर पर डाटा फीडिंग का कार्य समय से कराया जाये। उन्होंने कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर मानकों के अनुसार हाट कुक्ड मील उपलब्ध कराया जाये। सभी पात्रों को समय से पोषक आहार का वितरण सुनिश्चित कराया जाये। कन्वर्जेंस की धनराशि का समय से भुगतान सुनिश्चित कराया जाये। अतिकुपोषित एवं क्षय रोग से प्रभावित बच्चों को मानकों के अनुसार पुष्टाहार की निर्धारित मात्रा समय से उपलब्ध करायी जाये।

जिलाधिकारी ने जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा प्रस्तुत किए गए प्रस्तावों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी स्वास्थ्य केंद्रों में अग्नि एवं विद्युत सुरक्षा हेतु समुचित प्रबंध किए जाए और सम्बंधित विभागों से प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर लिए जाये। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया। आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गोल्डेन कार्ड एवं आभा आईडी जारी करने की प्रगति में सुधार किया जाये। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं एवं समुचित उपचार उपलब्ध कराने, दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने, स्वास्थ्य टीमों के नियमित भ्रमण हेतु भी निर्देशित किया। एन.क्यू.ए.एस. प्रमाणीकरण में सुधार के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। ?उन्होंने कहा कि आशा के रिक्त पदों को नियमानुसार निर्धारित प्रक्रिया का पालन करते हुए शीघ्र भरा जाये। ?जिलाधिकारी ने कहा कि लक्ष्य के अनुरूप क्षय रोगियों को चिन्हित कराते हुए उनको समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये। टी.बी. मरीजों की स्क्रीनिंग हेतु व्यापक प्रबंध सुनिश्चित किए जाये। डी.बी.टी. के माध्यम से देय राशि समय से अंतरित कराने के निर्देश भी जिलाधिकारी ने दिए। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में सी.एच.ओ. की नियमानुसार उपस्थिति सुनिश्चित किए जाने तथा ई संजीवनी के माध्यम से ओपीडी में सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि ईरूपी वाउचर का पूर्ण सदुपयोग सुनिश्चित किया जाये। मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले व्यापक स्तर पर आयोजित कराये जायें। जन्म, मृत्यु पंजीकरण मानकों के अनुरूप सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुये जन्म प्रमाण पत्र जारी करने में अत्यन्त खराब प्रगति पर कसमण्डा, मछरेहटा एवं महोली के डाटा इन्ट्री आपरेटरों के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।

परीक्षा शांतिपूर्ण व शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हो:डीएम

सीतापुर। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित होने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा-2025 के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने राजकीय इण्टर कालेज, सीतापुर, उजागर लाल इण्टर कालेज सीतापुर, म्युनिसिपल इण्टर कालेज सीतापुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखीं। उन्होंने कालेज परिसर, परीक्षा कक्षों, सी0सी0टी0वी0 नियंत्रण कक्ष आदि का गहनतापूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि परीक्षा शांतिपूर्ण एवं शुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न हो यह सुनिश्चित किया जाये। सभी परीक्षा केन्द्रों पर आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करायी जायें। परीक्षा केन्द्रों के आस-पास यातायात व्यवस्था सुचारू रहे, इसके लिये आवश्यक प्रबंध किये जायें। परीक्षा केन्द्रों के निर्धारित सीमा के अन्दर स्थित फोटोकापी की दुकानें बन्द रखी जायें।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि बाहर से आने वाले एवं जनपद से बाहर जाने वाले अभ्यर्थियों के आवागमन में कोई असुविधा हो, इसके लिये समुचित प्रबंध किये जायें। बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन पर हेल्पडेस्क एवं मेडिकल टीमों की तैनाती की जाये। हेल्पडेस्क पर पुलिस एवं राजस्व विभाग के कर्मचारियों की तैनाती की जाये। ड्यूटी में तैनात किये जाने वाले कक्ष निरीक्षकों का बेहतर प्रशिक्षण सुनिश्चित कराया जाये। सभी संबंधित मार्गों पर यातायात सुचारू रूप से चले, इसके लिये समुचित प्रबंध सुनिश्चित किये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधिकारी परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करना सुनिश्चित करें। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने परीक्षा को सुचितापूर्ण, शांतिपूर्ण एवं सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि सभी स्थलों पर समुचित पुलिस बल तैनात किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास, जिला विद्यालय निरीक्षक राजेन्द्र सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

शस्त्र लाइसेंसों की पारदर्शी व निष्पक्ष जांच के लिए टास्क फोर्स समिति बैठक

सीतापुर। जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में शस्त्र लाइसेंसों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच व सत्यापन हेतु गठित जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान उन्होंने निर्देश दिये कि सभी उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी शस्त्र लाइसेंसों की पारदर्शी एवं निष्पक्ष जांच कर आख्या प्रस्तुत करें। अवैध शस्त्रों निर्माण, विक्रय आदि पर प्रभावी नियंत्रण हेतु त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इसके लिये गोपनीय सूचनाओं के आधार पर भी कार्यवाही की जाये। अवैध शस्त्रों से संबंधित लम्बित अभियोजन मामलों में भी प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी शस्त्र लाइसेंस धारक नियमों का पालन सुनिश्चित करें तथा प्रतिबंधित कार्य यथा हर्ष फायरिंग आदि न करें। किसी भी प्रकार के विस्फोटक का अवैध भण्डारण न किया जाये। उन्होंने इस संबंध में व्यापक जन जागरूकता अभियान संचालित कराने के भी निर्देश दिये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम दास सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

पिछले चार वर्षों से बाघ का आतंक जारी है: सुधांशु बाजपेई

महोली/सीतापुर। महोली तहसील में कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता सुधांशु वाजपेयी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने तहसील परिसर में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण जुटे। महोली तहसील के 50 से ज्यादा गांव बाघ के आतंक के

साये में जी रहे हैं लेकिन शासन प्रशासन का रवैया गैरजिम्मेदाराना है। लोग खेती बाड़ी का काम नहीं कर पा रहे हैं।पशुओं को चारा नहीं मिल पा रहा है, बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं।बाघ के आतंक से मुक्ति के लिए ग्रामीणों ने रोष जताते हुए एसडीएम महोली को ज्ञापन सौंपा।इस मौके पर प्रदेश प्रवक्ता कांग्रेस सुधांशु वाजपेयी ने कहा कि हमें सियासत नहीं समाधान चाहिए, नरनी में बाघ द्वारा हत्या के दस दिन हो चुके लेकिन अभी तक बाघ न पकड़ा जा सका। इसके पीछे प्रशासन की इच्छाशक्ति का अभाव है। सुधांशु वाजपेयी ने आगे कहा कि पिछले चार सालों से क्षेत्र में बाघों का आतंक जारी है यही नहीं बाघों के वंश में भी वृद्धि हो चुकी है। प्रशासन क्या यही चाहता है कि यहाँ से आदमी उजड़ जाए केवल बाघ रह जाएं। हम यहाँ शासनध्प्रशासन को जगाने आए हैं, यदि प्रशासन नहीं चेता और बाघों को नहीं पकड़ा जाता है तो अगली बार में हम सब हजारों की संख्या में आकर तहसील का घेराव करेंगे।इस मौके पर रवि प्रकाश, अजीत सिंह यादव, डॉ.राजकुमार, नितेंद्र यादव, चिरंजीवी मिश्रा, बलबीर यादव, डालचन्द्र, धर्मेंद्र मिश्रा, अंकित मिश्रा, मिलन मिश्रा, सुशील मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस, गंगा सागर मिश्रा, पुनीत शुक्ला सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे

बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का एसडीएम ने भ्रमण किया

पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय के अंतर्गत बाढ़ प्रभावित ग्राम पसनिया खेड़ा, लालखेड़ा, मिश्रण खेड़ा, चहलहा, धरमपुर मंझा आदि ग्रामों का उपजिलाधिकारी बीघापुर रणवीर सिंह द्वारा का भ्रमण किया गया। लोगों को सजक रहने के लिए कहा गया। उपजिलाधिकारी द्वारा बाढ़ पीड़ित परिवारों को प्रशासन स्तर से हर सम्भव मदद का भरोसा दिया स प्रशासन द्वारा ग्राम पसनिया खेड़ा में लोगो को आने जाने के लिए नाव लगा दी गई है। बाढ़ पीड़ित परिवारों को राशन कीट भी वितरित किया जा चुका है। उपजिलाधिकारी के निरीक्षण के समय क्षेत्रीय लेखपाल आनंद सिंह मौजूद रहे।

गणेश उत्सव में नगर पंचायत अध्यक्ष ने विधिविधान से पूजा-अर्चना की

मौरावां, उन्नाव। स्थानीय नगर पंचायत मौरावां के नगर चंदनगंज बाजार में कई वर्षों से गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। वही गणेश उत्सव में नगर पंचायत अध्यक्ष विवेक सेठ भी पहुंचे और आरती पूजा पाठ किया। गणेश उत्सव

में नगर के सैकड़ों गणमान्य लोगों ने भी शिरकत की। चंदनगंज बाजार में यह गणेश उत्सव की परंपरा को जमुना शंकर तिवारी, अवधेश दीक्षित, राजीव सिंह, धर्मेंद्र यादव, विजय प्रकाश गुप्ता, लाखा गुप्ता, आदर्श गुप्ता, अनिल गुप्ता, नितिन गुप्ता 7 साल से लगातार उत्सव मना रहे हैं। सैकड़ो लोगों ने आराध्य अपने गणेश भगवान की पूजा अर्चना किया। वही 56 भोग का प्रसाद भी गणेश भगवान को अर्पण किया गया। पुरानी बाजार में सरवन सोनी के द्वारा गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया गया। गणेश उत्सव में पहुंचे नगर अध्यक्ष विवेक सेठ, शिवम गुप्ता, अमन सोनी, ऋषभ गुप्ता, आयुष गुप्ता, लक्खा गुप्ता, सोनू गुप्ता, अमन साहू, आलोक गुप्ता, दीपक, नन्हूं, अभिषेक समेत सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

गैंगस्टर एक्ट के दोषी गैंग लीडर समेत दो को कैद

सोनभद्र। करीब पांच वर्ष पूर्व दर्ज हुए गैंगेस्टर एक्ट के मामले में विशेष न्यायाधीश गैंगेस्टर कोर्ट सोनभद्र अर्चना रानी की अदालत ने मंगलवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी गैंग लीडर राजेश कुमार गुप्ता उर्फ बनारसी उर्फ कल्लू व सक्रिय गैंग सदस्य सगा भाई शुभम गुप्ता को 7-7 वर्ष की कठोर कैद एवं 10-10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर दो-दो माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बिताई अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार राय ने रॉबर्ट्सगंज थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 25 सितंबर 2020 को पुलिस बल के साथ देखभाल क्षेत्र में था तो पता चला कि राजेश कुमार गुप्ता उर्फ बनारसी उर्फ कल्लू पुत्र विष्णु गुप्ता निवासी कुतुरपुरा, थाना वाराणसी, जिला वाराणसी हाल पता कचहरी रोड रॉबर्ट्सगंज, थाना रॉबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र का एक सक्रिय गैंग है, जिसका वह गैंग लीडर है। इसके अलावा गैंग का सक्रिय सदस्य उसका सगा भाई शुभम गुप्ता पुत्र विष्णु गुप्ता के साथ अन्य सदस्य शामिल हैं। इनके विरुद्ध हत्या, मारपीट समेत कई मुकदमा विचाराधीन है। लोगों में भय पैदा कर आर्थिक लाभ हेतु कार्य करना इनका एकमात्र कार्य है। यहीं वजह है कि इनके विरुद्ध कोई भी मुकदमा लिखवाने अथवा गवाही देने की जुर्रत नहीं करता है। जिसकी वजह से इनका वर्चस्व कायम है। इस तहरीर पर 25 सितंबर 2020 को रॉबर्ट्सगंज थाने में गैंगस्टर एक्ट में एफआईआर दर्ज किया गया था।

नो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान शुरू

सीतापुर। उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर आज से पूरे प्रदेश में ष्नो हेलमेट, नो फ्यूल नामक एक विशेष अभियान की शुरूआत हुई है। इसी क्रम में जनपद सीतापुर में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के आदेश पर लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए परिवहन विभाग द्वारा एक बड़ा अभियान चलाया गया। इस अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट के पेट्रोल पंप पर ईंधन न खरीद सकें।

अभियान के पहले दिन सीतापुर शहर के विभिन्न पेट्रोल पंपों पर परिवहन विभाग की टीमें सक्रिय रहीं। एआरटीओ (प्रशासन) सर्वेश चतुर्वेदी के नेतृत्व में और यात्री कर अधिकारी एम.ए. अहमद द्वारा चलाए गये। इस जांच अभियान में बिना हेलमेट के पेट्रोल खरीदने आए बाइक सवारों पर कड़ी कार्रवाई की गई। टीम ने हेलमेट न पहनने वाले चालकों को रोककर उनके चालान काटे। परिवहन विभाग की टीमों ने हेलमेट के बिना पेट्रोल लेने पहुंचे 83 बाइक चालकों का चालान काटा। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि यह अभियान अगले 30 दिनों तक जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य मकसद लोगों की जान बचाना है। हेलमेट न पहनने से होने वाली दुर्घटनाओं में मृत्यु दर अधिक होती है, और यह अभियान लोगों को अपनी और दूसरों की सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी का एहसास कराने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने आगे बताया, यह सिर्फ एक जांच अभियान नहीं है, बल्कि एक सामाजिक पहल है। हम चाहते हैं कि हर दोपहिया वाहन चालक अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दे। जब तक वे हेलमेट नहीं पहनेंगे, उन्हें पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह नियम सख्ती से लागू किया जाएगा। उन्होंने जिले के सभी पेट्रोल पंप मालिकों से भी इस अभियान में सहयोग करने और बिना हेलमेट वाले ग्राहकों को ईंधन न देने की अपील की है। यह विशेष अभियान सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करेगा। उम्मीद है कि यह पहल सीतापुर में सड़क सुरक्षा की स्थिति में एक बड़ा बदलाव लाएगी। परिवहन विभाग ने सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के लिए एक प्रचार वैन शुरू की है। एआरटीओ प्रशासन सर्वेश चतुर्वेदी ने बताया कि यह प्रचार वैन अगले पंद्रह दिनों तक जिले भर की विभिन्न तहसीलों और सार्वजनिक स्थानों पर यातायात सुरक्षा के बारे में लोगों को जागरूक करेगी। इस पहल का मकसद सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित करना है।

गणेश जी की प्रतिमाओं का विसर्जन हर्षोल्लास से संपन्न

बीजपुर/सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद सीआईएसएफ यूनिट में सोमवार को गणेश चतुर्थी उत्सव का समापन सोमवार को गणेश विसर्जन के भव्य कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम सीआईएसएफ की महिला कर्मियों और उनके परिवारों के कल्याण समूह संरक्षिका ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया था जो शाम करीब 5 बजे से शुरू हुआ। कार्यक्रम में सीआईएसएफ के सभी कर्मी और उनके परिवार के सदस्यों ने पूरी भक्ति और उत्साह के साथ भाग लिया। वातावरण अत्यंत भक्तिमय और उत्साह से भरा था, जहां सभी ने मिलकर भगवान गणेश को विदाई दी। इस भव्य कार्यक्रम में सभी का समर्पण देखते ही बन रहा था।

नहर पटरी पर गड्ढा होने से हड़कंप

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। तहसील महमूदाबाद की विकासखंड पहला अंतर्गत मुसैदाबाद शारदा नगर पुल से हुसैनपुर पुल के बीच नहर पटरी पर बारिश के कारण एक बड़ा गड्ढा होने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। जिसे देखने के लिए सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण इकठ्ठा हो गए और उन्होंने इसकी सूचना उपजिलाधिकारी तथा क्षेत्रीय विधायक को दी।

मिली जानकारी अनुसार ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत शारदा सहायक नहर मुसैदाबाद पुल से हुसैनपुर पुल के बीच नहर पटरी के उत्तरी नहर के बेनीमाधवपुर गांव के निकट नागा बाबा मंदिर के पास एक बड़ा गड्ढा बारिश के कारण हो गया। जिसके कारण किसी समय बड़ी अनहोनी हो सकती है। सूचना पाकर सैकड़ों लोग देखने आ गए और उन्होंने इसकी सूचना उपजिलाधिकारी महमूदाबाद तथा क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या को फोन कर दी तब जाकर नहर विभाग हरकत में आया। जबकि इस नहर पर कुछ ही समय पहले रुसहन पुल तथा पुरैनी पुल के पास नहर कट चुकी है। मगर नहर विभाग के अफसरों तथा कर्मचारियों जो प्रतिदिन पेट्रोलिंग करने का दावा करते हैं। सिर्फ कागजों में खाना पूर्ति कर रहे हैं इससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है और क्षेत्र में नहर विभाग के प्रति कार्यशैली में उदासीनता के कारण आक्रोश पनप रहा है।

जल विहार कार्यक्रम का आयोजन

पुरवा, उन्नाव। ब्लाक क्षेत्र के गांव मिजार्पुर सुम्हारी में लगभग सौ वर्षों से जल बिहार का आयोजन हो रहा है। क्षेत्र के दिगम्बर स्वामी मंदिर परिसर मिजार्पुर सुम्हारी में लगभग सौ वर्षों से जल बिहार मेले का आयोजन किया जाता रहा है। जहाँ पर अनेक लोगो के द्वारा विभिन्न प्रकार की अनेक लीलाओं का आयोजन होता है। जहां कृष्ण जन्म से लेकर कंश वध तक लीलाओं को दिखाया गया। जल विहार मेला के अंर्तगत तरह तरह के पारंपरिक आयोजन का आयोजन किया गया। मेले मे अनेक प्रकार की दुकाने भी आकर्षण का केंद्र बनी रही। जहाँ काफी भीड देखने को मिली। मेले मे आकर्षण का केन्द्र बडरूवा होता है जिसको देखने के लिऐ काफी दूर से लोग आते है। मेले मे लोग जलेबी, चाट, बच्चे खिलौनों को खरीद कर आनंद लेते है। इस अवसर पर मन्ना शुक्ला, अनूप अवस्थी, राकेश अवस्थी, संतोष, पप्पी शुक्ला, सुनील दुबे, गौरवेन्द्र अवस्थी, संदीप, मुन्नर सहित हजारों दर्शक उपस्थित रहे।

गुलरिहा गांव में जलविहार मेला आयोजित

जिला संवाददाता(vol)

हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत गुलरिहा के उदयनगर कालोनी में पारंपरिक जलविहार का आयोजन किया गया। जहाँ मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक उदयराज यादव ने मौजूदा सरकार पर करारा प्रहार करते हैं सपा सरकार की उपलब्धियों का बखान किया। सोमवार को उदयनगर कालोनी में पारंपरिक जलविहार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आल्हा गायिका काजल सिंह ने अपनी प्रस्तुति देकर हर किसी का ध्यान अपनी ओर आकर्षक किया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व विधायक उदयराज यादव का पूर्व ग्राम प्रधान बलवीर सिंह शिबू ने अंग वस्त्र व प्रतीक सिंह भेंट कर स्वागत किया। पूर्व विधायक उदयराज ने कहा कि मौजूदा सरकार केवल जनता को गुमराह कर रही है। केवल खाली पड़ी जमीनों पर कब्जा हो रहा है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार में युवाओं को रोजगार के अवसर मिलते थे। सभी को लैपटॉप मिलते थे। लेकिन अब केवल झूठा लॉलीपॉप मिल रहा है। इस अवसर पर रामबाबू वर्मा, राजेश यादव, रमेश यादव, नन्हकउ सिंह, बेबी सिंह, कल्लू सिंह, सचिन सिंह, बिखारी लोधी, भूखन यादव सहित हजारो लोग मौजूद रहे।

वोटर लिस्ट जितनी शुद्ध होगी चुनाव उतना निष्पक्ष होगा: एसडीएम

जिला संवाददाता(vol)

पुरवा, उन्नाव (वीओएल)। एसडीएम पुरवा ने वोटर लिस्ट को निष्पक्ष करवाने के सम्बन्ध में मंगलवार को तीनों ब्लॉक के

एडीओ/प्रतिनिधि के साथ निर्वाचन के संबंध में एक बैठक आहुत की। जिसमें समस्त बीएलओ की सूची प्रदान करते हुए निर्देश दिए गए कि प्रतिदिन प्रत्येक बीएलओ से सूचना ले कि कुल कितने मकान है, कितने मकान का सर्वे हुआ। डबल मतदाता की रिपोर्ट करे। कोई मकान न छूटे। यदि कोई बीएलओ कार्य न कर रहा हो तो इसकी रिपोर्ट करे। एडीओ पंचायत मौजूद रहें।

प्रशासनिक डर में गुरु जी करेंगें बीएलओ ड्यूटी, तो शिक्षा में गिरावट होना संभव

उन्नाव। मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन द्वारा सभी जिलाधिकारी को एक पत्र जो कि दिनांक 3 सितंबर 2012 को आदेश जारी किया गया था कि प्राथमिक तथा उच्च प्राथमिक विद्यालय के अध्यापकों को गैर शैक्षणिक कार्यों में ना लगाया जाए। इस आदेश में निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की मांगों के अनुसार परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों तथा उच्च प्राथमिक विद्यालयों की अध्यापकों की कमी होने को संज्ञानित करते हुए इन विद्यालय के शिक्षकों को जिला अधिकारी गण के आदेशों के तहत आर्थिक जनगणना मतदाता नामावली को अधिकतम करने अन्य सर्वेक्षण कार्यों आदि में ड्यूटी लगाई जाने से छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन का कार्य प्रभावित होने का हवाला दिया गया था साठी उत्तर प्रदेश निशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 के प्रावधानों में दी गई व्यवस्था की अतिरिक्त अन्य किसी गैर शैक्षणिक कार्यों में शिक्षकों को न लगाए जाने संबंधी पत्र जारी किया गया था।

डर दबाव बनाकर शिक्षकों से ली जा रही बीएलओ ड्यूटी, शिक्षकों में रोष

उन्नाव। बता दें कि जिलाधिकारी एवं उप जिलाधिकारी कार्यालय से सीधे तौर पर खंड शिक्षा अधिकारी से शिक्षकों को बीएलओ ड्यूटी में लगाए जाने की सूची मांगी जाती है और माननीय निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन से इतर शिक्षकों को बीएलओ कार्य में विवरण लगा दिया जाता है। शिक्षक इस बात का विरोध भी नहीं दर्ज करवा सकते हैं अर्थात मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन एवं निर्वाचन आयोग की गाइडलाइन के विरुद्ध जाकर शिक्षकों की ड्यूटी बीएलओ कार्य में लगाई जा रही है और आला अधिकारी इस विषय पर मौन है। कई बार तो एसडीएम लेवल के अधिकारी कार्यवाही का डंडा भी दिखाते है। कई शिक्षक संगठन उन्होंने इस बात का विरोध दर्ज करवाया है कई बार माननीय न्यायालय द्वारा भी इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं किंतु विभाग आंखें मूंद कर लगातार निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं उत्तर प्रदेश निशुल्क अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार नियमावली 2011 का लगातार उल्लंघन कर रहा है

बाघ के खौफ से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

- दहशत फैला रहा बाघ वनविभाग पकड़ने में नाकाम
- ग्रामीणों में रौष, केवल कॉम्बिंग तक सीमित है वन विभाग

महोली/सीतापुर। जनपद सीतापुर की कोतवाली महोली क्षेत्र के अंतर्गत इन दिनों बाघ का आतंक फैला हुआ है। आमजनमानस खौफ में जीने को मजबूर है। स्कूली बच्चे विद्यालय नही जा पा रहे हैं। किसान खेतो में जाने से डर रहे हैं।

बीते महीने तहसील महोली के नरनी गांव में एक युवक की मौत बाघ के द्वारा शिकार करने से हो गयी। जिसके बाद बसारा गांव में एक किसान जंगली जानवर का शिकार हो गया।मंगलवार की सुबह कारीपाकर गांव के मजरा मिजार्पुर में गांव के बाहर बंधी गाय पर बाघ ने अपने कुनबा सहित हमला कर दिया जिससे गाय गम्भीर रूप से घायल हो गयी। गाय बांधने गयी महिला खौफनाक मंजर देखकर हतप्रभ रह गयी। शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गये। जिसके बाद बाघ कुनबे सहित गन्ने में छिप गया। मौके पर वन विभाग की टीम कॉम्बिंग के लिए पहुँची।लगातार हो रही घटनाओं को लेकर क्षेत्र के लोग भयभीत हैं जिसके चलते कॉंग्रेस प्रवक्ता सुधांशू बाजपेयी ने अपनी टीम के साथ उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौपते हुए जल्द ही क्षेत्र को बाघ से भयमुक्त कराने के लिए कहा।

संक्षेप

मुंशी प्रेमचंद्र की कहानियों का जीवंत मंचन आज

बांदा। नूतन बाल समाज का गणेश भवन में आयोजित गणेश महोत्सव में 3 सितम्बर को मुंबई के कलाकार मुंशी प्रेमचंद्र की आधारित कहानियों का जीवंत मंचन करेंगे। नूतन बाल समाज के संरक्षक अशोक त्रिपाठी जीतू व मंत्री निखिल सक्सेना ने इस आशय की जानकारी देते हुए बताया कि मुंबई के भुजी खान एंड पार्टी के सुप्रशिद्ध कलाकार मुंशी प्रेमचंद्र की कहानियों कफन, बड़े घर की बेटी, पूस की एक रात, रसिक सम्पादक, सवा सेर गेहूं और बड़े भाई साहब का ऐतिहासिक जीवंत नाट्य प्रस्तुत करेंगे। उन्होने बताया कि भगवान गणेश की कृपा और महान स्वतंत्रता सेनानी बाल गंगाधर तिलक के आशीर्वाद से यह ऐतिहासिक कार्यक्रम 3 घंटा 15 मिनट महोत्सव में प्रस्तुत किया जाएगा। यही कार्यक्रम आगामी 10 सितंबर को डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रेक्षागृह दिल्ली में भी 22 भाषाओं में प्रस्तुत किया जाएगा, यह विश्व रिकॉर्ड होगा।

दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों को 10 लाख की मदद

बांदा। मासूम दुष्कर्म पीड़िता के परिजनों को सरकार ने 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की है। नरैनी विधायक ओममणि वर्मा, उप जिलाधिकारी अमित शुक्ला और जिला प्रोवेशन अधिकारी मीनू सिंह ने पीड़िता के घर पहुंचकर प्रतीकात्मक चेक प्रदान किया। कालिंजर क्षेत्र के एक गांव निवासी 6 वर्षीय मासूम को गांव के एक युवक ने बीती 25 जुलाई को अपनी दरिंदगी का शिकार बनाया था। इस दर्दनाक घटना की रात को ही पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तारी के लिए लगाई गयी एसओजी और कालिंजर थाना पुलिस ने दरिंदे को मुठभेड़ के दौरान दोनो पैरों में गोली मारकर घायल कर पकड़ लिया था। केन्द्र सरकार निर्भया फण्ड के तहत नाबालिग, बलात्कार पीड़ितों को विशेष सहायता प्रदान करती है। जिसमें चिकित्सा और मनोविज्ञान सहायता के साथ ही देखभाल तथा पुनर्वास की सुविधाएं शामिल हैं। इसमें 10 लाख रुपये की आर्थिक मदद का प्राविधान है।

छात्रा के अपहरण का प्रयास, तीन गिरफ्तार

बांदा। गिरवां थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा का अपहरण करने के प्रयास के आरोप में तीन आरोपियों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया है। घटना उस समय हुई जब 15 वर्षीय छात्रा अपने भाई के साथ घर लौट रही थी और वह हैंडपंप में हांथ, पैर धो रही थी। इसी दौरान वहां तीन युवक पहुंचे और छात्रा के मुह में कपड़ा डालकर नशीला पदार्थ सुंघा दिया। छात्रा के बेहोश होने पर वह उसे ऑटो में ले जाने लगे। ग्रामीणों ने जानकारी मिलते ही ऑटो को रोक लिया और तीनो को पकड़ लिया और उनकी पिटाई कर हांथ रस्सी से बांध दिए। घटना की जानकारी मिलते ही एसपी पलाश बंसल, एएसपी शिवराज, सीओ सिटी मेविस टक, सीओ बबेरू, नरैनी व गिरवां थाने का फोर्स घटना स्थल पर पहुंचा। बेहोशी की हालत में छात्रा को पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नरैनी में भर्ती कराया गया लेकिन प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। पिटाई में घायल तीनों आरोपियों का भी मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। पीड़िता का पिता मजदूरी के लिए पंजाब गया हुआ है। सीओ सौरभ सिंह ने बताया कि तीनों आरोपी पीड़िता के पूर्व परिचित हैं। पुलिस ने परिजनों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

वांछित आरोपी गिरफ्तार, भेजा अदालत

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर अपराधियों, वांछित और वारंटियों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान व क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में कोतवाली देहात पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी धारा 69, 352, 351(3) ईएनएस व 66 ई आईटी एक्ट बनाम मनीष पुत्र श्रीविशाल निवासी ग्राम नौहाई थाना नरैनी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार दुबे, कांस्टेबल दीपक अहिरवार, अभिषेक मिश्रा व महिला कांस्टेबल शबाना आजमी रहीं। बताते चलें कि थाना कोतवाली देहात पुलिस अपराधियों और विभिन्न आरोपों में वांछित आरोपियों की लगातार गिरफ्तारी कर रही है। इसके चलते क्षेत्र के अपराधियों में दहशत देखी जा रही है।

पुष्पक एक्सप्रेस से एक लाख रुपये कीमत के जेवरात चोरी

जिला संवाददाता

ललितपुर। दिल्ली-मुम्बई मेन रूट पर ललितपुर जंक्शन एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन है, जिस पर रोजाना टेज्नों से हजारों की संख्या में यात्री आवागमन करते हैं, लेकिन विगत एक वर्ष से लगातार झांसी से ललितपुर के मध्य टेज्नों में चोरियों का सिलसिला लगातार जारी है, जिस पर लगाम नहीं लग पा रही है। एक वर्ष का आंकड़ा उठा लिया जाये तो चोरी की सैकड़ों वारदातें इस रूट के बीच में होती हैं, इन चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में राजकीय रेलवे पुलिस नाकाम साबित हो रही है, आये दिन ही यात्रियों का कीमती सामान, फोन, पर्स आदि चोरी हो रहे हैं।

उत्तर प्रदेश के जिला बाराबंकी अंतर्गत रामनगर के चांदपुर निवासी विकास यादव पुत्र रमाकान्त यादव ने जीआरपी ललितपुर में शिकायत दर्ज करायी है। जीआरपी पुलिस को दी गयी तहरीर में विकास यादव ने बताया कि वह ट्रेन संख्या 12533 पुष्पक एक्सप्रेस के कोच संख्या एस-1 की बर्थ संख्या 49 व 50 पर लखनऊ से मुम्बई की यात्रा कर रहा था। रात में वह खाना खाकर सो गये, जब उनकी नींद खुली तो उन्होंने देखा कि उनका एक लाल रंग का पर्स जिसमें एक सोने का हार 7 ग्राम कीमत करीब 40 हजार रुपये, सोने का मंगलसूत्र कीमत करीब 40 हजार रुपये, एक पायल चांदी की कीमत करीब 9 हजार रुपये, दूसरी पायल चांदी की कीमत करीब 15 हजार रुपये किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया है। तत्समय ट्रेन झांसी रेलवे स्टेशन से निकल रही थी। पीड़ित ने सामान की कुल कीमत 1 लाख 4 हजार रुपये बतायी, जो कि उसने करीब 10 वर्ष पहले खरीदे थे। जीआरपी पुलिस ने विकास यादव की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है। दूसरी घटना जो कि उत्कल एक्सप्रेस की बतायी जा रही है। इस घटना को लेकर थाना पूराकलां अंतर्गत ग्राम पठारी निवासी यशपाल यादव पुत्र गोविन्द सिंह ने जीआरपी पुलिस को बताया कि वह उत्कल एक्सप्रेस से पुरी से ललितपुर आ रहा था। रात करीब 11 बजे कटक व जाजपुर क्योंझर रोड स्टेशन के बीच उसका मोबाइल फोन चोरी हो गया। जीआरपी पुलिस ने यशपाल की तहरीर पर अज्ञात चोर के खिलाफ बीएनएस की धारा 305 (सी) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

पार्क की जमीन व शौचालय पर अवैध कब्जा करने का आरोप

ललितपुर। जेल चैराहा स्थित मान्यवर कांशीराम पार्क पर अराजक तत्वों द्वारा किये जा रहे अवैध अतिक्रमण को रोके जाने की मांग को लेकर सामाजिक कार्यकताओं ने लामबंद होकर जिलाधिकारी को एक शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में बताया कि जेल चैराहा पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्मित मा.कांशीराम पार्क जेल रोड पर स्थित है। बताया कि उक्त पार्क पर अवैध कब्जा किया गया है, जिसे पूर्व में अवैध कब्जा मुक्त कराया गया था और पार्क की नापजोख कराकर एक बाउण्ड्री बनाकर पार्क की सम्पत्ति को संरक्षित करने का कार्य किया गया था। सामाजिक कार्यकताओं ने बताया कि पार्क की जमीन पर एक शौचालय निर्मित है, जो कि सामाजिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान उपयोग किया जाता है। उक्त नाप के समय पार्क की जमीन पर बनी पूर्व की बाउण्ड्री से अधिक भूमि नाप के दौरान निकली थी, जिसे तत्कालीन समय तुड़वाई नहीं गयी थी और जहां तक नाप हुयी थी, वहां पर नई बाउण्ड्री निर्मित कर दी गयी, जिस कारण पुरानी बाउण्ड्री बीच में आ गयी, जिससे पार्क दो हिस्सों में दिख रहा है। ऐसी स्थिति में कुछ अराजक तत्व पार्क की जमीन व शौचालय पर अवैध कब्जा करने की फिराक में है। जबकि उक्त शौचालय सार्वजनिक नहीं है। ऐसी स्थिति में भू-माफिया एवं अराजक तत्व पार्क की जमीन व शौचालय पर कब्जा कर रहे हैं, जिन्हें रोका जाना आवश्यक है। सामाजिक कार्यकताओं ने जिलाधिकारी से जेल रोड स्थित मां.कांशीराम पार्क की जमीन व शौचालय से अराजक तत्वों द्वारा किये गये अवैध कब्जे को हटाये जाने व पुरानी बाउण्ड्री को तुड़वाये जाने की मांग उठायी है। पत्र देते समय राजकिशोर गौतम एड., देवेन्द्र कुमार, द्रोपती अहिरवार, शीला वर्मा, प्रभुदयाल सेन एड., सुनील अहिरवार, महेन्द्र के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

केवीके खिरिया मिश्र के पास कटी टू लाइन हुई घातक

ललितपुर। ललितपुर-देवगढ़ मार्ग की टू लाइन सड़क कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र के पास जल जीवन मिशन योजना के ठेकेदार द्वारा विगत वर्ष काट दी गई है, जिससे उक्त सड़क से निकलने वाले वाहन चालकों को वाहन चलाने में काफी परेशानी हो रही है। बताते चलें कि कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र के पास ललितपुर-देवगढ़ मार्ग की टू लाइन सड़क को विगत वर्ष जल जीवन मिशन योजना की पाइपलाइन डालने वाले ठेकेदार द्वारा काट दिया गया था। उसके बाद उक्त कटी हुई सड़क को ठेकेदार द्वारा ठीक तरह से भरे न जाने के कारण उक्त सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है, जो दो पहिया वाहनों के लिए काल बन गई है। ऐसा नहीं है कि उक्त सड़क पर चलने वाले अन्य वाहनों चालकों को परेशानी ना हो रही हो किंतु दोपहिया वाहन चालकों की जान अत्यधिक खतरे में है। ऐसे में उक्त सड़क की मरम्मत अभिलंब कराई जाना आवश्यक है। यदि उक्त कटी हुई सड़क को अविलंब ठीक नहीं कराया गया, तो कभी भी किसी भी वाहन चालक की जान जा सकती है। जनहित में कटी हुई सड़क के गड्ढे को तत्काल भरवाए जाने की मांग जिलाधिकारी से की है।

ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर संचालित हो यातायात व्यवस्था

बांदा। अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने यातायात पुलिस को दी गयी विशेष ब्रीफिंग में निर्देश दिए कि वीआईपी भ्रमण को देखते हुए लोगों को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके लिए यातायात व्यवस्था को पूर्व नियोजित कर व्यवस्थित तरीके से लागू किया जाए। उन्होने कहा कि जिला अस्पताल से मेडिकल कालेज तक जाने वाले मार्ग को रेलवे स्टेशन एवं बाबूलाल चैराहा होते हुए ग्रीन कॉरिडोर की तर्ज पर संचालित किया जाए ताकि आपातकालीन सेवाओं एवं आवागमन में किसी तरह की समस्या उत्पन्न न हो और यातायात निर्बाध व सुचारू रूप से चलता रहे। यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों, तीन सवारी बैठाने और नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई करने पर विशेष जोर दिया। जिससे सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी रूप से अंकुश लगाया जा सके। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे वाहन चालक जिनके विरूद्ध 5 से अधिक चालान लंबित हैं और चालान की राशि जमा नही कर रहे हैं उनके विरूद्ध ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई की जाएगी। आगामी 13 सितम्बर को होने वाली लोक अदालत में अधिक से अधिक चालानों का निस्तारण कराने के लिए भी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कहा कि यातायात नियमों का पालन महज दंड से बचने का उपाय नही है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा से जुड़ा दायित्व है। एएसपी ने लोगों से अपील की, कि सभी लोग यातायात नियमों का पालन करें और हेलमेट, सीट बेल्ट का नियमित प्रयोग करें तथा नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें।

ट्रैफिक पुलिस का अभियान, हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देश पर हेलमेट नही तो पेट्रोल नही अभियान के तहत यातायात पुलिस ने मंगलवार को शहर के कालूकुआं चैराहा रिलायंस पेट्रोल पंप में विशेष जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान बिना हेलमेट लगाकर पेट्रोल भरवाने आए दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल न देते हुए हेलमेट पहनने के लिए प्रेरित किया गया और सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी गयी। इस दौरान लोगों को समझाया गया कि हेलमेट केवल चालान से बचने का साधन नही, बल्कि जीवन की सुरक्षा का कवच है। यातायात पुलिस ने लोगों से अपील की, कि वह स्वयं एवं परिजनों को वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनने के लिए प्रेरित करें ताकि सड़क दुर्घटनाओं से होने वाली जनहानि को रोका जा सके। इस दौरान यातायात प्रभारी संजय मिश्रा व यातायात पुलिसकर्मी मौजूद रहे। बताते चलें कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए यातायात पुलिस और परिवहन विभाग लगातार वाहन चेकिंग कर कार्रवाई करने के साथ ही लोगों को यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करते रहे हैं लेकिन बावजूद इसके अधिकांश लोग यातायात नियमों का पालन और हेलमेट पहनने से बच रहे हैं।

जनपद स्तरीय कला प्रतियोगिता आयोजित

महोबा। जनपद स्तरीय कला उत्सव प्रतियोगिता का आयोजन पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में किया गया। जिसमें मूर्तिकला एकल की प्रतियोगिता में जनतंत्र इंटर कॉलेज कुलपहाड़ के छात्र विक्रांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ? चित्रकला एकल की प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर महोबा के छात्र उदयभान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। स्थानीय खेल खिलौने की प्रतियोगिता में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चरखारी की छात्रा लक्ष्मी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय वादन तबला एकल प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र सौरभ मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोक वादन ढोलक एकल में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र मनोज कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लघु नाटिका समूह में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की छात्रा महक मंसूरी, वैष्णवी, अंजलि, अंशिका ने सामूहिक रूप से प्रथम स्थान प्राप्त किया। शास्त्रीय गायन एकल में सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र वेदांत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लोकगायन और लोकगीत समूह में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की छात्रा गोल्डी चौरसिया, पुष्पांजलि, उपासना, मानवी ने सामूहिक तौर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। कहानी वाचन युगल में पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा की खुशी सेन व मुस्कान सेन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में जनतंत्र इंटर कॉलेज कुलपहाड़, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज चरखारी, राजकीय हाई स्कूल मुहारी, सरस्वती बालिका विद्या मंदिर महोबा, सरस्वती विद्या मंदिर महोबा, डीएवी इंटर कॉलेज महोबा, कस्तूरबा गांधी विद्यालय कबरई, राजकीय इंटर कॉलेज महोबा एवं पीएमश्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की छात्र एवं छात्राओं ने प्रतिभा किया। निर्णायक मंडल की भूमिका जग प्रसाद तिवारी, मजहर अहमद, हरप्रसाद, रामप्यारी आदि शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने निभाई। इस कार्यक्रम की नोडल रश्मि श्रीवास्तव थीं तथा कार्यक्रम का संचालन नेहा सोनी द्वारा किया गया।

खान निरीक्षक ने पकड़ा बालू लदा वाहन

ललितपुर। जनपद में चोरी छिपे खनिज का उत्खनन एवं उसका परिवहन करने वालों के विरूद्ध खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाहियों को अंजाम दिया जा रहा है। जिससे खनिज का चोरी छिपे परिवहन करने वालों में हड़कम्प मचा हुआ है।

इसी क्रम में जिला खान अधिकारी अमितोष वर्मा ने जानकारी देते हुये बताया कि उन्हें जानकारी मिल रही थी कि बारिस में बहकर नदी नालों में आई बालू का अवैध खनन कर उसका परिवहन किया जा रहा है। सूचना मिलने पर खान निरीक्षक द्वारा तहसील तालबेहट अंतर्गत ग्राम खांदी के खैरवा नाला का आकस्मिक निरीक्षण किया, इस दौरान उन्हें कुछ लोग बालू निकालते हुये मिले। खान निरीक्षक की दबिश होते ही बालू निकालने वाले भाग खड़े हुये। जिस पर खान निरीक्षक द्वारा बालू निकालने के औजारों को मौके पर ही नष्ट करते हुये मौके से एक टेज्क्टर ट्रॉली को बालू समेत पकड़ लिया। उक्त वाहन को तालबेहट थाने में पुलिस की सुर्पुदगी में दे दिया गया। वहीं खनिज विभाग ने जनपदवासियों से अनुरोध करते हुये कहा कि नदी नालों से बालू निकालना गैर कानूनी है इसमें जनहानि भी हो सकती है, वह इस प्रकार के कृत्य को न करें अन्यथा की दशा में खनिज धाराओं के तहत कार्यवाही की जायेगी।

कैरियर नौकरी नहीं बल्कि जीवन की एक दिशा

- प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कैसे करें एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट पर विद्यार्थियों को दीं विस्तृत जानकारी

ललितपुर। जिला सेवायोजन कार्यालय एवं मनोविज्ञान विभाग नेमवि के संयुक्त तत्वाधान में कैरियर काउंसलिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि कैरियर केवल नौकरी नहीं बल्कि जीवन की एक दिशा है। विद्यार्थी को अपनी क्षमता एवं अभिरुचि के अनुसार अपना लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए, विद्यार्थी को जिस विषय में रुचि हो उसी का अध्ययन करना चाहिए। साथ ही अपने व्यक्तित्व के अनुसार करियर विषयों का चयन करें तथा आत्मविश्वास बनाए रखें एवं सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाये। सेवायोजन अधिकारी आकांक्षा यादव ने रोजगार संगम पोर्टल की जानकारी, विभाग द्वारा समय-समय पर आयोजित किए जाने वाले रोजगार मेलों के बारे में, साथ ही कंपटीशन की तैयारी कैसे करें एवं पर्सनालिटी डेवलपमेंट के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम संयोजक डा.संजीव कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी रुचि, क्षमता एवं कमजोरी का पता होना चाहिए। विद्यार्थी करियर विकल्पों का सही से मूल्यांकन कर अपनी करियर योजना बनाये एवं उसकी नियमित रूप से मूल्यांकन एवं मार्गदर्शन प्राप्त करते रहे। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में परामर्श एवं निर्देशन सेल संचालित है। विद्यार्थी अपनी मनोवैज्ञानिक एवं कैरियर संबंधी समस्याओं का समाधान वहां पर कर सकते हैं। जीआईसी प्रवक्ता अमित शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी सोशल मीडिया से दूर रहकर अध्ययन करें। तथा मोबाइल का दुरुपयोग ना करें तथा अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए तकनीक का सकारात्मक उपयोग करें। विद्यार्थी स्वयं नोट्स बनाएं तथा उनका अध्ययन करें। उन्होंने करियर के संबंध में विस्तृत जानकारी विद्यार्थियों को प्रदान की। मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रो.डा.सूबेदार यादव ने कहा कि विद्यार्थी अपने जीवन में सही करियर का चयन कर लें तो उससे विद्यार्थी संतुष्ट एवं खुश महसूस करेगा। विद्यार्थी को अपने शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना चाहिए। मनोविज्ञान विभाग के असिस्टेंट प्रो.डा.राजेश तिवारी ने कहा कि अभिभावकों को यह देखना चाहिए कि उनका बच्चा किस क्षेत्र में अच्छा कार्य कर सकता है उन पर अपनी अपेक्षाओं का बोझ ना लादे। अभिभावको की अपेक्षाओं एवं छात्र की रुचि में अंतर नहीं होना चाहिए।

निबंधन दर बढ़ोतरी के विरोध में पांचवें दिन भी कोर्ट का काम ठप

सिद्धार्थनगर- निबंधन दरों में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ अधिवक्ताओं का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है। शुक्रवार से शुरू हुआ यह आंदोलन मंगलवार को पांचवें दिन भी पूरी ताकत के साथ जारी रहा। जिला मुख्यालय स्थित निबंध कार्यालय के मुख्य गेट पर अब भी ताला लटका हुआ है और पूरे जिले में अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। तहसील बार एसोसिएशन सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गणेश मणि त्रिपाठी और महामंत्री अब्दुल हक के नेतृत्व में अधिवक्ता रोजाना लामबंद होकर नारेबाजी कर रहे हैं। अधिवक्ताओं का कहना है कि निबंधन दरों में की गई यह वृद्धि न सिर्फ पूरी तरह से मनमानी है, बल्कि जनता पर आर्थिक बोझ डालने वाला निर्णय है। उन्होंने आरोप लगाया कि सिद्धार्थनगर प्रशासन ने बार एसोसिएशनों की आपत्तियों और सुझावों को दरकिनार कर एकतरफा तरीके से यह आदेश लागू किया है।

जिला बार एसोसिएशन की अध्यक्षता कर रहे सत्यदेव सिंह एडवोकेट और महासचिव सुशील कुमार मणि त्रिपाठी ने कहा कि जब तक निबंधन दरों की बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया जाएगा, आंदोलन जारी रहेगा। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी है कि यदि सिद्धार्थनगर प्रशासन ने शीघ्र निर्णय वापस नहीं लिया तो आंदोलन और उग्र होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि अधिवक्ता न्यायालय के कार्य से पूर्ण रूप से विरत रहेंगे और आवश्यकता पड़ी तो आम जनता को साथ लेकर सड़क पर उतरकर बड़े पैमाने पर प्रदर्शन करेंगे। इस बीच अधिवक्ता जितेंद्र त्रिपाठी ने भी आंदोलन को और धार देते हुए कहा कि यदि अधिवक्ताओं की मांगों पर सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो हड़ताल और भी लंबे समय तक चलेगी। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ह्लअगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती हैं तो हम और भी व्यापक आंदोलन करेंगे और हमारा हड़ताल जारी रहेगा। अधिवक्ताओं का कहना है कि यह केवल अधिवक्ताओं की लड़ाई नहीं है, बल्कि आम जनता के हक और अधिकार की लड़ाई है। निबंधन दरों में हुई वृद्धि से गरीब और मध्यम वर्ग की आर्थिक स्थिति पर सीधा असर पड़ेगा। जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री कराने में उन्हें अतिरिक्त आर्थिक बोझ उठाना पड़ेगा। वहीं दस्तावेज लेखन और स्टाम्प विक्रेता भी इस निर्णय से प्रभावित होंगे। इस दौरान संरक्षक नगेंद्र नाथ चतुर्वेदी, अध्यक्ष गणेश मणि त्रिपाठी, महामंत्री अब्दुल हक, उपाध्यक्ष अतहर जमाल, सूचना मंत्री जितेंद्र त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता सनाउल्लाह खान, यार अली सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे। सभी ने एकजुट होकर आंदोलन को और तेज करने का संकल्प लिया। जिले की सभी तहसीलों के बार एसोसिएशन और सिविल सिद्धार्थनगर एसोसिएशन ने आंदोलन को अपना पूर्ण समर्थन दिया है।

नपं उसका बाजार को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हेमंत कुमार

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। नगर पंचायत उसका बाजार के अध्यक्ष प्रतिनिधि /पूर्व चेयरमैन हेमंत कुमार जायसवाल ने नगर पंचायत उसका बाजार कस्बा परिक्षेत्र को साफ सफाई स्वच्छता हेतु सार्थक प्रयास किया जा रहा है, वहीं न0 पं0 उसका बाजार को विकास से अच्छादित करते हुए न0पं0 को सुन्दर बनाने हेतु अथक प्रयास जारी हैं, इसके अलावा पूर्व नगर पं0 अध्यक्ष हेमंत कुमार जायसवाल ने उसका बाजार कस्बा परिक्षेत्र में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य करा कराते हुए जहां इतिहासिक विकास कार्य कराया गया, वहीं जनहित में दर्जन भर से अधिक उत्कृष्ट विकास कार्य करा कर कीर्तिमान भी स्थापित किया गया है, युवा अध्यक्ष प्रतिनिधि हेमंत जयसवाल ने सुबह शाम साफ सफाई स्वच्छता के लिए संबंधित सफाई नायकों एवं सफाई कर्मियों को आवश्यक एवं कड़े निर्देश जारी किए गए हैं, जिसका निरीक्षण सुबह शाम हेमंत कुमार जायसवाल द्वारा किया जाता है।

संदिग्ध युवक पकड़ा, ग्रामीणों का दावा- चाकू बरामद

सिद्धार्थनगर- ढेबरूवा थाना क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं के बीच एक नया मामला सामने आया है। दुधवनिया गांव में रात्री गश्त कर रहे ग्रामीणों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा है। 30 अगस्त को सेवरा और दुधवनिया गांव में हुई चोरी के बाद से ग्रामीण रात में पहरा दे रहे हैं। बीती रात गश्त के दौरान उन्होंने गांव के बाहर एक संदिग्ध युवक को देखा। ग्रामीणों के अनुसार युवक के पास से चाकू बरामद हुआ है। उन्होंने इसकी फोटो और वीडियो भी बनाए हैं। ढेबरूवा पुलिस को सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची। थाना प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि पकड़ा गया युवक आसपास के गांव का रहने वाला है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। हालांकि, पुलिस ने चाकू बरामद होने की बात से इनकार किया है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में लगातार हो रही चोरियों से लोगों में असुरक्षा की भावना है। वे रात भर पहरा देने को मजबूर हैं।

अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

सिद्धार्थनगर- बांसी थाना क्षेत्र में सोमवार देर शाम एक सड़क हादसा हुआ। बहुरहना निवासी शुभम तिवारी उर्फ दीपक (26) और अश्विनी पांडे बाइक से बांसी से घर लौट रहे थे। काजी रुदौली स्थित शिव मंदिर के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में शुभम तिवारी की मौके पर मौत हो गई। अश्विनी पांडे को स्थानीय लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बंसी ले गए। डॉक्टरों ने उन्हें बस्ती रेफर किया। वहां से हालत गंभीर होने पर लखनऊ भेज दिया गया। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। प्रभारी निरीक्षक बांसी के अनुसार वाहन और चालक की तलाश जारी है। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से आरोपी वाहन चालक की गिरफ्तारी और मृतक परिवार को मुआवजे की मांग की है।

वाहन की टक्कर से दिव्यांग कर्मचारी की मौत

ललितपुर। थाना महरौनी क्षेत्र में सोमवार को तेज रफ्तार 108 एम्बुलेंस की टक्कर से एक दिव्यांग कर्मचारी की मौत हो गई। घटना बंटी पेट्रोल पंप के पास हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, तहसील महरौनी निवासी 32 वर्षीय अभिषेक सिंह तहसील में कर्मचारी था और वह पैरों से विकलांग था। वह सोमवार को किसी काम से अपनी तीन पहिया मोटर साइकिल से जा रहे थे। इसी दौरान मड़ावरा से आ रही 108 एम्बुलेंस ने लापरवाही पूर्वक उनकी मोटर साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि अभिषेक सिंह मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गए और उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी।

महिला को जबरन जहरीली दवा पिलाने के आरोप में एफआईआर दर्ज

ललितपुर। ग्राम सरखड़ी निवासी 65 वर्षीय श्रीमती शांति पत्नी मुरलीधर कुर्मी ने अपने गांव के तीन लोगों पर मारपीट कर जान से मारने की नीयत से जबरन जहरीली दवा पिलाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में नाराहट थाना पुलिस ने बीएनएस के विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 जून 2025 की सुबह करीब साढ़े पांच बजे श्रीमती शांति अपने घर लौट रही थीं। इसी दौरान गांव के ही परन पुत्र हरिओम विश्वकर्मा, उनकी पत्नी सावित्री व हरिओम विश्वकर्मा ने रास्ता रोक लिया। आरोप है कि तीनों ने पुरानी रंजिश के चलते पहले तो प्रार्थिनी को घेरकर गाली-गलौज व मारपीट की, फिर जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें जबरन जहरीली दवा पिलाई। शोरगुल सुनकर उनका पुत्र और पति मौके पर पहुंचे, तो आरोपी उन्हें भी गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता की हालत बिगड़? पर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाकर उपचार कराया, जहां से गंभीर स्थिति देखते हुए उन्हें रेफर कर दिया गया। इलाज के बाद उनकी जान बच सकी। पीड़िता द्वारा पहले थाने में रिपोर्ट कराने की कोशिश की गई, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्होंने प्रार्थना पत्र के जरिए पुलिस अधीक्षक से भी शिकायत की। इसके बाद प्रकरण न्यायालय के आदेश पर दर्ज हुआ।

एकाधिकार को चुनौती

ट्रंप प्रशासन के अधिकारी, डोनॉल्ड ट्रंप और अमरीकी मीडिया का एक वर्ग बार-बार भारत को सही दोस्त चुनने, चीन से दूर रहने, रूस से कारोबारी रिश्ते खत्म करने की सलाह दे रहे हैं। भारत पर भड़क रहे हैं और नीचता की हद तक मर्यादा लांघ रहे हैं। सवाल है कि भारत अगर अमरीका को अच्छा दोस्त माने भी तो किस बिना पर। ट्रंप ने भारत और मोदी को दोस्त बताकर छूरा घोंपने का काम किया है। इसके बाद भी अगर बार-बार भारत के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं, तो यह एक तरह से खिसियानी बिल्ली जैसी हरकतें कर रहे हैं। भारत अमरीकी धमकियों के सामने नहीं झुका। अपनी संप्रभुता, रणनीतिक स्वायत्तता के साथ सौदा करने को तैयार नहीं हुआ, इससे ट्रंप, उनका प्रशासन और उनके चापलूस अधिकारी चिढ़े हुए हैं। भारत के पक्ष में ओबामा सहित बड़ी संख्या में लोगों का आना भी ट्रंप को अब परेशान कर रहा है। लेकिन अपनी सनक में उन्होंने भारत-अमरीकी संबंधों को गर्त में पहुंचा दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप की अपरिपक्वता, खीझ और टैरिफ की सनक ने उन शक्तियों को एकजुट करा दिया, जो अभी तक बिखरी हुई थीं। आपस में साझापन और सामंजस्य नहीं था। आपसी एकजुटता और लामबंदी का

मूल्यांकन नहीं किया गया था। बल्कि शत्रुता के भाव ज्यादा थे। कुछ हमलावर घटनाएं भी हुई थीं। भारत के लिए 1962 का युद्ध विस्मृत-सा अतीत है, क्योंकि उसके बाद भारत और चीन विश्व की महाशक्ति बन चुके हैं। इस बार एससीओ के बैनर तले 26 देशों के राष्ट्राध्यक्षों और प्रधानमंत्रियों ने जिस शिखर सम्मेलन का आगाज किया है, वे देश विश्व की नई महाशक्ति बन सकते हैं। वे देश नई वैश्विक व्यवस्था भी तैयार कर सकते हैं। दुनिया की 40 फीसदी से अधिक आबादी इन देशों में बसती है। यह आबादी एक सामूहिक शक्ति है। इन देशों का कुल तेल रिजर्व दुनिया के 20 फीसदी के बराबर है। इन देशों के पास 5200 से अधिक परमाणु अस्त्र हैं, हालांकि अधिकतर देश परमाणु सम्पन्न नहीं हैं। रूस और चीन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के स्थायी, वीटो पॉवर धारक देश हैं। दूसरी तरफ अमरीका के पक्ष में नाटो और यूरोपीय देश भी नहीं हैं। ब्रिटेन और फ्रांस सरीखे वीटो पॉवर देश भी पूर्णतः अमरीका के पक्ष में नहीं हैं। राष्ट्रपति ट्रंप के टैरिफवाद ने विरोधियों की महाशक्ति को उभरने का मौका दिया है, जबकि अमरीका की फेडरल अपीलीय अदालत ने 7-4 के फैसले से ट्रंप के टैरिफवाद को अवैध करार दे दिया है। अदालत का मानना है कि राष्ट्रपति के पास ऐसे आपात कालीन, असीमित अधिकार नहीं हैं। सिर्फ अमरीकी कांग्रेस ही ऐसे व्यापक टैरिफ को स्वीकृति दे सकती है। अब राष्ट्रपति ट्रंप के पास 14 अक्टूबर तक का समय है कि वह इस अदालती फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दे सकते हैं। बहरहाल एससीओ के विमर्श का अकेला मुद्दा टैरिफवाद नहीं है। दरअसल अब अमरीका के एकाधिकारवाद के खिलाफ देश लामबंद हो रहे हैं। भारत, चीन, रूस सरीखी शक्तियां, अन्य देशों के पूर्ण समर्थन के साथ, अपने पुराने मतभेदों को हाशिए पर रखकर लामबंद हो रही हैं, तो इसमें अमरीकी राष्ट्रपति की दादागीरी की भूमिका अत्यधिक है। सात साल के बाद प्रधानमंत्री मोदी न केवल चीन गये बल्कि राष्ट्रपति शी और पुतिन के साथ द्विपक्षीय बातचीत भी हुई है। यह मुलाकात बेहद महत्वपूर्ण है। साझा संवाद के मुद्दे बाद में सार्वजनिक हुए, लेकिन भारत-चीन की यह एकजुटता ही महाशक्ति का सूत्रपात करती है। दोनों देशों ने सीमा-विवाद सुलझाने का एक रोडमैप और कार्यबल भी तय कर लिए हैं। हालांकि यह एक लंबी और पेचीदा प्रक्रिया है। अगर चीन सीमा विवाद को हल करने में ईमानदारी से पहल करता है और यह विवाद खत्म हो जाता है, तो भारत और चीन के रिश्तों में भरोसा कायम हो सकता है। अगर भारत-चीन और रूस एकजुट हो जाते हैं, तो यह अमरीका के सैन्य, आर्थिक और डॉलर के साम्राज्य के लिए बहुत बड़ी चुनौती होगी।

लोकतंत्र में राजनीतिक मर्यादा सर्वोपरि

अरुण दीक्षित

संसदीय व्यवस्था में चुनावों से राष्ट्र का भाग्य तय होता है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है। भारत के लोग ही भारत के भाग्य विधाता हैं। निष्पक्ष चुनावों से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। जन गण मन का शासन मिलता है। भारतीय शासन प्रणाली में संसदीय जनतंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका है। लोकतंत्र जनता के द्वारा जनता के लिए है। इन निष्पक्ष चुनाव के लिए राष्ट्रपति को चुनाव आयोग के गठन का अधिकार है। यह अधिकार संविधान के भाग 15 में दिया गया है। चुनाव आयोग की नैतिक जिम्मेदारी होती है कि वह निष्पक्ष चुनाव की व्यवस्था बनाए। निष्पक्ष चुनाव कराए। राजनीतिक दल चुनावों में भागीदारी करते हैं। बहुमत या गठबंधन से सरकारें बनाते हैं। कई बार गठबंधन से बनने वाली सरकारों पर सौदेबाजी के आरोप लगते है। संविधान प्रत्येक वयस्क भारतीय को मताधिकार का अधिकार देता है।

विषय बिहार राज्य के संभावित विधानसभा चुनाव की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण से संबंधित है। निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण कर नई मतदाता सूची बनाई जाएगी। इसी नई मतदाता सूची के पुनरीक्षण कराए जाने में निर्वाचन आयोग और विपक्षी दलों के बीच विवाद है। वे केंद्र सरकार पर हमलावर हैं। प्रकरण उच्चतम न्यायालय में है। निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण में बड़ी संख्या में नामों को अलग किया है। इसमें कुछ घुसपैठिये भी हैं। इसकी संख्या 65 लाख बताई जाती है। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि निर्वाचन आयोग 65 लाख नाम जो मतदाता सूची में गलत पाए गए हैं, आयोग उनके नाम और उनको बाहर करने का कारण सार्वजनिक जारी करे। मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण का यह प्रकरण इसलिए गहराया कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कई बार अनेक स्थानों पर निर्वाचन आयोग पर वोट चोरी के आरोप लगाए हैं। यह आरोप मीडिया में सनसनी बने। सत्ता पक्ष ने इन आरोपों का खंडन किया है। निर्वाचन आयोग ने इस पर अपनी राय रखने और तथ्यपरक जानकारी राष्ट्र के सामने रखने में कोताही बरती है। यहां यह ध्यान देने योग्य है कि वोट चोरी जैसे शब्दों के प्रयोग से निर्वाचन आयोग संस्था को आहत किया गया है। वहीं निर्वाचन आयोग द्वारा प्रामाणिक उत्तर नहीं दिया जाना दोनों स्थितियां लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है। प्रकरण अभी भी उच्चतम न्यायालय में है। नेता प्रतिपक्ष बिहार में वोटर अधिकार यात्रा को लेकर मैदान में है। उनके साथ अन्य विपक्षी भी विरोध में जुटे हैं। इस विरोध को उचित नहीं कहा जा सकता है। संविधान के भाग 15 अनुच्छेद 324 में संविधान के अधीन संसद और प्रत्येक राज्य के विधान मंडल के लिए कराए जाने वाले सभी निर्वाचनों के लिए तथा राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति के पदों के निर्वाचन के लिए निर्वाचन नामावली तैयार करने और निर्वाचनों के लिए एक आयोग होगा। इसे संविधान में निर्वाचन आयोग कहा गया है। अनुच्छेद 325 में धर्म, मूलवंश, जाति या लिंग के आधार पर किसी व्यक्ति का निर्वाचन नामावली में नाम सम्मिलित किए जाने का अपात्र न होना और उसके द्वारा किसी विशेष निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किए जाने का दावा न किया जाना लिखा है। संसद या किसी राज्य के विधान मंडल के सदन या प्रत्येक सदन के लिए निर्वाचन के लिए प्रत्येक प्रादेशिक निर्वाचन के लिए एक साधारण निर्वाचक नामावली होगी।

अनुच्छेद 326 में लोकसभा, विधानसभा के लिए निर्वाचन मताधिकार के आधार पर होंगे, अर्थात प्रत्येक व्यक्ति जो भारत का नागरिक है। 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुका है। समुचित विधानमंडल द्वारा बनाई गई किसी विधि के अधीन चित्त विकृति, अपराध या भ्रष्ट या अवैध आचरण के आधार पर अन्यथा निरर्हरित (अयोग्य) नहीं कर दिया जाता है। मतदाता के रूप में रजिस्ट्रीकृत का हकदार होगा। अनुच्छेद 327 और 328 में कहा गया है, कि संविधान के उपबंधों के अधीन समय-समय पर संसद विधानमंडल सदन के लिए निर्वाचन नामावली निर्वाचन क्षेत्र का परिसीमन शामिल है। उस राज्य के विधान मंडल सदन के लिए संबंधित सभी विषयों जिसके अंतर्गत निर्वाचक नामावली तैयार कराना सदनों के सम्यक गठन सुनिश्चित करने की व्यवस्था है। स्पष्ट रूप से भारत का प्रत्येक नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था में सहयोग करेगा। मताधिकार का हकदार होगा। ऐसे किसी भी कारण और आरोप अवैध आचरण के बिना मताधिकार से वंचित किया जाना न्यायसंगत नहीं प्रतीत होता है। संविधान में प्रदत्त अधिकारों के अंतर्गत राजनीतिक दलों का गठन होता है। राजनीतिक दलों का उद्देश्य राष्ट्र के वैभव के लिए ही होना चाहिए। राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने दलों की विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए स्वतंत्र होते हैं। अनेक मुददों पर राय भिन्न हो सकती है। इन राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, निर्वाचन आयोग और समय-समय पर निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारियों का आचरण संसदीय परम्परा अनुसार आदर्श आचरण वाला होना चाहिए। इनमें से कोई भी यदि निष्पक्ष नहीं है तो उसका व्यवहार लोकतंत्र का हनन करने वाला ही कहा जायेगा। राजनीति में असंसदीय शब्दों के प्रयोग बढ़े हैं। अमर्यादित आचरण हो रहा है। इस पर बहस होनी चाहिए। क्या राजनीति में सस्ती लोकप्रियता के लिए अपशब्द ही मार्ग है। विगत 1 अगस्त को लोकसभा, राज्यसभा दोनों सदनों में बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एस.आई.आर) के मुद्दे पर गतिरोध हुआ था। विपक्षी दलों ने इस पर हंगामा किया था। लोकसभा अध्यक्ष ने कहा था कि जनता ने आपको इतना बड़ा अवसर दिया है। कहा कि सदन की गरिमा बनाए रखें। अध्यक्ष ने यह भी कहा था कि अगर लोकतंत्र मजबूत करना है तो सदस्यों को प्रश्न काल के दौरान ही प्रश्न उठाने देने होंगे। इससे सरकार की जवाब देही तय होती है। देश के लोगों की आकांक्षाएं पूरी होने दें और देश को आगे बढ़ाने में अपना सहयोग दें। इसी मुद्दे पर राज्यसभा में भी हंगामा हुआ था। उसी दिन लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा था कि निर्वाचन आयोग वोट चोरी में शामिल है। उनके पास पुख्ता सबूत हैं। इस पर निर्वाचन आयोग ने कहा था कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के लगाए वोट चोरी संबंधी आरोप निराधार हैं। आयोग ने कहा कि इन गैर जिम्मेदाराना टिप्पणियों को नजरअंदाज किया जाना चाहिए। इससे पूर्व 12 अगस्त को संसद से निर्वाचन आयोग तक प्रदर्शन के लिए निकले राहुल गांधी ने तब कहा था कि यह लड़ाई संविधान बचाने के लिए है। सही मतदाता सूची बने, इसके लिए है। सत्ता पक्ष से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान ने यह कहा था कि यह प्रदर्शन अस्थिरता पैदा करने वाला है। विपक्षी दल अराजकता पैदा करना चाहते हैं।

राहुल गांधी का आरोप है कि निर्वाचन आयोग भाजपा के लिए वोट चोरी कर रहा है। इसमें जो भी शामिल है, उसे बख्शा नहीं जाएगा। राहुल गांधी के यह आरोप तब आए ,जब निर्वाचन आयोग ने बिहार राज्य की मतदाता सूचियां के गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद सूचियों का मसौदा प्रकाशित किया था। 17 अगस्त को मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरुद्ध विपक्षी दलों के गठबंधन की मतदाता अधिकार यात्रा के बीच निर्वाचन आयोग ने अपने फैसले और प्रक्रिया को सही ठहराया था। विपक्ष के सभी आरोपों को खारिज भी किया था। यह भी कहा था कि राहुल गांधी को हलफनामा देना होगा या देश से माफी मांगनी होगी। तीसरा विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा था कि उनका उद्देश्य मतदाता सूचियां ठीक करना है।

सामयिक

> राजनीतिक दलों के कार्यकर्ता अपने-अपने दलों की विचारधारा के प्रचार-प्रसार के लिए स्वतंत्र होते हैं। अनेक मुददों पर राय भिन्न हो सकती है। इन राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं, निर्वाचन आयोग और समय-समय पर निर्वाचन कार्यों में लगे अधिकारियों का आचरण संसदीय परम्परा अनुसार आदर्श आचरण वाला होना चाहिए। इनमें से कोई भी यदि निष्पक्ष नहीं है तो उसका व्यवहार लोकतंत्र का हनन करने वाला ही कहा जायेगा।

सोशल मीडिया

हिरासत में मौतों का रिकॉर्ड बनाने वाला यूपी का शासन प्रशासन किस हद तक असंवेदनशील है, इसका नया उदाहरण अब हरदोई से आया है। हिरासत में मौत हत्या के बराबर है। अखिलेश यादव.

महाराष्ट्र राजभवन में आज विराजे भगवान गजानन के दर्शन किये और राज्यपाल व उप राष्ट्रपति पद के प्रत्याशी श्री सीपी राधाकृष्णन जी से शिष्टाचार भेंट की। जेपी नड्डा.

प्रधानमंत्री मोदीजी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने कॉमन वेल्थ गेम्स 2030 की मेजबानी के लिए भारत की बोली प्रस्तुत करने को मंजूरी दे दी है। नितिन गडकरी.

संकल्प की शक्ति

पुण्य कर्मों में हमारी प्रखरता हमारे व्यक्तित्व, आत्मिक साधना और आध्यात्मिक मार्ग पर चलने के हमारे संकल्पों को मजबूत करती है। पुण्य कर्म हमेशा हमारे साथ रहते हैं और हमे आत्मसंतोष भी प्रदान करते हैं। जीव विज्ञान के अनुसार मनुष्य बंदर जाति का एक प्राणी माना गया है पर उसके अंतराल में परमात्मा ने इतनी विशिष्ट शक्तियों का जखीरा भर रखा है कि उसे सृष्टि का मुकुट मणि कहा जाना बहुत अंशों में सही है। शरीर संरचना में प्रयुक्त हुए असख्यों जीवकोशों में से प्रत्येक घटक ऐसा है जो नन्हें नन्हें गोलक जैसे प्रतीत होते हुए भी असाधरण क्षमता सम्पन्न है। पदार्थ के परमाणु का वैज्ञानिक विधि से नाभिकीय विस्फोट करने पर उससे निकलने वाली प्रचण्ड ऊर्जा समूचे क्षेत्र को प्रभावित करती है। ठीक इसी प्रकार जीवकोशों को सम्मिलित शक्ति भी एक आयन मण्डल बनाती है जिसे अंग्रेजी में आरा कहते हैं और संस्कृत में तोजोवलय। यह विद्युत प्रकाश यंत्र उपकरणों से स्थूलतः तो प्रायः एक जैसा ही दिखता है। उनमें रंगों भर का अंतर पाया जाता है, किन्तु सूक्ष्म दृष्टि से देखा जाये तो उसमें रंगों का ही नहीं शक्ति का भेद भी पाया जाता है। इसमें जैव चुम्कत्व के गुण भी होते हैं। मोटे तौर से बिजली दो प्रकार की होती है। एक खींचने वाली, दूसरी धकेलने वाली। प्रकारान्तर से इसे उसका गुण कह सकते हैं। इलेक्ट्रोमैग्नेटिज्म के रूप में यह दूसरों के शरीर, मन आदि को अपनी ओर आकर्षित करती है। धक्का मारने वाली दूसरी शक्ति त्रास पहुंचाती है। यह जैव विद्युत सामने वाले को तोड़ती व पतन के गर्व में गिरा देती है। तांत्रिकों और मांत्रिकों में यही भेद होता है। वेद मंत्रों की दिव्य ध्वनियों का गुंजन मनुष्य को मोहित झंगृत, प्रसन्न और प्रफुल्लित करता है। इससे शक्ति बलिष्ठता मिलती है। जिससे वह आत्मिक प्रगति के क्षेत्र में ऊंचा उठता व आगे बढ़ता है। शक्ति के आदान प्रदान का यह क्रम मित्रों, बालकों, अभिभवकों के बीच भी चलता है, पर सबसे अधिक सामर्थ्य गुरु के शक्तिपात में होती है। जिसने तप साधना द्वारा अपने में शक्ति का भण्डार एकत्रित किया है। वह उसका अनुदान भी किसी को दे सकता है। जिसकी कमाई का आधर रोटी भर है, अपना खर्च ही मुश्किल से चला पाता है, वह क्या किसी को दे सकता है? लिया तो किसी से, कहीं से भी जा सकता है किन्तु दे पाना उन्हीं के लिए संभव है जिनके पास कुछ जमा पूंजी हो। यह जमा पूंजी अध्यात्म क्षेत्र में तप साधना संयम सेवा के आधर पर ही कमाई गयी होती है। अपने को पवित्र बनाकर, अनगढ़ से सुगढ़ बनाकर मनुष्य निरोग बनता है और पुण्य की प्रखरता से बलिष्ट बनता है। यों साधना से जप तप भी करना पड़ता है।

अंतर्दृष्टि

मोहल्ले के कुत्तों ने दिखाया दम

व्यंग्यलोक

अब कोर्ट कचेहरी तक कुत्तों की ताकत देख चुके हैं। पहले मेरे पूरे मोहल्ले में एक कुत्ता था। सीधा-सादा और सरल सा। पास से निकलता तो वह पांवों में लोट जाता और दुम हिलाने लगता। पूरे मोहल्ले का ध्यान वही कुत्ता रखता था। हालांकि था तो वह कुत्ता ही, लेकिन उससे किसी को कोई परेशानी नहीं थी। उसी के भलेपन का फायदा उठाकर पता नहीं कहाँ से पांच-सात कुत्ते और मेरे मोहल्ले में आ गये हैं। इनमें एक-दो तो एकदम पिल्ले हैं। समझते-पहचानते नहीं, अपना-पराया नहीं देखते और लगते हैं भोंकने। नये कुत्तों का और भी बुरा हाल है, सारे दिन मोहल्ले में इधर से उधर घूमते रहते हैं और भले आदमी की पिण्डली पकड़ने को आतुर रहते हैं। मैं तो इनकी कार्य शैली से सदैव सहमा सा रहता हूँ। पता नहीं कब मिजाज बदल लें और काट लें। सही कहूं तो लगता है मोहल्ले में एक यूनियन सी बना ली है। जब भी घर से बाहर निकलता हूँ तो चारों तरफ कुत्ते ही कुत्ते घूमते नजर आते हैं। एकदम आवारा और हर ऊंच-नीच से बेखौफ। भार्गव साहब कुत्तों के शौकिन हैं। सारे दिन उनसे बतियाते और खेलते रहते हैं। उनके लिए रोटियां बनवाते हैं और अपने हाथों से खिलाते हैं। भार्गव साहब ने लगभग सभी कुत्तों को अपना पालतू बना लिया है। भार्गव साहब जब मौहल्ले का राउण्ड लेते हैं तो सारे कुत्ते उनके आगे-पीछे घूमते रहते हैं। एक दिन मैंने भार्गव साहब को अपने घर बुलाया और चाय पेश करते हुये कहा-भार्गव साहब अपने मोहल्ले में कुत्ते बहुत हो गये हैं। अच्छा हो इनमें से दो-चार को नगर-निगम में शिकायत लिखवाकर यहां से विदा कर दें? भार्गव साहब ने चाय का घूंट लिया और हैरानी से बोले- आप मोहल्ले के कुत्तों की शिकायत नगर निगम में करेंगे? थोड़ी गैरत रखो, इनको बड़ी मुश्किल से पाल-पोसकर बड़ा किया है और मोहल्ले की सुरक्षा के लिए खुला छोड़ रखा है। आपका इन बेचारों ने बिगाड़ा क्या है? मैं बोला-बुरा मत मानिये भार्गव साहब! माना आपने इन्हें स्नेह दिया है, पाला-पोसा है और इन्हें भोंकने के काबिल किया है। परन्तु मोहल्ले में हमारे-आपके बाल-बच्चे और महिलायें आती-जाती हैं। कभी उन पर इन्होंने उन पर हमला कर दिया तो लेने के देने पड़ जायेंगे। इसलिए कह रहा था, एक-दो कुत्ते तो फिर भी चल सकते हैं, लेकिन इस पूरी फौज ने तो मोहल्ले का चैन छीन रखा है। भार्गव साहब ने पूरी चाय हलक से उतारी और बोले-शर्मा जी, ये कुत्ते हैं और जानवर भी हैं। इनमें समझने-बूझने की तो तमीज होती नहीं, कल ये तैश में आकर ऑफेंसिव हो गये तो आपका जीना हराम कर देंगे। ये कुत्ते हैं, उन्हें इनके हाल पर छोड़ दीजिये। निश्चित मानिये इन्हें इस मोहल्ले की आदत हो गई है।

पूरन सरमा

रमेश ने जीता सर्फिंग में देश के लिए पहला पदक

खेल-जगत

महाबलिपुरम की लहरें अभी निश्चित लय में स्थिर नहीं हुई थीं, जिसकी 24-वर्षीय रमेश बुधियाल उम्मीद कर रहे थे। फिर उन्हें अपना मार्ग मिल गया 6.17 का स्कोर अर्जित करने के लिए। इण्डोनेशिया के पजार अरियाना और दक्षिण कोरिया के कनोया हीजे उनसे आगे थे। अंतिम चरण में रमेश ने कभी ऊंची उठती तो कभी नीची रहती लहरों के बावजूद अपना संयम बनाये रखा 6.43 के स्कोर के लिए। उनका कुल स्कोर 12.60 हुआ। हॉर्न बज गया। रमेश के चेहरे पर मुस्कान आयी और उन्होंने अपना बोर्ड ऊपर उठा लिया। वह एशियन सर्फिंग चैंपियनशिप्स में भारत के लिए ऐतिहासिक पहला व्यक्तिगत पदक जीतने वाले खिलाड़ी बन गये थे। उन्होंने कांस्य पदक जीता।

कुछ साल पहले तक कोई नहीं कह सकता था कि भारत में सर्फिंग का विकास इतनी तेजी से होगा। लेकिन हर साल हम मजबूत होते जा रहे हैं। रमेश इस परिवर्तन के साक्षी हैं। वह पांच साल के थे, जब उनका लहरों से परिचय हुआ था, केरल के तटवर्ती शहर कोवलम में। उनके पैरेंट्स इस शहर में कर्नाटक के मुरादी टांडा से कोवलम आये थे, कपड़े की दुकान खोलने के लिए। स्कूल के बाद रमेश उन बच्चों से तैराकी सीख रहे थे, जो पैदा ही तैराक हुए थे। उन्हें समुद्र से प्यार होता जा रहा था। फिर एक दिन रमेश ने अपने एक दोस्त कृष्ण थागारप्पा (जो सब सर्फिंग इंस्ट्रक्टर हैं) को बोर्ड पर देखा। वह क्या कर रहे हैं? वह कैसे कर रहे हैं? उन्हें वेटसूट कहां से मिला और वह अजीब फ्लोटिंग प्लेटफार्म? रमेश के इन सवालों का जवाब देने के लिए कृष्ण उन्हें जेली बिगोल के पास ले गये, जो बेल्जियन हैं और जिन्होंने एनजीओ कोवलम सर्फ क्लब की स्थापना की है व उसमें सर्फिंग सिखाते भी हैं। यह क्लब बच्चों में स्कूल के बाद सर्फिंग को बेहतर सेहत व आउटडोर एक्टिविटी के रूप में प्रोत्साहित करता है। बिगोल ने रमेश को बोर्ड और कुछ शिक्षा दी। रमेश के लिए सर्फिंग ऐसी हो गई जैसे मछली के लिए पानी। वह असामान्य रूप से पानी के लिए तैयार रहने लगे। पहले क्षण से उन्हें पानी से प्यार हो गया था। रमेश के जीवन में बिगोल का गहरा प्रभाव पड़ा। रमेश के पैरेंट्स जब इस खेल को लेकर डर व घबराहट से भरे हुए थे, तो बिगोल ने उन्हें आश्वस्त किया। बिगोल ने रमेश व अन्य बच्चों में सर्फर संस्कृति उत्पन्न की, जिसका संबंध बांटने, दया व सहयोग से है। बिगोल बच्चों के लिए तीसरे पैरेंट और सबसे दोस्ती करने वाले शिक्षक बन गये। वह बच्चों के साथ हंसते, उन्हें कहानियां सुनाते व अच्छा खाना खिलाते। वह सर्फ सीजन में अब भी नये बोर्ड्स व सर्फशॉर्ट्स से भरे बैग के साथ बेल्जियम से आते हैं। बिगोल जैसे शिक्षकों ने ही भारत में सर्फिंग का नक्शा बदला है। अब तक बिगोल के 20 छात्र इस खेल को प्रोफेशन के तौरपर अपना चुके हैं। रमेश भी उनमें से एक हैं।

रमेश जब 13 साल के हुए तो उन्होंने राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेना शुरू कर दिया। यह एकदम नया अनुभव था, जिसकी तीव्रता व जोश से उन्हें आनंद आने लगा। फ्री-सर्फिंग ध्यान लगाने जैसी है। इसमें कोई दबाव नहीं होता। बस आप होते हैं और पानी। लेकिन प्रतिस्पर्धात्मक-सर्फिंग एकदम अलग है, जिसमें जीतने से रमेश को एहसास हुआ कि वह दबाव में सर्वश्रेष्ठ लहर को भी पकड़ सकते हैं और वह वास्तव में इसमें कॅरियर भी बना सकते हैं। रमेश ने 10वीं कक्षा के बाद पढ़ना छोड़ दिया और इस खेल पर फोकस करना तय किया। प्रतिस्पर्धा ने उन्हें संयम की शक्ति प्रदान की और वह रूटीन दिया जिसका अब वह पालन करते हैं। हर मुकाबले से पहले वह लगभग आधा घंटे तक समुद्र को देखते रहते हैं, लहरों को ट्रेक करते हैं और उनके पैटर्न को समझने का प्रयास करते हैं। फिर जब वह बोर्ड पर होते हैं, तो इन तस्वीरों को अपने मन में दोहराते हैं ताकि अपनी अगली चाल को तय करने में मदद मिल सके। उन्हें बैरल लहरें पसंद हैं, जो लगभग टनल की तरह बंद होती हैं। ह्यक्लोज-आउटह्ल लहरें जितनी मोटी होती हैं, उतना ही अधिक कठिन उन्हें नेविगेट करना होता है। यह अंदाजा लगाना मुश्किल होता है कि वह कहां बंद होंगीं या वह किस प्रकार ध्वस्त हो जायेंगी और इससे योजना बनाने के लिए बहुत कम समय मिल पाता है। सर्फिंग में स्कोर स्पीड, पॉवर, फ्लो और मेजर व क्रिटिकल टर्न से तय होता है। लहरें जितनी अधिक ऊंचीं होंगी उतना ज्यादा समय सर्फर को मिल जाता है, जजों को प्रभावित करने के लिए। महाबलिपुरम में एशियन चैंपियनशिप्स (भारत ने जिसकी पहली बार मेजबानी की) के दौरान किस्मत से लहरें 4 से 8 फीट ऊंचीं थीं, जिससे रमेश को लाभ मिला। उन्होंने विश्वास से सर्फ किया और पदक भी जीता।

सारिम अन्ना.

विचार

जब तक 'मत-छुओ वाद' तुम्हारा धर्म और रसोई का बरतन तुम्हारा देवता है तब तक तुम्हारी आध्यात्मिक उन्नति नहीं हो सकती।

-स्वामी विवेकानन्द.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए, अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।

-बर्क.

महान बनने की पहली सीढ़ी नम्रता है। नम्रता वह अमोघ अस्त्र है जो हमें सफलता की राह दिखाती है और मानव को देवता बना देती है।

-रस्किन.

जो व्यक्ति प्रेमपूर्वक मिले, उससे दौड़कर मिलना चाहिए, परन्तु जो हृदय खोल कर न मिलता हो, उससे कभी नहीं मिलना चाहिए।

-संत कबीर.

पेड़ अपने सिर पर गर्मी सह लेता है, लेकिन अपनी छाया के द्वारा औरों को धूप से बचाता है।

-कालिदास.

आपकी बात

खाली पदों को भरा जाये

उत्तर प्रदेश में सरकारी नौकरियों में खाली पदों पर भर्ती करने के बजाय प्रदेश सरकार सेवा प्रदाताओं के माध्यम से भर्तियां करती हैं। इससे जो युवा नौकरी में जाते हैं उनका दोहरा शोषण होता है। एक तो अधिकांश सरकारी सेवा प्रदाता कंपनियां युवाओं से घूस लेकर भर्तियां करती हैं, दूसरे उनको बहुत मामूली वेतन मिलता है और तीसरे उनकी नौकरी को भी हमेशा खतरा बना रहता है। यह स्थितियां इसलिए बनी हैं कि अगर सरकार सीधे संविदा पर भर्ती करे तो जो लोग एक बार भर्ती हो जायेंगे वे नौकरी में बने रहने के लिए यूनियन बनाकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे, स्थायी करने की मांग करेंगे और फिर वेतन बढ़ाने और बात-बात पर हड़ताल भी करेंगे।

कुछ लोगों की मनमानी के कारण आज पूरा युवा परिणाम भुगत रहा है। सरकार अपनी तरफ से संविदा नौकरियों पर भी भारी पैसा खर्च करती है, लेकिन सेवा प्रदाता कंपनी पूरा पैसा नहीं देती हैं। वह खुद भी मुनाफा काटती हैं, उसके कर्मचारी घूस लेते हैं और मामूली वेतन पर युवाओं को रखकर उनका शोषण करती हैं। युवाओं का शोषण रोकने और उनको अच्छा वेतन व सुविधाएं देने के लिए यह जरूरी है सरकार चाहे स्थायी नौकरी दे या संविदा पर रखे, लेकिन भर्तियां सीधे करें। भर्ती में बिचौलिया कंपनियों की कोई भूमिका नहीं होनी चाहिए। हां अगर सरकार को यह डर हो कि यूनियनबाजी होगी तो पहले से ही यह बांड भरा लेना चाहिए कि संविदा नौकरी संविदा ही रहेगी। परमानेन्ट होने के लिए अन्य युवाओं के साथ आवेदन करना होगा। दरअसल आज प्रदेश में लाखों भर्तियों की जरूरत है लेकिन सरकारी नौकरी में मोटा वेतन और काम के बजाय मटरगस्ती के कारण सरकार भर्तियां नहीं करती है।

महेश कुमार श्रीवास्तव, बहराइच.

ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा

हर बरसात के बाद सड़कों की हालत बदतर हो जाती है और महीनों या कई बार सालों तक उसको दुरुस्त नहीं किया जाता है जिसके कारण गड्ढे लगातार बढ़ते जाते हैं। इससे सड़क दुर्घटनाएं तो बढ़ती ही हैं लेकिन लोगों का चलना भी दूभर हो जाता है। शहरों में तो सड़कों की सुध-खैर भी ली जाती है, लेकिन अधिकांश ग्रामीण सड़कें दुर्दशा की शिकार हैं। उनका कोई पुरसाहाल नहीं है। वर्षों तक गड्ढों की भराई नहीं होती है। शहरों में तो बात-बात पर सड़कें काट देने या उनको खोद डालने की परम्परा सी बन गयी है। एक तरफ सड़क बनकर तैयार होती है और दूसरी तरफ उसे खोदने वाले पहुंच जाते हैं। ऐसा लगता है कि जैसे इंतजार करते हैं कि जल्दी से सड़कें बनें ताकि उनकी खोदाई व तहस-नहस करने का शुरू हो सके।

दिनेश कुमार वर्मा, बाराबंकी.

बुनियादी संरचना का विकास

विकास के लिए निवेश बहुत जरूरी है, क्योंकि बिना निवेश के विकास एवं रोजगार का सृजन नहीं हो सकता है। जब निवेश होगा तभी विकास होगा, तभी रोजगार बढ़ेगा और तभी लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आयेगा। लेकिन उत्तर प्रदेश में एक लंबे समय तक निवेश नहीं आया, जिसके कारण प्रदेश की आर्थिक स्थिति देश के अन्य राज्यों की तुलना में काफी कमजोर हो गयी। आज भी उत्तर प्रदेश के लोगों की प्रति व्यक्ति आय राष्ट्रीय औसत से आधे के करीब है तो इसके पीछे कहीं न कहीं प्रदेश के औद्योगीकरण में कभी ही है। जब औद्योगीकरण को बढ़ावा मिलता है तो अन्य काम धंधे भी अपने आप आगे बढ़ने लगते हैं। प्रदेश में आर्थिक पिछड़ेपन के साथ बुनियादी विकास का स्तर भी बहुत पीछे है। आज भी सड़क, बिजली, कानून व्यवस्था, लैंड बैंक जैसी चीजें बेहतर नहीं हैं। शहरों के किनारे जिस तरह आवासीय प्लाटिंग के नाम पर जमीनों पर कब्जा कर लिया गया है उससे अब इण्डस्ट्री के लिए जमीन ही नहीं बची है। इसलिए निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बुलाना एक बेहतर कदम है लेकिन इसके साथ ही सरकार को अपने स्तर से भी प्रयास करने होंगे।

कौशल कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

बड़े भाई ने छोटे भाई पर चाकू से किया जानलेवा हमला

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके के सरैया गांव में पैसे के लेनदेन को लेकर बड़े भाई ने छोटे भाई पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।हमले में छोटा भाई गम्भीर रूप से घायल हो गया और ट्रामा सेंटर लखनऊ में जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहा है।मामले में पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी बड़े भाई के खिलाफ केस दर्जकर गिरफ्तार कर लिया।सरैया गांव निवासी कालीचरण ने बताया कि शुक्रवार की देर रात्रि उनके बड़े बेटे अजय व छोटे बेटे धर्मेंद्र के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर वादविवाद हो रहा था।अचानक अजय ने धर्मेंद्र को जान से मारने की नीयत से चाकू लेकर हमलावर हो गया और गले,सीना व दाहिने पर मारकर बुरी तरह से घायल कर दिया।आननफानन में घायल धर्मेंद्र को एम्बुलेंस से लेकर सीएचसी गोसाईगंज,फिर मंडलीय दर्शननगर पहुंचे जंहा से चिकित्सको ने ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।मौके पर ट्रामा सेंटर में वह जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहा है।इधर जब अजय को लगा कि धर्मेंद्र की हालत गम्भीर है तो अपने को बचाने के लिए उसने अपने बांए हाथ मे ब्लेड मार लिया।एसपीआरए बलवंत चैधरी के मुताबिक पिता की तहरीर पर अजय के खिलाफ केस दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

घर बुलाकर युवक को पीटा, केस दर्ज

गोसाईगंज-अयोध्या। गोसाईगंज कोतवाली इलाके में घर से बुलाकर दो लोगो ने एक युवक को पीट डाला।मामले में पुलिस ने पीड़ित युवक की तहरीर पर दोनो आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।घुनघुनवा गांव निवासी सदामूरत पाठक का कहना है कि शुक्रवार को देर रात्रि वह अपने घर मे मौजूद था।आरोप है कि उसी समय गांव निवासी रोहित तिवारी पुत्र दिनेश तिवारी व गौतम पाठक पुत्र सूर्यमणि पाठक आये और उसे बाहर बुलाया।उसके बाहर निक्कते ही दोनो अपशब्द कहने लगे।जब उसने इसका विरोध किया तो लाठी डंडे से मारने लगे।हल्ला गुहार मचने पर दौड़े ग्रामीणों को आता देख दोनो जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।एसएचओ बिजयंत मिश्र के मुताबिक केस दर्जकर पड़ताल कराई जा रही है।

आईआईटी कॉलेज में प्रवेश लेकर बढ़ाया क्षेत्र का मान

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा इसौली भारी के होनहार मेधावी छात्र सुंदरम यादव ने देश के सर्वश्रेष्ठ शैक्षिक संस्थान आईआईटी में दाखिला लेकर मिल्कीपुर जैसे पिछड़े क्षेत्र का मान बढ़ा दिया है। गरीब परिवार का बेटा क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बना हुआ है।सुंदरम के पिता नरेंद्र यादव जवाहर नवोदय विद्यालय में हिंदी शिक्षक हैं।सुंदरम के भाई डॉ ज्ञानेंद्र यादव एमबीबीएस करने के पश्चात एमडी मेडिसिन से पीजी कर रहे हैं। इसके अलावा चचेरा भाई सत्येंद्र यादव एम्स देवघर से एमबीबीएस कर रहा है। अपने भाइयों से प्रेरित होकर सुंदरम ने मेडिकल क्षेत्र से हटकर इंजीनियरिंग की तैयारी करना शुरू किया। बचपन से ही मेधावी छात्र सुंदरम का सपना आईआईटी में एडमिशन लेकर एक अच्छा इंजीनियर बनना था, ताकि वह देश सेवा में अपना योगदान दे सके।

कमिश्नर ने सुनी फरियाद

शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही पर कार्रवाई सुनिश्चित की जायेगी: राजेश कुमार

मिल्कीपुर-अयोध्या। जिले के मिल्कीपुर तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अयोध्या मंडल के नवागत कमिश्नर राजेश कुमार पहुंचे। उन्होंने एसडीएम सुधीर कुमार, एडीएम एफ आर, पुलिस क्षेत्र अधिकारी श्रीयश त्रिपाठी समेत तहसील स्तरीय अधिकारियों के साथ फरियादियों की समस्याएं सुनीं। समाधान दिवस में कुल 141 मामले आए जिसमें से 2 मामलों का निस्तारण मौके पर कमिश्नर राजेश कुमार द्वारा करा दिया गया। समाधान दिवस में बसवार कला गांव की उर्मिला देवी ने प्रार्थना पत्र दिया। उन्होंने बताया कि वह उर्मिला लक्ष्मी महिला स्वयं सहायता समूह का संचालन करती हैं। ग्राम पंचायत में बना शौचालय बंद होने के कारण बकाया धनराशि का भुगतान नहीं हो रहा है। एसडीएम ने बीडीओ को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया। इनायत नगर थाना क्षेत्र के खिहारन गांव के सभाराज ने शिकायत की कि ग्राम पंचायत की सरकारी भूमि गाटा संख्या 634, 635 ख, और 636 पर गांव की पूजा और गीत द्वारा अवैध तरीके से मकान का निर्माण कर कब्जा किया जा रहा है। राजस्व निरीक्षक और लेखपाल को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया। कुमारगंज थाना क्षेत्र के तुरश्मपुर गांव के मोहनलाल गुप्ता ने बताया कि उन्होंने 45 बार समाधान दिवस में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। लेकिन अभी तक कोई निस्तारण नहीं हुआ। सीलिंग की जमीन पर अवैध तरीके से कब्जा किया गया है।

डीएम ने दो बार आदेश दिया कि दीवाल हटाकर अवैध कब्जा हटवाया जाए। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। एसडीएम ने इस मामले में लेखपाल और राजस्व निरीक्षक को निर्देशित किया है। कदंनपुर गांव की किशोरपति ने शिकायत की, कि ग्राम पंचायत अधिकारी ने झूठी रिपोर्ट लगाकर उनका राशन कार्ड से नाम कटवा दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि उनके घर पर चार पहिया वाहन है, जबकि ऐसा नहीं है। एसडीएम ने बीडीओ को जांच कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया है। कमिश्नर ने समाधान दिवस में मौजूद अधिकारियों से कहा कि मामलों का पूर्ण रूप से निस्तारण करना ही उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने चेतावनी दी कि निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही पर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर तहसील स्तरीय सभी विभाग के अधिकारी /प्रतिनिधि मौजूद रहे।

निविदा कर्मियों के नाम पर अवैध धन संग्रह पर मुख्य अभियंता कार्यालय की चेतावनी

अयोध्या। कार्यालय मुख्य अभियन्ता (वितरण), मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि०, अयोध्या क्षेत्र, अयोध्या द्वारा एक महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। कार्यालय के संज्ञान में यह मामला आया है कि कुछ संगठन, संस्थाएं अथवा व्यक्ति निविदाकर्मी के रूप में कार्य कराने या सेवा प्रदान कराने के नाम पर अवैध रूप से चंदा, शुल्क अथवा धन की मांग कर रहे हैं। यह कार्य न केवल अनधिकृत है, बल्कि आमजन को भ्रमित करने और आर्थिक शोषण करने का प्रयास भी है।मुख्य अभियन्ता कार्यालय ने आम जनता से अपील की है कि वे ऐसे किसी भी व्यक्ति, संस्था या संगठन के बहकावे में न आएं और इस प्रकार की धोखाधड़ी से सावधान रहें। कार्यालय ने यह भी स्पष्ट किया है कि निविदा प्रक्रिया पूर्णतः निर्धारित सरकारी नियमों और पारदर्शी व्यवस्था के तहत होती है, और इसमें किसी प्रकार की धनराशि व्यक्तिगत रूप से जमा कराना अवैध और दंडनीय है।यदि किसी को इस प्रकार की कोई जानकारी प्राप्त हो, तो तत्काल निकटवर्ती विद्युत कार्यालय या संबंधित अधिकारियों को सूचित करें।

श्रावणी पर्व के लिए चाणक्य परिषद की बैठक संपन्न

सोहावल-अयोध्या। शनिवार को सरयू तट ढेमवा घाट राम जानकी मंदिर में आयोजित परिषद की हुई बैठक में इस बात की जानकारी परिषद के अध्यक्ष कृपा निधान तिवारी ने दिया।मन बुद्धि शरीर एवं अतः करण की शुद्धि सहित सनातन धर्म की रक्षार्थ आयोजित इस श्रावणी पर्व के लिए सूर्य कुंड दर्शन नगर, ढमवा घाट सोहावल, हनुमान मंदिर खपराडीह, पारासर ऋषिआश्रम पौसरा मया, नंदी ग्राम भरत कुंड, गुप्तार घाट अयोध्या को चुना गया है। इन सभी स्थानों पर आयोजन को पूरा कराने के लिए प्रभारी तय किए गए है। इस अवसर पर बोलते हुए परिषद के अध्यक्ष कृपा निधान ने कहा आज हिन्दू और ब्राह्मण की दिशा और दशा पर चिंतन करने की जरूरत है। ब्राह्मणों को अपनी आबादी बढ़ानी होगी।

आकाशीय बिजली गिरने से दो लोगों की मौत

बहराइच। जिले के जरवल रोड थाना क्षेत्र में स्थित हिसामपुर ग्राम में दो किसान मवेशी चराने के लिए गए थे ।इसी दौरान बारिश शुरू हो गई ।तभी तेज आवाज के साथ आकाशीय बिजली गिरने से दोनो उसकी चपेट में आ गए । जिसके चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई ।जरवल इलाके में मोहम्मदपुर खुर्द परगना हिसामपुर निवासी पेशकार उम्र 45 वर्ष राम सूरत उर्फ भल्लर (50) दोपहर नदी के किनारे मवेशी चराने गए थे ।इसी दौरान आकाशीय बिजली की चपेट में आकर दोनों की मौत हो गई । घटना की सूचना पर उपजिलाधिकारी अखिलेश सिंहव थाना प्रभारी जरवल रोड मौके पर पहुंच परिजनों से हादसे की जानकारी प्राप्त की ।पुलिस ने दोनो के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है ।उपजिलाधिकारी ने बताया कि आकाशीय विद्युत की चपेट में आकर दो लोगों की मौत हुई हैं ।परिजनों से मुलाकात दोनों के परिवार को सरकार की तरफ से मिलने वाली आर्थिक सहायता देने की प्रकिया शुरू कर दी गई है ।शीघ्र ही दोनो परिवारों को मुआवजा दिया जायेगा।

पीएम कमेटी की बैठक आयोजित

बहराइच। आगामी त्यौहार बारावफात व गणेश विसर्जन को लेकर थाना कोतवाली नगर परिसर में कोतवाली नगर/ देहात क्षेत्र की पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई ।अपर पुलिस अधीक्षक नगर की अध्यक्षता में अधिकारियों ने की शांतिपूर्ण आयोजन की तैयारी। अपर पुलिस अधीक्षक महोदय नगर द्वारा सभी से त्योहारों को शांतिपूर्ण तरीके से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की गयी । महोदय द्वारा बताया गया कि ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे किसी को परेशानी हो, त्योहार पर ट्रैक्टर-ट्राली और डीजे का प्रयोग सीमित रहेगा। डीजे पर ऐसे गाने नहीं बजाए जाएंगे, जिनसे किसी को आपत्ति हो। उन्होंने सोशल मीडिया पर अनुचित टिप्पणी न करने की हिदायत दी तथा बताया कि किसी समस्या की स्थिति में पुलिस से संपर्क कर सकते हैं तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये तथा लोगों को आश्वासन दिया गया कि पुलिस तत्परता से लोगों की सहायता हेतु तैयार रहेगी, तथा पर्व को मिल जुलकर शान्तिपूर्ण तरीके से मनाएं ।

डॉ. विक्रमा प्रसाद पाण्डेय फिर सदस्य निर्वाचित

अयोध्या। दीनदयाल शोध संस्थान नई दिल्ली के आम सभा की बैठक 25 व 26 जुलाई को चित्रकूट में आयोजित की गई जिसमें डॉ विक्रमा प्रसाद पाण्डेय जो कि अयोध्या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महानगर संघचालक भी है को सदस्य के रूप में पुनः निर्वाचित किया गया है। डॉ पाण्डेय स्थापना काल से ही नाना जी के साथ जुड़े रहे है दीनदयाल शोध संस्थान की प्रबंध समिति, जिसे सामान्य परिषद भी कहा जाता है, संस्थान के प्रबंधन और गतिविधियों को नियंत्रित करती है वर्तमान में, डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना इस समिति के अध्यक्ष हैं। दीनदयाल शोध संस्थान की स्थापना 1972 में नानाजी देशमुख द्वारा की गई थी। संस्थान का मुख्यालय दिल्ली में स्थित है। संस्थान का मुख्य उद्देश्य दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को ग्रामीण विकास और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के क्षेत्र में साकार करना है संस्थान दिल्ली मुख्यालय में पुस्तकालय, संदर्भ प्रभाग, कार्यशालाएं और छात्रों के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित करता है. संस्थान का प्रबंधन सामान्य परिषद (ळमदमतंस ब्वनदबपस) और स्थायी समिति द्वारा किया जाता है. हाल ही में गठित टीमः 2025 से 2030 तक 5 वर्षों के लिए नई प्रबंध समिति का गठन किया गया है, जिसमें डॉ. पूर्णेंदु सक्सेना अध्यक्ष चुने गए हैं। संस्थान के संपर्क अधिकारी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक सुरेश सोनी और संगठन सचिव अभय महाजन भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

संपूर्ण समाधान दिवस संपन्न

सोहावल-अयोध्या। तहसील सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनवाई करने पहली बार आये जिलाधिकारी के सामने आने वाली हर शिकायत तहसील स्तर के जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण लंबित नजर आई। इसे देख जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी से कड़े शब्दों में ऐसी नाराजगी दिखाई कि अधीनस्थ तहसील स्तर के अधिकारी सभागार में अपनी कुर्सियों पर बैठने का साहस नहीं जुटा सके। शिकायत पर बार- बार अधिशाषी अभियंता विद्युत को बुलाए जाने पर उप मंडलीय अभियंता अरशद अली ने हाजिरी दी और इनके अनुपस्थित रहने का कोई कारण नहीं बता पाए तो कारण बताओ नोटिस देने का निर्देश जिला अधिकारी ने दिया है। बभनियावां के अधिवक्ता प्रयाग दत्त तिवारी का रास्ता विवाद, मनीष सिंह खम्हरिया का न्यायिक विवाद, निशा परवीन रायपुर, रामावती मीरपुर, बड़ागांव मुस्तफाबाद की शहजादी बेगम, दुनिया का पुरवा निवासी श्रीकांत शर्मा आदि की शिकायतों को लेकर काफी बहस हुई। निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर मौजूद लोगों उप जिलाधिकारी अभिषेक कुमार सिंह, तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह, सी ओ योगेश कुमार,नायब तहसीलदार रेशु जैन, उप जिलाधिकारी न्यायिक कृष्ण कुमार यादव राजस्वकर्मी विभागीय अधिकारी शामिल रहे।

छात्र आंदोलन के समर्थन मे उतरी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी

बाराबंकी। राम स्वरूप विश्वविद्यालय में विधि छात्रों द्वारा भष्टाचार के विरोध मे किये जा रहे आंदोलन के दौरान पुलिस द्वारा की गई बर्बरतापूर्ण लाठीचार्ज के खिलाफ भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी राज्य परिषद सदस्य रणधीर सिंह सुमन ने आंदोलन को अपना समर्थन देते हुए दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए मुकदमा दर्ज कर दोषियों को जेल भेजने एंव रामस्वरूप यूनिवर्सटी के जिम्मेदारों पर भी मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही किये जाने की मांग को लेकर मुख्यममंत्री को सम्बोधितत ज्ञापन जिलाधिकारी को सौपा। राज्य परिषद सदस्य श्री सुमन का कहना है कि यूनिवर्सिटी के जिम्मेदारों के खिलाफ जल्द से जल्द मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि संगठन द्वारा जिलाधिकारी आवास में पुतला फूका गया है। जिससे यह साबित होता है कि उत्तर प्रदेश में कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है। जिलाधिकारी आवास में पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में यह घटना घटी है। जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। उन्होंने इस प्रकरण में भी दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की माँग उठाई है।

परियोजनाओं की चिन्हित भूमि पर उपलब्ध परिसम्पत्तियों का विवरण पेश करें विभाग: डीएम

बहराइच । जनपद की विभिन्न परियोजनाओं के लिए भूमि अधिग्रहण प्रस्तावों की समीक्षा के लिए कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान खलीलाबाद बहराइच नई रेल लाइन निर्माण, जनपद बहराइच में राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 927 के किमी 36.5 से किमी 101.540 तक चैड़ीकरणध्येव्ड शोल्डर सहित 2/4 लेन निर्माण, सशस्त्र सीमा बल, 42वी वाहिनी की सीमा चैकी रूपईडीहा की स्थापना, जनपद बहराइच में लखनऊ-बहराइच मार्ग से बहराइच-गोण्डा मार्ग बाईपास का निर्माण तथा जनपद बहराइच में भारत-नेपाल राष्ट्र की सीमा के निकट बहुउद्देशीय हब के निर्माण हेतु प्रस्तावित भूमि अधिग्रहण प्रस्तावों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिया कि अधिग्रहीत की जाने वाली भूमि पर स्थापित परिसम्पत्तियों का वितरण एक सप्ताह में भूमि अध्याप्ति अधिकारी, बहराइच को उपलब्ध करा दिया जाय। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, अधिशाषी अभियन्ता लो.नि.वि. प्रा.ख. प्रदीप कुमार व निर्माण खण्ड-1 के अमर सिंह, जिला उद्यान अधिकारी दिनेश चैधरी, एनएचएआई के प्रतिनिधि तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान पर परिवहन विभाग ने शुरू की सख्ती

संचालकों को बिना हेलमेट के पेट्रोल विक्रय न करने के दिये निर्देश

- 18 वाहन चालकों के चालान, 1 डग्गामार बस सीज

बाराबंकी। सड़क दुर्घटनाओं मे अंकुश लगाने एंव रोड़ सेफ्टी नियम पालन के प्रति जागरुक करने को लेकर परिवहन विभाग ने नो हेलमेट नो फ्यूल अभियान को गति देना शुरू कर दिया है। इस दौरान प्रवर्तन दल ने विभिन्न पेट्रोल पम्पो पर ईधन भरवाने आये 18 वाहन चालको के चालान तथा 1 डग्गामार बस को सीज किया। अभियान की जानकारी देते हुये सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला ने बताया कि आज मंगलवार को यात्री/मालकर अधिकारी रवि चन्द्र त्यागी की टीम ने आलापुर स्थित पेट्रोल पम्प पर जांच के दौरान ईधन भरवाने आये 18 दो पहिया वाहन के चालान किये। तथा हेलमेट पहनने के फायदे को बताया। तो वही पेट्रोप पम्प संचालको को नो हेलमेट नो फ्यूल की रणनीति पर अमल करते हुये बिना हेलमेट लगाये पेट्रोल खरीदने वाले चालको को विक्रय न करने के निर्देश दिये। इसके साथ ही पीटीओ ने लखनऊ-बाराबंकी हाइवे पर 1 डग्गामार बस यू0पी 43 टी 6374 के पत्रावलियो की जांच करते हुये थाने मे निरुद्ध किया।

श्री चंद्रप्रभु भगवान का पंचामृत अभिषेक,शांति धारा,मंत्रोचार के साथ की आराधना

बाराबंकी। संयम आत्मा को स्वस्थ करने का साधन है। संयम के बिना जीवन बेकार हैं। राग, मोह, द्वेष को त्यागना एवं संसार के यम को जो मार दे वही संयम है। पर्युषण पर्व में आज के दिन उत्तम संयम धर्म के साथ ही धूपदशमी की पूजा श्रावकों ने भक्ति भाव से किया। सरावगी स्थित श्री 1008 चंद्र प्रभु दिगंबर जैन मंदिर में मूलनायक श्री चंद्र प्रभु भगवान का पंचामृत अभिषेक व शांति धारा एंव मंत्रोचार के साथ भगवान की आराधना की गयी। सांयकालीन सभा में श्रावकों ने सामूहिक रूप से प्रभु की आरती किया। आरती के पश्चात सुनीता जैन छाबड़ा, कल्पना छाबड़ा, अनिल जैन छाबड़ा, श्रुति जैन, दीपाली जैन द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सभी प्रतियोगियो को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर सकल दिगंबर जैन समाज अध्यक्ष वीरेंद्र जैन बिंदु, पंकज जैन धनावत, अतुल जैन, सुभाष जैन गंगवाल, सचिन जैन, दीप चंद गंगवाल, राजेश कुमार जैन, अंकुर जैन चीकू, विशाल जैन, पदम छाबड़ा, अशोक पाटनी, पवन जैन गुरुपरिवार, हरीश जैन, कमलेश जैन मौजूद रहे।

वर्तमान सरकार में न छात्र सुरक्षित है और न ही किसान : तनुज पुनिया

- छात्रों पर लाठीचार्ज पर कांग्रेस सांसद ने की निंदा, निष्पक्ष न्यायिक जांच की मांग

बाराबंकी। कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने एक निजी विवि में छात्र एवं छात्राओ पर लाठी चार्ज की कड़ी शब्दो में निन्दा करते हुये कहा कि वर्तमान सरकार में निजी विश्वविद्यालय जैसे तमाम विश्वविद्यालय है जहां छात्र छात्राओ के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

छात्र एवं छात्राएं अपने अधिकार की लडाई लड़ रहे थे कि बिना अनुमति एवं बिना मान्यता प्राप्त विद्यालय में एल0एल0बी एवं बीए मे हजारो छात्रो का प्रवेश ले रहे थे। जिससे उन हजारो छात्र छात्राओ का भविष्य अंधकारमय होना सुनिश्चित था। इसके विरोध में हजारो छात्र छात्राएं कालेज परिसर के सामने धरना प्रदर्शन कर रहे थे। जिस प्रकार छात्र छात्राओ को पुलिस प्रशासन द्वारा लाठियो से मारा गया है। वह कही न कही वर्तमान सरकार की क्रूरता को दर्शाता है। जिसमें 20-25 छात्र छात्राओ को काफी चोटे आयी है जो मेयो व जिला चिकित्सालय में अपना इलाज करा रहे है। वर्तमान सरकार में न छात्र सुरक्षित है और न ही किसान। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के तमाम पदाधिकारी एवं कार्यकर्तागण चोटिल हुये है। जिससे संगठन काफी आक्रोशित है कि जब अपनी ही सरकार में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारीगण सुरक्षित नही है तो आम जनमानस का क्या हाल होगा। सांसद श्री पुनिया ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष न्यायिक जांच करने, दोषियो को दंडित करने एवं भविष्य में ऐसी घटनाएं न घटित हो इसके लिये सरकार को योजनाबद्ध ढंग से कार्य किये जाने की मांग की।

वन्य जीव सक्रियता वाले क्षेत्रों में गश्ती दल कर रहे कदमताल

निगरानी के लिए ली जा रही है कैमरों की मदद

बहराइच । प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच राम सिंह यादव ने बताया कि वन प्रभाग, बहराइच के बहराइच रेंज के विकास खण्ड महसी अन्तर्गत 28 अगस्त 2025 को ग्राम-बम्भौरी के बदनपुरवा, ग्राम सिसैया चूडामणि व मोतीपुरवा एवं ग्राम-गलकारा अहिरनपुरवा में अज्ञात वन्य जीव द्वारा ग्रामवासियों पर किये गये हमले के दृष्टिगत बहराइच वन प्रभाग स्तर से 07 गश्ती दलों का गठन किया गया है जो दिवसध्रात्रि वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में गश्त की कार्यवाही की जा रही है। इसके अतिरिक्त वन्य जीव सकियता वाले क्षेत्रों में 02 थर्मल ड्रोन कैमरों के माध्यम से वन्य जीव को खोजने की कार्यवाही की जा रही है। गश्ती दलों द्वारा संवेदनशील स्थलों पर 05 कैमरा ट्रैपस तथा हमले से प्रभावित ग्रामों में सोलर सीसीटीवी कैमरे स्थापित किये गये हैं ताकि वन्य जीव की पहचान सुनिश्चित करते हुए उसे सुरक्षित रेस्क्यू किया जा सके। डीएफओ श्री यादव ने बताया कि गश्ती टीमों द्वारा पैदल चलकर सक्रिय वन्य जीव को चिन्हित किये जाने एवं पगमार्क खोजने की कार्यवाही की जा रही है। अन्वेषण से प्राप्त पगचिन्हों से यह स्पष्ट हो रहा है कि उक्त वन्य जीव भेड़िया की श्रेणी में नहीं है। उन्होंने बताया कि जन जागरूता टीमों द्वारा ग्रामवासियों को हिंसक वन्य जीवों से बचाव हेतु लगातार जागरूक किया जा रहा है। जनजागरूकता के तहत प्रभावित क्षेत्रों में ग्रामवासियों को रात्रि में अपने घरों के अन्दर दरवाजा बन्द करके स्वयं एवं बच्चों को सुरक्षित सुलाने हेतु आग्रह किया जा रहा है। गश्ती टीमों द्वारा वन्य जीव के हमलों से प्रभावित ग्रामों के बाहरी क्षेत्रों में पटाखों को दगाकर वन्य जीव को रोकने की कार्यवाहियों की जा रही है। डीएफओ ने बताया कि वन, पुलिस एवं जिला प्रशासन के समन्वय से हिंसक जीव के हमले से प्रभावित क्षेत्र में दिवारात्रि की जा रही गश्त के परिणाम स्वरूप कोई भी अप्रिय घटना घटित नहीं होने पायी है।

निःशुल्क विधिक सेवा केन्द्र का शुभारम्भ

अयोध्या। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अयोध्या द्वारा सैनिकों तथा पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को सक्रिय कानूनी सहायता प्रदान करने हेतु ह्वीर परिवार सहायता योजना-2025ह्व के अन्तर्गत जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय परिसर अयोध्या में ह्वनिःशुल्क विधिक सेवा केन्द्रह्व का शुभारम्भ अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनिल कुमार वर्मा के द्वारा जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ले० कर्नल संजीव कुमार एवं डोगरा रेजीमेंट के सेवारत सैनिकों एवं जनपद के भारी संख्या में मौजूद पूर्व सैनिकों की उपस्थिति में किया गया । इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश की सीमाओं तथा दुर्गम क्षेत्रों में सेवा के दौरान सैनिकों को घरेलू कानूनी बोझ से मुक्त करने तथा पूर्व सैनिकों एवं उनके परिवारों को संपत्ति विवाद, वित्तीय लेन-देन के मामलों तथा अन्य कानूनी मुद्दों में मुफ्त कानूनी सलाह और विधिक सहायता प्रदान करना है।

जंगलों के बीच सफलता की कहानी लिख रहीं हैं समूह की दीदियां

बहराइच। यह कहानी है बहराइच जनपद मुख्यालय से लगभग 120 किलोमीटर दूर विकासखण्ड मिहीपुरवा के भारत-नेपाल सीमा एवं कतर्नियाघाट वन्यजीव विहार के बीच बसे थारू जनजाति बाहुल्य गांव फकीरपुरी के प्रतिमा स्वयं सहायता समूह की दीदियों की। स्वयं सहायता समूह का गठन सितम्बर, 2018 में बिहार आजीविका मिशन से आई दीदियों ने किया था। इस स्वयं सहायता समूह में कुल 11 दीदियां जुडी जिसमें कुछ अलग करने की लगन थी। समूह में जुडने के बाद राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से इनकों रिवाल्विंग फण्ड के रूप में रू. 15000 एवं सामुदायिक निवेश निधि के रूप में रू. 1,50,000 दिये गये। समूह की दीदियों से जब रोजगार एवं प्रशिक्षण के विषय में बात की गई तो इन लोगो ने अपने परम्परागत उत्पादों को बनाने एवं उसको अलग पहचान दिलाने में रूचि दिखाई। इसी कड़ी में वर्ष 2023 में विश्व प्रकृति निधि (डब्लूडब्लूएफ) के माध्यम से 15 दिवस एवं वर्ष 2024 में 10 दिवस का परम्परागत उत्पाद जैसे डलिया जूट बैग, कैप, हैडबैग, टोकरी, रोटी बॉक्स एवं फूलदान बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त समूह की सभी दीदीयां जूट एवं जल कुम्भी से उपरोक्त सभी उत्पाद बना रही है।

संक्षेप

करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

अमेठी। थाना क्षेत्र मुंशीगंज के अन्तर्गत फसल की देखभाल करने गये युवक की ग्यारह हजार विद्युत करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा भर पीएम को भेज दिया। घटना मुंशीगंज थाना क्षेत्र के कृतार्थ पाठक मजरे जलामा की है जहां रामदुलारे 45 वर्ष अपनी फसल की देखभाल करने खेत पर गये थे वहां रात में ग्यारह हजार लाइन का तार खेत में गिरा था जिसकी चपेट में आने से मौत हो गई। कई घंटे बीत जाने के बाद जब युवक घर नहीं वापस आया तब परिजन खोजबीन करने लगे तब चला की मृतक खेत में पड़ा था। ग्रामीणों की मानें तो बिजली विभाग की घोर लापरवाही ढीले तार की वजह से यह घटना घटित हुई है, उपकेंद्र पनियार पॉवर हाउस बिजली विभाग के जेई का का कहना है कि रात के समय बरसात हो रही थी इसकी वजह से इंसुलेटर पंचर हो गया और तार ढीला हो गया था। ग्रामीणों का आरोप है कि सुबह ही विभाग को सूचना दिया गया था उसके बावजूद भी लाइन चालू कर दी गई थी। मृतक के तीन बेटी व एक मासूम बेटा है दो बेटियों की शादी हो चुकी है।

फंदे से लटकता मिला किशोरी का शव

शुकुलबाजार, अमेठी। थाना क्षेत्र शुकुल बाजार क्षेत्र के जौदिलमऊ में मंगलवार दोपहर एक किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान साबिर की 16 वर्षीय बेटी के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मृतका की मामी ने पुलिस को दी। सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका की मामी ने सौतेली मां और पिता पर संदेह जताया है। उन्होंने हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। वहीं, परिवार के अन्य सदस्य अंतिम संस्कार की तैयारी में लगे हुए थे। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया मामले की जांच की जा रही है। किशोरी की मौत आत्महत्या है या हत्या, इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगी।

कमला नेहरू संस्थान में दीक्षारंभ 2025 आयोजित

सुलतानपुर (वीओएल)। कमला नेहरू संस्थान के फरीदीपुर स्थित इंजीनियरिंग संकाय में बी.टेक. एवं पॉलिटेक्निक सत्र 2025-26 के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ 2025 इंडक्शन प्रोग्राम का भव्य शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नवागंतुक छात्रों को संस्थान के शैक्षणिक वातावरण, मूल्यों और आदर्शों से परिचित कराना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि प्रो. डॉ. राधेश्याम सिंह (पूर्व प्राचार्य, केएनआईपीएसएस) एवं प्रो. डॉ. सुशील कुमार सिंह (पूर्व उप प्राचार्य) द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. डी.एस. पुंडीर ने संस्थान की गौरवशाली यात्रा पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को अपने लक्ष्य के प्रति सदैव केंद्रित रहने की प्रेरणा दी। मुख्य अतिथि प्रो. राधेश्याम सिंह ने छात्रों को नकारात्मकता से दूर रहकर आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। प्रो. सुशील कुमार सिंह ने छात्रों को आत्मबल बढ़ाने और सकारात्मक सोच के साथ हर लक्ष्य को संभव बनाने के लिए प्रेरित किया। डीन एकेडमिक रत्नेश सिंह ने संस्थान की ओर से हर संभव सहायता का आश्वासन देते हुए छात्रों को कठिन परिश्रम के लिए प्रोत्साहित किया।

सदर विधायक अदिति सिंह ने दिलायी 23 निर्धन मरीजों को 29 लाख की सहायता

मा0 अदिति सिंह जी की संस्तुति से माह अगस्त 2025 में गम्भीर रोगो के इलाज हेतु प्रदत्त धनराशि

क्रम	सन्दर्भ सं	लाभार्थी का नाम	पता	धनराशि
1	14615825000683	शुभम सिंह	पूरे शिव बक्श सिंह छिवलहा लालगंज	50000
2	14615825001183	सहनाज बानो	नया पुरवा, जिला रायबरेली	17500
3	14615825001185	सबनम बेगम	आजाद नगर, जिला रायबरेली	50000
4	14615825001222	सोनिका श्रीवास्तव	दूरवाणी नगर, जिला रायबरेली	500000
5	14615825001223	महादेव	बिझलामऊ, डलमऊ	125000
6	14615825001224	शैलेन्द्र कश्यप	अमर नगर, रायबरेली	250000
7	14615825001242	शैलेन्द्र कुमार	पूरे ठकुराईन मजरे बेलाभेला, रायबरेली	200000
8	14615825001270	हीरामनी शुक्ला	मोहम्मदपुर कुचरिया, रायबरेली	150000
9	14615825001285	निर्मला देवी	पूरे सूबेदार, मलिक मऊ, रायबरेली	35000
10	14615825001291	शकुंतला	मुंशीगंज, रायबरेली	50000
11	14615825001292	अतिक कुमार श्रीवास्तव	सत्य नगर, रायबरेली	200000
12	14615825001299	रमेश सिंह	रायपुर महेरी, जिला रायबरेली	200000
13	14615825001300	राम सजीवन	पूरे पिपशाह, रायबरेली	200000
14	14615825001308	राम करन	किसुन का पुरवा, रायबरेली	100000
15	14615825001318	राम नरेश पाल	भदोखर, जिला रायबरेली	50000
16	14615825001333	मिथिलेश	मधुबन मार्केट, सत्य नगर, रायबरेली	50000
17	14615825001337	विद्यावती	ग्राम बहेरवा, पो० सुरैमपुर, ऊंचाहार	15000
18	14615825001339	बेबी ऑफ प्रांशी वर्मा	ग्राम सलारपुर, जिला रायबरेली	50000
19	14615825001341	सुश्री आयुषी मिश्रा	जवाहर विहार कॉलोनी, रायबरेली	50000
20	14615825001345	शांति देवी	मोहम्मदपुर कुचरिया, जिला रायबरेली	200000
21	14615825001346	राज किशोर यादव	पहाड़पुर मरदानपुर, जिला रायबरेली	50000
22	14615825001364	सुनील कुमार	गोखवाडा, किला बाजार, रायबरेली	200000
23	14615825001365	नकछेद	उत्तरी गोसाई पो० पोठई, सलोन	100000
			कुल धनराशि	2892500

रायबरेली। सदर विधानसभा क्षेत्र की विधायक अदिति सिंह ने एक बार फिर जनसेवा को अपना परम कर्तव्य सिद्ध करते हुए अगस्त माह में 23 निर्धन लाभार्थियों को उपचार के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष से कुल करीब 29 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है। यह राशि जरूरतमंद मरीजों के इलाज में उपयोग की जाएगी, जिससे उनके जीवन में आर्थिक बोझ कम हो और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। विधायक अदिति सिंह ने बताया कि यह सहायता उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का हिस्सा है। इन योजनाओं का उद्देश्य समाज के वंचित और गरीब वर्ग को मुफ्त या रियायती इलाज उपलब्ध कराना है। उन्होंने विशेष रूप से आयुष्मान भारत योजना का उल्लेख किया, जिसके तहत लाभार्थियों को प्रतिवर्ष 5 लाख तक का मुफ्त इलाज प्राप्त होता है। यह योजना गरीबों के लिए एक वरदान साबित हो रही है, जो गंभीर बीमारियों के इलाज में आर्थिक सहायता प्रदान करती हैं।

अदिति सिंह ने कहा, मेरा उद्देश्य रायबरेली सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक जरूरतमंद तक सहायता पहुँचाना है। मुख्यमंत्री राहत कोष के माध्यम से हम न केवल आर्थिक सहायता प्रदान कर रहे हैं, बल्कि लोगों के जीवन में विश्वास और सुरक्षा की भावना भी जगा रहे हैं। उन्होंने यह भी जोड़ा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के लोगों की स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करना है, और वह इस दिशा में लगातार काम कर रही हैं उन्होंने कहा कि

आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेशभर में लाखों लोगों को मुफ्त चिकित्सा सुविधाएँ उपलब्ध हो रही हैं। इस योजना ने न केवल गरीब परिवारों को आर्थिक संबल प्रदान किया है, बल्कि गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए एक नई उम्मीद भी जगाई है। अदिति सिंह ने इस योजना को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दूरदर्शी सोच का परिणाम बताया और कहा कि यह समाज के सबसे कमजोर वर्ग को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। सदर विधानसभा क्षेत्र में विधायक अदिति सिंह के प्रयासों से न केवल स्वास्थ्य क्षेत्र में, बल्कि शिक्षा, ग्रामीण विकास, और बुनियादी ढांचे के विकास में भी कई जनकल्याणकारी योजनाएँ लागू की जा रही हैं। हाल ही में उन्होंने मनरेगा के तहत कई विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया, जिसमें आंगनबाड़ी केंद्र, स्कूलों की बाउंड्री वॉल, और इंटरलॉकिंग कार्य शामिल हैं। उन्होंने कहा कि उनकी प्रेरणा उनके पिता और पूर्व विधायक स्व. अखिलेश सिंह हैं, जिन्हें गरीबों का मसीहा कहा जाता था। वह अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाते हुए जनता की सेवा में समर्पित हैं।

बालिकाओं ने खेल प्रतियोगिता में दिखाया शानदार प्रदर्शन

सुलतानपुर। जिले के पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेल प्रतियोगिता चयन ट्रायल में बालिकाओं ने उत्साह और दमखम के साथ भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता की अगुवाई में किया गया। प्रतियोगिता में जिले भर के परिषदीय कस्तूरबा विद्यालयों की छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। 100 मीटर दौड़ में कूरेभार की अर्चिता ने प्रथम, लंभुआ की अंशिका ने द्वितीय तथा धनपतगंज की नैन्सी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 400 मीटर दौड़ में लंभुआ की सोनम, दूबेपुर की रिंकी और जयसिंहपुर की संजना क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं। 200 मीटर दौड़ में कूरेभार की अर्चिता, कादीपुर की चंदा और लंभुआ की काजल विजेता बनीं। चक फेंक में लंभुआ की काजल और गोला फेंक में भदैया की स्नेहा ने पहला स्थान हासिल किया। लंबी कूद में लंभुआ की अंशिका और ऊँची कूद में काजल ने बाजी मारी। कबड्डी, खो-खो, कुश्ती, वॉलीबॉल व बैडमिंटन में भी बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया। कुश्ती में धनपतगंज की सोनम और नैन्सी व लंभुआ की अंतिमा और सोनम विभिन्न भार वर्गों में चयनित हुईं। बैडमिंटन में लंभुआ की शिक्षा और सीमा, जयसिंहपुर की साक्षी व दूबेपुर की पल्लवी का चयन हुआ।

सौ से अधिक जरूरतमंदों का हुआ रजिस्टेशन

भेटुआ, अमेठी। निःशुल्क सेवा भाव से एलिम्को ने एक रजिस्टेशन कैम्प लगाकर सैकड़ो जरूरत मंदो का रजिस्ट्रेशन किया गया। मंगलवार को सुबह ग्यारह बजे रामदास यादव की आरा मशीन पर बिकलांग, व वृद्धजनों का सामाजिक संस्था एलिम्को द्वारा एक रजिस्टेशन कैम्प लगाया गया जिसमे लगभग सौ से अधिक महिला पुरुषों ने अपना रजिस्टेशन कराया। व्यवस्थापक राजकुमार शर्मा ने बताया कि अभी यहाँ सरूवावा, मड़ेरिका, सनहा परतोष आदि स्थानों से दिन विकलांगो व वृद्धों का रजिस्टेशन किया गया है एक माह के भीतर इन सभी लोगो की जाँच होगी उसके किसको किस कृतम अंग की जरूरत है उसके अनुसार निः शुल्क वितरण किया जायेगा। इसमे विकलांगो को ट्राई सायकिल, वेलचेयर, छड़ी, कान की बटन, हैरी, घुटने का वेल्ट, कमर की वेल्ट, आदि दिया जायेगा। इस मौके पर राम दास यादव, बब्लू यादव, धर्मेन्द्र कुमार, बैजनाथ जायसवाल, राधे श्याम आदि लोग मौजूद रहे।

माहेमऊ गांव में चोरों का तांडव, जेवर-नकदी उड़ायी, परिवार पर किया गया स्प्रे अटैक

मुसाफिर खाना, अमेठी। थाना भाले सुल्तान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले शहीद स्मारक के निकट गांव माहेमऊ में बीती रात चोरों ने दुस्साहसिक वारदात को अंजाम दिया। असलम पुत्र स्व. सलीम के घर को चोरों ने निशाना बनाया और रात लगभग 11 से 12 बजे के बीच छत के रास्ते घर में घुसकर लाखों रुपये के जेवरात, नगदी और अन्य कीमती सामान पार कर लिया। सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आयी है कि घर के लोगों पर किसी प्रकार का स्प्रे किया गया, जिससे वे सोते रहे रहे और चोरी की भनक तक नहीं लग सकी। जब परिजन उठे तो घर का सामान बिखरा पड़ा मिला, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और मौके पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। सूचना मिलने पर भाले सुल्तान थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू की। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित परिवार से तहरीर प्राप्त कर जांच के बाद जल्द ही आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस टीम आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्धों की तलाश में जुटी है। ग्रामीणों ने इस घटना के बाद फिर एक बार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाए हैं और रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

नो हेलमेट-नो फ्यूल अभियान शुरू

अमेठी। सड़क सुरक्षा को लेकर शासन स्तर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद अमेठी में "नो हेलमेट-नो फ्यूल" अभियान 1 सितंबर से 30 सितंबर 2025 तक संचालित किया जा रहा है। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी महेश बाबू गुप्ता ने बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं और मृतकों की संख्या में कमी लाना है। इसके लिए दोपहिया वाहन चालकों और उनके पीछे बैठने वाले सहयात्रियों को हेलमेट पहनने की आदत डालने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि शासन के निदेर्शानुसार जनपद के सभी पेट्रोल पंप स्वामियों, संचालकों व प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि बिना हेलमेट लगाए किसी भी दोपहिया वाहन चालक को पेट्रोल न दिया जाए। इस व्यवस्था से लोगों में हेलमेट पहनने की आदत विकसित होगी और सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में गंभीर चोटों से बचाव संभव होगा। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी ने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि सड़क पर सुरक्षित सफर सभी की जिम्मेदारी है। हेलमेट का प्रयोग न केवल यातायात नियमों का पालन है, बल्कि यह जीवन की सुरक्षा का सबसे सरल उपाय भी है।

दो पुलिसकर्मियों को मिला कॉप्स ऑफ द मंथ का खिताब

रायबरेली। जिले के थाना खीरों क्षेत्र में बीती 30 जून की रात्रि को एक सनसनीखेज घटना ने पूरे क्षेत्र को दहला दिया था। इस घटना में एक गल्ला व्यवसायी की निर्मम हत्या कर दी गई, उनकी पत्नी को गोली मारकर घायल कर दिया गया और डकैती का प्रयास किया गया। इस जघन्य अपराध के तुरंत बाद थाना खीरों में सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया और घटना के खुलासे के लिए पुलिस की विशेष टीमें गठित की गईं। पुलिस की त्वरित कार्रवाई और अथक प्रयासों के परिणामस्वरूप इस मामले का खुलासा करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल हुई। इस कार्य में कंप्यूटर ऑपरेटर पंकज कुमार (पीएनएओ 190951364) ने सीसीटीवी फुटेज की गहन जांच करके महत्वपूर्ण सुराग उपलब्ध कराए, जबकि आरक्षी पंकज सोनकर (पीएनओ 212631724) ने आरोपियों की गिरफ्तारी में अहम भूमिका निभाई। इन दोनों पुलिसकर्मियों की सूझबूझ और समर्पण के चलते इस जटिल मामले को सुलझाने में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली। इस उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक डॉ. यशवीर सिंह ने दोनों पुलिसकर्मियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें माह अगस्त 2025 का कॉप्स ऑफ द मंथ खिताब से सम्मानित किया। इस अवसर पर पंकज कुमार और पंकज सोनकर को 500-500 रुपये का नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

शीघ्र सड़क निर्माण न हुआ तो होगी भूख हड़ताल

रायबरेली। जगतपुर से डलमऊ मार्ग की सड़क कस्बे के बैंक ऑफ के पास अत्यंत जर्जर होने के कारण बहुत विशालकाय गड्ढे बन गए हैं। पता ही नहीं लगता सड़क पर गड्ढे है या गड्ढे में सड़क है, जिससे स्थानीय लोगों और राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। इस मार्ग पर ओवरलोड वाहनों के आवागमन के कारण सड़क की स्थिति और भी खराब हो गई है। ग्रामीणों ने बार बार प्रशासन से सड़क की मरम्मत की मांग की है लेकिन प्रशासनिक अनसुनी से खफा कांग्रेस के जिला महामंत्री राकेश सिंह राना ने युवा अध्यक्ष अतेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह, राजकुमार पाल, डाक्टर शानू, दीपू सिंह, सोनू पटेल, अजय मौर्य के साथ जोरदार प्रदर्शन करके निर्माण खंड लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। जिला पंचायत सदस्य राकेश सिंह राना ने कहा कि मूल समस्या जलभराव व ओवरलोड वाहनों के आवागमन से सड़क की स्थिति खराब हुई है सड़क पर गड्ढे होने से राहगीरों और स्कूली बच्चों को परेशानी हो रही है, छोटे वाहन प्रतिदिन पलट जाते हैं स्कूल जाने वाले बच्चे इन गड्ढों में गिर करके चोट खा रहे हैं। इस समस्या को लेकर जिलाधिकारी, अधिशासी अधिकारी, एसडीओ, जूनियर इंजीनियर लोक निर्माण विभाग से बार-बार लिखित, मौखिक, सोशल मीडिया के माध्यम से व व्हाट्सएप पर शिकायत की जा रही है लेकिन लोकनिर्माण विभाग प्रथम के अधिकारी कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं शायद उन्हें किसी अनहोनी का इंतजार है।।

अतेंद्र सिंह ने कहा जल भराव के कारण भी सड़क की स्थिति खराब हो गई है कांग्रेस जनों ने कहा कि तुरंत सड़क की मरम्मत की जाए गुणवत्ता के मानकों के अनुसार निर्माण कार्य किया जाए। तालाब के किनारे के भाग में सीसी रोड बनाई जाय, राकेश सिंह राना अतेंद्र सिंह, राघवेंद्र सिंह ने कहा कि शीघ्र निर्माण कार्य न किया गया तो भूख हड़ताल की जाएगी।

नवाचार महोत्सव व नॉलेज शेयरिंग का समापन

सुलतानपुर (वीओएल)। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट), सुलतानपुर में आयोजित दो दिवसीय नवाचार महोत्सव एवं नॉलेज शेयरिंग कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम का आयोजन सतत व्यवसायिक विकास के अंतर्गत परिषदीय, माध्यमिक व डायट प्रवक्ताओं के नवाचारों के आदान-प्रदान के उद्देश्य से किया गया था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ डायट प्राचार्य हरिकेश यादव, निर्णायक मंडल के सदस्य प्रो. वी. पी. सिंह एवं असिस्टेंट प्रो. अवधेश प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन व मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ। प्रशिक्षुओं द्वारा बनाए गए स्वागत बैज एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया गया। प्राचार्य श्री यादव ने शिक्षकों द्वारा निपुण भारत मिशन के अंतर्गत किए जा रहे नवाचारों की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से जोड़ने की आवश्यकता बताई। कार्यक्रम समन्वयक शैलेश मौर्य ने बताया कि नवाचारों से कक्षा शिक्षण में लर्निंग आउटकम सुधारने, नामांकन व उपस्थिति बढ़ाने, आईसीटी के प्रयोग, सामुदायिक सहभागिता एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय बदलाव संभव है।

प्रतिभागियों द्वारा प्रस्तुत नवाचारों, टीएलएम एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज का अवलोकन विशेषज्ञों द्वारा किया गया। द्वितीय दिवस पर प्रतिभागियों ने पीपीटी व वीडियो के माध्यम से नवाचार प्रस्तुत किए। चयनित प्रतिभागियों में सुलतानपुर से कांति सिंह व राहुल जायसवाल, अमेठी से रोहित प्रताप सिंह व ममता सिंह तथा डायट से प्रवक्ता प्रियंका सिंह को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर डीएलएड प्रशिक्षुओं ने विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. हरि ओम त्रिपाठी, आदर्श दूबे व अदिति सिंह ने किया। सह प्रशिक्षण प्रभारी शरद चतुर्वेदी के अनुसार सुलतानपुर व अमेठी के 28 विकासखंडों से लगभग 180 शिक्षकों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता, एसआरजी व बड़ी संख्या में प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

दबंगों ने पत्रकार को पीटा, पुलिस ने शांतिभंग में किया चालान

कूरेभार, सुलतानपुर। थाना क्षेत्र के ऐनपुर गाँव में एक दैनिक अखबार के पत्रकार अपनी जमीन पर निर्माण करवा रहा था। तभी पड़ोस के किराए पर रहे दबंगो ने लाठी डंडे से पत्रकार की पिटाई शुरू कर दी। लोगो ने बीच बचाव किया तो पत्रकार की जान बची। मंगलवार की सुबह करीब 7 बजे गाँव निवासी श्याम सुन्दर विश्वकर्मा अपने घर पर बनी नीव पर दीवाल बना रहा था। तभी पड़ोस के उदयराज सिंह के घर मे किरायेदार जितेंद्र सिंह, रिंकी, आयुषी, आयुष सिंह के साथ मेली मददगार अवधेन्द्र सिंह समेत तीन अज्ञात लोगों ने लाठी, डंडा, लोहे की राड से पिटाई कर दी, पीड़ित घर में घुस गया, लेकिन दबंगो ने उसे घर मे घुसकर जमकर पीटा। शोर शराबा होने पर दबंग जान से मारने की घमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने केस दर्ज करने के बजाय दोनों पक्षों को शांतिभंग में चलन कर मामले को ठण्ठे बस्ते में डाल दिया।

जानलेवा हमले का आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर

सुलतानपुर (वीओएल)। मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के आहिरौली गांव निवासी महेंद्र चैबे पर 10 अगस्त को आरोपियों ने जानलेवा हमला किया था। पीड़ित के पुत्र वैभव चैबे ने गांव के शनी यादव, विवेक यादव, सुनील और अरविन्द यादव के खिलाफ जानलेवा हमले का मुकदमा दर्ज कराया था। आरोपियों को पुलिस ने अभी तक पकड़ नहीं सकी है। सोमवार को वैभव चैबे ने एसपी सुलतानपुर कुंवर अनुपम सिंह को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके पिता महेंद्र चैबे पर 10 अगस्त को गांव के ही शनी यादव, विवेक यादव, सुनील और अरविन्द यादव ने लाठी-डंडे व लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया था। जिसका मुकदमा भी दर्ज हैं। बीस दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं।

हवन-पूजन और प्रेरण कार्यक्रम से हुआ बीटेक छात्रों के शैक्षिणक सत्र का आरंभ

अमेठी। मंगलवार को जिले के राजर्षि रणंजय सिंह इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (आरआरएसआइएमटी) में नव प्रवेशित बीटेक के छात्रों के लिए प्रेरण कार्यक्रम (इंडक्शन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। इंडक्शन प्रोग्राम में संस्थान के इस वर्ष बीटेक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले सभी छात्र-छात्राएं शामिल हुए। नए सत्र के आरंभ में विधिवत सुंदरकांड पाठ के साथ हवन -पूजन का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान के छात्र, शिक्षक व स्टाफ के लोग शामिल रहे। इंडक्शन प्रोग्राम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक डॉ शशांक श्रीवास्तव ने कहा कि, राष्ट्र के चौमुखी विकास में इंजिनियरों की भूमिका अहम है, इंजिनियरों के नवाचार से युक्त अनुसंधान और ईमानदारी पूर्वक किए गए श्रम अंशदान से देश के हर क्षेत्र का सम्यक विकास आसानी से हो सकता है। निदेशक ने कहा कि, इंजिनियरिंग की पढ़ाई में अनुशासन का पालन अहम है। संस्थान में नियमित पढ़ने के लिए आने से लेकर विभिन्न प्रैक्टिकल लैब में मेहनतन और लगन से ही छात्र स्किल डेवलपमेंट कर सकते हैं। निदेशक ने नव प्रवेशित छात्रों को सदैव राष्ट्रहित और मानव हित में कार्य करने के लिए तत्पर रहने की अपील किया। संस्थान के डीन डॉ अरुण कुमार सिंह ने सत्र को संबोधित करते हुए बीटेक कोर्स के बारे में बताया और अन्य विभागाध्यक्ष डॉ चंदारानी, कीर्ति जैन, एसपी पांडेय, अजय मिश्र, विनोद यादव ने भी इंडक्शन प्रोग्राम को संबोधित किया। एमबीए एचओडी डॉ आशीष कुमार त्रिपाठी ने सभी छात्रों को विश्वविद्यालय व संस्थान के नियमो के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि संस्थान पूरी तरह से तंबाकू व रैगिंग फ्री है। संस्थान में रैगिंग पूरी तरह से प्रतिबंधित है।

11 सौ कांवरियों का जत्था हुआ रवाना

तिलोई, अमेठी। क्षेत्र में लगभग ग्यारह सौ कांवरियों का जत्था सेमरौता चौराहे से रवाना हुआ और इस जत्थे में गोयन, शिवरतनगंज, सेमरौता, टिकरी, इंहौंना के भक्त शामिल रहे। सेमरौता में सभी जगह के कांवरियों का जत्था एकत्र हुआ। औरडी जे एवम भांगड़े की धुन पर भक्त नाचते गाते डलमऊ के लिए रवाना हुए। सभी कांवड़िये जल भरकर अनंत चतुर्दशी के दिन बाराबंकी जिले के हैदर गढ़ स्थित बाबा औसानेश्वर धाम पर जलाभिषेक करेंगे। इस अवसर पर, राजेश पांडेय, सुरेश सिंह अभिषेक अग्निहोत्री शिव रिसोर्ट, हिमांशु अवस्थी रवि सैनी बासुदेव सिंह, मनोज बाजपेयी, बद्री विशाल, शम्मू, राकेश, नीरज शुक्ल, लालू, कल्लू वैश्य, अमित, अनुपम, लाखन, राहुल गुप्ता, संजीत सिंह, दीपक सिंह, शिवेंद्र प्रताप रंजीत सैनी शनि शर्मा सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्त मौजूद रहे।

डीएम और सीडीओ ने किया औचक निरीक्षण, कार्यदायी संस्था को नोटिस

सुलतानपुर (वीओएल)। जिलाधिकारी कुमार हर्ष, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक एवं प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनंद ने मंगलवार को जयसिंहपुर स्थित स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीकरण विभाग के अंतर्गत निमार्णाधीन "उप निबंधक कार्यालय" का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भवन निर्माण की प्रगति, गुणवत्ता और उपयोग में लाई जा रही सामग्री का भौतिक सत्यापन किया गया।

उक्त निर्माण कार्य उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड, निर्माण प्रखंड सुलतानपुर द्वारा कराया जा रहा है, जिसकी कुल लागत 2.29 करोड़ है। परियोजना की स्वीकृति 21 मार्च 2025 को दी गई थी और इसे मई 2026 तक पूर्ण किया जाना है। अब तक 56 प्रतिशत कार्य प्रगति पर है। निरीक्षण में पाया गया कि मुख्य भवन, टॉयलेट ब्लॉक एवं कैंटीन का ब्रिक वर्क स्लैब स्तर तक पूर्ण हो चुका है तथा शटरिंग का कार्य प्रगति पर है। हालांकि, निरीक्षण के समय कार्य स्थल पर कोई भी श्रमिक उपस्थित नहीं था, जिस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यदायी संस्था को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रबंध निदेशक को भी पत्र प्रेषित करने को कहा गया। जिलाधिकारी ने निर्माण सामग्री कृसीमेंट, सरिया व बालू आदि के सैंपल गुणवत्ता परीक्षण हेतु संग्रहित कराए और निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता से समझौता न करते हुए अतिरिक्त मानव संसाधन लगाकर निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित विभाग के अभियंताओं और अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

डीएम के निरीक्षण में अनुपस्थित स्टाफ को नोटिस

- स्वास्थ्य सेवाओं की खामियों पर डीएम ने जतायी नाराजगी

सुलतानपुर (वीओएल)। जिलाधिकारी कुमार हर्ष, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक व प्रशिक्षु आईएएस रिदम आनन्द ने मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, जयसिंहपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति, दवा वितरण, मरीजों की देखरेख, साफ-सफाई एवं स्टाफ की उपस्थिति सहित तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आईं, जिस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को फटकार लगाई। ड्रेसिंग रूम में साफ-सफाई न मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताई और संबंधित चिकित्सक को फटकार लगाई। साथ ही तत्काल साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। डीएम ने जानकारी ली कि आज कितने मरीज देखे गए, जिस पर बताया गया कि कुल 65 मरीजों का उपचार किया गया। औषधि वितरण कक्ष में वॉशबेसिन की गंदगी और रेफ्रिजरेटर का तापमान मानक के अनुरूप न होने पर फॉर्मासिस्ट को फटकार लगाई गई। वहीं, दवा स्टॉक रजिस्टर का मिलान करते समय हेपेरॉन व ओबीडॉन जैसी दवाओं का विवरण पंजिका से मेल नहीं खाया। इस पर मुख्य विकास अधिकारी ने नाराजगी जताई और स्टॉक पंजिका को दुरुस्त करने के निर्देश दिए, डेंगू वार्ड में जनरल मरीज भर्ती पाए जाने पर जिलाधिकारी ने संबंधित चिकित्सक को निर्देश दिया कि उन्हें तुरंत जनरल वार्ड में शिफ्ट किया जाए। मरीजों से भोजन की गुणवत्ता पर फीडबैक लिया गया, जहां मरीज ने बताया कि नाश्ते में खिचड़ी दी गई थी। लेकिन संबंधित डॉक्टर मेन्यू की जानकारी नहीं दे सके, जिस पर डीएम ने कार्रवाई के निर्देश दिए। लेबर रूम में अटेंडेंट रामसरण अनुपस्थित पाए गए। मौजूद नर्स ने बताया कि आज कोई डिलीवरी नहीं हुई है, जबकि कल चार डिलीवरी हुई थीं। कक्ष की साफ-सफाई संतोषजनक न होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल सफाई कराने के निर्देश दिए। मरीजों को न हो कोई असुविधा निरीक्षण के अंत में जिलाधिकारी कुमार हर्ष ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर आने वाले मरीजों व उनके तीमारदारों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। सभी व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखा जाए, ताकि कोई मरीज इलाज के लिए भटकने को मजबूर न हो।

संक्षेप

मथुरा में यमुना खतरे के निशान से बहुत ऊपर

मथुरा। ब्रजभूमि मथुरा एक बार फिर बाढ़ के साये में है। यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ते हुए आज 166.40 मीटर तक पहुंच गया है, जो खतरे के निशान से काफी ऊपर है। पिछले 24 घंटों में 19 सेंटीमीटर की बढ़ोत्तरी ने निचले इलाकों में हड़कंप मचा दिया है। ताजेवाला, हिण्डन और ओखला बांधों से लगातार पानी छोड़े जाने के चलते यमुना में उफान जारी है। विश्रामघाट की सीढ़ियां पूरी तरह पानी में डूब चुकी हैं और गोकुल बैराज के सभी गेट खोल दिए गए हैं। इससे बंगाली घाट, स्वामीघाट, विश्रामघाट, असकुण्डा घाट, बंगाली घाट की सभी सीढ़िया डूब गयी हैं। जलस्तर बढ़ने से प्रशासन अलर्ट मोड पर है। निचले इलाकों में रह रहे लोगों को सतर्क किया जा रहा है। एनडीआरएफ और आपदा प्रबंधन टीमों को भी तैयार रहने के निर्देश दिए गए हैं। स्थानीय निवासियों में भय का माहौल है। कई लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन करने लगे हैं, वहीं व्यापारी वर्ग भी प्रभावित है। बाढ़ का पानी मंदिरों और घाटों तक पहुंचने से धार्मिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।

बाढ़ को लेकर दो दिन स्कूलों में अवकाश

मथुरा। मथुरा में यमुना का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जलभराव के चलते कई गांवों में हालात बिगड़ रहे हैं। ऐसे में एहतियातन प्रशासन की ओर से दो दिनों के लिए स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है। साथ ही वृंदावन में लगने वाली परिक्रमा पर भी रोक लगा दी है। मथुरा में यमुना उफान पर है। खेतों में पानी घुसने के साथ नदी किनारे के क्षेत्रों में हालात बिगड़ रहे हैं। ऐसे में दो दिनों के स्कूलों का अवकाश घोषित कर दिया गया है। साथ ही एकादशी पर वृंदावन में लगने वाली परिक्रमा पर भी रोक लगा दी गई है। ये रोक अग्रिम आदेश तक जारी रहेगी। एकादशी पर वृंदावन में परिक्रमा करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ता है। बुधवार को एकादशी है। ऐसे में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते। वहीं यमुना उफान पर है। इस स्थिति में प्रशासन ने बुधवार को एकादशी पर लगने वाली परिक्रमा पर रोक लगा दी है।

9.85 किलो गांजा बरामद छह तस्कर गिराफ्तार

मथुरा। राया पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सोमवार देर रात 9 किलो 850 ग्राम गांजा बरामद करते हुये छह लोगों को गिरफ्तार किया है। मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ अभियुक्त गांजे की तस्करी करने जा रहे हैं। इस पर पुलिस टीम ने देर रात करीब 11.30 बजे राया क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाकर वाहन को रोका। कैण्टर संख्या आरजे 11 जीडी 2743 की चैकिंग की गयी तो तलाशी में गांजे की खेप बरामद हुई। पुलिस ने शिवकुमार पुत्र हरप्रसाद निवासी हरजी का वास गोरई अलीगढ, चंद्रपाल पुत्र रामजीलाल निवासी किला बेसवां गोरई अलीगढ, मुकेश कुमार पुत्र दुर्गपाल सिंह निवासी नगला चिकन राया, विवेक पुत्र मोहनलाल वर्मा निवासी रेतिया बाजार बटटूमल गली राया, प्रेमपाल सिंह पुत्र हरपाल सिंह निवासी हरजी की वास गोरई, राजेश कुमार पुत्र महेन्द्र सिंह निवासी किला बेसवा गोरई अलीगढ को गिरफ्तार किया है। पुलिस पूछताछ में पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि वे लंबे समय से गांजे की तस्करी में सक्रिय हैं और सस्ती दर पर गांजा खरीदकर पश्चिमी उत्तर प्रदेश व राजस्थान में सप्लाई करते हैं।

बोलीं फेल होना असफलता नहीं, मौका : पीयूष भाटिया

मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय के दीक्षारंभ-2025 कार्यक्रम में ख्यातिप्राप्त बिजनेस एंड लाइफ कोच पीयूष भाटिया ने संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन में आने वाली तमाम कठिनाइयों पर जीत हासिल करने के तरीके बताए। उन्होंने कहा कि आप चाहें तो अपने जीवन की असफलता को सफलता में आसानी से बदल सकते हैं और अपना लक्ष्य हासिल कर सकते हैं।

अनेक सम्मानों से सम्मानित बिजनेस एंड लाइफ कोच पियूष भाटिया ने अपने जीवन की हकीकतों को बयान करते हुए विद्यार्थियों से कहा कि फेल होना असफलता नहीं है, यह एक अवसर है। मेरे माता-पिता मुझे डाक्टर बनाना चाहते थे लेकिन मैं परीक्षा में फेल हो गई। मैंने उससे सबक लिया और अपने जीवन को सफलता की ओर मोड़ दिया। असफलता आपको कंफर्ट जोन सो बाहर निकालती जो आपके जीवन को बनाने के लिए बहुत जरूरी है। दुनिया का बड़े से बड़ा आदमी असफल हुआ है, चाहे वो हमारे देश के राष्ट्रपति रहे कलाम साहब हों या फिर एप्पल के मालिक स्टीव जाब्स ये सब असफल हुए हैं, लेकिन इन लोगों ने अपनी असफलता को अवसर बनाकर सफलता हासिल की। उन्होंने कहा विद्यार्थी जीवन में अक्सर स्ट्रेस का सामना करना पड़ता है। यह तभी होता है जब हम किसी मसले को डील नहीं कर पाते। किसी मसले के हल करने के लिए आपकी क्षमता बहुत महत्व रखती है। कोई मामला कठिन नहीं होता बल्कि हमको उसे हल करने के लिए अपनी क्षमता कैसे बढ़ाई जाए इस पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारे लिए बहुत जरूरी है कि सबसे पहले हम अपने आप को जानें। हमको हर समय सोचना होगा कि मुझे फेल नहीं होना है। हम अपनी आंतरिक क्षमता को बढ़ाते रहेंगे तो एक दिन बड़ी से बड़ी समस्या का सामना कर लेंगे। उन्होंने कहा हमें अपने नजरिये को भी बदलना होगा, हमेशा सकारात्मक नजरिया रखने से हम बहुत सारे स्ट्रेस को कम करने में कामयाब हो जाते हैं। सबसे पहले आप अपना सम्मान करना सीखो, दुनिया आपका सम्मान करने लगेगी। कार्यक्रम के दौरान विवि के कुलाधिपति डा. सचिन गुप्ता ने नवीन सत्र में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश दिया। विवि के कुलपति प्रो. बीएम चेट्टी ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्कृति विवि की खूबियों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ मुख्य अतिथि खान सर, पियूष भाटिया ने दीप प्रज्वलित कर किया।

यमुना नदी में जलस्तर बढ़ने पर बृजवासी धैर्य बनाये रखें: डीएम

मथुरा। हथिनीकुंड बैराज सहारनपुर से 3.29 लाख क्यूसेक पानी छोड़ने के चलते जनपद में यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर आ गया है। आगामी 4 सितंबर से 6 सितंबर के मध्य यमुना का जलस्तर और बढ़ सकता है। जिससे बाढ़ की संभावना व्यक्त की जा रही है। बढ़ते जलस्तर के चलते यमुना नदी के किनारे बसे नगरीय क्षेत्र ग्राम आदि चपेट में आ सकते हैं। प्रशासन ने पशु चिकित्सा/चिकित्सा बाढ़ प्रखंड विद्युत विभागों के साथ मिलकर बाढ़ से निपटने की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली है। आवश्यकता पड़ने पर प्रभावित गांव की आबादी पशुओं को शेल्टर होम पर विस्थापित किया जाएगा। जिला अधिकारी ने आम जनमानस से अपील की है कि वह रेडियो टेलीविजन स्थानीय लेखपाल ग्राम पंचायत सचिव पुलिस अधिकारी से बाढ़ के बारे में जानकारी प्राप्त करते रहे। अधिकारियों के द्वारा बताए गए स्थान पर अपने सामान व पशुओं के साथ चले जाएं। अपने समस्त आवश्यक जरूरी कागजात हल्के सामान हल्की खाने की सामग्री भी हल्के वाटरप्रूफ बैग में रख लें। बाढ़ की चेतावनी मिलते ही गर्भवती महिलाएं बच्चे वृद्ध दिव्यांग जनों तथा बीमार व्यक्तियों को प्राथमिक के आधार पर शेल्टर होम में पहुंचाएं तथा पुलिस प्रशासन द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करें। साथ ही बच्चों व स्वयं को जलप्लावित स्थान से दूर रखकर संयम एवं धैर्य बनाए रखें। प्रशासन आपको किसी प्रकार की समस्या से 2974 बचाने के लिए पूरी तरह से सजग व सक्षम है। किसी भी विषम परिस्थिति में अपने उप जिलाधिकारी तहसीलदार खंड विकास अधिकारी 112 108 जिला कंट्रोल रूम 0565 934,0565 2972962, 0565 2972 964, 0565 2972 963 से संपर्क कर सकते हैं। उप जिलाधिकारी मथुरा वृंदावन क्षेत्र 9454 41 7728 उप जिलाधिकारी 9454417730 छाता उप जिलाधिकारी माट 9454417397 जिलाधिकारी महावन 9454 417729 उप जिलाधिकारी उप गोवर्धन 9454417727 छाता तहसीलदार मथुरा जयसिंहपुरा क्षेत्र 9454417732 तहसीलदार 9454417735 तहसीलदार मांट 9454417736 तहसीलदार महावन तहसीलदार 9454417387 गोवर्धन 9454417391 जिलाधिकारी कार्यालय 0565 2403200 बाढ़ कन्ट्रोल रूम 0565-2974934, 0565-2972962, 0565-2972964, 0565-2972963।

बलात्कार के आरोपित को फांसी की सजा लगाया तीन लाख 20 हजार का जुर्माना

मथुरा। पोक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट के न्यायाधीश ब्रजेश कुमार द्वितीय न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायाधीश पोक्सो) द्वारा ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी कर जबरन बलात्कार/दुष्कर्म कर हत्या कर देने के सनसनीखेज घटना में मुख्य आरोपी को मृत्यु दण्ड व 3 लाख 20 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित करने का महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इस मामले में मथुरा पुलिस द्वारा गुणवत्ता पूर्ण विवेचना व लोक अभियोजक के संयुक्त प्रयास से थाना जैत/वृंदावन जनपद मथुरा पर पंजीकृत मु.अ.सं. 728/2020 धारा 363/376/377/302/201 भादवि व 5/6 पोक्सो एक्ट व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट में मंगलवार को न्यायाधीश ब्रजेश कुमार द्वितीय द्वारा इस प्रकरण में विचरण करते हुए साक्ष्यों के आधार पर मुख्य अभियुक्त महेश उर्फ मसुआ पुत्र किशन सिंह निवासी तरौली सुमाली थाना छाता को मृत्युदण्ड व 3,20,000/- रुपए के अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। बताया जाता है 26 नवम्बर 2020 को अभियुक्त महेश उर्फ मसुआ पुत्र किशन सिंह द्वारा वादी की पुत्री को बहला-फुसलाकर ले जाकर जबरन बलात्कार/दुष्कर्म कर हत्या कर दी गयी थी। इस जघन्य अपराध में वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्रित किये गये एवं आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया। इस प्रकरण में अभियुक्त को सजा दिलाने में प्रभारी निरीक्षक जगदम्बा सिंह, उ.नि. ओमवीर सिंह, उ.नि. सोमप्रकाश सिंह, है. का. ऋषिपाल सिंह, का. विकास कुमार की मुख्य भूमिका रही।

38 परीक्षा केन्द्रों पर होगी पीईटी2025 की परीक्षा

मथुरा। उ प्रअधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित प्रारंभिक अहर्ता परीक्षा (पी0ई0टी0) 2025 की तैयारियों के संबंध में जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई संपन्न। उक्त परीक्षा जनपद के 38 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। दिनांक 6 एवं 7 सितंबर 2025 को परीक्षा आयोजित होगी। परीक्षा 2 शिफ्टों में होगी जिसमें प्रातः 10 बजे से 12 बजे तथा दोपहर 3 बजे से 5 बजे तक परीक्षा होगी। परीक्षा में 67968 अभ्यर्थी शामिल होंगे।

मथुरा रिफाइनरी ने 66वां इंडियन ऑयल दिवस उत्साह और भव्यता के साथ मनाया

मथुरा। मथुरा रिफाइनरी ने 66वां इंडियन ऑयल दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया और सभी रिफाइनरी कर्मियों ने अपने सभी विचारों और कार्यों में राष्ट्र को प्रथम रखते हुए निगम को गौरव के शिखर पर ले जाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

उत्सव की शुरूआत एमआर अस्पताल में रक्तदान के नेक काम से हुआ। मुकुल अग्रवाल, कार्यकारी निदेशक व रिफाइनरी प्रमुख ने शिविर का उद्घाटन किया। हर उम्र के रिफाइनरी निवासियों और उनके परिवार जनों ने रक्तदान किया और 37 यूनिट रक्तदान किया गया। रिफाइनरी में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान शपथ ग्रहण और केक कटिंग किया गया। मुकुल अग्रवाल ने सभी उपस्थितों को कॉर्पोरेशन की सफलता में सहभागिता की शपथ दिलाई। इस महत्वपूर्ण अवसर पर सभा का स्वागत करते हुए अनिल कुमार, सीजीएम (एचआर) ने इंडियन ऑयल की शानदार यात्रा और इस लंबी यात्रा में मथुरा रिफाइनरी के योगदान पर प्रकाश डाला। इंडियन ऑयल ओफिसर्स एसोसिएशन मथुरा रिफाइनरी के सचिव रवींद्र यादव ने भी शुभकामनाएं दीं और आईओसी के झंडे को ऊंचा रखने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आग्रह किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष इंडियन ऑयल और निदेशक रिफाइनरी के संदेशों को क्रमशः श्री वी सुरेश और सुधांशु कुमार ने सभी को पढ़कर सुनाया। अपने संबोधन में मुकुल अग्रवाल ने कहा कि इंडियन ऑयल की छह दशक से भी ज्यादा लंबी यात्रा भारत के लिए एक स्वर्ण युग है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इंडियन ऑयल पारदर्शिता के साथ ऊर्जा और गुणवत्ता वाले उत्पाद तैयार करता है और खुद को एक जिम्मेदार सार्वजनिक उद्योग के रूप में स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि सभी आईओसी कर्मियों के लिए हमेशा राष्ट्र प्रथम है और हमें इस मूल मूल्य को आत्मसात करना चाहिए और अपने सभी कार्यों में इसे प्रतिबिंबित करना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में, धन्यवाद ज्ञापन डी सी वर्मा, द्वारा किया गया।

डीएम ने नगर निगम व नगर पालिका शिकोहाबाद के कार्यों का निरीक्षण किया

- **प्रतिदिन कितना कार्य हो रहा है,उसकी लॉग बुक बनाकर मॉनिटरिंग की जाये**

जिला संवाददाता (vol)

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी रमेश रंजन ने नगर निगम और नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद के प्रमुख कार्यों का निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम कुतुकपुर चनौरा सॉलिड बेस्ड प्लांट एवं एमआरएफ सेंटर का निरीक्षण किया,जहां निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यहां अधिक मात्रा में कूड़ा कचरा एकत्रित न हो,साथ ही उन्होंने कहा कि प्रतिदिन कितना कार्य हो रहा है,उसकी लॉग बुक बनाकर मॉनिटरिंग की जाए, साथ ही साथ जिन गाड़ियों से कूड़ा लाया जा रहा है, इसकी मॉनेटरी हेतु अलग से स्टाफ लगाया जाए,जिससे प्रतिदिन आने वाले कूड़े का भली भांति आंकलन हो सके, साथ ही जिलाधिकारी ने कहा कि जो कंपोस्ट यहां बन रही है,उसकी किसानों को उपलब्धता के लिए एक योजना बनाई जाए,साथ ही साथ इस कम्पोस्ट की पैकेजिंग की व्यवस्था की जाए जिससे नगर निगम को भी आय प्राप्त हो सके और किसानों को भी लाभ पहुंच सके। जिलाधिकारी ने कहा कि एम आर एफ में बहुत ज्यादा प्लास्टिक का सामान एकत्रित है, इससे यहां गंदगी बढ़ रही है,इसका संरक्षण यहां कदापि न हो। जिलाधिकारी ने अंत में कहा कि प्रतिदिन का कचरा जो आ रहा है,उसके लिए अलग-अलग ब्लॉक बनाए जाएं जिससे यह जानकारी की जा सके,यह कूड़ा कचरा कितने दिनों का है, साथ ही उन्होंने कहा कि घरों से जो प्रतिदिन कूड़ा लाया जाता है,उसको घरों से ही गीले-सूखे कूड़े और प्लास्टिक को अलग-अलग कर लिया जाए। इसके बाद जिलाधिकारी शिकोहाबाद नगर पालिका परिषद के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण करने गए, जहां पर उन्होंने कांशीराम कॉलोनी में बन रहीं, काशीराम गौशाला का निरीक्षण किया,उन्होंने कहा कि यहां पर गौवंश इस गौशाला की क्षमता के अनुसार ही रखे जाएं, साथ ही यहां पर बने नाली और खड़ंजो को पुनः बनाने के सम्बन्धितों को निर्देश दिए,साथ ही साथ यहां ट्री गार्ड के साथ पौधरोपण भी किया जाए, साथ ही इस बात को भी सुनिश्चित कर लें, कि यहां पर पानी और हरे चारे की सदैव व्यवस्था रहे, साथ ही साथ जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि 15 दिन के अंदर इस गौशाला को निर्मित कर गोवंश हेतु संरक्षित कर दें। इसके पश्चात नगरोदय योजना के अंतर्गत नगर पालिका शिकोहाबाद में बन रहे ई लाइब्रेरी के निर्माण कार्य का निरीक्षण करने गए,जहां पर जिलाधिकारी ने कहा कि इस लाइब्रेरी को समय से पहले निर्मित कर लिया जाए, जिससे इसका उपयोग यहां के युवा कर सकें, साथ ही उन्होंने कहा कि यहां पर फर्नीचर व लाइटिंग इत्यादि की व्यवस्था उत्तम हो, इस निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ऋषि राज अधिशासी अभियंता नगर निगम आशीष शुक्ला और अपर जिलाधिकारी विशु राजा आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

विधायक ने किया बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण

मथुरा। मथुरा के अधिकांश ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र की कॉलौनियों बाढ़ का पानी आने पर आज विधायक गोवर्धन ठाकुर मेघश्याम सिंह ने ज्वाइंट मजिस्टेज्ट/उपजिलाधिकारी अभिनव जैन के साथ औचक निरीक्षण किया तथा वृंदावन परिक्रमा मार्ग पर होने वाली एकादशी परिक्रमा पर रोक लगा दी है। विधायक ठाकुर मेघश्याम सिंह ने विधानसभा गोवर्धन के ग्राम कोयला अलीपुर, करनावल एवं गौशाला में यमुना जी में आयी बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों का ज्वाइंट मजिस्टेज्ट/उपजिलाधिकारी अभिनव जैन के साथ निरीक्षण किया तथा गाँववासियों की समस्याओं को नजदीक से देखा और आवश्यक राहत एवं सुविधाएँ शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। विधायक ने कहा जन-जन के जीवन और सुरक्षा की रक्षा करना ही मेरी पहली प्राथमिकता है। कठिन परिस्थितियों में भी मैं हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ा हूँ।

दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

टूंडला। राजकीय प्रशिक्षण केंद्र सेवा नगर फिरोजाबाद के प्रभारी शैलेंद्र वर्मा के द्वारा गांव अलावलपुर में दो दिवसीय खाद्य प्रसंस्करण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुकेश धामा अध्यक्ष कॉपरेटिव फिरोजाबाद एवं ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रवि चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया मुख्य अतिथियों के द्वारा लाभार्थियों को प्रशिक्षण संबंधी सामग्री वितरण की गई अतिथि व्याख्याता पूर्व प्रभारी मनोज कुमार दीक्षित एवं टीआरपी राघवेंद्र सिंह यादव ने खाद्य प्रसंस्करण संबंधी इकाई लगाने की जानकारी दी गई तथा खाद्य प्रसंकरण उद्योग लगाने में मिलने वाले अनुदान की जानकारी प्रभारी शैलेंद्र वर्मा के द्वारा लाभार्थियों दी गई।

पुलिस मुठभेड़ में दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा दो शातिर लुटेरो को पुलिस मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है।31-08-2025 को थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत मिश्राना मोहल्ला में ज्वैलर्स सुरेश पुत्र रामजीलाल के साथ जान से मारने की नीयत से हमला करते हुए लूट का प्रयास होने के सम्बन्ध में थाना शिकोहाबाद पर तहरीर दी गयी थी। जिस पर थाना शिकोहाबाद पर अमन वर्मा पुत्र मनोज वर्मा एवं एक अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के दौरान साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात अभियुक्त ऋषि वर्मा पुत्र संजीव वर्मा निवासी कौसल्या नगर थाना उत्तर, फिरोजाबाद का नाम प्रकाश में आया। मंगलवार को अपराधों की रोकथाम एंव वांछित अभियुक्तगण की तलाश हेतु चलाये जा रहे अभियान के दौरान थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत अभियोग में वांछित अभियुक्तगण मोटरसाइकिल से छिछमाई के पास फिर से आज घटना करने की फिराक में घूम रहे है। सूचना पर तत्काल थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा छिछमाई को जाने वाली नहर पटरी के पास घेराबन्दी कर सघन चैकिंग अभियान चलाया गया। तभी एक मोटरसाईकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए जिन्हे शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा रुकने का इशारा किया गया। पुलिस टीम को देखकर मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति भागने लगे जिससे हडबडाहट में मोटरसाईकिल फिसलकर गिर गयी। पुलिस टीम को अपनी ओर आता देख दोनो व्यक्तियों द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया। आत्मरक्षार्थ में पुलिस टीम द्वारा की गयी जवाबी कार्यवाही में दोनों व्यक्ति पैर में गोली लगने से घायल हो गये। घायल व्यक्तयों की पहचान थाना शिकोहाबाद में पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्तगण अमन वर्मा पुत्र मनोज वर्मा निवासी थाने के पीछे सिरसागंज व ऋषि वर्मा पुत्र संजीव वर्मा निवासी कौसल्या नगर थाना उत्तर, फिरोजाबाद के रुप में हुई है। घायल अभियुक्तगण को पुलिस अभिरक्षा में उपचार हेतु जिला अस्पताल अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई है।

10.65 किग्रा. गांजा सहित 2अभियुक्त गिरफ्तार

टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा 02 अभियुक्तों को 10.65 किग्रा गांजा सहित गिरफ्तार किया गया है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में जनपद में पादक पदार्थों की अवैध बिक्री रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में मंगलवार को थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर रामपुर बम्बा पर टीकरी पुलिया के सामने थाना क्षेत्र नगला सिंघी फिरोजाबाद से दो अभियुक्तगण नीरज शर्मा पुत्र खुशीराम शर्मा निवासी भोगपुर थाना खैर जिला अलीगढ़ को 5.106 किग्रा गांजा व अभियुक्त सुमित कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी मौहल्ला भीमनगर थाना कुरावली जिला मैनपुरी को 5.541 किग्री गांजा कुल 10.65 किग्रा गांजा सहित गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी गई है।

स्वामी हरिदास को शास्त्रीय संगीत से दी भावांजलि

वृंदावन। अखिल भारतीय स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन एवं सांस्कृतिक संस्था के तत्वावधान में आयोजित अखिल भारतीय स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन और सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शास्त्रीय संगीत कलाकारों ने अद्भुत प्रस्तुतियां देकर गीत, संगीत एवं नृत्य की त्रिवेणी में श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। मुख्य अतिथि राजस्थान के पूर्व राज्यपाल कलराज मिश्र ने संगीत शिरोमणि स्वामी हरिदास के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वामी हरिदास ने अपनी संगीत साधना के माध्यम से एक ओर जहां ठा. बांके बिहारी को प्रकट किया वहीं भारतीय शास्त्रीय संगीत को एक नई पहचान दी। स्वामी हरिदास संगीत सम्मेलन एवं सम्मान समारोह में पंडित प्रभाकर नारायण मल्लिक ने ध्रुपद गायन कर कार्यक्रम की शुरूआत की। उन्होंने अपनी गायकी के माध्यम से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने अपने कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से की। इसके बाद उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की भावमयी प्रस्तुति दी। सरोद वादक पंडित मुकेश शर्मा ने अपने चिरपरिचित अंदाज में ऐसी तान छेड़ी कि श्रोता भावविभोर हो गए। पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। प्रख्यात कथक नृत्यांगना पद्मश्री नलिनी कमलिनी ने ठाकुर जी की बाल लीलाओं और राधा कृष्ण की होली लीला का बड़ा ही मनोहारी मंचन किया जिसमें उनके नृत्य कला की गहनता और निपुणता झलक रही थी। कथक प्रस्तुति को देखकर पूरा परिसर तालियों की गूंज से गुंजायमान हो उठा। संस्था के अध्यक्ष करन कृष्ण गोस्वामी ने बताया कि यह कार्यक्रम सिर्फ एक संगीत कार्यक्रम नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति और आध्यात्म की गहराइयों को छूने वाला एक पवित्र आयोजन है। इस अवसर पर उपाध्यक्ष बिहारी लाल वशिष्ठ, संयोजक रामविलास चतुवेर्दी, बलराम आचार्य, हरि कृष्ण शर्मा, कृष्णमुरारी शर्मा, नकुल शर्मा, प्रदीप गोस्वामी, अरविंद गोस्वामी, बालकृष्ण शर्मा, अनिल शास्त्री, रामबाबू शर्मा आदि मौजूद रहे।

धर्मांतरण की शिकायत पर 11 लोग गिरफ्तार

आगरा। शाहगंज में एक घर में धर्मांतरण कराने की शिकायत पर पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए लोगों में पांच महिलाएं शामिल हैं। केदार नगर के एक घर में ईसाई धर्म सभा आयोजित कर हिंदुओं को बुलाया जाता था। जहां सनातन धर्म हिंदू देवी देवता की पूजा पाठ से दूर रहने के लिए कहा जाता था। इसके बाद गरीबी और सारे कष्ट दूर होने का दावा किया जाता था। पुलिस ने करीब 1 महीने चली गोपनीय जांच के बाद यह कार्रवाई की है। भाजपा नेता सुनील कर्मचंदानी ने कहा-उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय से इलाके में धर्मांतरण की गतिविधियों की शिकायत की थी। मामला पुलिस आयुक्त दीपक कुमार तक पहुंचा तो शाहगंज पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने 1 महीने तक जांच की, इस दौरान महिला पुलिस कर्मियों को सादे कपड़ों में भेजा गया। पता चला कि शाहगंज में एक मोहल्ले में स्थित घर में प्रत्येक रविवार को धर्म सभा का आयोजन किया जाता था। इसमें बाहर से कुछ लोग आया करते थे। आसपास के हिंदुओं को बुलाया जाता था। इसमें समस्या पूछने के बाद कष्ट दूर करने का दावा किया जाता था। इसके बाद धर्म परिवर्तन के लिए कहा जाता था। जो लोग तैयार होते थे उन्हें हर संभव मदद का आश्वासन मिलता था। महिला पुलिस कर्मियों की भी बीमारी दूर करने की बात कही गई थी। 2 दिन पहले पुलिस ने घर से 5 महिला सहित 11 लोगों को पकड़ा लिया। इसमें एक मुख्य व्यक्ति भी शामिल है।

जेएस विवि में सीडीओ के नेतृत्व में गठित जांच समिति ने की जांच

फिरोजाबाद। जिलाधिकारी के निर्देश पर जे0एस0 यूनिवर्सिटी में हुए फजीवाड़े को लेकर मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य के नेतृत्व में बनी जांच समिति द्वारा बच्चों की शिकायतों के आधार पर विद्यालय में जाकर जांच की गई, बच्चों ने जिलाधिकारी को पत्र द्वारा अवगत कराया था कि हमें मार्कशीट नहीं दी जा रही है, हमें निरंतर परेशान किया जा रहा है, बार-बार दौड़ाया जाता है, लेकिन हमारी समस्या का समाधान नहीं किया जाता है, ऐसी स्थिति में जिलाधिकारी के निर्देश पर समिति ने बच्चों से वार्ता के उपरांत यह जानकारी मिली, कि बच्चों ने जिस विषय में फॉर्म भरा था, उन्हें किसी और विषय से परीक्षा देने के लिए विवश किया जा रहा है, कुछ बच्चों ने यह भी बताया कि वह यूपी एसआई का फॉर्म भरना चाहते हैं, जिनकी अंतिम तिथि 11 सितंबर है, परंतु उनको जो अंक पत्र की दिया जा रहा है, उसमें कहीं भी दिनांक का अंकन नहीं है, जिसकी वजह से उनकी मार्कशीट को वैध नहीं माना जा रहा है, जिससे वह फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं और बहुत परेशान हैं, वहां के रजिस्ट्रार द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि इस सत्र में कोई दाखिला नहीं हो रहा है, फिर भी समिति ने पाया कि विद्यालय में कई विद्यार्थी दाखिला लेने हेतु विद्यालय में उपस्थित हैं, जाँच समिति अपनी रिपोर्ट शीघ्र प्रस्तुत करेगी, इस जांच समिति में मुख्य विकास अधिकारी के अलावा एसपी आर ए त्रिगुण विशेन अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा, पुलिस क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद प्रवीण, उप जिलाधिकारी शिकोहाबाद गजेंद्र पाल, परियोजना निदेशक एवं बीडीओ सुभाष चंद्र त्रिपाठी थाना प्रभारी आदि उपस्थित रहे।

विद्यालय में जन जागरूकता शिविर आयोजित

फिरोजाबाद। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार एवं महिला कल्याण विभाग उप्र शासन के आदेश और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एडीजे अतुल चौधरी के निदेर्शानुसार महिला कल्याण विभाग मिशन शक्ति हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तहत नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय एसआर ज्ञानेश्वरी इंटर कॉलेज में एक दिवसीय जन जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें, विधिक सेवाओं पॉक्सो एक्ट बाल विवाह अधिनियम घरेलू हिंसा अधिनियम दहेज अधिनियम मोलेस्टेशन इव टीजिंग गुड टच बैड टच आदि के साथ सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं टोल फ्री हेल्पलाइन नंबरों शिक्षा व कैरियर आदि के विषय में चर्चा की गई और सभी शिक्षकों और बच्चों ने आगामी 13 सितम्बर को आयोजित होने जा रही राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने एवं अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की। मिशन शक्ति एचईडब्लू की अधिकारी ज़िला मिशन कोऑर्डिनेटर अनम अकाशा व एचईडब्लू स्टाफ अरुण कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए शिक्षा एवं बाल अधिकारों पर प्रश्नोत्तरी व इंटरएक्टिव सेशन का संचालन किया साथ ही उन्हें अपने भविष्य को बेहतर बनाने की चाहत में अपने सपनों को साकार करने के लिए सच्चा व सीधा रास्ता चुनते हुए सारी चुनौतियां का सामना करते हुए आगे बढ़े, इस बीच किसी भी डायवर्जन जैसे स्मोकिंग शराब का सेवन गुटखा खाना, सोशल मीडिया का गलत उपयोग आदि से बचें तभी अपने शैक्षिक टारगेट्स के साथ-साथ अपनी जिंदगी के बेहतरीन गोल हासिल कर पाएंगे। साथ ही सीएम कन्या सुमंगला योजना विधवा पेंशन योजना हेल्पलाइन 181 चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 सीएम बाल सेवा योजना साइबर हेल्पलाइन 1930 पर विस्तृत जानकारी प्रदान की एवं मिशन शक्ति योजना संबंधी पंपलेट वितरण कर जागरूकता विकसित की गई। पीएलवी प्रवीन कुमार ने बताया राष्ट्रीय लोक अदालत न्यायपालिका की एक सुलभ और प्रभावी व्यवस्था है। जिसमें, आपसी सहमति से विवादों का निस्तारण कराया जाता है और इसमें, होने वाले समझौतों को अंतिम निर्णय की तरह माना जाता है। यह प्रक्रिया पारंपरिक अदालतों की तुलना में अधिक तेज और बिना किसी आर्थिक बोझ के होती है। इसके लिए न तो पक्षकारों से कोई फीस ली जाती है और न लंबी अदालती कार्यवाही का सामना करना पड़ता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली, पानी के बिल, बैंक ऋण, चेक बाउंस, पारिवारिक विवाद और मोटर दुर्घटना मुआवजा जैसे मामलों का आपसी सुलह से वाद समाप्त करने हेतु आवेदन करने के लिए किसी कार्य दिवस में संबन्धित न्यायालय के पीठासीन अधिकारी या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में सम्पर्क कर किया जा सकता है।

संक्षेप

सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2025 के 40 सेमीफाइनलिस्ट टीमों की घोषणा

नयी दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने अपने युवा-केन्द्रित देशव्यापी इनोवेशन कॉन्टेस्ट सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो के चौथे संस्करण के लिए 40 सेमीफाइनलिस्ट टीमों की राष्ट्रीय सूची घोषित की है। ये टीमें अब प्रतियोगिता के अगले चरण में जाएंगी, जहां उन्हें अपने आइडिया को समाज पर असर डालने वाले समाधान में बदलने के लिए मेंटरशिप, प्रोटोटाइपिंग सपोर्ट और इनोवेशन प्लेटफॉर्म्स तक पहुंच मिलेगी। टॉप 40 टीमों को कुल 8 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी, जबकि प्रत्येक टीम मेंबर को एक सैमसंग लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। इस साल के सेमीफाइनलिस्ट्स भारत की अद्भुत भौगोलिक विविधता को दर्शाते हैं। इनमें देश के 15 राज्यों के प्रतिभागी शामिल हैं।

टोयोटो ने की बिक्री प्रदर्शन की घोषणा

बंगलुरु। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने बिक्री प्रदर्शन की घोषणा कर दी है। कंपनी का प्रदर्शन इस प्रकार रहा - कंपनी की मासिक वृद्धि अगस्त 2025 बनाम अगस्त 2024 एवं साल दर साल 34,236 यूनिट्स, 30,879 यूनिट्स रही यानी 11 प्रतिशत की वृद्धि इसमें घरेलू बाजार में 29,302 गाड़ियां बेची गई जबकि 4,934 गाड़ियों का निर्यात किया गया। अगस्त 2025 में 34,236 यूनिट्स बेचीं, जिससे बाजार में हमारी मजबूत मौजूदगी बनी रही और हमें ग्राहकों के हमारे कारों और सेवाओं पर निरंतर भरोसे से प्रोत्साहन मिला।

सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स की तोलाराम वेलनेस से साझेदारी

नई दिल्ली। सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स लिमिटेड ने आज घोषणा की है कि कंपनी ने नाइजीरिया की तोलाराम वेलनेस लिमिटेड के साथ एक मैन्युफैक्चरिंग एग्रीमेंट किया है। इस करार के तहत, सेम्प्रे न्यूट्रिशन्स, सेसिफिकेशन्स और क्वोलिटी स्टान्डर्स के अनुसार, तोलाराम वेलनेस को न्यूट्रास्युटिकल और खाद्य उत्पादों का निर्माण और आपूर्ति करेगा। इस एग्रीमेंट से 10 करोड़ रुपये का वार्षिक कारोबार होने की उम्मीद है, जो तीन वर्षों में लगभग 30 करोड़ रुपये तक बढ़ जाएगा।

ब्रिलियंट कलेक्शन लॉन्च

बंगलुरु। मोटोरोला ने आज स्वारोवस्की के साथ मिलकर ब्रिलियंट कलेक्शन लॉन्च किया है। यह कलेक्शन टेक्नोलॉजी और फैशन को एक साथ लाता है। इसमें मोटोरोला रेजर 60 और मोटो बड्स लूप का खास स्वारोवस्की एडिशन शामिल है। ये डिवाइस बेहतरीन डिजाइन, नई तकनीक और खूबसूरत स्टाइल के साथ बनाए गए हैं, जो यूजर्स की तरह ही चमकते हैं। मोटोरोला और स्वारोवस्की दोनों नई तकनीक, शानदार शिल्पकला और अपनी खास पहचान का महत्व देते हैं।

बंधन बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड लॉन्च

मुंबई। बंधन म्यूचुअल फंड ने बंधन बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स फंड के लॉन्च की घोषणा की है। यह भारत का पहला इंडेक्स फंड है जो निवेशकों को अर्थव्यवस्था के सभी सेक्टर लीडर्स तक विशेष पहुँच प्रदान करेगा। यह ओपन-एंडेड स्कीम बीएसई इंडिया सेक्टर लीडर्स इंडेक्स को ट्रैक करेगी, जो बीएसई 500 इंडेक्स के 21 सेक्टरों में से प्रत्येक से बाजार पूंजीकरण के आधार पर शीर्ष तीन कंपनियों की पहचान करता है। न्यू फंड ऑफर 3 सितंबर 2025 को खुलेगा और 17 सितंबर 2025 को बंद होगा।

आँखों की गुस्ताखियाँ का प्रीमियर जी5 पर

नई दिल्ली। मिनी फिल्म्स के बैनर तले निर्मित और संतोष सिंह द्वारा निर्देशित आँखों की गुस्ताखियाँ एक दिल छू लेने वाली रोमांटिक कॉमेडी है, जिसमें गहरी भावनाओं और चंचल आकर्षण का सुंदर संगम है। रस्किन बॉन्ड की द आइज हैव इट से प्रेरित यह फिल्म जहान (विक्रांत मैसी), एक प्रतिभाशाली दृष्टिहीन संगीतकार, और सबा (शनाया कपूर, अपनी पहली फिल्म में), एक जीवंत नवोदित अभिनेत्री, की भावनाओं और हास्य से भरपूर यात्रा को दर्शाती है। 5 सितम्बर को जी5 पर प्रीमियर होगा। ट्रेन में उनकी आकस्मिक मुलाकात एक अप्रत्याशित रिश्ते को जन्म देती है ऐसा रिश्ता जो नजर से नहीं, बल्कि साझा सपनों, दिल छू लेने वाले पलों और नोकझोंक भरी प्यारी केमिस्ट्री से बंधा है, जो जितना हँसाता है उतना ही भावुक कर देता है।

सेंसेक्स में 207 अंकों की गिरावट

मुंबई। स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को शुरुआती तेजी कायम नहीं रह पायी और जीएसटी परिषद की बैठक से पहले बैंक और वाहन शेयरों में कारोबार के अंतिम घंटे में मुनाफावसूली से बीएसई सेंसेक्स 207 अंक के नुकसान में रहा, जबकि एनएसई निफ्टी 45 अंक टूट गया।

तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 206.61 अंक यानी 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 80,157.88 अंक पर बंद हुआ। सूचकांक तेजी के साथ खुला और दोपहर तक बढ़त के साथ कारोबार करता रहा। हालांकि, कारोबार के अंत में मुनाफावसूली के कारण यह दिन के उच्चतम स्तर 80,761.14 अंक से 752.64 अंक नीचे आ गया। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 16 नुकसान में जबकि 14 लाभ में रहे। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 45.45 अंक यानी 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,579.60 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 24,756.10 अंक तक गया और नीचे में 24,522.35 अंक तक आया। सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, एशियन पेंट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टुब्रो प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, एनटीपीसी, टाटा स्टील और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। घरेलू शेयर बाजारों ने मजबूत वृहद आंकड़ों के कारण आई शुरुआती तेजी गंवा दी और जीएसटी परिषद की बैठक तथा वायदा एवं विकल्प (एफएंडओ) खंड में सौदों की समाप्ति से पहले सतर्कता के बीच मुनाफावसूली के कारण बैंक शेयरों की अगुवाई में गिरावट के साथ बंद हुए। जीएसटी परिषद की तीन सितंबर से नयी दिल्ली में दो दिन की बैठक होगी। इसमें प्रस्तावित दरों में कटौती पर चर्चा की जाएगी। सकारात्मक घरेलू संकेतों और जीएसटी परिषद की बैठक के परिणामों को लेकर उम्मीद के चलते बाजार ने सत्र की शुरुआत मजबूती के साथ की। शुरुआती तेजी के बाद, निफ्टी कारोबार के पहले हिस्से में धीरे-धीरे ऊपर चढ़ा। हालांकि, बाद में बैंक और प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली दबाव ने तेजी को पटरी से उतार दिया। इससे वायदा एवं विकल्प खंड में अनुबंधों की साप्ताहिक समाप्ति के दिन सूचकांक नुकसान में रहा। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.64 प्रतिशत चढ़ा जबकि मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप 0.27 प्रतिशत के लाभ में रहा।

रुपया आठ पैसे गिरकर अबतक के सबसे निचले स्तर 88.18 प्रति डॉलर पर

मुंबई। भारत-अमेरिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी से मंगलवार को रुपया दबाव में रहा और यह अमेरिकी डॉलर के मुकाबले आठ पैसे गिरकर 88.18 (अस्थायी) के सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ।

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिका के बढ़े हुए शुल्क को लेकर फैली अनिश्चितता के बीच रुपया अबतक के सबसे निचले स्तर के आसपास कारोबार कर रहा है क्योंकि इसके नीचे जाने का जोखिम बना हुआ है। इसके अलावा, घरेलू शेयर बाजारों से लगातार विदेशी पूंजी की निकासी या डॉलर की मजबूती आगे भी रुपये की कमजोरी को बढ़ा सकती है। सोमवार को कारोबार के दौरान रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 88.33 के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर पहुंच गया था। मंगलवार को अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.14 पर कमजोर खुला और कारोबार के दौरान 88.20 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 88.18 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से आठ पैसे कम है। सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 88.10 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ था। हमारा अनुमान है कि रुपया थोड़ा नकारात्मक रुख के साथ कारोबार करेगा क्योंकि व्यापार शुल्क को लेकर अनिश्चितता और कमजोर घरेलू बाजार स्थानीय मुद्रा पर दबाव डाल सकते हैं। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निकासी और कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से भी घरेलू मुद्रा पर दबाव पड़ सकता है। मुद्रा कारोबारी अमेरिका के विनिर्माण पीएमआई आंकड़ों से संकेत ले सकते हैं। चौधरी ने कहा कि इस हफ्ते अमेरिका से आने वाली गैर-कृषि पेरोल रिपोर्ट से पहले निवेशक सतर्क रह सकते हैं। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 1.80 प्रतिशत बढ़कर 69.38 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। घरेलू शेयर बाजार में सेंसेक्स 206.61 अंक गिरकर 80,157.88 अंक पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 45.45 अंक गिरकर 24,579.60 अंक पर रहा।

स्टालिन ने किये 7,020 करोड़ के निवेश के 26 एमओयू

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने अपनी जर्मनी की यात्रा के दौरान 26 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत राज्य में 7,020 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और 15,000 से अधिक नौकरियां सृजित होंगी। सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री की मौजूदगी में 'टीएन राइजिंग जर्मनी निवेशक सम्मेलन' के दौरान 3,819 करोड़ रुपये के निवेश प्रतिबद्धता के साथ 23 समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये और इन समझौतों से तमिलनाडु में 9,070 नौकरियां उत्पन्न होंगी। इसके अलावा नॉर-प्रेम्स, नॉस्टिक्स ग्रुप और ईबीएम-फास्ट के साथ तीन प्रमुख समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए।

बॉब डिजि उद्यम का शुभारंभ

लखनऊ। बैंक ऑफ बड़ौदा ने बॉब डिजि उद्यम- एक डिजिटल, कोलेटरल-मुक्त ऋण प्लेटफॉर्म जो सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) को रुपये 10 लाख से रुपये 50 लाख तक के आसान वर्किंग कैपिटल ऋण तक त्वरित एक्सेस प्रदान करता है, के शुभारंभ की घोषणा की है। यह पहल, केंद्रीय बजट 2024-25 की उस घोषणा के अनुरूप है जिसमें कहा गया था कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक एमएसएमई ऋण मूल्यांकन के लिए आंतरिक क्षमता विकसित करेंगे।

सोना व चांदी ने बनाया नया रिकॉर्ड

नयी दिल्ली। अमेरिकी शुल्क और डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट के कारण सुरक्षित निवेश के लिए लोगों की बढ़ती मांग के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत लगातार सातवें कारोबारी सत्र में मजबूत रही और 400 रुपये बढ़कर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गई।

सोमवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,05,670 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, चांदी की कीमत भी 100 रुपये बढ़कर 1,26,100 रुपये प्रति किलोग्राम के एक नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। मंगलवार को 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत भी 400 रुपये बढ़कर 1,05,200 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,04,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। पिछले सात सत्रों में सोने की कीमत में 5,900 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी हुई है। चालू वर्ष में सोने की कीमतों में 34.35 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह 31 दिसंबर, 2024 को 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। ऑग्मोंट में शोध प्रमुख रेनिशा चैनानी ने कहा कि पिछले हफ्ते एक अमेरिकी अपीलीय अदालत द्वारा व्हाइट हाउस के तथाकथित जवाबी शुल्क को गैरकानूनी बताने वाले फैसले को बरकरार रखने के बाद मंगलवार को सोने की कीमत रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गई। अदालत ने कहा कि शुल्क अक्टूबर के मध्य तक लागू रह सकते हैं। हालांकि, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस फैसले की आलोचना की और कहा कि वह इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती देंगे। इस घटनाक्रम ने अमेरिकी शुल्कों के आर्थिक प्रभाव को लेकर अनिश्चितता बढ़ा दी है। इसमें से अधिकांश अगस्त में लागू हुए थे। शुल्क के खिलाफ कोई भी फैसला अमेरिका को प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ समझौतों पर बातचीत करने के लिए भी मजबूर करेगा।

वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से शुरू करेगा बजट तैयार करने की प्रक्रिया

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय नौ अक्टूबर से 2026-27 के लिए बजट तैयार करने की प्रक्रिया शुरू करेगा। वैश्विक स्तर पर अनिश्चितताओं और भारतीय सामान पर 50 प्रतिशत अमेरिकी शुल्क के बीच बजट की तैयारी शुरू होने जा रही है।

अगले वर्ष के बजट में मांग बढ़ाने, रोजगार सृजन और अर्थव्यवस्था को आठ प्रतिशत से अधिक की सतत वृद्धि दर पर लाने के लिए मुद्दों पर ध्यान देना होगा। सरकार का अनुमान है कि चालू वित्त वर्ष के दौरान देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.3 से 6.8 प्रतिशत के बीच रहेगी। आर्थिक मामलों के विभाग के बजट परिपत्र (2026-27) के अनुसार, सचिव (व्यय) की अध्यक्षता में बजट-पूर्व बैठकें नौ अक्टूबर, 2025 से शुरू होंगी। परिपत्र में कहा गया, वित्तीय सलाहकारों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि परिशिष्ट में आवश्यक विवरण तीन अक्टूबर, 2025 से पहले या उससे पहले ठीक से दर्ज किए जाएं। निर्दिष्ट प्रारूपों में आंकड़ों की हार्ड कॉपी सत्यापन के लिए जमा की जानी चाहिए। वित्त वर्ष 2026-27 के बजट अनुमानों को बजट-पूर्व बैठकों के पूरा होने के बाद अस्थायी तौर पर अंतिम रूप दिया जाएगा और संशोधित अनुमान (आरई) बैठकें नवंबर, 2025 के मध्य तक जारी रहेंगी।

दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर घट सकती है जीएसटी

नयी दिल्ली। केंद्र सरकार बुधवार से शुरू हो रही जीएसटी परिषद की दो दिन की बैठक में दैनिक उपयोग की वस्तुओं पर कर कम करने के लिए माल एवं सेवा कर में महत्वाकांक्षी बदलाव पर विचार कर सकती है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता वाली और सभी राज्यों के प्रतिनिधित्व वाली यह परिषद केंद्र के अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार प्रस्ताव पर चर्चा करेगी।

प्रस्तावित सुधारों में मौजूदा 12 प्रतिशत और 28 प्रतिशत के कर स्लैब को हटाकर केवल पांच प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो दरें रखना प्रमुख है। इसके अलावा कुछ चुनिंदा वस्तुओं पर 40 प्रतिशत की विशेष दर से कर लिया जाएगा। कर स्लैब में कटौती और इसके चलते कीमतों में होने वाली कमी का आमतौर पर स्वागत किया गया है, लेकिन विपक्षी दलों के शासन वाले राज्य इस बदलाव के कारण राजस्व में किसी भी नुकसान की भरपाई की मांग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 15 अगस्त को अपने स्वतंत्रता दिवस के भाषण में जीएसटी सुधारों की योजना के बारे में बताया था। इसके तुरंत बाद केंद्र सरकार ने प्रारंभिक समीक्षा के लिए विभिन्न राज्यों के मंत्रियों के एक समूह (जीओएम) के साथ प्रस्तावित सुधार का एक खाका साझा किया। जीओएम ने कर दरों को कम करने के केंद्र के प्रस्ताव पर सहमति जताई है। परिषद 3-4 सितंबर को इन सिफारिशों पर विचार करेगी। मामले से अवगत सूत्रों ने बताया कि स्लैब में बदलावों से मोटे तौर पर सहमत होते हुए मंत्री समूह ने 40 लाख रुपये तक कीमत वाले इलेक्ट्रिक वाहन पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाने का समर्थन किया है।

सैमसंग ने लॉन्च किया गैलेक्सी ए17 5जी

लखनऊ। सैमसंग ने आज अपना सबसे किफायती गैलेक्सी ए सीरीज एआई स्मार्टफोन गैलेक्सी ए17 5जी लॉन्च किया। यह 7.5 एमएम पतला और अपने सेगमेंट का सबसे स्लीक फोन है। इसका वजन सिर्फ 192 ग्राम है, जिससे इसे पकड़ना और इस्तेमाल करना आसान है। गैलेक्सी ए17 5जी गैलेक्सी ए16 5जी की सफलता को आगे बढ़ाता है, जो भारत में सैमसंग के सबसे ज्यादा बिकने वाले स्मार्टफोन्स में से एक है। राजू पुल्लन, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, एमएक्स बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा कि गैलेक्सी ए सीरीज हमारा सबसे पसंदीदा स्मार्टफोन है क्योंकि यह यूजर्स को किफायती दामों में शानदार फीचर्स देता है। गैलेक्सी ए17 5जी हमारा सबसे किफायती एआई स्मार्टफोन है। जिसमें सर्कल टू सर्च और जेमिनी लाइव जैसे लोकप्रिय एआई फीचर्स हैं। इसमें ऑन-डिवाइस वॉयस मेल भी है।

अकाउंट एग्रीगेटर परिवेश औपचारिक ऋण पहुंच में नयी सीमाओं को खोलेगाः वित्त मंत्रालय

नयी दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि अकाउंट एग्रीगेटर परिवेश औपचारिक ऋण पहुंच में विशेष रूप से सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) एवं व्यक्तिगत ऋण के लिए नए आयाम खोलने के लिए तैयार है। यह 2047 तक विकसित भारत की दिशा में भारत की यात्रा में सार्थक योगदान देगा।

अकाउंट एग्रीगेटर (एए) ढांचे को आधिकारिक तौर पर दो सितंबर 2021 को पेश किया गया। इससे वित्तीय डेटा साझा करने के लिए एक सुरक्षित, सहमति-आधारित प्रणाली स्थापित हुई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 2016 में एए परिवेश के लिए व्यापक निर्देश जारी किए थे। मंत्रालय ने चौथी वर्षगांठ के अवसर पर बयान में कहा कि एए परिवेश तेजी से विकसित हुआ है। बैंकिंग, प्रतिभूति, बीमा एवं पेंशन क्षेत्रों में तेजी से अपनाया जा रहा है जिससे भारत का डीपीआई (डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचा) मजबूत हो रहा है। आज तक 112 वित्तीय संस्थान वित्तीय सूचना प्रदाता (एफआईपी) और वित्तीय सूचना उपयोगकर्ता (एफआईयू) दोनों के रूप में सक्रिय हो चुके हैं जबकि 56 केवल एफआईपी और 410 एफआईयू के रूप में सक्रिय हुए हैं। एए ढांचे के माध्यम से अब 2.2 अरब से अधिक वित्तीय खाते सुरक्षित, सहमति-आधारित डेटा साझाकरण के लिए सक्षम हैं जिनमें से 11.23 करोड़ उपयोगकर्ता पहले ही अपने खातों को लिंक कर चुके हैं जो इस परिवर्तनकारी पहल में बढ़ते पैमाने एवं विश्वास को रेखांकित करता है। इसमें कहा गया कि 2023 में भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान एए को एक आधारभूत डीपीआई के रूप में मान्यता दी गई। जुलाई 2024 में जारी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना पर भारत के जी20 कार्यबल की रिपोर्ट में भी इसके महत्व का विस्तार से वर्णन किया गया है।

पेज एक का शेष

अफगानिस्तानः

जारी है। रविवार देर रात को पर्वतीय क्षेत्र में आए 6.0 तीव्रता के भूकंप से गांव तबाह हो गए और लोग घंटों मलबे में फंसे रहे। इससे पहले, अफगानिस्तान के राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता यूसुफ हम्माद ने बताया, घायलों को निकाला जा रहा है, इसलिए ये आंकड़े बदल सकते हैं। उन्होंने बताया, भूकंप के कारण कुछ इलाकों में भूस्खलन हुआ, जिससे सड़कें अवरुद्ध हो गईं, लेकिन उन्हें फिर से खोल दिया गया है और बाकी सड़कों को भी खोला दिया जाएगा ताकि उन इलाकों तक पहुंच आसान हो सके जहां पहुंचना मुश्किल था। ज्यादातर नुकसान कुनार प्रांत में हुआ है। घायलों को अस्पताल पहुंचाने के लिए हेलीकॉप्टर का इस्तेमाल किया जा रहा है, और राहत एजेंसियों ने बताया कि उनकी टीम ऊबड़-खाबड़ रास्तों और टूटी सड़कों के कारण सबसे सुनसान इलाकों तक पहुंचने के लिए पैदल यात्रा कर रही हैं। तालिबान सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मदद की अपील की है। ब्रिटेन ने 10 लाख पाउंड (13 लाख अमेरिकी डॉलर) की आपात धनराशि देने का वादा किया है, जिसे तालिबान सरकार के बजाय मानवीय एजेंसियों के बीच बांटा जाएगा, हालांकि ब्रिटेन तालिबान सरकार को मान्यता नहीं देता। चीन सहित अन्य देशों ने भी आपदा राहत सहायता की पेशकश की है। वर्ष 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से यह तीसरा बड़ा भूकंप है, और अफगानिस्तान के लिए यह नवीनतम संकट है, जो सहायता निधि में भारी कटौती और कमजोर अर्थव्यवस्था से जूझ रहा है। वर्ल्ड विजन अफगानिस्तान सहायता एजेंसी के एडवोकेसी निदेशक मार्क काल्डर ने आगाह किया कि मदद की जरूरत वाले लोगों की संख्या 2,50,000 से अधिक हो सकती है।

सेमीकंडक्टर मिशन

तेल ने पिछली सदी को आकार दिया, वहीं 21वीं सदी की शक्ति अब छोटी चिप में केंद्रित है। आकार में छोटा होने के बावजूद इन चिप में वैश्विक प्रगति को तेजी से बढ़ाने की क्षमता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वैश्विक सेमीकंडक्टर बाजार पहले ही 600 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच चुका है और आने वाले वर्षों में इसके 1,000 अरब डॉलर को पार करने की उम्मीद है। उन्होंने कहा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में भारत जिस गति से आगे बढ़ रहा है उसे देखते हुए इस 1,000 अरब अमेरिकी डॉलर के बाजार में भारत की महत्वपूर्ण हिस्सेदारी होगी। निवेशकों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत खुले दिल से उनका स्वागत करने को इच्छुक है। मोदी ने कहा डिजाइन तैयार है। मास्क तैयार है। अब सटीक क्रियान्वयन और बड़े पैमाने पर आपूर्ति का समय है। उन्होंने कहा कि भारत की नीतियां अल्पकालिक संकेत नहीं बल्कि दीर्घकालिक प्रतिबद्धताएं हैं। मोदी ने आश्वासन दिया कि प्रत्येक निवेशक की जरूरतें पूरी की जाएंगी। प्रधानमंत्री ने 2021 में सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के आरंभ का उल्लेख करते हुए कहा कि 2023 तक देश का पहला सेमीकंडक्टर संयंत्र स्वीकृत किया गया था। 2024 में कई और संयंत्रों को मंजूरी मिली और 2025 में पांच अतिरिक्त परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। मोदी ने कहा कुल मिलाकर 10 सेमीकंडक्टर परियोजनाएं अभी जारी हैं, जिनमें 18 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक का निवेश शामिल है। यानी 1.5 लाख करोड़ रुपये से अधिक, यह भारत में बढ़ते वैश्विक भरोसे को दर्शाता है। सेमीकंडक्टर क्षेत्र में गति के महत्व पर उन्होंने कहा दस्तावेजों से फैक्टरी तक का समय जितना कम होगा और कागजात जितने कम होंगे, वेफर का काम उतनी ही जल्दी शुरू हो सकेगा। उन्होंने कहा कि सरकार इसी दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

मां के अपमान

कोई लेना-देना नहीं था तो उनका क्या दोष था। उनके लिए अपशब्द क्यों कहे गए? प्रधानमंत्री ने बिहार में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं के लिए एक नयी सहकारी पहल के डिजिटल तरीके से उद्घाटन के मौके पर दिल्ली में एक सभा को संबोधित करते हुए ये टिप्पणियां कीं। मोदी ने कहा, बिहार मां जानकी की धरती है... यहां महिलाओं को हमेशा से सम्मान दिया गया है। यहीं छठ पूजा मनाई जाती है। राजद और कांग्रेस के मंच से मेरी मां को अपशब्द कहे गए... मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि ऐसा होगा... यह बिहार की मां-बेटियों का अपमान है... राज्य की जनता उन्हें कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा, मैं अपनी मां का बेटा हूं... मैं अपना दर्द आपके साथ साझा कर रहा हूं।

सड़क हादसों में

पर अचानक एक जानवर आ गया, जिसे बचाने की कोशिश में मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट गयी। मोटरसाइकिल पर सवार चारों लोग घायल हो गए, जिनमें से शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई जबकि अन्य घायलों को पुलिस ने देवरिया मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। चिकित्सकों ने तीन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जबकि, हमीरपुर जिले के सरीला-जरिया मार्ग पर मंगलवार सुबह मोटरसाइकिल पेड़ से टकराने के कारण 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान अरुण कुमार यादव के रूप में हुई है।

आउटसोर्सिंग

नियमानुसार आरक्षण मिलेगा। महिलाओं को मैटरनिटी लीव का भी अधिकार दिया जाएगा। कर्मचारियों की कार्यक्षमता और दक्षता बढ़ाने के लिए समय-समय पर प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, सेवा के दौरान कर्मचारी की मृत्यु होने पर 15 हजार रुपये अंतिम संस्कार सहायता के रूप में दिए जाएंगे।

यूपी में पैतृक संपत्ति का बंटवारा हुआ आसान, स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस में राहत

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पारिवारिक संपत्ति बंटवारे को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है, योगी मंत्री मंडल के इस फैसले ने परिवारों को बड़ी राहत दी है। दरअसल, उत्तर प्रदेश मंत्रिमंडल ने परिवारों को बड़ी राहत देते हुए संपत्ति के बंटवारे में दस्तावेजों पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क और पंजीकरण शुल्क की सीमा 5000 रुपये तय करने को मंजूरी दे दी है। संयुक्त पारिवारिक संपत्ति (पैतृक संपत्ति) के विभाजन पर अब अधिकतम 10 हजार रुपये ही खर्च होंगे। विभाजन की पक्की लिखा-पढ़ी के लिए 5000 रुपये बतौर स्टांप ड्यूटी और पांच हजार रुपये निबंधन शुल्क देना होगा।

सरकार ने संभल

श्रद्धालुओं बल्कि देशभर के तीर्थयात्रियों के लिए आस्था का केंद्र हैं। चतुर्मुख कूप अपने अनूठे वास्तुशिल्प और पौराणिक कथाओं के लिए जाना जाता है, जबकि यम तीर्थ और पिशाच मोचन तीर्थ पितृ तर्पण और मुक्ति से जुड़े अनुष्ठानों के लिए महत्वपूर्ण हैं। इन तीर्थों के पुनरुद्धार क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगा। उत्तर प्रदेश सरकार की वंदन योजना के तहत इन तीर्थों के जीर्णोद्धार के लिए 100 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, शासन की ओर से 500 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि स्वीकृत की गई है, जिससे कुल 600 करोड़ रुपये का बजट इन तीर्थों के पुनरुद्धार और विकास के लिए उपलब्ध है। इस धनराशि का उपयोग तीर्थ स्थलों की मूल संरचना को संरक्षित करते हुए आधुनिक सुविधाएं जैसे सड़क, प्रकाश, स्वच्छता, और श्रद्धालुओं के लिए विश्राम स्थल विकसित करने में किया जा रहा है। सरकार की वंदन योजना और अन्य योजनाओं के तहत ऐसे कई धार्मिक स्थलों का जीर्णोद्धार किया जा रहा है, जो उत्तर प्रदेश को आध्यात्मिक पर्यटन का केंद्र बनाने में मदद करेंगे।

पहाड़ से लेकर

बुआई में बहुत मेहनत की थी, लेकिन सब कुछ बर्बाद हो गया। अब हम और क्या कर सकते हैं। यमुना में आई बाढ़ ने कई लोगों की जमीन और फसल को ही अपनी चपेट में नहीं लिया बल्कि उन्हें उनके आशियानों को भी छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया है। मदनपुर खादर के एक निवासी ने कहा, पानी खेतों में घुस गया है और हमारी झोपड़ियां भी पानी में डूब गई हैं। पुलिस हमें यहां से हटने के लिए कहने आई थी, लेकिन हमारे लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई। एक अन्य किसान, विकास ने बताया कि उनके परिवार की आजीविका छिन गई है। उन्होंने कहा, मेरे पिता सब्जियां उगाते हैं और हमारा परिवार खेती पर निर्भर है। हमारे आधे से ज्यादा खेत पानी में डूबे हुए हैं और जलस्तर अब भी बढ़ रहा है। अधिकारियों ने बताया कि सुबह आठ बजे पुराने यमुना पुल पर नदी का जलस्तर 205.8 मीटर दर्ज किया गया, जो खतरे के निशान 205.33 मीटर से ऊपर है। हथिनीकुंड, वजीराबाद और ओखला बैराज से छोड़े गए पानी ने नदी को और विकराल रूप दे दिया है।

आपदा पीड़ितों

निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभावित लोगों की सुरक्षा, आवास, भोजन और स्वास्थ्य सुविधाओं की सुनिश्चित व्यवस्था की जाए और राहत कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस संकट की घड़ी में हर प्रभावित नागरिक के साथ खड़ी है। हम हर संभव सहायता उपलब्ध कराएंगे और बचाव कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। आपदा से प्रभावित प्रत्येक परिवार को सरकार की ओर से यथासंभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा किए गए स्थलीय निरीक्षण के दौरान उन्होंने लक्सर हरिद्वार के गांवों में जाकर जलभराव, क्षतिग्रस्त सड़कें, टूटे हुए पुल एवं जल से घिरे घरों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आपदा प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए उनकी जरूरतों की जानकारी ली और आश्वस्त किया कि राहत कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राहत शिविरों की पर्याप्त व्यवस्था और उनमें समुचित भोजन, पानी, दवाइयां एवं साफ-सफाई की व्यवस्था हो। जिन परिवारों को स्थानांतरित करने की आवश्यकता है, उन्हें सुरक्षित स्थानों पर भेजा जाए। किसानों को हुई फसल क्षति का त्वरित आंकलन कर मुआवजा प्रक्रिया जल्द शुरू की जाए। सभी प्रभावितों को आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य शिविर लगाकर चिकित्सा सुविधाएं दी जाएं।

राजस्व मामलों

मामले निस्तारित कर चौथा और बाराबंकी ने 8,615 मामलों का निस्तारण कर पांचवां स्थान प्राप्त किया है। जौनपुर डीएम डॉ. दिनेश चंद्र सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुसार राजस्व मामलों को निस्तारित किया जा रहा है। बोर्ड ऑफ रेवन्यू की अगस्त माह की राजस्व न्यायालय कंप्यूटरीकृत प्रबंधन प्रणाली (आरसीसीएमएस) की रिपोर्ट के अनुसार जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के निर्धारित मानक निस्तारण से अधिक मामलों का निस्तारण किया है। जौनपुर की पांच राजस्व न्यायालयों ने बोर्ड के प्रति माह निस्तारण के मानक 250 के सापेक्ष 612 मामलों का निस्तारण किया है। इसका रेश्यो 244.80 प्रतिशत है।

बाराबंकी में

की। हिंसक भीड़ को काबू करने के लिए पुलिस को हल्का बलप्रयोग करना पड़ा। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में पुलिसकर्मी प्रदर्शनकारियों पर बर्बरतापूर्ण तरीके से लाठीचार्ज करते दिखाई दे रहे हैं। इस झड़प में कई छात्र घायल हुए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना का संज्ञान लिया है और उनके आदेश पर संबंधित पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्षित चौहान को हटा दिया गया है। इसके अलावा शहर कोतवाल रामकिशन राणा को लाइन हाजिर कर दिया गया है। इस बीच, विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों के आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि उसके विधि पाठ्यक्रम को बार काउंसिल ऑफ इंडिया से पूरी तरह मान्यता प्राप्त है।

बिना प्रायोजक के खेलेगी टीम इंडिया

बीसीसीआई ने टीम इंडिया के टाइटल प्रायोजन के लिए बोलियां आमंत्रित कीं

एजेंसी

नयी दिल्ली। फैंटेसी स्पोर्ट्स की दिग्गज कंपनी ड्रीम 11 के हाथ खींचने के बाद बीसीसीआई ने मंगलवार को भारतीय क्रिकेट टीम के टाइटल प्रायोजन अधिकारों के लिए बोलियां आमंत्रित की जिसमें वास्तविक धन गेमिंग और क्रिप्टोकरेंसी में काम करने वाली कंपनियों पर रोक लगाई गई है क्योंकि सरकार ने ऐसी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भारतीय टीम नौ सितंबर से यूएई में शुरू होने वाले एशिया कप में बिना मुख्य प्रायोजक के खेलेगी क्योंकि बोर्ड ने बोली जमा करने की अंतिम तिथि 16 सितंबर तय की है। ड्रीम 11 ने हाल ही में ऑनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के प्रचार और विनियमन के कारण अपने वास्तविक धन वाले गेम बंद कर दिए हैं। अधिनियम में कहा गया है कि कोई भी व्यक्ति ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं की पेशकश, सहायता, उकसाना, प्रेरित, लिप्त या संलग्न नहीं होगा और न ही किसी ऐसे विज्ञापन में शामिल होगा जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी व्यक्ति को कोई भी ऑनलाइन मनी गेम खेलने के लिए प्रोत्साहित करता हो। ड्रीम 11 और माय 11 सर्कल के साथ बीसीसीआई का भारतीय क्रिकेट टीम और इंडियन प्रीमियर लीग के लिये 1000 करोड़ रूपये के करीब टाइटल प्रायोजन करार था। बीसीसीआई की एक विज्ञप्ति में कहा गया, बोली लगाने वाला ,जिसमें उसके समूह की कोई भी कंपनी शामिल है उसे भारत में या दुनिया में कहीं भी ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाओं में संलग्न नहीं होना चाहिए, भारत में किसी भी व्यक्ति को कोई ऑनलाइन मनी गेमिंग, सट्टेबाजी या जुआ या इसी तरह की सेवाएं प्रदान नहीं करनी चाहिए और भारत में सट्टेबाजी या जुए में संलग्न किसी भी व्यक्ति में कोई निवेश या स्वामित्व हित नहीं होना चाहिए। आईईओआई खरीदने की आखिरी तारीख 12 सितंबर है और बोली के दस्तावेज जमा करने की आखिरी तारीख 16 सितंबर है।

इसमें आगे कहा गया बोली लगाने वाला या उसके समूह की कोई भी कंपनी किसी भी तरह की ऐसी गतिविधि या व्यवसाय में शामिल नहीं होनी चाहिये जिसकी आनलाइन गेमिंग अधिनियम 2025 के तहत अनुमति नहीं है। इसके अलावा तंबाकू, शराब और ऐसी कोई भी चीज जो सार्वजनिक नैतिकता को ठेस पहुंचाती हो, इसके पात्र नहीं हैं। बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया कि कुछ ब्रांड श्रेणियों को भी ब्लॉक किया जाएगा क्योंकि बीसीसीआई के पास उक्त श्रेणियों में मौजूदा प्रायोजक हैं। इनमें एथलेजर और खेल परिधान निर्माता, बैंक, बैंकिंग और वित्तीय सेवा और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियां, अल्कोहल रहित ठंडे पेय, पंखे, मिक्सर ग्राइंडर, सुरक्षा ताले और बीमा शामिल हैं। बीसीसीआई से फिलहाल इन श्रेणियों के ब्रांड एडिडास , कैंपा कोला, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक और एसबीआई लाइफ जुड़े हुए हैं। बोर्ड ने कहा कि एक से अधिक ब्रांडाउत्पाद श्रेणियों में काम करने वाले या उनसे जुड़े बोली लगाने वालों का एक ब्रांड निषिद्ध या ब्लॉक की श्रेणी में आता है तो ऐसी श्रेणियों के संबंध में बोली प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। बोली लगाने वाले को सरोगेट ब्रांड के माध्यम से बोलियाँ लगाने से प्रतिबंधित किया गया है।

सरोगेट ब्रांडिंग के मायने किसी अन्य संस्था या व्यक्ति के माध्यम से किसी अन्य संस्था या व्यक्ति की ओर से अप्रत्यक्ष रूप से बोली प्रस्तुत करने के किसी भी प्रयास से है। इसमें विभिन्न नामों, ब्रांडों, पहचान या लोगो का उपयोग शामिल है लेकिन इन्हीं तक सीमित नहीं है। बोली लगाने की वित्तीय पात्रता के अनुसार, बोली लगाने वाले का पिछले तीन वर्षों का औसत कारोबार कम से कम 300 करोड़ रुपये होना चाहिए या प्रत्येक बोली लगाने वाले की पिछले तीन वर्षों की औसत निवल संपत्ति कम से कम 300 करोड़ रुपये होनी चाहिए। बोर्ड ने कहा कि वह बिना कोई कारण बताए किसी भी स्तर पर आईईओआई प्रकिया को रद्द या संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ड्रीम11 ने 2023 से 2026 की अवधि के लिए 44 मिलियन डॉलर (लगभग 358 करोड़ रुपये) में अधिकार हसिल किया था। उन्हें हालांकि अनुबंध में लगभग एक वर्ष शेष रहते इससे अलग होना पड़ा लेकिन इसके लिए उन्हें दंडित किए जाने की संभावना नहीं है।

विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने से ओलंपिक की भरपाई कर दी : चिराग

नयी दिल्ली। भारतीय पुरुष युगल बैडमिंटन टीम के सदस्य चिराग शेट्टी ने कहा कि हाल में पेरिस में विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने से एक साल पहले इसी शहर में ओलंपिक खेलों में पोडियम तक नहीं पहुंच पाने की काफी हद तक भरपाई कर दी। चिराग और लंबे समय से उनके साथी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने पिछले सप्ताह विश्व चैंपियनशिप में पुरुष युगल का कांस्य पदक जीता। दुनिया की नौवें नंबर की इस जोड़ी ने क्वार्टर फ़ाइनल में मलेशिया के दो बार के ओलंपिक पदक विजेता आरोन चिया और सोह वूई यिक को हराकर विश्व चैंपियनशिप में अपना दूसरा पदक हासिल किया।

भारत की इस जोड़ी का पहली बार विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने का सपना सेमीफाइनल में चीन की 11वीं वरीयता प्राप्त चेन बो यांग और लियू यी की जोड़ी से हार के साथ टूट गया। चिराग ने कहा मुझे लगता है कि आरोन और सोह के खिलाफ जीत निश्चित रूप से बहुत खास है। इससे यह सुनिश्चित हो गया कि अगर हम सही रणनीति के साथ खेलें तो हम किसी को भी हरा सकते हैं। हाल ही में उनके खिलाफ हमारा रिकॉर्ड बहुत अच्छा नहीं रहा था। विशेष कर ओलंपिक खेलों में जहां हमें उनके हाथों हार का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा इसलिए उन्हें लगातार गेम में हराने से निश्चित रूप से हमारा मनोबल बढ़ा और यह पिछले साल के ओलंपिक खेलों की एक तरह से भरपाई भी थी। हम ओलंपिक में उसी कोर्ट पर उनसे हार गए थे। इसलिए उनके खिलाफ जीत वास्तव में खास थी। एक साल पहले सात्विक और चिराग को ओलंपिक में पदक से चूकने का दर्द सहना पड़ा था, जब मलेशियाई जोड़ी ने उनका अभियान बीच में ही रोक दिया था।

कांस्य पदक जीतने के साथ ही सात्विक और चिराग विश्व चैंपियनशिप में एक से अधिक पदक जीतने वाले खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए हैं। साइना नेहवाल ने विश्व चैंपियनशिप में दो जबकि पीवी सिंधू ने पांच पदक जीते हैं। चिराग ने कहा यह जानकर बहुत अच्छा लग रहा है कि साइना और सिंधू के साथ हम भी विश्व चैंपियनशिप में कई पदक जीतने वाले खिलाड़ियों की सूची में शामिल हो गए हैं। यह इसलिए मायने रखता है क्योंकि पिछले कुछ साल हमारे लिए कोर्ट के अंदर और बाहर अच्छे नहीं रहे थे।

उन्होंने कहा इस जीत से यह सुनिश्चित हो गया कि हम सही रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं। सात्विक और चिराग के इस पदक के साथ ही 2011 से विश्व चैंपियनशिप में भारत का पोडियम पर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। चिराग ने कहा मुझे उम्मीद है कि विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने का यह सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। यह बड़ी उपलब्धि है। सभी को इस बार मुश्किल ड्रॉ मिले थे लेकिन हमारे सभी खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

संक्षेप

कमिंस भारत व न्यूजीलैंड शृंखला से बाहर

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के शीर्ष तेज गेंदबाज और टेस्ट कप्तान पैट कमिंस पीठ के निचले हिस्से में दर्द के कारण मंगलवार को भारत और न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी सीमित ओवरों की श्रृंखला से बाहर हो गए। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ इस साल के आखिर में होने वाली एशेज श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए उनके रिहैबिलिटेशन की व्यवस्था की जा रही है। ऑस्ट्रेलिया एक अक्टूबर से न्यूजीलैंड के साथ तीन टी20 मैच खेलेगा। उसके बाद वह भारत के खिलाफ तीन वनडे (19-25 अक्टूबर) और पांच टी20 मैच (29 अक्टूबर से आठ नवंबर) खेलेगा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एशेज श्रृंखला 21 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी।

न्यूजीलैंड के मैकमिलन महिला टीम कोच नियुक्त

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड ने भारत और श्रीलंका की संयुक्त मेजबानी में 30 सितंबर से शुरू होने वाले महिला वनडे विश्व कप से पहले पूर्व ऑलराउंडर क्रेग मैकमिलन को मंगलवार को अपनी महिला टीम का बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण कोच नियुक्त किया। न्यूजीलैंड की तरफ से 55 टेस्ट और 197 वनडे मैच खेलने वाले मैकमिलन मुख्य कोच बेन सॉयर की अगुवाई वाली कोचिंग टीम का हिस्सा बनेंगे। मैकमिलन इससे पहले 2024 में टी20 विश्व कप जीत के दौरान न्यूजीलैंड महिला टीम का हिस्सा थे। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार मैकमिलन ने कहा व्हाइट फर्न्स (न्यूजीलैंड की महिला टीम) के साथ इस भूमिका को लेकर मैं बेहद खुश हूं।

एएफसी में भारत का क्वालीफिकेशन अभियान बहरीन से होगा शुरू

दोहा। भारतीय पुरुष अंडर-23 टीम बुधवार को यहां एएफसी अंडर-23 एशियाई कप सऊदी अरब 2026 क्वालीफायर ग्रुप एच के अपने पहले मैच में बहरीन से भिड़ेगी। मुख्य कोच नौशाद मूसा के मार्गदर्शन में भारतीय टीम पहली बार अंडर-23 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने का लक्ष्य लेकर उतरी है। पिछले छह प्रयासों में भारत क्वालीफायर से आगे नहीं बढ़ पाया है इसलिए मूसा और उनके युवा खिलाड़ी कतर की राजधानी में इतिहास रचने के लिए बेताब होंगे। मेजबान कतर और ब्रुनेई दारुस्सलाम ग्रुप एच की अन्य दो टीमें हैं। सभी 11 ग्रुप से ग्रुप विजेता और चार सर्वश्रेष्ठ उपविजेता अगले साल जनवरी में सऊदी अरब में होने वाले फाइनल टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। मंगलवार को मैच से पहले प्रेस कांफ्रेंस में मूसा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि कोई भी टीम बड़ी होती है।

राज्यस्तरीय कोबुडो चैंपियनशिप में लखनऊ को तीसरा स्थान

लखनऊ। होटल आरके ग्रैंड, केशवपुरम आवास विकास, लखनऊ में आयोजित तृतीय राज्यस्तरीय कोबुडो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप 2025 में लखनऊ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में प्रदेश के अलग-अलग जिलों से करीब 350 खिलाड़ियों ने भाग लिया।

चैंपियनशिप में कानपुर नगर विजेता और चंदौली उपविजेता रहा, जबकि लखनऊ ने 4 स्वर्ण, 5 रजत व एक कांस्य पदक के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए परचम लहराया। चैंपियनशिप में लखनऊ के खिलाड़ियों ने कुल 10 पदक अपने नाम किए। इसमें राशी रावत, सरजना, सपना, रुपाली ने काटुडो कुमिते में स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। वहीं अनामिका, महक विश्वकर्मा, सजिल, व्योम व व राशि ने काटुडो कुमिते में रजत पदक जीते। एकमात्र कांस्य काटुडो कुमिते में स्मृति को मिला। लखनऊ टीम को कोच अनुराग सिंह और अभिषेक ने प्रशिक्षित किया। चैंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक नीलिमा कटिहार रहीं। अध्यक्षता यूपी कोबुडो मार्शल आर्ट एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ आनंद किशोर पांडेय ने की। प्रतियोगिता संचालन में टेक्निकल डायरेक्टर सुनील श्रीवास्तव, आयोजन सचिव शोभित पांडेय और रेफरी/जज की भूमिका में सोनू वर्मा, राहुल कादियार, सिद्धांत श्रीवास्तव सहित अन्य शामिल रहे।

ओसाका व स्वियातेक अमेरिकी ओपन क्वार्टर फाइनल में

न्यूयॉर्क। जापान की नाओमी ओसाका और पोलैंड की इगा स्वियातेक ने अमेरिकी ओपन महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। ओसाका ने अमेरिका की कोको गाफ को 6.3, 6.2 से मात दी। स्वियातेक ने एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा को 6.3, 6.1 से हराया। ओसाका 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंची हैं। अब उनका सामना चेक गणराज्य की कैरोलिना मुचोवा से होगा। वहीं स्वियातेक की टक्कर अमांडा अनिसिमोवा से होगी जिन्हें उन्होंने विम्लबडन फाइनल में 6.0, 6.0 से हराया था।

अनिसिमोवा ने 16वीं रैंकिंग वाली बीट्रिज हदाद मेइया को 6.0, 6.3 से शिकस्त दी। पुरूष वर्ग में 25वीं रैंकिंग वाले कनाडा के फेलिक्स आगर अलियास्सिमे को आंद्रेइ रूबलेव को 7.5, 6.3, 6.4 से हराया। आस्ट्रेलिया के ऐलेक्स डि मिनौर और इटली के लोरेंजो मुसेत्ती भी अंतिम आठ में पहुंच गए। डि मिनौर का सामना अब आगर एलियास्सिमे से होगा। वहीं शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने अलेक्जेंडर बुबलिक को 6.1, 6.1, 6.1 से मात दी। सिनेर का सामना अब मुसेत्ती से होगा।

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारत का सामना कोरिया से

एजेंसी

राजगीर। पूल चरण में अपराजेय रहने के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय हॉकी टीम को एशिया कप सुपर 4 चरण के मुकाबले में बुधवार को पांच बार की चैम्पियन और पिछली विजेता कोरिया के खिलाफ अपने खेल में सुधार करना होगा। भारतीय टीम पूल ए में सारे मैच जीतकर सुपर 4 में पहुंची है। उसने चीन को 4 - 3 से, जापान को 3 - 2 और कजाखस्तान को 15 - 0 से हराया। जीत के बावजूद भारत का प्रदर्शन अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा है। चीन और जापान के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद उसने टूर्नामेंट में दूसरी ही बार खेल रही कजाखस्तान टीम पर बड़े अंतर से जीत दर्ज की। दूसरी ओर कोरियाई टीम भी अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं है। वह पूल बी में मलेशिया के बाद दूसरे स्थान पर रही और मलेशिया ने उसे 4 - । से हरा दिया था। तेज गर्मी और भारी उमस के बीच टीमें संघर्ष करती नजर आई लेकिन सुपर 4 के मैच शाम को होंगे जिससे प्रदर्शन बेहतर रहने की उम्मीद है। भारतीय टीम ने सोमवार को हर क्षेत्र में बेहतर खेल दिखाया चाहे गोलकीपिंग हो, डिफेंस , मिडफील्ड या आक्रमण। फॉरवर्ड पंक्ति का प्रदर्शन तारीफ के काबिल रहा जिसमें अभिषेक ने चार गोल दागे। सुखजीत सिंह ने भी हैट्रिक लगाई और फ्लैंक से उनकी ड्रिबलिंग और डी के भीतर शांतचित्त रवैया जबर्दस्त था। भारत की फॉरवर्ड पंक्ति में एकमात्र कमजोर कड़ी दिलप्रीत सिंह रहे जिन्होंने गोल तो किया लेकिन एक आसान मौका गंवाया भी। अभी तक टूर्नामेंट में वह जूझते ही नजर आये हैं और अब उन्हें प्रदर्शन में सुधार करना होगा। भारत के कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा , सुपर 4 चरण से पहले स्ट्राइकर्स का लय में रहना जरूरी है। मनप्रीत सिंह की अगुवाई में मिडफील्ड का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है और कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने डिफेंस की कमान बखूबी संभाल रखी है। पहले दो मैचों में औसत प्रदर्शन के बाद गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक के प्रदर्शन में भी सुधार हुआ है। कोच फुल्टोन ने हालांकि कहा कि असल टूर्नामेंट अब शुरू हुआ है जिसमें पिछले नतीजे मायने नहीं रखते। उन्होंने कहा हमारी टीम आत्मविश्वास से भरी है। खिलाड़ी लय में है और हम यही चाहते हैं। कजाखस्तान के खिलाफ हरमनप्रीत, जुगराज सिंह , संजय और अमित रोहिदास चारों ने पेनल्टी कॉर्नर तब्दील किये। जुगराज ने हैट्रिक लगाई। सुपर 4 चरण हालांकि सभी टीमों (भारत, कोरिया, चीन और मलेशिया) के लिये नयी शुरूआत होगी। सभी टीमें एक दूसरे से खेलेंगी और शीर्ष दो रविवार को फाइनल में जगह बनायेंगी। एशिया कप बेल्जियम और नीदरलैंड में 14 से 30 अगस्त तक होने वाले विश्व कप में सीधे जगह बनाने का मौका है। सुपर 4 चरण के दूसरे मैच में मलेशिया का सामना चीन से होगा।

हॉकी : भारत को सुपर 4 में

टेनिस : राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस चैंपियनशिप दिल्ली में

एजेंसी

नयी दिल्ली। मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन दीया चितले और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता जी साथियान और हरमीत देसाई सहित कई शीर्ष भारतीय खिलाड़ी सात सितंबर से यहां शुरू हो रहे यूटीटी राष्ट्रीय रैंकिंग टेबल टेनिस टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगे। राष्ट्रीय स्तर के इस महत्वपूर्ण टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए अभी तक विभिन्न आयु वर्गों के 2958 खिलाड़ियों ने आवेदन किया है। दिल्ली राज्य टेबल टेनिस संघ (डीएसटीटीए) 2008 के बाद पहली बार किसी राष्ट्रीय रैंकिंग टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा है, हालांकि भारतीय टेबल टेनिस महासंघ ने हरियाणा के सहयोग से 2012 में राष्ट्रीय राजधानी में एक टूर्नामेंट का आयोजन किया था। यह टूर्नामेंट सात से 14 सितंबर तक त्यागराज स्टेडियम में खेला जाएगा। खिलाड़ी सीनियर, अंडर-19, अंडर-17, अंडर-15, अंडर-13 और अंडर-11 श्रेणियों सहित 12 स्पर्धाओं में भाग लेंगे। पुरुष वर्ग में भाग लेने वाले खिलाड़ियों में कई पूर्व राष्ट्रीय चैंपियन जैसे साथियान, हरमीत, एंथनी अमलराज और सौम्यजीत घोष शामिल हैं। घोष 2012 में लंदन ओलंपिक में भाग लेने के बाद व्यक्तिगत कारणों से राष्ट्रीय टीम की तरफ से नहीं खेल पाए थे।

महिला वर्ग में चितले को खिताब की प्रबल दावेदार माना जा रहा है, जिसमें उन्हें अनुभवी मौमा दास, मधुरिका पाटकर, रीथ रिश्या और दिव्या देशपांडे से कड़ी चुनौती मिलेगी। दिल्ली की तरफ से खेलने वाली भारत की स्टार खिलाड़ी मनिका बत्रा इस टूर्नामेंट के लिए उपलब्ध नहीं हैं, क्योंकि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में व्यस्त हैं। डीएसटीटीए के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह ने कहा अभी तक 2958 आवेदन मिले हैं जिससे इस बात का पता चलता है कि इस टूर्नामेंट में लोगों की कितनी दिलचस्पी है। मुझे याद नहीं कि पिछली बार किसी राष्ट्रीय रैंकिंग प्रतियोगिता के लिए इतने आवेदन कब आए थे। हम इस प्रतियोगिता की मेज़बानी के लिए पूरी तरह तैयार हैं। आयोजन समिति में राष्ट्रीय कोच और द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता संदीप गुप्ता भी शामिल हैं। गुप्ता ने कहा इतने सारे राष्ट्रीय चैंपियन इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। यह दिल्ली के युवा खिलाड़ियों के लिए उनसे सीखने का शानदार मौका है।

प्रणव वेंकटेश ने रिकॉर्ड प्रदर्शन के साथ जीत दर्ज की

एजेंसी

फुजैरा (यूएई)। विश्व जूनियर चैम्पियन प्रणव वेंकटेश ने स्पेन के ग्रैंडमास्टर एलेन पिचोट को हराकर फुजैरा ग्लोबल सुपरस्टार्स शतरंज टूर्नामेंट जीत लिया। प्रणव ने नौ में से सात अंक बनाये और अमेरिका के ब्रैंडन जैकबसन, मैक्सिको के जोस एडुआर्डो मार्तिनेज और ईरान के अमीन टाबाटाबाइ से एक अंक आगे रहे। ग्रैंडमास्टर आदित्य मित्तल और शीर्ष वरीयता प्राप्त ग्रैंडमास्टर निहाल सरीन 5.5 अंक लेकर संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे। आदित्य कुल छठे और निहाल 12वें स्थान पर रहे।

अठारह वर्ष के प्रणव ने नौ दौर के टूर्नामेंट में एक भी पराजय का सामना नहीं किया। उन्होंने पांच जीत दर्ज की जबकि चार मुकाबले ड्रॉ रहे। उन्हें इस प्रदर्शन के साथ 23000 डॉलर और 28 ईएलओ रेटिंग अंक मिले। अब वह उजबेकिस्तान के समरकंद में ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट खेलेंगे। इस टूर्नामेंट में विश्व चैम्पियन डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा, अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती, पी हरिकृष्णा जैसे भारतीय धुरंधरों के अलावा उजबेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तोरोव , नीदरलैंड के अनीश गिरी और रूस के इयान नेपोम्नियाशि भी खेलेंगे। वहीं दूसरी ओर

भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा बुधवार से शुरू हो रहे फिडे ग्रैंड स्विस में कड़े प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026 में अपनी जगह पक्की करने के इरादे से उतरेंगे।

इस 11 दौर के टूर्नामेंट में ओपन वर्ग में कुल छह लाख 25 हजार डॉलर और महिला वर्ग में दो लाख 30 हजार डॉलर की पुरस्कार राशि दांव पर लगी होगी। इस टूर्नामेंट में ओपन और महिला वर्ग में शीर्ष दो खिलाड़ी कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगे। प्रज्ञानानंदा ने 2025 के प्रदर्शन श्रेणी क्वालीफायर में अच्छी बढ़त हासिल कर ली है और कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली है। कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में कुल आठ खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। एक खिलाड़ी 2024 और 2025 में फिडे सर्किट में अपने प्रदर्शन के आधार पर क्वालीफाई करेगा, दो खिलाड़ी ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट से, तीन खिलाड़ी इस साल अक्टूबर-नवंबर में गोवा में होने वाले विश्व कप से और छह महीने के उच्चतम रेटिंग औसत के आधार पर दो खिलाड़ी क्वालीफाई करेंगे। अमेरिका के फाबियानो करुआना 2024 में अपने शानदार प्रदर्शन की बदौलत पहले ही कैंडिडेट्स में जगह बना चुके हैं। प्रज्ञानानंदा ने मौजूदा वर्ष में अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों पर लगभग अजेय बढ़त हासिल कर ली है और अगर सब कुछ सही रहा तो उनका क्वालीफाई करना भी लगभग तय है।

भारत का सामना कैसे करें? सुलक्षण कुलकर्णी ने मुंबई की एक क्लब टीम की कहानी से ओमान को किया प्रेरित

नयी दिल्ली। एशिया कप में भारत के खिलाफ 19 सितंबर को होने वाले मुकाबले में टी20 विश्व चैंपियन टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव के लिए ओमान की क्या योजना होगी? ओमान के उप मुख्य कोच सुलक्षण कुलकर्णी से जब यह सवाल पूछा गया तो वह हंसने लगे। नौ सितंबर से शुरू हो रहे इस महाद्वीपीय टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ अपनी क्षमता साबित करने को बेताब कुलकर्णी ने मजाकिया लहजे में पीटीआई से कहा, अगर मैं अपने खिलाड़ियों को अभी योजना बता दूं तो मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि 19 सितंबर तक वे इसे जरूर भूल जाएंगे।

यह पूछे जाने पर कि क्या ओमान इतनी मजबूत भारतीय टीम के खिलाफ प्रतिस्पर्धी हो सकता है तो खिलाड़ी और कोच के रूप में मुंबई से जुड़े रहे कुलकर्णी ने राष्ट्रीय केमिकल्स एंड फर्टिलाइजर्स (आरसीएफ) नाम की एक क्लब टीम का दिलचस्प उदाहरण दिया जो एक प्रतिष्ठित कारपोरेट टूर्नामेंट टाइम्स शील्ड में खेलती थी। कुलकर्णी ने कहा मैं 10 साल तक आरसीएफ का कप्तान रहा। टाइम्स शील्ड में हम शायद आठवें स्थान पर थे और हमारे पास कोई प्रतिष्ठित खिलाड़ी नहीं था। फिर भी हम इंडियन ऑयल, एयर इंडिया, टाटा, एसीसी जैसी टीमों को हरा देते थे जिनमें स्टार भारतीय खिलाड़ी होते थे। उन्होंने कहा, मैंने एक ऐसी टीम का नेतृत्व किया जो दिलीप वेंगसरकर और संजय मांजरेकर जैसे शीर्ष भारतीय खिलाड़ियों की मौजूदगी वाली कारपोरेट टीमों को हरा देती थी। 1990 के दशक की शुरुआत में टाइम्स शील्ड एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट था। तो यही मेरा नजरिया है। सबसे कमजोर टीमों में से एक होने के बावजूद हमने पूरी आशा और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ मैच जीते और मैं यही चाहता हूं कि ओमान के खिलाड़ी भारत और पाकिस्तान के खिलाफ भी यही करें।

जीएसटी घटने से छोटे व्यवसायों को होगा लाभ

अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पारदर्शी बनायेंगे : सीतारमण

चेन्नई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार अर्थव्यवस्था को पूरी तरह से खुला एवं पारदर्शी बनाएंगे। इससे अनुपालन बोझ में और कमी आएगी एवं छोटे व्यवसायों को लाभ होगा।

तमिलनाडु स्थित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने यह बात कही। इस कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहीं। सीतारमण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में अगली पीढ़ी के सुधारों के लिए एक कार्यबल के गठन की घोषणा की है। इसका स्पष्ट उद्देश्य नियमों को सरल बनाना, अनुपालन लागत कम करना तथा स्टार्टअप, सूक्ष्म, लघु व मझोले उद्यमों और उद्यमियों के लिए एक अधिक अनुकूल परिवेश का निर्माण करना है। सीतारमण ने कहा, इसके अतिरिक्त, अगले दो दिन होने वाली परिषद की बैठक के साथ अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों की योजनाबद्ध शुरुआत से आने वाले महीनों में अर्थव्यवस्था पूरी तरह से खुली एवं पारदर्शी हो जाएगी। अनुपालन बोझ में और कमी आएगी जिससे छोटे व्यवसायों के लिए फलने-फूलना आसान हो जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में बड़े सुधारों की घोषणा की थी और नागरिकों के लिए दिवाली पर उपहारों का वादा किया था। सीतारमण ने कहा कि देश के अपने विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण की ओर बढ़ते हुए बैंकों से न केवल ऋण का विस्तार करने बल्कि बुनियादी ढांचे के विकास को गति प्रदान करने, एमएसएमई के लिए समय पर और आवश्यकता-आधारित वित्तपोषण सुनिश्चित करने, बैंकिंग सेवाओं से वंचित लोगों को औपचारिक बैंकिंग के दायरे में लाने व विविध आवश्यकताओं को पूरा करने का आह्वान किया जाता है। इस लक्ष्य के लिए बैंकिंग क्षेत्र का समर्थन अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, इस परिवर्तन के मार्गदर्शक सिद्धांत विश्वास, प्रौद्योगिकी और पारदर्शिता होने चाहिए। केंद्रीय वित्त मंत्री ने साथ ही कहा कि पिछले 11 वर्ष में 56 करोड़ जन-धन खाते खोले गए हैं जिनमें कुल जमा राशि 2.68 लाख करोड़ रुपये है। इनमें से अधिकतर खाताधारक महिलाएं हैं। सीतारमण ने यह भी बताया कि भारतीय अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों ने परिसंपत्ति गुणवत्ता में बड़ा सुधार दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ने 18 वर्ष में पहली बार देश की दीर्घकालिक साख में सुधार किया है। मंत्री ने कहा कि अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्तियां) 31 मार्च, 2025 तक घटकर 2.3 प्रतिशत रह गया है, जबकि शुद्ध एनपीए 0.5 प्रतिशत है। मैं समझती हूंकि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में हमारे बैंकों के लिए यह एक अद्भुत उपलब्धि है।

डिजिटल साक्षरता, वित्तीय जागरूकता को लेकर चुनौतियां अब भी बरकरार: राष्ट्रपति

चेन्नई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में प्रगति के बावजूद, लोगों को अब भी डिजिटल साक्षरता और वित्तीय जागरूकता के संदर्भ में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। राष्ट्रपति ने तमिलनाडु स्थित सिटी यूनियन बैंक के 120वें स्थापना दिवस समारोह में कहा कि किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सशक्तीकरण बैंकिंग क्षेत्र की प्राथमिकता होनी चाहिए।

बैंक और वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियां वंचित समुदायों के लिए उनके अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन और बीमा उत्पाद प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भुगतान बैंक, डिजिटल वॉलेट और बैंकिंग प्रतिनिधियों ने वित्तीय सेवाओं को दूरदराज के गांवों के घर-घर पहुंचाया है। हालांकि, इस क्षेत्र में प्रगति के बावजूद, डिजिटल साक्षरता, इंटरनेट पहुंच और वित्तीय जागरूकता के संदर्भ में कई चुनौतियां अब भी बनी हुई हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि सभी पक्षों के संयुक्त प्रयासों से, लोगों को प्रौद्योगिकी, डिजिटल और वित्तीय साक्षरता के माध्यम से बैंकिंग सेवाओं के साथ बेहतर ढंग से एकीकृत किया जा सकता है। इसके अलावा, बैंक एमएसएमई को विकास के इंजन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा, समय पर और सस्ता कर्ज, वित्तीय साक्षरता प्रदान करके और कृषि-प्रौद्योगिकी उपायों को समर्थन देकर, बैंक कृषि को टिकाऊ और लाभदायक बनाने में मदद कर सकते हैं। बैंक एमएसएमई को विकास के इंजन में बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। इस मौके पर तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि, केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, तमिलनाडु की समाज कल्याण एवं महिला सशक्तीकरण मंत्री गीता जीवन, सिटी यूनियन बैंक के चेयरमैन जी महालिंगम, बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी एन कामकोडी उपस्थित थे।

संक्षेप

धर्मस्थल विवाद में शामिल कार्यकर्ता आरएसएस-भाजपा से जुड़े हैं: मंत्री प्रियंक खरगे

बेंगलुरु। कर्नाटक के मंत्री प्रियंक खरगे ने मंगलवार को आरोप लगाया कि दो कार्यकर्ता गिरीश मत्तनवर और महेश शेट्टी टिमरोडी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से जुड़े हैं। सूत्रों ने बताया कि ऐसा आरोप है कि धर्मस्थल विवाद के पीछे इन दोनों लोगों का दिमाग है। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़ने और जनभावनाएं आहत करने वाले वीडियो बनाने तथा उन्हें सोशल मीडिया पर प्रसारित करने के आरोप में मत्तनवर और टिमरोडी के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए हैं। सूचना प्रौद्योगिकी एवं जैव प्रौद्योगिकी मंत्री खरगे ने संवाददाताओं से कहा कि टिमरोडी आरएसएस से हैं। खरगे ने कहा, कर्नाटक विधानसभा में उन्होंने (भाजपा ने) किसके खिलाफ बोला? क्या वह महेश शेट्टी टिमरोडी नहीं था? यह व्यक्ति आरएसएस से है। आरएसएस भाजपा का गुरु है। ये लोग आरएसएस, विहिप (विश्व हिंदू परिषद) और बजरंग दल में पले-बढ़े हैं। मंत्री ने मत्तनवर के बारे में कहा, वह भारतीय जनता युवा मोर्चा (जिला) के अध्यक्ष हैं।

दिल्ली हाईकोर्ट ने शरजील इमाम, उमर खालिद और सात अन्य को जमानत देने से इनकार किया

नयी दिल्ली। दिल्ली उच्च न्यायालय ने फरवरी 2020 के दंगों के पीछे की कथित साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में उमर खालिद, शरजील इमाम और सात अन्य को जमानत देने से मंगलवार को इनकार कर दिया।

न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शलिंदर कौर की पीठ ने शरजील इमाम, उमर खालिद, मोहम्मद सलीम खान, शिफा उर रहमान, अतहर खान, मीरान हैदर, अब्दुल खालिद सैफी और गुलफिशा फातिमा और शादाब अहमद की जमानत याचिकाओं पर फैसला सुनाया। नौ जुलाई को अपना आदेश सुरक्षित रखने के बाद मंगलवार को पीठ ने कहा कि सभी अपीलें खारिज की जाती हैं। विस्तृत आदेश का इंतज़ार है। आरोपी 2020 से जेल में हैं और उन्होंने अपनी जमानत याचिका खारिज करने के निचली अदालत के आदेश के खिलाफ उच्च न्यायालय का रुख किया था। अभियोजन पक्ष ने याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा था कि यह स्वतःस्फूर्त दंगों का मामला नहीं है, बल्कि ऐसा मामला है, जहां भयावह सोच के साथ पहले साजिश रची गई और सोच-समझकर ऐसा किया गया। अभियोजन पक्ष का प्रतिनिधित्व कर रहे सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि यह वैश्विक स्तर पर भारत को बदनाम करने की साजिश थी और केवल लंबी कैद के आधार पर जमानत नहीं दी जा सकती। उन्होंने दलील दी, अगर आप अपने देश के ख़िलाफ़ कुछ भी करते हैं, तो बेहतर होगा कि आप बरी होने तक जेल में रहें। हालांकि, इमाम के वकील ने दलील दी कि वह जगह, समय और खालिद समेत सह-आरोपियों से पूरी तरह से अलग थे। वकील ने कहा कि इमाम के भाषणों और व्हाट्सएप चैट में कभी भी किसी अशांति का आह्वान नहीं किया गया।

भारत जलवायु परिवर्तन से लड़ने को प्रतिबद्ध: भूपेंद्र यादव

नयी दिल्ली। केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को कहा कि भारत बहुपक्षवाद में विश्वास रखता है और जलवायु परिवर्तन से लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विकसित देश इस दिशा में विकासशील देशों को वित्त और प्रौद्योगिकी प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को पूरा करने में विफल रहे हैं। यादव ने 20वें सीआईआई सस्टेनेबिलिटी समिट में एक परिचर्चा के दौरान कहा कि जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक खतरा है।

लेकिन इसका सबसे गंभीर प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है, जो इस संकट के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। यादव ने कहा कि हमारा पहला रुख यह है... हमें बहुपक्षीय मंचों पर विश्वास है और हमारे प्रधानमंत्री का स्पष्ट संदेश है कि भारत समस्या का नहीं, बल्कि समाधान का हिस्सा होगा। उन्होंने आगे कहा, विकासशील देशों को जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए वित्त और प्रौद्योगिकी की आवश्यकता है और विकसित देशों ने लंबे समय से अपनी प्रतिबद्धताओं को पूरा नहीं किया है। मंत्री ने कहा कि दुनिया का सबसे अधिक आबादी वाला देश भारत, अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान के तहत कई प्रतिबद्धताओं को पहले ही पूरा कर चुका है। भारत इस चुनौती का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है। पारिस्थितिकी और विकास के बीच संतुलन आवश्यक है, और उद्योग को हरित प्रौद्योगिकी विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। यादव ने कहा कि दुनिया को भारत के विकास मॉडल पर गौर करने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि भारत लगभग सात प्रतिशत की दर से सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में वैश्विक विकास के पुनरुत्थान का नेतृत्व करेगा। मेरे विचार से, भारत एकमात्र ऐसा देश है जिसने लक्षित योजना कार्यान्वयन, बुनियादी ढांचे में निवेश, स्थानीय प्रतिबद्धता और बहुपक्षीय प्रतिबद्धताओं पर ठोस उपलब्धियों के माध्यम से नीतिगत परिदृश्य में सतत विकास को सफलतापूर्वक अपनाया है।

भारत-चीन संबंध पटरी पर लौट रहे हैं : गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मंगलवार को कहा कि भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे सीमा मुद्दे सुलझते जाएंगे तनाव कम होता जाएगा।

शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के बीच हुई बैठक में भारत-चीन सीमा मुद्दे के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान की दिशा में काम करने पर सहमति बनी है। दोनों नेताओं ने वैश्विक व्यापार को स्थिर करने में एक-दूसरे की अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को मान्यता देते हुए व्यापार एवं निवेश संबंधों को बढ़ाने का संकल्प लिया। गोयल से पत्रकारों ने पूछा कि अगर भारत और चीन अपने संबंधों को फिर से स्थापित कर रहे हैं, तो क्या पीएन3 में ढील की गुंजाइश है। इस पर उन्होंने कहा कि यह एक एससीओ शिखर सम्मेलन था, जिसमें सभी एससीओ सदस्यों ने भाग लिया। गलवान में हमारे सामने एक समस्या थी, जिसके कारण हमारे संबंधों में थोड़ी तल्खी आई थी। मुझे लगता है कि सीमा मुद्दों का समाधान होने के साथ ही स्थिति का सामान्य होना एक बहुत ही स्वाभाविक परिणाम है। चीन से भूमि सीमा साझा करने वाले देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) के लिए सभी क्षेत्रों में वर्तमान में सरकारी अनुमोदन लेना अनिवार्य है। यह नीति अप्रैल, 2020 में प्रेस नोट3 (पीएन3) के रूप में जारी की गई थी। घरेलू उद्योग सरकार से चीन से अधिक निवेश आकर्षित करने के लिए इन प्रत्यक्ष विदेशी निवेश मानदंडों को आसान बनाने का आग्रह कर रहा है। जुलाई, 2024 में बजट-पूर्व आर्थिक समीक्षा में स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने और निर्यात बाजार का दोहन करने के लिए चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश प्राप्त करने का पुरजोर समर्थन किया गया था।

सरकार ने मानी अधिकांश मांगे, मराठा नेता जरांगे बोले- हम जीत गये

मुंबई। कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने मंगलवार को अनिश्चितकालीन अनशन के पांचवें दिन अपनी अधिकांश मांगों को स्वीकार कर लिए जाने के बाद जीत की घोषणा की जिससे यहां उनके समर्थकों में जश्न का माहौल है।

मराठा आरक्षण पर महाराष्ट्र सरकार की मंत्रिमंडलीय उप-समिति द्वारा जिन मांगों को स्वीकार किया गया है उनमें पात्र मराठों को कुनबी जाति का होने का प्रमाण पत्र देना भी शामिल है। मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल की अध्यक्षता वाली राज्य सरकार की मंत्रिमंडलीय उप-समिति के साथ बैठक के बाद जरांगे ने मराठा आरक्षण आंदोलन के लिये प्रदर्शन कर रहे लोगों से कहा, हम जीत गए हैं। विखे पाटिल ने समिति के अन्य सदस्यों शिवेन्द्रसिंह भोसले, उदय सामंत, माणिकराव कोकाटे - के साथ दोपहर में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में जरांगे से मुलाकात की और समिति द्वारा अंतिम रूप दिए गए मसौदे पर उनके साथ चर्चा की। आजाद मैदान में ही आरक्षण की मांग को लेकर मराठा कार्यकर्ता भूख हड़ताल पर हैं। जरांगे ने कहा, अगर महाराष्ट्र सरकार मराठा आरक्षण की मांग पर सरकारी आदेश (जीआर) जारी करती है तो हम आज रात नौ बजे तक मुंबई छोड़ देंगे। उप-समिति ने हैदराबाद गजट को लागू करने की जरांगे की मांग को स्वीकार कर लिया और कहा कि कुनबी रिकॉर्ड वाले मराठों को उचित जांच के बाद जाति प्रमाण पत्र दिए जाएंगे। जरांगे ने अपने समर्थकों के समक्ष समिति के मसौदा बिंदुओं को पढ़ा, जिसमें कहा गया था कि समिति ने हैदराबाद राजपत्र के कार्यान्वयन को स्वीकार कर लिया है और तत्काल जीआर जारी किया जाएगा। सतारा गजट का क्रियान्वयन एक महीने के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। मराठा प्रदर्शनकारियों के खिलाफ पहले दर्ज किये गये।

फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली के खिलाफ बीकानेर में मामला दर्ज

जयपुर। फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली और दो अन्य व्यक्तियों के खिलाफ बीकानेर शहर में मामला दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार एक व्यक्ति ने भंसाली की नयी फिल्म लव एंड वॉर के निर्माण के दौरान धोखाधड़ी, दुर्व्यवहार और विश्वासघात का आरोप लगाया है। बीकानेर सदर के सर्कल अधिकारी विशाल जांगिड़ ने बताया कि प्रतीक राज माथुर नामक व्यक्ति ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें दावा किया है कि भंसाली ने उन्हें लाइन प्रोड्यूसर के तौर पर अनुबंध दिया था लेकिन बाद में इसे रद्द कर दिया गया। जांगिड़ के अनुसार माथुर ने भंसाली और उनकी टीम के दो सदस्यों पर आरोप लगाया है कि उन्हें लाइन प्रोड्यूसर की ज़िम्मेदारी सौंपने के बाद बिना भुगतान किए प्रोजेक्ट से हटा दिया गया। उन्होंने बताया कि अदालत के आदेश के बाद सोमवार को बिछवाल थाने में भंसाली, अरविंद गिल और उत्कर्ष बाली के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश समेत विभिन्न आरोपों में मामला दर्ज किया गया है। माथुर ने आरोप लगाया है कि उन्होंने फिल्म की शूटिंग के लिए सभी जरूरी इंतजाम किए।

ममता बनर्जी से अपील 'द बंगाल फाइल्स' बैन न करने की मांग

विवेक रंजन अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स 5 सितंबर को रिलीज होने वाली है, हालांकि संवेदनशील मुद्दा होने पर इस फिल्म को पश्चिम बंगाल में फिल्म का विरोध किया जा रहा है। अब विवेक रंजन अग्निहोत्री ने एक वीडियो जारी कर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को मैसेज देते हुए फिल्म बैन न किए जाने की मांग की है। विवेक अग्निहोत्री ने सीधे पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को संबोधित करते हुए एक वीडियो जारी किया। उन्होंने कहा, 'मुख्यमंत्री जी, यह वीडियो आपके लिए है। मेरी फिल्म दुनिया भर में रिलीज होगी, लेकिन ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि बंगाल में इसे बैन कर दिया जाएगा। थिएटर मालिकों पर इतना राजनीतिक दबाव है कि वे फिल्म दिखाने से डर रहे हैं। इसी डर की वजह से 16 अगस्त को हमारा ट्रेलर भी सिनेमाघरों में नहीं दिखाया गया। जब हमने होटल में इसे लॉन्च करने की कोशिश की, तो पुलिस ने आकर उसे रोक दिया। विवेक रंजन अग्निहोत्री का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के कार्यकर्ता लगातार इस फिल्म को बैन करने की मांग कर रहे हैं और कई फर्जी एफआईआर भी उनके खिलाफ दर्ज कराई गई हैं। उन्होंने ममता बनर्जी से अपील की है कि वह व्यक्तिगत और राजनीतिक मतभेद से ऊपर उठकर इस फिल्म को शांतिपूर्वक रिलीज होने दें। अग्निहोत्री ने अपने संदेश में कहा कि भारत का संविधान हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता देता है और मुख्यमंत्री के रूप में ममता बनर्जी की जिम्मेदारी है कि वह इस अधिकार की रक्षा करें। उन्होंने याद दिलाया कि फिल्म को सेंसर बोर्ड ने पास कर दिया है और इसे रिलीज करना अब राज्य सरकार का संवैधानिक कर्तव्य है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने 1200 वर्षों तक गुलामी और अत्याचार झेला है। हमारी संस्कृति, धर्म और कला पर हमले हुए। इसमें सबसे दर्दनाक अध्याय बंगाल का है, जहां डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखली नरसंहार जैसे भयानक हादसे हुए। उनका कहना है कि अगर यह घटनाएं न होतीं, तो शायद भारत का विभाजन भी न होता। उन्होंने सवाल उठाया कि जब दुनिया भर में होलोकॉस्ट, गुलामी और हिरोशिमा-नागासाकी की त्रासदी के बारे में हर बच्चा जानता है।

आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com